3 राजधानी
एक ही स्थापना दिवस मनाएगा केजीएमयू

6 अभिमत
अमेरिकी संस्थानों की दृढ़ता

10 स्पोर्ट्स
कोहली का रन आउट पड़ा भारी

11 विदेश
जो बाइडन के शपथ ग्रहण समारोह में नहीं जुटेगी भीड़

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 60
लखनऊ, शुक्रवार, 18 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




उर्मिला मातोंडकर का इंस्टाग्राम अकांउट हैक
विविध-12

# किसानों से बातचीत के लिए कानूनों पर अमल अभी स्थगित करे सरकार

- किसानों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का हक लेकिन इसका आशय पूरे शहर को अवरुद्ध कर देना नहीं
- समिति गठित करने के बारे में कृषक संगठनों समेत सभी पक्षों को सुनने के बाद ही फैसला

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया सुझाव



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


**सुप्रीम** कोर्ट ने गुरुवार को किसानों के अहिंसक विरोध प्रदर्शन के हक को स्वीकारते हुये सुझाव दिया कि केन्द्र फिलहाल इन तीन विवादास्पद कानूनों पर अमल स्थगित कर दे क्योंकि वह इस गतिरोध को दूर करने के इरादे से कृषि विशेषज्ञों की एक 'निष्पक्ष और स्वतंत्र' समिति गठित करने पर विचार कर रहा है। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने कहा कि उसका यह भी मानना है कि विरोध प्रदर्शन करने का किसानों के अधिकार को दूसरों के निर्बाध रूप से आने जाने और आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त करने के मौलिक अधिकारों का अतिक्रमण नहीं करना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के अधिकार का मतलब पूरे शहर को अवरूद्ध कर देना नहीं हो सकता है। पीठ ने कहा कि इस संबंध में समिति गठित करने के बारे में विरोध कर रहीं किसान यूनियनों सहित सभी पक्षों को सुनने के बाद ही कोई आदेश पारित किया जायेगा।

पीठ ने कहा कि केन्द्र द्वारा इन कानूनों के अमल को स्थगित रखने से किसानों के साथ बातचीत में मदद मिलेगी। हालांकि, अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने इस सुझाव का विरोध किया और कहा कि अगर इन कानूनों का अमल स्थगित रखा गया तो किसान बातचीत के लिये आगे नहीं आयेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह केन्द्र से इन कानूनों पर अमल रोकने के लिये नहीं कह रही है बल्कि यह सुझाव ( शेष पेज 9 )

## तोमर ने लिखा किसानों को खत, कहा-गुमराह न हों

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने गुरुवार को दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे किसानों से आग्रह किया कि वे 'राजनीतिक स्वार्थ' के लिए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ फैलाये जा रहे भ्रम से बचें। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और किसानों के बीच 'झूठ की दीवार' खड़ी करने की साजिश रची जा रही है।

किसानों के नाम लिखे एक पत्र में तोमर ने दावा किया कि तीन कृषि सुधार कानून भारतीय कृषि में नये अध्याय की नींव बनेंगे, किसानों को और स्वतंत्र तथा सशक्त करेंगे। कृषि कानूनों को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए तोमर ने कहा कि इन सुधारों को लेकर उनकी अनेक राज्यों के किसान संगठनों से बातचीत हुई है और कई किसान संगठनों ने इनका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि वह इससे बहुत खुश हैं और किसानों में एक नई उम्मीद जगी है। देश के अलग-अलग क्षेत्रों से ऐसे किसानों के उदाहरण भी लगातार मिल रहे हैं, जिन्होंने नए कानूनों का लाभ उठाना शुरू भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन कृषि सुधार कानूनों का दूसरा पक्ष ये है कि किसान संगठनों में एक भ्रम पैदा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश का कृषि मंत्री होने के नाते मेरा कर्तव्य है कि हर किसान का भ्रम दूर करूं।

मेरा दायित्व है कि सरकार और किसानों के बीच दिल्ली और आसपास के क्षेत्र में जो झूठ की दीवार बनाने की साजिश रची जा रही है उसकी सच्चाई और सही वस्तु स्थिति आपके सामने रखूं। तोमर ने कहा कि नए कानून लागू होने के बाद इस बार खरीद के लिए पिछले रिकॉर्ड टूट ( शेष पेज 9 )

# बिचौलियों की लड़ाई लड़ रहा है विपक्ष: योगी

- किसानों की बेहतरी समेत हर अच्छे काम से है विरोधी दलों को परेशानी: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**यूपी** में बीजेपी सरकार और संगठन किसान सम्मेलन के जरिए केंद्रीय कृषि को लेकर किसानों में पैदा भ्रम को दूर करने का काम कर रहे हैं ताकि विपक्ष यूपी के किसानों को भड़का न पाए। बरेली में सीएम योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मेलन को संबोधित किया तो प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने गौतमबुद्ध नगर में किसानों से संवाद किया। प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष प्रयागराज में थे तो कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने लखनऊ की बीकेटी तहसील में किसान सम्मेलन के जरिए सरकार की बात रखी। बरेली में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मेलन के जरिए किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया। किसान सम्मेलन के मंच से मुख्यमंत्री विपक्ष पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि किसानों की बेहतरी से विपक्ष को परेशानी है। किसानों के हक का 90 फीसदी चट कर जाने वाले बिचौलियों, दलालों की लड़ाई लड़ रहा है विपक्ष। योगी ने कहा कि विपक्ष एमएसपी और मंडियों के खत्म होने की अफवाह फैला कर किसानों को गुमराह करने की साजिश रच रहा है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और कश्मीर में धारा 370 हटने से विपक्ष को परेशानी है।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग देश के किसानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। एक झूठ को सौ बार बोलने वाली कम्युनिजम की थ्योरी कभी सफ ल नहीं होने वाली। हम सत्यमेव जयते को मानने वाले लोग हैं। सत्य के मार्ग पर चलेंगे और सच बोलेंगे। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। योगी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि यह वो लोग हैं जिनको किसानों के जीवन में परिवर्तन अच्छा नहीं लगता है। खेत से खलिहान, बीज से बाजार तक की सभी सुविधाएं मोदी जी किसानों को उपलब्ध करा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने 3500 करोड़ की गन्ना एक्सपोर्ट सबसिडी सीधे किसानों के खातों में भेजने का फैसला किया है। जिन लोगों ने हमेशा अन्नदाता के हक पर डकैती डाली है उनको किसानों को पूरी पारदर्शिता से मिलने वाले ये लाभ पसन्द नहीं आ रहे। राजीव गांधी ऐसे ही नहीं कहते थे कि मैं 100 रुपये भेजता हूं तो 10 रुपये ही लोगों तक पहुंचता है। दरअसल किसानों को सिर्फ गुमराह किया जा रहा है। बाजार में स्वस्थ ( शेष पेज 9 )

## केंद्र ने पश्चिम बंगाल सरकार से तीन आईपीएस को कार्यमुक्त करने को कहा

- ममता का इन अफसरों को डेपुटेशन पर केंद्र भेजने से इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, कोलकाता



**केंद्र** सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार को बृहस्पतिवार को नया पत्र जारी कर कहा कि वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तीन अधिकारियों को तत्काल कार्यमुक्त करे। नाराज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को असंवैधानिक तथा अस्वीकार्य करार दिया। बनर्जी ने यह भी कहा कि वह राज्य की प्रणाली पर अप्रत्यक्ष नियंत्रण की अनुमति नहीं देंगी। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संबंधित आईपीएस अधिकारियों को कार्यमुक्त न करने की बात कहे जाने के पांच दिन बाद केंद्र ने आज नया पत्र जारी किया और राज्य सरकार से इन अधिकारियों को तत्काल कार्यमुक्त करने को कहा जिससे कि वे अपनी नई जिम्मेदारियां संभाल सकें। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि आईपीएस काडर नियमों के मुताबिक, विवाद की स्थिति में राज्य को केंद्र का कहना मानना होगा। गृह मंत्रालय ने कहा है कि तीन आईपीएस अधिकारियों को पहले ही नई जिम्मेदारियां दी जा चुकी हैं और उन्हें फौरन कार्यमुक्त किया जाना चाहिए। तीन अधिकारी--भोलानाथ पांडे (पुलिस अधीक्षक, डायमंड हार्बर), प्रवीण त्रिपाठी (डीआईजी प्रेसिडेंसी रेंज) और राजीव मिश्रा (एडीजी दक्षिण बंगाल)-- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की राज्य की नौ और 10 दिसंबर को हुई पश्चिम बंगाल यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार थे। डायमंड हार्बर में नड्डा के काफिले पर पिछले हफ्ते हमले के ( शेष पेज 9 )

## नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, जेवर के नाम, लोगों और डिजाइन को मिली स्वीकृति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट विश्व के बेहतरीन हवाई अड्डों में से एक होगा। प्रदेश सरकार इसे विश्वस्तरीय बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। यह एयरपोर्ट भारत का गौरव बनेगा, हम इसे एक ग्लोबल ब्रांड के रूप में विश्व पटल पर प्रस्तुत करेंगे। सीएम योगी ने गुरुवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोगो, नाम और डिजाइन को अपनी स्वीकृति दी। चार फेज में बनने को प्रस्तावित इस एयरपोर्ट की शुरुआती क्षमता 12 मिलियन यात्री प्रति वर्ष की होगी, जिसे अलग-अलग फेज में विस्तार देते हुए 2050 तक 70 मिलियन यात्री प्रति वर्ष तक किया जाएगा। यही नहीं प्रारंभ में यहां 2 रनवे होंगे जिसे 5 रनवे तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास पर इस संबंध में एक प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर की स्थापना से प्रदेश में औद्योगिक अवस्थापना का संरचनात्मक विकास होगा।

( विस्तृत पेज 2 )

## भारत-बांग्लादेश ने सात समझौते किए




- मोदी ने बांग्लादेश को पड़ोस प्रथम नीति का स्तम्भ बताया
- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के लिए मोदी की तारीफ की

**भाषा।** नई दिल्ली, ढाका

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश को पड़ोस प्रथम नीति का प्रमुख स्तम्भ बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि बांग्लादेश के साथ संबंधों में मजबूती और गहराई लाना उनकी विशेष प्राथमिकता रही है। वहीं, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत को अपने देश का सच्चा मित्र बताया। मोदी और हसीना ने डिजिटल माध्यम से शिखर वार्ता में हिस्सा लेते हुए यह बात कही।

इस दौरान भारत और बांग्लादेश ने आपसी सहयोग को गति देते हुए हाइड्रोकार्बन, कृषि, कपड़ा और सामुदायिक विकास जैसे विविध क्षेत्रों में सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। साथ ही दोनों देशों ने सीमा पार चिलाहाटी-हल्दीबाड़ी रेल सम्पर्क को बहाल किया जो 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध के बाद बंद हो गया था। शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खतरे, कोरोना वायरस महामारी के कारण उत्पन्न चुनौतियों, भारत बांग्लादेश सीमा प्रबंधन, क्षेत्रीय सम्पर्क सहित विविध विषयों पर व्यापक चर्चा की। इसमें दोनों देशों के बीच कारोबार एवं ऊर्जा संबंधों को बढ़ाने और म्यामां के रखाइन प्रांत से विस्थापित लोगों से जुड़े विषय भी शामिल रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश को ( शेष पेज 9 )

## अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दो पाकिस्तानी आतंकवादी हुए ढेर


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीमा** सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुरुवार को अमृतसर में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दो सशस्त्र पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। एक बयान में बीएसएफ ने कहा कि बॉर्डर आउट पोस्ट राजताल-71 बीएन, बीएसएफ के सतर्क सैनिकों को जैसे ही भारतीय क्षेत्र में बाड़ के पास संदिग्ध गतिविधियों का पता चला, उन्होंने फौरन सामने आने को कहा। इस पर आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सैनिकों ने फुर्ती दिखाते हुए दोनों पाक घुसपैठियों को वहीं ढेर कर दिया। अर्धसैनिक बल को मारे गए घुसपैठियों के पास से एक एके-56 राइफल, दो मैगजीन, 61 कारतूस, एक मैग्नम राइफल (कैलिबर 223 बोर सेमी ऑटोमैटिक), एक मैगजीन, 29 राउंड गोला-बारूद, एक पिस्तौल (ओलम्पिया, कैलिबर-30 बोर, मार्क नोरिन्को), दो मैगजीन और 30 पाक मुद्रा, लगभग 10 फीट लंबे दो पीवीसी पाइप मिले हैं। सूत्रों ने कहा कि इलाके में घने कोहरे का फायदा उठा ( शेष पेज 9 )

## सेना की बढ़ेगी ताकत, मिलेंगे अत्याधुनिक हथियार-उपकरण

- रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 28,000 करोड़ के रक्षा सौदों को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**चीन** और पाकिस्तान से सीमा पर लगातार मिल रही चुनौतियों से निपटने और देश के रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 28,000 करोड़ के हथियार, उपकरण और अन्य सैन्य साजो-सामान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि भारतीय थल सेना, नौसेना और वायुसेना की हथियार और उपकरणों सहित अन्य सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद ने रक्षा सौदों को मंजूरी दी है।

अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है, उनमें वायु सेना के लिए विमानों की मौजूदगी का पता लगाने वाली पूर्व चेतावनी प्रणाली, नौसेना के लिए अपतटीय गश्ती पोत और मॉड्यूलर ब्रिज शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने घरेलू उद्योग से 27,000 करोड़ रुपए के खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की खरीद पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई डीएसी ने खरीद के कुल सात प्रस्तावों को मंजूरी दी है। मंत्रालय ने कहा कि कुल 28,000 करोड़ रुपए के सात प्रस्तावों में से छह प्रस्ताव 27,000 करोड़ रुपए के हैं। इसके तहत मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्योग को एओएन ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,890 | 223 | |
| निफ्टी | 13,740 | 58 | |
| सोना | 49,455 | 194 | /10g |
| चांदी | 66,969 | 1184 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### चीनी जलक्षेत्र में फंसे दो जहाजों पर 39 भारतीय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि पिछले कुछ महीने से चीनी जलक्षेत्र में फंसे दो जहाजों पर 39 भारतीय सवार हैं और भारत इस मामले में मानवीय जरूरतों का ध्यान रखने सहित चीन के साथ नियमित सम्पर्क में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता में कहा कि मालवाहक पोत एमवी जग आनंद 13 जून से चीन के हुबेई प्रांत में जिंगटांग बंदरगाह के पास खड़ा है और उस पर 23 भारतीय नागरिक चालक दल के रूप में सवार हैं। उन्होंने बताया कि एक अन्य पोत एमवी अनासतासिया पर 16 भारतीय नागरिक चालक दल के रूप में है और यह 20 सितंबर से चीन के कोओफिदियन बंदरगाह के पास खड़ा है और माल के निपटारे का इंतजार कर रहा है।



राजधानी लखनऊ में बर्फीली हवाओं ने एकाएक ठंड बढ़ा दी और गर्म कपड़ों की खरीदारी बढ़ गयी

# पहले चरण में भारत को खर्च करने पड़ेंगे 1.8 अरब डॉलर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### कोविड-19 टीकाकरण




**भारत** को पहले चरण में कोविड-19 वैक्सीन के टीकाकरण कार्यक्रम पर खर्च करने के लिए 1.8 अरब डॉलर की जरूरत पड़ सकती है। जीएवीआई वैक्सीन अलायंस के अनुमान के मुताबिक इतना भारी-भरकम खर्च कोवैक्स वैश्विक टीकाकरण योजना का सहारा मिलने के बावजूद आएगा।

भारत में इस समय गुरुवार को दर्ज किए गए कोरोना मामलों के साथ कुल केसलोड 99.51 लाख हो चुका है और यह एक करोड़ के आंकड़े को पार करने वाला है। कोरोना मामलों में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर है। भारत अगले छह से आठ महीनों के दौरान 30 करोड़ लोगों का टीकाकरण करने की योजना बना रहा है। भारत में एस्ट्राजेनेका, रूस की स्पूतनिक-5, जाइडस कैडिला और भारत बायोटेक के टीके उपलब्ध होने की संभावना है। भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय फोरम को दी गई योजना के अनुसार पहले चरण में कम से कम 60 करोड़ खुराक की आवश्यकता होगी, जो कि ज्यादा जोखिम वाले लोगों और कोरोना वॉरियर्स को दी जानी है। इसकी सूची पहले ही तैयार की जा चुकी है। समाचार एजेंसी ने जीएवीआई की तीन दिवसीय बोर्ड बैठक के लिए तैयार एक अप्रकाशित रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि यदि भारत को कोवैक्स सुविधा के तहत वैक्सीन के 19 करोड़ से 25 करोड़ तक खुराक मिली, तो कमी को पूरा करने के लिए सरकार को 1.4 अरब डॉलर और खर्च करने होंगे। दूसरी ओर, यदि भारत को साढ़े नौ करोड़ से साढ़े 12 करोड़ के बीच खुराक ही मिल पाती हैं तो, अतिरिक्त खुराक हासिल करने पर सरकार की लागत 1.8 अरब डॉलर तक बढ़ जाएगी। तुलनात्मक रूप से भारत के 2020-21 के केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए केवल 10 बिलियन डॉलर आवंटित किया गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और जीएवीआई के संयुक्त नेतृत्व वाली कोवैक्स योजना का उद्देश्य गरीब और मध्यम आय वाले देशों को डायग्नोस्टिक टेस्ट, ड्रग्स और टीके पिछले अप्रैल में एक्सेस टू कोविड-19 टूल्स (एसीटी) एक्सेलेरेटर के रूप में निर्धारित फंड के माध्यम से उपलब्ध कराना है। सरकार, दवा कंपपनियों, चैरिटी और अंतरराश्ट्रीय संगठनों के संघ जीएवीआई ने कहा कि यह मदद कैसे उपलब्ध कराई जाए, इस बारे में वह सरकार से चर्चा कर रहा है।

### तीसरे चरण के ट्रायल के लिए एम्स को नहीं मिल रहे प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** भारत बायोटेक के कोविड-19 टीके के तीसरे चरण के ट्रायल लिए यहां स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को पर्याप्त संख्या में स्वेछा से टीकाकरण कराने वाले लोग (वालंटीयर) नहीं मिल रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि लोग यह सोच कर नहीं आ रहे हैं कि जब सबके लिए टीका जल्दी ही उपलब्ध हो जाएगा तो ट्रायल में भाग लेने की क्या जरूरत है। कोवैक्सिन नामक टीके के अंतिम चरण के ट्रायल के लिए निर्दिष्ट संस्थानों में से एक एम्स है। ट्रायल के लिए संस्थान को लगभग 1,500 लोग चाहिए। कोवैक्सिन का निर्माण, भारत बायोटेक और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

**सीएम आज सहायता समूहों को देंगे 445.92 करोड़ की धनराशि: लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ कल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत 97,663 स्वयं सहायता समूहों को 445.92 करोड़ की धनराशि डिजिटली अन्तरित करेंगे।

# ग्लोबल ब्रांड के रूप में उभरेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

## नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, जेवर के नाम, लोगो और डिजाइन को मिली स्वीकृति, लोगो में है राज्य पक्षी सारस का अक्स

● चार फेज में 70 मिलियन यात्री सालाना की क्षमता वाला होगा एयरपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट विश्व के बेहतरीन हवाई अड्डों में से एक होगा। प्रदेश सरकार इसे विश्वस्तरीय बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। यह एयरपोर्ट भारत का गौरव बनेगा, हम इसे एक ग्लोबल ब्रांड के रूप में विश्व पटल पर प्रस्तुत करेंगे।

सीएम योगी ने गुरुवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोगो, नाम और डिजाइन को अपनी स्वीकृति दी। चार फेज में बनने को प्रस्तावित इस एयरपोर्ट की शुरुआती क्षमता 12 मिलियन यात्री प्रति वर्ष की होगी, जिसे अलग-अलग फेज में विस्तार देते हुए 2050 तक 70 मिलियन यात्री प्रति वर्ष तक किया जाएगा। यही नहीं प्रारंभ में यहां 2 रनवे होंगे जिसे 5 रनवे तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इस बहुप्रतीक्षित, विश्वस्तरीय एयरपोर्ट के लोगो, डिजाइन और नाम को स्वीकृति दी। इसका नाम नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, जेवर होगा, जबकि लोगो में राज्य पक्षी सारस का अक्स है। मुख्यमंत्री आवास पर इस संबंध में एक प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर की स्थापना से प्रदेश में औद्योगिक अवस्थापना का संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ हवाई यातायात सुगम होगा। पर्यटन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सीएम ने कहा कि एविएशन सेक्टर आज के समय में बहुआयामी प्रगति का माध्यम है। इससे आर्थिक विकास में भी वृद्धि होती है। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के विकास में हर संभव मदद देने की बात कही। प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए निदेशक एवं विशेष सचिव नागरिक उड्डयन, सुरेंद्र सिंह ने बताया कि विश्वस्तरीय एयरपोर्ट के निर्माण के लिए कंशेसनायर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि. ने बीते 4 दिसंबर को मास्टर प्लान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के समक्ष प्रस्तुत किया था, जिसे परीक्षण के लिए नागरिक विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा गया है।

### अब तक कब-कब, क्या-क्या हुआ

- नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 6 जुलाई 2017 को साइट क्लीयरेंस दिया गया।
- गृह मंत्रालय द्वारा 5 अक्टूबर 2017 को तथा रक्षा मंत्रालय द्वारा 11 जुलाई 2018 को एयरपोर्ट के लिए एनओसी दी गई।
- एयरपोर्ट के लिए 29 नवंबर 2019 को फाइनेंशियल बिड खोली गई, जिसमें ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी ने सबसे अधिक प्रति पैसेंजर दिए जाने हेतु प्रीमियम की बोली 400.97 लगाई थी।
- 16 दिसंबर 2019 को उत्तर प्रदेश सरकार ने ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी को सेलेक्टर बिडर घोषित कर कंडीशनल लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किया।
- परियोजना को 9 मार्च 2020 को पर्यावरण क्लीयरेंस प्राप्त हुई।
- नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 4 मई 2018 को सैद्धांतिक अनुमति तथा सिक्युरिटी क्लीयरेंस 18 मई 2020 को प्रदान की गई।
- 7 अक्टूबर 2020 को ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी के एसपीयू यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि. व उत्तर प्रदेश सरकार को कम्पनी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के बीच कंशेसन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए।
- विश्वस्तरीय एयरपोर्ट के निर्माण के लिए कंशेसनायर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि. ने 4 दिसम्बर 2020 को मास्टर प्लान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे परीक्षण के लिए नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को भेज दिया गया।

# टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से संचालित करें: सीएम

● लखनऊ, प्रयागराज व गाजियाबाद पर विशेष ध्यान देते हुए इन जिलों की संक्रमण की दर में कमी लायी जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड 19 के प्रति पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए। इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ-साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड 19 से बचाव व उपचार के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड 19 के संक्रमण से स्वस्थ हुए लोगों की केस हिस्ट्री का अध्ययन किया जाए, इससे अन्य संक्रमित लोगों का बेहतर उपचार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रतिदिन 1.5 लाख से कम टेस्ट न हों। उन्होंने कहा कि कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस की व्यवस्था को प्रभावी रखा जाए। उन्होंने कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में आवश्यक औषधियों तथा मेडिकल उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिए कि जनपद लखनऊ, प्रयागराज तथा गाजियाबाद पर विशेष ध्यान देते हुए इन जिलों की संक्रमण की दर में कमी लायी जाए। उन्होंने जनपद कानपुर नगर, गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी तथा मेरठ में भी पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड 19 की वैक्सीन के सम्बन्ध में सभी तैयारियां निर्धारित टाइम लाइन के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। वैक्सीन की स्टोरेज, कोल्ड चेन व्यवस्था तथा वैक्सीनेटर्स के प्रशिक्षण कार्य की निरन्तर मॉनिटरिंग की जाए। इस सम्बन्ध में जनपदस्तर पर नियमित संवाद बनाते हुए जिलों में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की जाए।

## योगी मंत्रिमंडल के साथ राधा मोहन की बैठक आज

**लखनऊ।** बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ सरकार के मंत्रि मंडल के साथ बैठक करेंगे। यह बैठक मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित की गई है। दरअसल प्रदेश प्रभारी बनने के बाद राधा मोहन सिंह की मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों के साथ मुलाकात नहीं हो पाई है। बैठक में सरकार व संगठन दोनों एक साथ बैठेंगे जिसमें किसानों के मसलों समेत पंचायत चुनाव पर भी चर्चा होगी।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं सुरेंद्र सिंह भाटी S/o धनपाल सिंह भाटी यूनिट 15 कुमाऊँ C/o 56 ए0पी0ओ0, ग्राम भाटपचलाना तहसील-बड़नगर, जिला-उज्जैन, मध्य प्रदेश 456313, सेना नंबर 4193632 एव मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम गायत्री देवी दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम गायत्री कंवर है।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र विशाल कुमार को उसका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। रामदुलारे पुत्र श्री रामआसरे, निवासी - ग्राम व पोस्ट-लालपुर बाजार, थाना व तहसील-लहरपुर, जिला-सीतापुर।

**सूचना**

शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम के पाल्सी संख्या 284276816 में भूलवश मेरे घर का नाम गुड्डू कुरैशी अंकित है। जो कि मेरा अशरफ उर्फ गुड्डू कुरैशी दोनों ही मेरा नाम है। अशरफ पुत्र मुस्तफा निवासी मोहल्ला कोटकिला, पोस्ट मार्किंग गंज, थाना कोतवाली, जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश है।

**सूचना**

एक विक्रय विलेख दिनांकित 22-01-2011 जो श्रीमती पुष्पा सिंह पत्नी सुमित कुमार सिंह निवासिनी प्लाट नं. 200, चन्दन नगर कालोनी, करौंदी, वाराणसी द्वारा श्रीमती चंद्रकला सिंह पत्नी जयवीर सिंह, निवासिनी बरबकपुर, पोस्ट-घाटमपुर, तहसील-चुनार, जिला-मिर्जापुर के पक्ष में निष्पादित है तथा जो आराजी नं. 208, रकबा 1360 वर्ग फीट स्थित मौजा अवलेशपुर, परगना-देहात अमानत, तहसील व जिला-वाराणसी के विक्रय से सम्बन्धित है तथा जिसका जिसका पंजीयन उपनिबंधक कार्यालय में बही सं. 1, खण्ड सं. 3962 के पृ.सं. 375/400 पर दस्तावेज सं. 461 के रूप में पंजीकृत हुआ है, खो गया है, इस विक्रय विलेख के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई भी सूचना या आपत्ति 15 दिन के अन्दर हरिश्चन्द्र राय, एडवोकेट, चैम्बर नं. 110, बनारस बार बिल्डिंग, सिविल कोर्ट वाराणसी, मो.: 9451525826 पर सूचित करें।

**आवश्यकता**

**ठा0 जय नारायण सिंह मेमोरियल डिग्री कालेज**
हथगाम, फतेहपुर-212652 (उ0प्र0)
(कालेज कोड-02039)
सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

आवश्यकता है
महाविद्यालय में संचालित

बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु-प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (1 पद), सहा0 आचार्य (15 पद) योग्यता- 1.प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (01) यो0-55% स्नातकोत्तर + 55% एम0एड0+शिक्षा में पी-एच0डी0+ अध्यापक शिक्षा संस्थान में शिक्षण कार्य का 15/08 वर्ष का अनुभव । 2. सहा0 आचार्य - शिक्षा के परिप्रेक्ष्य (04) यो०-सामाजिक विज्ञान विषयों में 55% स्नातकोत्तर उपाधि+55% एम0एड0 उपाधि या 55% एम०ए० (शिक्षाशास्त्र)+55% बी0एड0+नेट (शिक्षाशास्त्र) 3. सहा0 आचार्य -विज्ञान (02) 4. सहा0 आचार्य-गणित (02) 5. सहा0 आचार्य- भाषा (02) 6. सहा0 आचार्यसामाजिक विज्ञान (02) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि विज्ञान/गणित/भाषा/सामाजिक विज्ञान विषयों + 55% एम0एड0 । 7. सहा0 आचार्य- दृश्य कलाएं (01) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि ललित कला विषयों में। 8. सहा0 आचार्यस्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा (01) यो0- 55% स्नातकोत्तर (एम०पी०एड०)। 9. सहा० आचार्य- निष्पादन कलाएं (01) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि संगीत/नृत्य/रंगमंच विषयों में 10. पुस्तकालयाध्यक्ष (01) यो0-55% अंकों के साथ बी०लिब0 उपाधि।
वेतनमान एवं सेवा शर्तें- एन0सी0टी0ई0/विश्वविद्यालय/यू.जी.सी. मानकानुसार
नोट-1. सभी सहा0 आचार्यों की उपरोक्त अर्हता के अतिरिक्त नेट/पीएच0डी0 अनिवार्य है।
नोट-2. आवेदन पत्र, 04 फोटो एवं समस्त संलग्नकों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक अथवा ई-मेल द्वारा भेजें या जमा करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबंधक/सचिव- 9452402590, 7704908732, 7704908728 ई-मेल आई0डी0- jncllg@gmail-com

**आवश्यकता**

**रानी चन्द्रप्रभा महाविद्यालय**
खागा, फतेहपुर-212655 (उ0प्र0) (कालेज कोड-02008)
सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

आवश्यकता है
महाविद्यालय में संचालित

बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु-प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (1 पद), सहा0 आचार्य (30 पद) योग्यता- 1.प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (01) यो0-55% स्नातकोत्तर + 55% एम0एड0+शिक्षा में पी-एच0डी0+ अध्यापक शिक्षा संस्थान में शिक्षण कार्य का 15/08 वर्ष का अनुभव । 2. सहा0 आचार्य - शिक्षा के परिप्रेक्ष्य (08) यो०-सामाजिक विज्ञान विषयों में 55% स्नातकोत्तर उपाधि+55% एम0एड0 उपाधि या 55% एम०ए० (शिक्षाशास्त्र)+55% बी0एड0+नेट (शिक्षाशास्त्र) 3. सहा0 आचार्य -विज्ञान (04) 4. सहा0 आचार्य-गणित (04) 5. सहा0 आचार्य- भाषा (04) 6. सहा0 आचार्यसामाजिक विज्ञान (04) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि विज्ञान/गणित/भाषा/सामाजिक विज्ञान विषयों + 55% एम0एड0 । 7. सहा0 आचार्य- दृश्य कलाएं (02) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि ललित कला विषयों में। 8. सहा0 आचार्यस्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा (02) यो0- 55% स्नातकोत्तर (एम०पी०एड०)। 9. सहा० आचार्य- निष्पादन कलाएं (02) यो0-55% स्नातकोत्तर उपाधि संगीत/नृत्य/रंगमंच विषयों में 10. पुस्तकालयाध्यक्ष (01) यो0-55% अंकों के साथ बी०लिब0 उपाधि।
वेतनमान एवं सेवा शर्तें-एन0सी0टी0ई0/विश्वविद्यालय/यू.जी.सी. मानकानुसार
नोट-1. सभी सहा0 आचार्यों की उपरोक्त अर्हता के अतिरिक्त नेट/पीएच0डी0 अनिवार्य है।
नोट-2. आवेदन पत्र, 04 फोटो एवं समस्त संलग्नकों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक अथवा ई-मेल द्वारा भेजें या जमा करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबंधक/सचिव- 9452402590, 7704908714 ई-मेल आई0डी0- rcpmahavidyalaya@gmail-com

# इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतों में 95 फीसदी कमी

● सीएम योगी के समन्वित प्रयासों से मिली सफलता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पिछले** चार दशक तक सूबे के 38 जिलों विशेषकर पूर्वांचल में मौत का पर्याय रही इंसेफेलाइटिस पर योगी सरकार ने नकेल कस दी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के समन्वित प्रयासों की दस्तक से सूबे को इंसेफेलाइटिस मुक्त बनाने में स्वास्थ्य विभाग ने 95 फीसद सफलता हासिल की है। इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतों में 2018 में 80 प्रतिशत तो 2019 में 90 और 2020 में 95 प्रतिशत कमी आई है। इसमें महत्वपूर्ण योगदान दस्तक अभियान और योगी सरकार में बेहतर हुई मेडिकल कॉलेज की चिकित्सकीय सुविधाओं का है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के पहले बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज के इंसेफेलाइटिस वार्ड में हाई डिपेंडेंसी यूनिट की संख्या महज 6 थी जो अब 60 हो गई है। आईसीयू में वेंटिलेटर की संख्या 60 से बढ़कर 120 तथा नवजातों के लिए वार्मर की संख्या 14 से बढ़कर 40 हो गई है। 2017 तक इस कॉलेज के बाल रोग विभाग में 154 बेड थे, इनकी संख्या अब करीब 500 है। इंसेफेलाइटिस उन्मूलन को लेकर व्यापक अभियान चलाने वाले पूर्वांचल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरएन सिंह मानते हैं कि योगी सरकार के समन्वित प्रयास से यहां इंसेफेलाइटिस पर बहुत हद तक काबू पा लिया गया है। इस मॉडल को अन्य राज्यों को भी अपनाना चाहिए।

**बीआरडी मेडिकल कालेज, आंकड़ों में**

| वर्ष | भर्ती मरीज | मृत्य |
|---|---|---|
| 2016 | 655 | 127 |
| 2017 | 817 | 114 |
| 2018 | 435 | 41 |
| 2019 | 262 | 15 |

## पूर्व सांसद सत्यदेव सिंह के निधन पर सीएम ने शोक जताया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सांसद सत्यदेव सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्यदेव सिंह वरिष्ठ एवं अनुभवी राजनेता थे। उन्होंने सदैव अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। श्री सिंह के निधन से भारतीय जनता पार्टी ने विचारधारा के प्रति एक समर्पित नेता को खोया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद सत्यदेव सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने सत्यदेव सिंह के निधन को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि उनका राष्ट्र और पार्टी के प्रति अमूल्य योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

## गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए सलाह देगा एसबीआई कैपिटल मार्केट्स



● यूपीडा व कंपनी के बीच एमओयू साइन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गंगा** एक्सप्रेसवे परियोजना के वित्त पोषण के लिए उपलब्ध विकल्पों पर सलाह देने के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा यूपीडा को एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड की सेवाएं प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया था ताकि परियोजना के कार्य को त्वरित गति दी जा सके। इसको लेकर गुरुवार को यूपीडा और कंपनी के बीच एमओयू साइन किया गया।

यूपीडा के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी की उपस्थिति में यूपीडा की ओर से श्रीश चन्द्र वर्मा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड की ओर से देवदत्त बन्दोपाध्याय, वाइस प्रेसिडेंट के द्वारा एक एमओयू साइन किया गया। अवस्थी ने आश्वासन दिया कि एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड को इस कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए यूपीडा की ओर से भरपूर सहयोग प्रदान किया जाएगा। कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड द्वारा अपनी रिपोर्ट व गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए आवश्यक संस्तुतियां 6 सप्ताह के अंदर ही यूपीडा को उपलब्ध करा दी जाएंगी।

# मिर्जापुर, चन्दौली व बलिया में अतिरिक्त क्रय केन्द्र खोले जाएं



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● मुख्य सचिव ने की धान खरीद की समीक्षा

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में धान खरीद की समीक्षा की गई जिसमें राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि जिन क्रय केन्द्रों में किसान धान लेकर आ रहे हैं उनको चालू रखा जाये तथा जिन केन्द्रों में किसान नहीं आ रहे हैं। उन्हें जिलाधिकारी की संस्तुति पर बन्द करने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिये तथा सही तौल निर्धारित मूल्य पर क्रय और समय से भुगतान कराया जाए। उन्होंने कहा कि धान क्रय केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाए तथा यदि कहीं पर कोई अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने निदेशक मण्डी परिषद को मिर्जापुर, चन्दौली एवं बलिया में अतिरिक्त क्रय केन्द्र खोलने के निर्देश दिये। इससे पूर्व बैठक में बताया गया कि इस वर्ष कुल 4356 धान क्रय केन्द्र स्थापित किये गये हैं। 16 दिसम्बर तक 375.65 लाख कुन्तल धान की खरीद की गई है।

# धान की खरीद में योगी सरकार ने तोड़ा अपना ही रिकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● अब तक 6,95,819 किसानों से 3729751.124 मीट्रिक टन धान खरीदा गया

**राज्य** में धान खरीद में योगी सरकार की रणनीति असरदार साबित हुई है। इस योजना के चलते ही राज्य में अब तक 6,95,819 किसानों से 3729751.124 मीट्रिक टन धान खरीदा गया। वहीं बीते साल 16 दिसंबर तक 3,15,866 किसानों से धान खरीदा गया था। इस प्रकार बीते साल के मुकाबले अब तक दूने से अधिक किसानों से सरकार ने धान खरीद कर अपना ही रिकार्ड ब्रेक किया है।

राज्य में धान खरीद की प्रक्रिया अब भी जारी है। यही नहीं योगी सरकार ने प्रदेश के धान किसानों को सबसे अधिक भुगतान का रिकार्ड बनाया है। राज्य सरकार ने पिछले चार साल में प्रदेश के धान किसानों को 31904.78 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। प्रदेश में धान किसानों को सबसे अधिक भुगतान का यह एक रिकार्ड है। राज्य में धान खरीद से जुड़े अफसरों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्य में किसानों को उनकी फसल की लागत से दो गुना दाम दिलाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसके तहत ही प्रदेश सरकार ने सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1,868 रुपए प्रति कुंतल जबकि ग्रेड ए धान का 1,888 रुपए प्रति कुंतल रखते हुए इस वर्ष धान खरीद का कुल लक्ष्य 55 लाख मीट्रिक टन रखा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीद के लिए प्रदेश में कुल 4,150 क्रय केंद्र खोले गए हैं। कुल 12 एजेंसियां धान की खरीद कर रही हैं। अब तक 3729751.124 मीट्रिक टन धान किसानों से खरीदा जा चुका है। धान खरीद का प्रति किसान औसत 53.60 कुंतल है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य के कई जिलों में बीते वर्ष के मुकाबले आठ से नौ गुना अधिक धान की खरीद हुई है। ऐसे जिलों में वाराणसी का भी नाम शामिल है। वाराणसी में 2490 किसानों से 15551.609 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है, बीते वर्ष के मुकाबले यह खरीद 9.25 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर में 11622 किसानों से 131507.2863 मीट्रिक टन धान खरीदा गया। इसके अलावा शामली सहारनपुर और रामपुर में भी धान की रिकार्ड खरीद हुई है। कहा जा रहा है कि राज्य में धान खरीद में इजाफा सरकार की सख्ती के चलते ही हुआ है। सरकार ने किसानों से धान खरीद में किसी तरह की गड़बड़ी ना होने पाए, इसके स्पष्ट निर्देश दिए थे।

# बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट में चयनित हुईं 56875 महिलाएं

## समूह सखी के रूप में भी 12 सौ रुपये हर महीने पाएंगी बीसी सखी

● नए साल में बीसी सखी गांव-गांव में करते दिखेंगी कार्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीती 22 मई को प्रदेश में जिस बीसी (बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट) सखी योजना शुरू करने का ऐलान किया था अब उस पर अमल होना शुरू हो गया है। इस योजना के तहत राज्य की 58532 ग्राम पंचायतों में एक-एक बीसी सखी की तैनाती करने के लिए प्रथम चरण में 56875 बीसी सखी को प्रशिक्षण देने के लिए शार्टलिस्ट किया गया है।

आनलाइन मिले 2,16,000 आवेदनों में से 56875 महिलाओं को प्रथम चरण में शार्टलिस्ट किया गया है। अब इनको प्रशिक्षण देने का निर्देश राज्य के सभी जिलाधिकारियों को शासनस्तर से दिए गए हैं। शासन का प्रयास है कि नए साल में इस योजना के तहत बीसी सखी बैंकों से जुड़कर पैसों का लेनदेन गांवों में घर घर जाकर करवाने लगें। यह लेनदेन डिजिटल होगा। राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार मुख्यमंत्री के प्रयास से महिलाओं को इतनी बड़ी संख्या में रोजगार तो मिला ही है, गांवों में बैंकिंग लेनदेन को भी बढ़ावा मिलेगा। अभी हर गांव में बैंक नहीं थे, जिसके चलते तमाम सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली धनराशि प्राप्त करने के लिए ग्रामीणों को कस्बे में स्थित बैंक में जाना पड़ता था। ग्रामीणों की इस दिक्कत का संज्ञान लेते हुए ही मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा का लाभ उनके गाँव और घर में देने के लिए बीसी सखी योजना शुरू करने का फैसला आठ माह पहले लिया था। योजना के तहत अब प्रथम चरण में 56875 महिलाओं को चयनित किया गया है। राज्य के अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास मनोज कुमार ने सभी जिलाधिकारियों को बैंकिंग करेस्पांडेंट सखी के लिए शार्टलिस्टेड महिलाओं का प्रशिक्षण शुरू कराने का निर्देश दिया है। हर जिले में 30-30 बैच में बीसी सखी को एक-एक सप्ताह का प्रशिक्षण मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद बीसी सखी के लिए आरबीआई के निर्देशों के अतंर्गत इन्डियन इंस्टीट्यूट आफ बैंकिंग एंड फाइनेंस द्वारा कराई जाने वाली परीक्षा पास करनी होगी। जिसके बाद विभिन्न बैंकों में बीसी सखी का चयन होगा और उन्हें लैपटाप से लेकर अन्य जरूरत के उपकरण दिए जाएंगे।

सरकार ने बैंकिंग सखियों की आमदनी बढ़ाने के लिए एक और नई जिम्मेदारी भी जिलाधिकारियों के कंधों पर डालने का फैसला लिया है। ये सखियां स्वयं सहायता समूहों के लिए समूह सखी की भूमिका भी निभाएंगी। इसके एवज में इन्हें 1200 रुपये प्रति माह अतिरिक्त की आय होगी। गौरतलब है कि बैंकिंग सखी का काम शुरू करने पर छह महीने तक इन्हें सरकार की तरफ से 4000 रुपये महीने दिए जाने हैं। इसके अलावा लेन देन के एवज में बैंकों से कमीशन भी मिलेगा। समूह सखी के रूप में बैंकिंग सखियों की जिम्मेदारी समूहों की बैठकों का मिनट तैयार करना तथा वित्तीय लेन देन का लेखा जोखा रखने की होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग की सुविधा का लाभ पहुँचाने पर जहां लोगों को लाभ मिलेगा, वही सरकार और बैंकों का खर्च भी बढ़ेगा। एक बैंकिंग सखी पर करीब एक लाख दो हजार दो सौ रुपये खर्च आएगा।

क्षेत्रीय कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0**
नवीन मण्डी स्थल - बस्ती

पत्रांक-नि0ब0/(ई-निविदा)/2020-576 दिनांक-16.12.2020

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु वित्तीय रूप से सुदृढ़, अनुभवी तथा मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों से अलग-अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 12.01.2021 को आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 21.12.2020 को 14.00 बजे से दिनांक 11.01.2021 को 17.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड की जा सकती है। जिसकी हार्डकापी मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक 12.01.2021 को अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलध कराई जायेगी। कार्यो की निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 12.01.2021 को 14.00 बजे से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।

**कार्यो का विवरण निम्नवत् है :-**

| निविदा संख्या | मण्डी समिति का नाम | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य (18% GST सहित) | धरोहर धनराशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 275 | बांसी | सम्पर्क मार्ग नंदौर बांसी पी0डब्लू0डी0 मार्ग से लेयर फार्म होते हुए गोइठहा तक लम्बाई 1.20 किमी का निर्माण कार्य। | 1180.00 | 4.61 | 04 माह | "स" |

**विशेष शर्तें:**

1. धरोहर धनराशि का मूल्य उपनिदेशक (निर्माण) के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा साऊंघाट बस्ती के खाता संख्या 30394488595 आई0एफ0एस0 कोड संख्या - SBIN0011200 एवं निविदा का मूल्य खाता संख्या - 30394488415 आई0एफ0एस0 कोड संख्या SBIN0011200 उपनिदेशक (निर्माण) के नाम अलग-अलग आर0टी0जी0एस0 करना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित यू0टी0आर0 नम्बर हार्ड कापी में उपलब्ध कराना होगा, एवं अपलोड भी करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा फार्म में दी गई शर्तो की अर्हता पूरी न करने वाली निविदा पर विचार नही किया जायेगा और निविदा स्वत निरस्त मानी जायेगी।
3. निविदा अपलोड करते समय टी0-4, टी-5, एवं टी0-6 को नोटरी मूलरूप में स्कैन कर अपलोड करना तथा उक्त प्रपत्र की हार्डकापी निविदा के अन्य प्रपत्र के साथ कार्यालय में जमा करना होगा।
4. शासन द्वारा निर्धारित नियमो के अनुसार जी0एस0टी0 के सम्बन्ध में कार्यवाही की जायेगी।
5. निविदा के साथ 100.00 रु0 का स्टैम्प पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगा हुआ तीन माह की वैधता अवधि के लिए लिखकर देना होगा तथा अपलोड करना होगा।
6. मण्डी परिषद में निर्धारित प्रारूप (तालिका-9) के अनुसार पूर्व आवंटित कार्यो के सापेक्ष अवशेष कार्यो के लागत तथा निविदा की लागत का योग ठेकेदार के पंजीकरण में निर्धारित कार्य क्षमता से कम अथवा समतुल्य होने पर ही निविदा मान्य होगी।
7. निविदादाता बार काउन्सिल का सदस्य नहीं होना चाहिए।
8. वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किये गये फार्म से किसी भी तरह की भिन्नता की स्थिति में कार्यालय में अनुरक्षित निविदा फार्म की मूलप्रति ही मान्य होगी।
9. शासनादेश सं0 8/2017/836/237.17-176(सा0) दिनांक 8.6.2017 के अनुसार कार्यो की विभागीय दरों से ठेकेदार द्वारा 10 प्रतिशत बिलो 0.50 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दर डालने पर 10 प्रतिशत (निविदा लागत पर) अतिरिक्त सिक्योरिटी /परफेंस गारंटी धनराशि देय होगी।
10. विभाग किसी भी निविदा को कोई कारण बताये बिना अस्वीकृत / निरस्त कर सकता है।
11. निविदा खोलने की तिथि को राजकीय अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।
12. कार्य अनुबंध की तिथि पर पूर्ण न होने पर प्रतिदिन रु0 1000.00 (एक हजार मात्र) की दर से अर्थदण्ड आरोपित हो जायेगा। अतः कार्य समय से पूर्ण करना होगा।
13. कार्य के चालू देयकों से भवन एंव अन्य सन्निर्माण कर्मकार निर्माण उपकर अधिनियम 1995 की धारा 3 की उपधारा (1) के अन्तर्गत एक प्रतिशत श्रम उपकर सेस की कटौती की जायेगी तथा सम्बन्धित ठेकेदार को नियमानुसार श्रम विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
14. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के क्रम में कान्सट्रक्शन एण्ड डिमोलिशन रूल्स 2016 के नियमों का शतप्रतिशत् पालन करना होगा।
15. शेष अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी व पढी जा सकती है।

उपनिदेशक (निर्माण)

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# पुरनिया कबाड़ मंडी में लगी भीषण आग, 35 दुकानें जलीं

## बंथरा परिवहन निगम डिपो में तीन स्कैनिया बसों में लगी आग, मचा हड़कंप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


बंथरा डिपो में खड़ी तीन स्कैनियां बसों में अचानक आग लग गई, लपटें उठीं तो अफरा-तफरी मच गई

**पुरनिया** कबाड़ मंडी में गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। मौके पर पर पहुंची फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग बुझाने का प्रयास करती रहीं। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि सीतापुर रोड से केशवनगर पुरनिया कबाड़ मंडी में गुरुवार रात करीब 8.30 बजे संदिग्ध हालत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कई दुकानों को अपने चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सूचना के करीब आधे घंटे बाद फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी पहुंची। जिसके बाद आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू की जा सकी। आग विकराल होने के कारण थोड़ी देर बाद फायर ब्रिगेड की कई अन्य गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। देर रात तक आग बुझाने का प्रयास जारी था। बताया जा रहा है कि इस अग्निकांड में करीब 35 फर्नीचर की दुकानें जलकर राख हो गई हैं। दुकानों के साथ ही झुग्गी-झोपड़ी भी जल गई। गौरतलब है कि 28 अप्रैल 2019 को भी इसी जगह आग लगने से कई दुकानें जली थी।

दूसरी ओर, बंथरा स्थित परिवहन निगम के डिपो में खड़ी स्कैनियां बसों में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। सवा करोड़ी बसों में आग लगने की सूचना मिलते ही परिवहन निगम के अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए। आनन फानन में एआरएम आलमबाग को मौके की जांच करने भेजा गया। वहां पर पता चला कि इन बसों से रोडवेज का कोई लेना देना नहीं है तब जाकर रोडवेज के अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार बंथरा में परिवहन निगम की तीन स्कैनिया बसों में आग लगने की सूचना मिली। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आलमबाग को मौके पर वास्तविकता की जानकारी करने भेजा गया। वहां पर पता चला कि बसों में आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है। कुछ लोगों का कहना था कि इन बसों में जानबूझ का आग लगाई गई है। फिलहाल आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड की गाड़ियों ने आग बुझाई। जांच में पाया गया कि स्कैनियां बसें यूपी 41। एटी 4691, यूपी 32 41 एटी 4692, यूपी 41 एटी 4693 निगम में अनुबन्धित नहीं हैं। पूर्व में यह बसें वाराणसी क्षेत्र से सम्बद्ध रहीं। इन सभी बसों का का अनुबन्ध माह मई 2020 में ही समाप्त हो चुका है। स्पॉट के निकट स्थित स्कैनिया वर्कशाप द्वारा जानकारी दी कि उक्त बसें उनके यहॉ मरम्मत के लिये आयी थीं। कई माह से ये बसें वहां खड़ी थीं। निगम का इन बसों से कोई सरोकार नहीं है। यह मोटर मालिक और स्कैनिया वर्कशाप का आपसी मामला है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक धीरज साहू ने यह निर्देश दिये हैं कि निगम से अनुबन्ध समाप्त होते ही अनुबन्धित बसों को परिवहन निगम के डिपो से हटा दिया जाए।

## बीएड में पूल काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**लखनऊ।** प्रदेश भर के बीएड कालेजों में दाखिले के लिए चार चरणों की काउंसलिंग प्रक्रिया के पूरी होने के बाद खाली सीटों को भरने के लिए गुरुवार से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई। जबकि काउंसलिंग की प्रक्रिया बीते 19 नवंबर से शुरू हुई थी।

बीएड प्रवेश की राज्य प्रवेश समन्वक प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-22 की पूल काउंसिलिंग के लिए आनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है। इसमें केवल वही स्टूडेंट्स प्रतिभाग कर सकते हैं। जिन्होंने मुख्य काउंसिलिंग में प्रतिभाग नहीं किया है या फिर प्रतिभाग करने के बाद भी उन्हें कोई सीट आवंटित नहीं हो सकी है। इसके अलावा उन्हें भी मौका मिलेगा जिन्हें सीट तो आवंटित हुईए लेकिन शेष शुल्क नहीं जमा कर पाए। प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि इस बार काउंसिलिंग में आठ नए बीएड महाविद्यालय शामिल किए गए हैं। जिससे 700 सीटें भी बढ़ गई हैं। उन्होंने बताया कि चार चरणों की काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीएड महाविद्यालयों में अब कुल 1,55,346 सीटें बची हैं। शाम चार बजे तके 3,218 अभ्यर्थियों ने पूल काउंसिलिंग के लिए आनलाइन पंजीकरण करा लिया था। उन्होंने कहा कि पूल काउंसिलिंग में च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया में डिग्री कॉलेजों चयन के पहले स्टूडेंट्स वेबसाइट पर उपलब्ध काउंसिलिंग निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें। सामान्य काउंसिलिंग की प्रक्रिया में पंजीकरण फीस, एडवांस फीस और सीट कन्फर्मेशन फीस देनी होती है। लेकिन पूल काउंसिलिंग में स्टूडेंट्स को पंजीकरण के समय ही 52 हजार रुपये फीस जमा करनी होगी।

# ईनामी पुलिस मुठभेड़ में घायल, साथी फरार

## फरार शातिर बदमाश की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीती** रात राजधानी के गोमतीनगर विस्तार इलाके में सहारा हॉस्पिटल के पीछे पिपरा घाट अंडर पास के पास पुलिस व बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई जिसमें पुलिस की जवाबी फायरिंग में राम सनेही लोनिया नामक बदमाश के पैर में गोली लग गई। बदमाश को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में ट्रामा में इलाज के लिए भेजा गया है वहीं दूसरा बदमाश पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के पास से 32 बोर की पिस्टल व एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

जनेश्वर गेट नंबर 6 के पीछे सहारा हॉस्पिटल के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली कि पिपराघाट अंडरपास के पास कुछ बाइक सवार बदमाश किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं जिस पर पुलिस ने उस जगह पर घेराबंदी की तभी बाइक सवार दो बदमाश आते दिखे जिसमें रामसनेही लोनिया भी नजर आया जो गोमतीनगर थाने से वांछित है और उसपर 25 हजार का इनाम भी है, पुलिस ने उसको रोकना चाहा तो बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया, पुलिस की जवाबी फायरिंग में रामसनेही घायल हो गया, जिसको पुलिस अभिरक्षा में ट्रामा सेंटर भेजा गया है, वहीं पकड़े गए बदमाश का दूसरा साथी भाग निकला है। डीसीपी सोमेन वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश सीतापुर का रहने वाला है, जिसका नाम राम सनेही लोनिया है। इस पर 25000 का इनाम भी घोषित है। यह बदमाश गोमतीनगर थाने से भी वांछित चल रहा है। बुधवार रात सूचना मिली थी कि ये बदमाश अपने साथी के साथ किसी घटना को अंजाम देने वाला है, इस पर पर पुलिस ने घेराबंदी कर दी, बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी। वहीं इसका दूसरा साथी फरार हो गया है, जिसकी तलाश के लिए 6 टीमें लगाई गई हैं। बदमाश के पास से एक असलहा और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

## सात अपराधी जिला बदर

**लखनऊ।** अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर का सख्त रुख देखने को मिल रहा है । पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने आपराधिक प्रवृत्ति के सात लोगों को गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर किए जाने का आदेश दिया है जिसमें मकबूल गंज कैसरबाग का रहने वाला 20 वर्षीय नियाज, हुसैनाबाद ठाकुरगंज का रहने वाला 18 वर्षीय इखलाक, हुसैनाबाद ठाकुरगंज का रहने वाला 29 वर्षीय मोहम्मद इमरान, कासिम अली की पुलिया हुसैनाबाद ठाकुरगंज का रहने वाला 30 वर्षीय मोहम्मद खलील उर्फ खलीक, सुशांत गोल्फ सिटी का रहने वाला 24 वर्षीय विनोद यादव, हुसैनाबाद ठाकुरगंज का रहने वाला 35 वर्षीय मुख्तार उर्फ कल्लू, पूरन नगर कृष्णा नगर के रहने वाले 26 वर्षीय अर्जुन सोनी के नाम शामिल हैं यह सभी 7 लोग अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं।

# यूपी बोर्ड के सेंटर्स का अब होगा फिजिकल वेरीफिकेशन

## डीआईओएस की टीम करेगी स्कूलों की जांच

**लखनऊ।** यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से इस बार प्रस्तावित हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं को लेकर बनने वाले परीक्षा केंद्रों का फिजिकल वेरीफिकेशन होगा। पोर्टल पर अपलोड डेटा का सत्यापन डीआईओएस स्तर से गठित टीम मौके पर जाकर करेगी। टीम की रिपोर्ट के आधार पर ही इस बार परीक्षा केंद्र का निर्धारण किया जाएगा।कोविड महामारी को देखते हुए इस बार यूपी बोर्ड के परीक्षा केंद्रों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने की पूरी संभावना हैं। ऐसे में कुछ स्कूलों के ओर से ऑनलाइन सेंटर निर्धारण की प्रक्रिया में गलत जानकारी अपलोड करने की संभावना अधिक हैं। इसी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने इस बार नोडल अधिकारियों से सभी प्रस्तावित स्कूलों की जांच कराने की तैयारी शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग इस बार सेंटर्स बनाने की प्रक्रिया में कोई लापरवाही नहीं करना चाह रहा है। बीते दो सालों में सेंटर्स की संख्या में लगातार कटौती हो रही हैं। केवल उन्हीं स्कूलों को सेंटर्स बनाया जा रहा था जो सभी मानक पूरे कर रहे थे। इस बार कोविड को ध्यान में रखते हुए एक सेंटर्स पर अधिकतम 800 स्टूडेंट्स के एग्जाम कराने की व्यवस्था करने का आदेश जारी हुआ है। जिसमें एक रूम में केवल 20 स्टूडेंट्स ही एग्जाम देंगे। ऐसे में इस बार सेंटर्स की संख्या अधिक होने और अपने स्कूलों को सेंटर बनाने की लालच में कई सेल्फ फाइनेंस स्कूलों के ओर से गलत जानकारी अपलोड की जा सकती हैं।

*सेंटर्स के निर्धारण को लेकर हर स्तर पर गंभीरता बरती जा रही है। 51 राजकीय इंटर कॉलेजों के प्रिंसिपल की टीम को पहले चरण के तहत सेंटर्स की जांच के लिए लगाया गया हैं। दूसरे चरण के तहत जिला प्रशासन की टीम सेंटर्स का निरीक्षण कर मानकों का वेरीफिकेशन करेगी। तीसरी टीम सेंटर्स को क्रॉस चेक करेगी, इस दौरान अगर कहीं कोई कमी रह गई है, तो उसे सुधारा जाएगा। तीनों टीमों की निरीक्षण रिपोर्ट के बाद फाइनल निरीक्षण रिपोर्ट माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजी जाएगी।* ***डॉ. मुकेश कुमार सिंह***

## एक ही स्थापना दिवस मनाएगा केजीएमयू

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी इस बार एक ही स्थापना दिवस मनाएगा। यह स्थापना दिवस दीक्षांत समारोह के एक दिन बाद सम्पन्न कराया जाएगा। जबकि 21 दिसम्बर को विवि का दीक्षांत समारोह सम्पन्न होगा। वहीं इस बार दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के शामिल होने को देखते हुए विवि प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। वहीं पिछले सत्र में कोविड 19 के चलते स्थापना दिवस का आयोजन न होने के चलते इस बार विवि की तरफ से वर्ष 2019 व वर्ष 2020 का स्थापना दिवस एक साथ 22 दिसम्बर को मनाया जाएगा। स्थापना दिवस पर पिछले सत्र के लंबित मेडल के साथ ही इस स्तर के भी मेडल मेधावियों को वितरित किये जायेंगे।

## जिला जज ने पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

# कहा-यहां चल रहा जंगल राज

**पचास पेटी शराब लूटने के साथ ही एसटीएफ पर उसकी पिटाई से ट्रक क्लीनर की मौत का भी आरोप**

विधि संवाददाता। लखनऊ

**जिला** जज दिनेश कुमार शर्मा, तृतीय ने एक ट्रक ड्राइवर व क्लीनर की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए राजधानी पुलिस की कार्यशैली पर सख्त टिप्पणी की है। कहा है कि यहां जंगल राज चल रहा है। जिससे सख्ती से निपटने की आवश्यक्ता है। जिला जज के समक्ष ट्रक ड्राइवर नरेंद्र सिंह व क्लीनर गोविंद कुमार की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान यह संज्ञान में लाया गया कि 12 नवंबर 2020 को एसटीएफ ने दो ट्रकों से 50 पेटी शराब लूट लिया। लेकिन जब एक ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर ने इसका विरोध किया तो दोनों की बेतहाशा पिटाई की गई। जिससे क्लीनर की मौत हो गई। इसके बाद एसएटीएफने क्लीनर के शव को ड्राइवर के हाथ उसके घर भिजवा दिया। साथ ही 2350 पेटी अवैध शराब की बरामदगी दिखाते हुए दूसरे ट्रक के ड्राइवर नरेंद्र सिंह और क्लीनर गोविंद कुमार के खिलाफ गंभीर धाराओं में फर्जी मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। यह मुकदमा एसटीएफ के सब इंसेपक्टर करुणेश कुमार पांडेय ने थाना सरोजनीनगर में दर्ज कराया था।

सुनवाई के दौरान मेसर्स काला अम्ब डिस्टलरी के निदेशक सुनील कुमार ने अदालत में हलफनामा दाखित कर बताया कि बरामद की गई शराब का उत्पादन हिमाचल प्रदेश के सलोन स्थित उनकी डिस्टलरी में किया गया था। इसे सभी वैध दस्तावेजों के साथ अरुणांचल प्रदेश भेजा जा रहा था। उनकी ओर से विभिन्न सरकारी व कम्पनी द्वारा निर्गत दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए। जिला जज ने उक्त दस्तावेजों के संबध में थाना सरोजनीनगर से रिपोर्ट तलब किया। 10 दिसंबर, 2020 को रिपोर्ट दाखिल करते हुए पुलिस ने माना कि बचाव पक्ष द्वारा पेश किए गए दस्तावेज सही हैं।

**जिला जज ने मंजूर की जमानत व दिए जांच के आदेश**

जिला जज ने इस पर दोनों मुल्जिमों की जमानत अर्जी को मंजूर कर लिया। साथ ही टिप्पणी किया कि हम यह कहने के लिए विवश हैं कि यदि बचाव पक्ष द्वारा कही गई बातों में जरा भी सच्चाई है, तो यह जंगल राज है। जिससे सख्ती से निपटने की आवश्यकता है। उन्होंने इस टिप्पणी के साथ ही अपने आदेश की प्रति सूबे के मुख्य सचिव, प्रमख सचिव गृह व पुलिस आयुक्त को भी भेजने का निर्देश दिया। कहा है कि इस मामले की जांच कराई जाए व जांच के परिणामों से इस अदालत को भी अवगत कराया जाए।

# राजधानी में 235, सूबे में कोरोना के 1539 नए केस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना वायरस का संक्रमण बरकरार है। गुरुवार को राजधानी में कोरोना के 235 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1539 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 18150 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2866 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8136 मरीजों की और राजधानी में 1072 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,54,542 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,19,99,031 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1539 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 18,150 कोरोना के एक्टिव मामले में से 7,945 लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश में अब तक 3,30,778 लोग होम आइसोलेशन में रहकर इलाज करा रहे हैं तथा 3,22,833 लोगों ने अपनी होम आइसोलेशन की अवधि पूर्ण कर ली है। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 1802 लोग ईलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 5,44,503 लोग कोविड 19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में कोविड का रिकवरी प्रतिशत 95.39 है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,74,724 क्षेत्रों में 4,88,311 टीम दिवस के माध्यम से 3,04,84,645 घरों के 14,85,69,032 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय उपचार के लिए ई.संजीवनी पोर्टल शुरू किया गया है। ई.संजीवनी के माध्यम से कल एक दिन में 4184 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श लिया। अब तक कुल 2,80,554 लोगों ने ई.संजीवनी पोर्टल पर चिकित्सकीय परामर्श लिया। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीन के भण्डारण के साथ साथ वैक्सीन लक्षित समूहों को लगाने की व्यवस्था की जा रही है।

## विभूतिखंड इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मी संक्रमित

**लखनऊ।** विभूतिखंड थाना परिसर में एक बार फिर कोरोना का कहर बढ़ता नजर आ रहा है। इंस्पेक्टर संजय शुक्ला से लेकर करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी कोरोना की चपेट में आ गए हैं। इतना ही नहीं उन्हें क्वॉरेंटाइन कराया गया है। ऐसे में पुलिसकर्मी परिजनों को लेकर संशय ग्रस्त हैं। साथ ही एहतियाती कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला ने हल्का बुखार के साथ ही डॉक्टरों की सलाह पर करोना जांच करवाई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद पुलिस कर्मियों में खलबली मच गई। इंस्पेक्टर के संपर्क में आए करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मियों ने कोरोना जांच करवाई। ऐसे में गुरुवार को हमराही और ड्राइवर कोरोना पॉजिटिव निकला। इतना ही नहीं कोरोना का प्रकोप क्राइम टीम के सदस्यों तक भी पहुंच चुका है। इसमें करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी क्वारंटाइन कराए गए हैं। साथ ही डॉक्टरों की सलाह पर कोविड 19 प्रोटोकॉल का अनुपालन कर रहे हैं। इससे पहले अपराधियों की धरपकड़ के दौरान अधिकारियों से लेकर कई पुलिसकर्मी कोरोना के चपेट में आ चुके हैं। इंस्पेक्टर संजय शुक्ला ने संपर्क में आए लोगों से कोविड जांच कराने की अपील की है। पुलिस कर्मियों का कहना है कि खुद से ज्यादा परिजनों को लेकर संशय ग्रस्त हैं। एसीपी विभूतिखंड स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर, हमराही और ड्राइवर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके अलावा अन्य पुलिसकर्मियों की जांच करवाई जा रही है। कोविड 19 प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

## 21 दिसम्बर तक शुल्क जमा कर सकते हैं छात्र



पायनियर समाचार। लखनऊ

**डॉ** शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलसचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि विवि में पढ़ने वाले ऐसे छात्र जिन्होंने शैक्षिक सत्र 2019-20 एवं 2020-21 हेतु पाठ्यक्रम सम्बन्धित समस्त शुल्क अबतक जमा नहीं किया हैए ऐसे छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है। ऐसे छात्र सम्बन्धित समस्त शुल्क, विलम्ब शुल्क धनराशि 200 रूपये के साथ 21 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से जमा किया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार विश्वविद्यालय में शोध हेतु पंजीकृत जिन शोधार्थियों ने किसी कारणवश शोध सम्बन्धी निर्धारित शुल्क जमा नहीं किया है, वे निर्धारित शुल्क 31 दिसम्बर तक जमा करना सुनिश्चित करें। जिन शोधार्थियों द्वारा शैक्षिक सत्र 2019-20 एवं इससे पूर्व सत्र का शुल्क जमा नहीं किया गया हैए उन शोधार्थियों को विलम्बन शुल्क के साथ निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। शैक्षिक सत्र 2020-21 हेतु विलम्ब शुल्क देय नहीं होगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

ई- नीलामी
(अचल संपत्ति हेतु)

क्षेत्रीय दबावग्रस्त वसूली शाखा
साकेतपुरी आवसीय योजना, देवकाली बाईपास, क्षेत्रीय कार्यालय, द्वितीय तल, अयोध्या-224123, मो0:9517599985
Email.: sarfai@bankofbaroda.co.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना '' अनुर्गत-IV-A [नियम 8(6) के प्रावधान देखें]

वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना

एततद्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति /बंधक/ प्रभार युक्त सम्पत्ति को जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ''जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है'' के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी / जमानतकर्ता / प्रतिभूति आस्ति / देय / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है।

ई-नीलामी की तिथि एवं समय-: 08.01.2021 दोपहर 02.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक

कब्जा की स्थिति -: सांकेतिक

| क्र0/स0 | ऋणकर्ता/ओं, जमानतकर्ता/ओं व बंधककर्ता/ओं का नाम व पता व बकाया धनराशि | सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो | आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि | संपत्ति निरीक्षण/ ईएमडी जमा हेतु तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ऋणकर्ता:- मेसर्स छंगा खान राईस एण्ड ऑयल मिल द्वारा प्रो0 छंगा खान पुत्र सुभान खान पताः ग्राम गुलालपुरवा, पो0 बलहा, तहसील नानपारा, जिला बहराइच। माँग सूचना की तिथि : 20.03.2017 अधिग्रहण की तिथि 30.07.2018 बकाया धनराशिः रू 1232944.27+ब्याज व अन्य खर्चे 17.12.2020 से (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है,को घटाकर) | सम्पत्ति के सभी भागों व पार्सल से मिलकर पंजीकृत बंधक भूमि, प्लॉट नं0 467 मिन ग्राम गुलालपुरवा, पो0 बलहा, तहसील नानपारा, जिला बहराइच में स्थित है जो छंगा खान पुत्र सुभान खान के नाम पर है। पूर्ण क्षेत्रफल 0.030 हैक्टेयर चौहद्दी:- पूर्वः अब्दुल अहद व अन्य का मैदान, पश्चिम:-प्लॉट नं0 467 मिन की शेष भूमि, उत्तरः -नसीम खान की भूमि, दक्षिण:- हफीज़ खान की भूमि | आरक्षित धनराशि ₹3,52,903/- अग्रिम धनराशि ₹35,290.3/- बिड बढ़ोत्तरी राशि ₹10,000/- | 18.12.2020 से 07.01.2021 प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक<br>18.12.2020 से 07.01.2021 प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक |
| 2- | ऋणकर्ता:- मेसर्स बालाजी ट्रेडिंग कंपनी द्वारा प्रो0 अरुण कुमार शुक्ला पुत्र देवदत्त शुक्ला पता-ग्राम व पोस्ट विशेश्वरगंज, बहराइच जमानतकर्ता - सुशीला शुक्ला पत्नी अरुण कुमार शुक्ला। पता- कंछर, विशेश्वरगंज बहराइच माँग सूचना की तिथि : 07.12.2018 अधिग्रहण की तिथि : 06.04.2019 बकाया धनराशि: रू 359240.85+ब्याज व अन्य खर्चे 17.12.2020 से (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है,को घटाकर) | सम्पत्ति के सभी भागों व पार्सल से मिलकर पंजीकृत बंधक गाटा संख्या 820 पर मौजा कंछर, परगना इकौना तहसील और जिला बहराइच में स्थित है। जो अरुण कुमार शुक्ला पुत्र देवदत्त शुक्ला के नाम पर है। कुल क्षेत्रफल 201वर्गमीटर। चौहद्दी:-पूर्वः पुरैना तिराहा से कंछर मार्ग, पश्चिमः कैलाश यादव का खेत,उत्तरः भुल्लर कोरी का प्लॉट, दक्षिणः माला पांडे का प्लॉट, | आरक्षित धनराशि ₹16,26,003/- अग्रिम धनराशि ₹1,62,600.3/- बिड बढ़ोत्तरी राशि ₹10,000/- | 18.12.2020 से 07.01.2021 प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक<br>18.12.2020 से 07.01.2021 प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक |
| 3. | ऋणकर्ताः मेसर्स सबीलुल मुमताज ऑयल मिल द्वारा प्रोपराइटर इसरार अहमद पुत्र स्व0 मुमताज अहमद पता- रानी लठ्ठा पार मस्जिद के पास, मोहल्ला बेलदारन टोला, नानपारा, जिला- बहराइच 271865 मांग सूचना की तिथि : 02.07.2018 अधिग्रहण की तिथि : 05.08.2019 बकाया धनराशि : रू.2052900.19/-+ब्याज व अन्य खर्चे 17.12.2020 से (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है,को घटाकर) | सम्पत्ति के सभी भागों व पार्सल से मिलकर भूमि और भवन नं0 025 जो रानी लट्ठा पार मस्जिद के पास, मोहल्ला बेलदारन टोला, नानपारा, तहसील-नानपारा, जिला-बहराइच में स्थित है। इसरार अहमद पुत्र स्व0 मुमताज अहमद के नाम है। जिसका कुल क्षेत्रफल 291.07 वर्गमी है।चौहद्दी (विलेख के अनुसार): पूर्व : 8 फिट चौडा रास्ता, पश्चिम : नुसरत का घर, उत्तर : अकरम खान व आलम खान का घर और ताहिरा बेगम का अहाता, दक्षिण : नुसरत और फिरोज़ का घर | आरक्षित धनराशि ₹29,29,488/- अग्रिम धनराशि ₹2,92,948.8/- बिड बढ़ोत्तरी राशि ₹10,000/- | 18.12.2020 से 07.01.2021 प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक<br>18.12.2020 से 07.01.2021 प्रातः 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक |

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक का अवलोकन करें:- www.bankofbaroda.in/e-auction.htm & https://ibapi.in तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाइल नम्बर 9517599985 से सम्पर्क करें।

दिनांक : 18.12.2020 स्थान : बहराइच
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

# किसान सम्मेलनों में जमकर दहाड़े भाजपा नेता, विपक्ष पर साधा निशाना

## मंडी माफिया अपनी बंद हो रही दुकान से हैं परेशान:राधा मोहन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने गौतमबुद्धनगर में आयोजित किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए नए कृषि सुधार कानून से किसान खुश है वहीं दूसरी ओर मण्डी माफिया अपनी बंद हो रही दुकान से परेशान है। जिन बिचौलियों, दलालों ने कांग्रेस की सत्ता में किसानों का हक मारा। आज उन्हीं की तरफदारी करते हुए विपक्षी दल इस कानून का विरोध कर रहे हैं। जिसे देश का अन्नदाता अच्छी तरह से जानता है। राधा मोहन सिंह ने कहा कि पिछले छह वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों की स्थिति को बेहतर और आय को दोगुना करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। किसान समृद्ध, सम्पन्न, संगठित हो इसे अपनी खेती के लिए तकनीकी समर्थन मिल सके, आत्मनिर्भर बन सके इस दिशा में भी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने प्रभावी कदम उठाये है। उन्होंने कहा कि जिन राजनीतिक दलों ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए किसानों को अंधकार में रखा हो और उनकी मांगों को अनसुना किया हो उन्हें मोदी सरकार द्वारा किसान हित में उठाए गए निर्णय अच्छे नहीं लग रहे है। केंद्र सरकार पिछले छह वर्षो से किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है।

## सपा, बसपा व कांग्रेस के समय किसानों को मिलती थी लाठी: स्वतंत्र देव सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा ने सदैव किसानों के हित में काम किया है। कांग्रेस, सपा और बसपा ने किसानों को सिर्फ लूटा है। वहीं नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद से किसानों को खुशहाल बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने गुरवार को प्रयागराज में किसान सम्मेलन को संबोधित किया। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा किसान यह वक्त नही भूलें है जब सपा, बसपा, कांग्रेस के समय में खाद के लिए गोली, लाठी खाते थे। मोदी सरकार में किसानों के लिए शुरू की गई योजनाओ का परिणाम है कि आज सरकार द्वारा किसानों के खातों में सीधे बिना बिचैलियों के रुपये भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा विपक्षी पार्टियां कतई किसानों की हमदर्द नहीं हैं। विपक्षी दल अपने राजनैतिक फायदे के लिए किसानों में भ्रम फैला रहे है। कृषि सुधार कानून को कई किसान संगठनों ने समर्थन भी दिया है जबकि कई किसान संगठन लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों से बातचीत और समस्या का समाधान करने के लिए हर स्तर पर बातचीत को तैयार है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जनता के साथ मिलकर इस झूठ का जवाब देंगे। भाजपा सरकार पूरी तरह किसानों के साथ है। आज देश में किसान खुशहाल है।

## देश हित में होता है पीएम का हर फैसला: राणा

संवाददाता। बख्शी का तालाब



**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गये फैसले देश हित में होते हैं। उनके हर फैसले में देश के आमजनमानस की भलाई निहित होती है। लेकिन किसान बिल को लेकर विपक्ष देश के साथ अन्नदाता की आड़ लेकर छल कर रहा है। जो कभी किसी भी सूरत में सफल नहीं हो पायेगा। बीकेटी स्थित बड़ी बाजार में आयोजित किसान सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुये गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने ही हमेशा किसानों की भलाई का काम किया है । कल्याण सिंह के समय खतौनियों का डाटा रखवाया गया। किसान बही दिलाई गयीं । तहसील दिवस का आयोजन करवाया गया। जिससे किसान अपनी जमीनों के कागजात प्राप्त कर समस्यों से उच्चाधिकारियों को अवगत करा सके। अटल जी के प्रधानमंत्री रहते कृषि मंत्री के तौर पर राजनाथ सिंह ने किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना चालू करवाया। इससे पहले किसानों को भूमि विकास बैंक से 18 प्रतिशत की दर से ब्याज भुगतान करना पड़ता था। योगी सरकार ने सरकार बनते ही सभी के एक लाख का कर्ज माफ किया। मोदी सरकार में किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार कृषि सम्मन निधि मिल रही है। आज मौजूदा बिल के अनुसार किसानों को मंडी से मुक्त कर दिया गया। बिचौलियों और दलालों से उसे मुक्ति दिलाने का लक्ष्य इस बिल में शामिल है। किसानों को सक्षम बनाकर उसे मुख्यधारा में लाने का काम किया गया है। किसान सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर ने किया। किसान सम्मेलन को सांसद धरोहरा रेखा वर्मा, सांसद मोहनलालगंज कौशल किशोर , मिश्रिख के अशोक कुमार, सीतापुर के राजेश वर्मा व लखीमपुर के सांसद अजय सिंह उर्फ टेनी ने संबोधित किया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी, बीकेटी विधायक अविनाश त्रिवेदी, संयोजक संजय सिंह, बीकेटी चैयरमैन अरुण कुमार सिंह, विनय सिंह, विजय प्रताप सिंह, जिला मीडिया सह प्रभारी विवेक सिंह, मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह, राजू कश्यप के साथ हजारों की संख्या में किसान व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनडीएलआई से पार्टनरशिप की राज्य सरकार ने दी अनुमति

● छात्रों को उपलब्ध होगी उत्कृष्ट पाठ्य सामग्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि देश भर के छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी एवं नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी आफ इंडिया आईआईटी खड़गपुर के मध्य पार्टनरशिप हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सहमति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी आफ इंडिया आईआईटी खड़कपुर द्वारा उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी के साथ पार्टनरशिप हेतु एक अनुरोध किया गया था। डॉ शर्मा ने कहा कि राष्ट्र की लाइब्रेरी के साथ इस प्रकार की सामंजस्य विभाग के लिए गौरव की बात है और हमारी लाइब्रेरी की उत्कृष्टता का प्रमाण है। डॉ शर्मा ने बताया कि नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी आफ इंडिया शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की पहल है, जिसका उद्देश्य शैक्षिक सामग्री का वर्चुअल संग्रह बनाना है। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने इस प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन का दायित्व आईआईटी खड़कपुर को सौंपा है। सुधा राय चीफ ऑपरेटिंग ऑफीसर नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी आफ इंडिया ने इस प्रोजेक्ट में विभाग के साथ सहयोग करने के लिए रुचि दिखाई है, ताकि उनके उपयोगकर्ताओं को भी उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी पर उपलब्ध पठन पाठन सामग्री का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी में भी ई कंटेंट उपलब्ध है और इस सहयोग एवं एकीकरण से देश के अनेक छात्र लाभान्वित होंगे। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग ने बताया कि उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी में 70 हजार से भी अधिक ई कंटेंट उपलब्ध हैं। यह लाइब्रेरी ज्ञान का एक अनूठा संग्रह है, जिसमें प्रदेश के सर्वोत्तम अध्यापकों के नोट्स एवं लेक्चर्स हर छात्र को निशुल्क सुलभ हैं।

## समाज कल्याण विभाग के छात्रावास में अवैध रूप से कोई भी छात्र न रहे: धर्मेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के समाज कल्याण राज्यमंत्री जी एस धर्मेश ने गुरुवार को हजरतगंज स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पीजी छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में कोई भी अवैध रूप से छात्र नहीं रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित डा भीमराव आम्बेडकर पीजी छात्रावास हजरतगंज के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुचे राज्यमंत्री ने छात्रावास के किचन जहाँ अभी खाना नही बन रहा है और शौचालय तथा छात्रावास की गैलरी आदि का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान गैलरी, शौचालय व किचन में गंदगी पायी। जिस पर उन्होने नाराजगी व्यक्त की और छात्रावास के अधीक्षक को कडे निर्देश दिये है कि छात्रावास में शौचालय सहित छात्रावास परिसर की साफ-सफाई सही ढंग से करायी जाये। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने जिला समाज कल्याण अधिकारी लखनऊ को निर्देश दिया कि छात्रावास मे जिन छात्रो को कमरा अवटित है वही छात्र रहे इसके अलावा और कोई छात्र नही रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। जो छात्र जिस भी आवंटित कमरे में रह रहा है तो उनका नामए फोन नम्बर सहित पूरा विवरण रखा जाये इसका भी ध्यान रखा जाये। समाज कल्याण राज्य मंत्री ने छात्रावास में मौजूद छात्रों से वार्ता की तो छात्रों द्वारा बताया गया कि छात्रावास में पानी की टंकी की सफाई पुस्तकालय बन्द है जिसे खुलवाने पीने के पानी की सही व्यवस्था कराये जाने की बात कही गई।

### बहाने से घर बुलाकर किशोरी से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**मोहनलालगंज।** मंदबुद्धि किशोरी को बहाने से अपने घर बुलाकर किराना दुकानदार ने उससे जबरन दुष्कर्म किया। फिर किसी से कुछ नहीं कहने की हिदायत देकर धमकाकर चुप करा दिया। घर लौटी किशोरी की हालत देखकर मां को शक हुआ तो काफी पूछताछ के बाद डरी सहमी किशोरी ने आपबीती बताई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक मोहनलालगंज के एक गांव की मंदबुद्धि किशोरी को बुधवार की शाम बहाने से अपने घर बुलाकर आरोपी अंगनू ने उससे जबरन दुष्कर्म किया। बचाव में किशोरी ने चीखने की कोशिश की तो उसे जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। डरी सहमी किशोरी वापस घर लौटी तो उसे बदहवाश देखकर मां ने पूछताछ कर आपबीती जानी। जिसके बाद शिकायत लेकर किशोरी के पिता आरोपी के घर पहुंचे तो वह आरोप को झूठा बताकर झगड़े पर उतारु हो गया। वापस घर लौटे किशोरी के पिता ने आरोपी की दबंगई के बारे में बताया तो पीड़ित किशोरी की मां ने सरकार के मिशन शक्ति की जानकारी देकर बेटी को न्याय दिलाने के लिए पति का हौसला बढ़ाया। गुरुवार सुबह होते ही पिता ने पहले 112 नंबर पर सूचना दी फिर कोतवाली आकर शिकायत दर्ज कराई।

### एसडीएम ने जरूरत मंदों को बांटे कंबल



**बख्शी का तालाब।** भयंकर शीतलहर का आग़ाज़ होने के साथ ही तहसील प्रशासन सक्रिय हो गया है। गुरुवार को बीकेटी एसडीएम नवीनचंद्र ने कुर्सी रोड, छठामील पर जरूरत मंदो को कंबल वितरण किया। एसडीएम द्वारा स्वयं पहुंचकर इस पुनीत कार्य को करने का नागरिकों द्वारा प्रशंसा होती रही थी । उपजिलाधिकारी ने बताया कि ठंड में तहसील क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जरूरत के लिये मेरे नंबर पर फोन कर सहायता कर सकता है।

### किसान आन्दोलन में फूट डालने का प्रयास कर रही सरकार: रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के चारों ओर देश के लाखों किसान विगत 21 दिन से खुले आसमान के नीचे कृषि कानूनों को रद कराने की मांग के साथ डेरा डाले हुये हैं। दिल्ली के भीतर प्रवेश करने से गृह मंत्री का पुलिस विभाग उन्हें रोके हुये है और स्वयं को किसानों का हितैषी कहने वाले देश के प्रधानमंत्री के पास इतना भी समय नहीं है कि लाखों अन्नदाताओं के बीच में पहुंचकर उनका दुख दर्द समझने और बांटने का प्रयास कर सके। पीएम मोदी गन्ना किसानों के खातों में चीनी निर्यात की धनराशि सीधे भेजने का लॉलीपाप देकर किसान आन्दोलन में फूट डालने और उसे कमजोर करने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

### चार वाहन चोर गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

**लखनऊ।** पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत आशियाना पुलिस टीम द्वारा एक बाल अपचारी सहित 4 शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके पास से चोरी की 2 अदद मोटरसाइकिल बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक आशियाना केशव कुमार तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चेकिंग लगाकर दो मोटर साइकिलों पर सवार चार लोगों को रोकने का प्रयास किया जिसमें वह भागने लगे और फिसल कर गिर गए जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। मोटरसाइकिल का कागज मांगने पर कागज नहीं दिखा पाए। पूछताछ करने पर पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी की है । पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम और पता थाना उन्नाव निवासी शिवम यादव, मलिहाबाद लखनऊ निवासी ललित सिंह, आजमगढ़ निवासी बादशाह बताया। इसके साथ ही एक 15 साल के नाबालिग साथी को भी गिरफ्तार किया गया है।

### टप्पेबाजों ने पुलिसकर्मी बनकर हड़पे महिला के जेवर

**लखनऊ।** विकासनगर के शेखुपुरा कॉलोनी में 70 वर्षीय अलीमुन्निशां परिवारीजनों के साथ रहती हैं। बुधवार दोपहर करीब दो बजे वह खरीदरी के लिए अलीगंज स्थित डंडईया मार्केट जा रही थी। इस दौरान वह जैसे ही विष्णु पुरी कॉलोनी में पहुंची, बाइक सवार एक टप्पेबाज ने उन्हें आवाज देकर रोक लिया। टप्पेबाज ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और कहा कि पास में ही एक युवक की सोने की चेन लूटने के दौरान बदमाशों ने हत्या कर दी है, हम लोग चेकिंग कर रहे हैं जेवर पहनकर न निकलिए। लूट के दौरान हत्या की बात पता चलते ही महिला दहशत में आ गई। झांसे में फंसी महिला ने हाथ में पहने दो कंगन, दो अंगूठी, कान में पहने झुमके और गले में पड़ी लॉकेट सहीत सोने की चेन उतार कर पर्स में रखने लगी। इस दौरान एक टप्पेबात ने महिला के हाथ से सारी ज्वैलरी छीन ली और उसे कागज में लपेटने के बहाने बदल लिया। घर पहुंची महिला ने कागज खोला तो उसमें नकली जेवर देख दंग रह गई।

### लखनऊ मंडल के वित्तविहीन विद्यालयों के प्रबंधकों ने दिया धरना

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल के वित्तविहीन विद्यालयों के प्रबंधको ने गुरुवार को सिविल हॉस्पिटल के सामने धरना देते हुए 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव और प्रदेश महामंत्री राजू यादव व जिला अध्यक्ष मोहम्मद हारून की अध्यक्षता में हुए धरने के दौरान तमाम शिक्षकों से मदद करने की गुहार लगाई और दुर्बल वर्ग के बच्चों को हर संभव मदद करने की शपथ ली गई। साथ ही सरकार से 2 महीने का समय देकर कार्रवाई करने की मांग की गई।

### पोषण वाटिका के हालात बदल सके न आश्रय केन्द्र की व्यवस्थाएं




**मोहनलालगंज।** पोषण वाटिका के हालात बदल सके न गोवंश आश्रय केन्द्र की व्यवस्थाएं दुरुस्त हो सकीं। मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत दहियर में अफसरों के दौरे भी मातहतों की लापरवाही दूर करने में नाकामयाब साबित हो रहे हैं। लिहाजा वाटिका के पौधे सूखते जा रहे हैं तो आश्रय केन्द्र में लगातार कम हो रहे निराश्रित गोवंश ठिठुरकर बीमार पड़ रहे हैं। मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत दहियर में संचालित निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्र में गोवंश को ठण्ड से बचाने के उपाय अब तक अमल में नहीं लाए जा सके हैं। आश्रय केन्द्र की फेन्सिंग के वायर ढ़ीले होने की वजह से एक के बाद एक गोवंश निकलकर बाहर भाग जा रहे हैं। वहीं आश्रय केन्द्र परिसर में बिछाए गए खड़ंजे की बाक्सिंग ठीक से नहीं कराई जाने से ईंटें उखड़ने लगी हैं। गोपालकों को कई माह से मानेदय भी नहीं मिल सका है। गोवंश आश्रय केन्द्र की व्यवस्थाएं पटरी पर लाने को लेकर बीडीओ के निर्देश भी जिम्मेदारों पर बेअसर हैं। वहीं पंचायत की पोषण वाटिका में नियमित सिंचाई के अभाव में पौधे सूखने का सिलसिला जारी है। 8 अक्टूबर को डीसी मनरेगा महेन्द्र पाण्डेय के निरीक्षण में दिए गए निर्देशों पर भी अमल नहीं कराया जा सका है।

### शटर तोड़कर पांच लाख की चोरी

**लखनऊ।** मड़ियांव के रैथा रोड, बौरूमऊ में एक किराना स्टोर का शटर तोड़कर चोरों ने करीब पांच लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। आरोप है कि पुलिस ने घटना के 10 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की। धतिंगरा, बौरूमऊ मड़ियांव निवासी भानु सिंह की धतिंगरा चौराहे पर रजाक किराना स्टोर के नाम से किराना की दुकान है। भानु सिंह के अनुसार 6 दिसंबर की सुबह वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान का सारा चोरी हो गया था। सूचना पर पुलिस पहुंची और रस्म अदायगी करके चली गई। पीड़ित के अनुसार, रिपोर्ट लिखाने वह मड़ियांव थाने गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। 10 दिन थाने के चक्कर लगाने के बाद बुधवार को मुकदमा दर्ज हो सका है।

## विज्ञान विषय ही नहीं, जीवन का आधार है: करिंदकर

संवाददाता। निगोहां



**विज्ञान** कोई विषय नहीं बल्कि जीवन का आधार है यह उदगार निगोहां के बाबू सुंदर सिंह इंजीनियरिंग कालेज में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2020 के अवसर आईआईटी कानपुर डायरेक्टर अभय करिंदकर ने व्यक्त किए। निगोहां स्थित बाबू सुन्दर सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज में आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2020 के छठवें संस्करण का आयोजन केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में 22 दिसंबर से 25 दिसंबर तक वर्चुअल माध्यम से किया जा रहा है, आउटरीच प्रोग्राम का उद्देश्य लोगों को इस कार्यक्रम में भागीदारी और जानकारी देना है। बाबू सुन्दर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के आउटरीच प्रोग्राम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन आनंद शेखर सिंह ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा देश और प्रदेश की समग्र प्रगति एवं समृद्धि के लिए समाज विशेषकर युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक सोच आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर अभय करिंदकर ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान कोई विषय नहीं, जीवन का आधार है ,श्रेयांश मंडलोई ने कार्यक्रम की रूपरेखा उपस्थित लोगों को समझाई । गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित डॉ अरविन्द रानडे, स्पेस साइंटिस्ट विज्ञान प्रसार ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित किया, कार्यक्रम में उपस्थित प्रीति वर्मा, मधुलिका सिंह एवं प्रांत प्रचार प्रमुख दीपेश भार्गव ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

## सीएमएस प्रधानाचार्या सीआईएससीई गवर्निंग बॉडी की सदस्य नामित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या डा. (श्रीमती) विनीता कामरान को काउन्सिल फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई), नई दिल्ली की गवर्निंग बॉडी का सदस्य चयनित किया गया है। डा. कामरान का यह चयन 5 फरवरी 2023 तक प्रभावी रहेगा। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने डा. कामरान की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि डा. कामरान का सीआईएससीई के शासकीय निकाय का सदस्य चुना जाना न सिर्फ सीएमएस के लिए अपितु लखनऊ के लिए गौरव की बात है। इससे डा. कामरान के अनुभवों एवं सृजनात्मक विचारों का लाभ देश भर के शिक्षण संस्थानों को मिलेगा। विद्यालय के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि डा. कामरान को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनवरत परिश्रम, प्रतिबद्धता एवं नि:स्वार्थ सेवा भावना के कारण प्रदान किया गया है। डा. कामरान सिर्फ भारत में ही नहीं अपितु विश्व भर के शिक्षाविद्ों के लिए प्रेरणास्रोत मानी जाती हैं।


## कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर

पत्रांक :- 646 /जि0पं0-निर्माण/2020-21/ दिनांक-16.12.2020

**निविदा सूचना**

जिला पंचायत, फतेहपुर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों जिला पंचायत, फतेहपुर में पंजीकृत ठेकेदारों के साथ-साथ उ0प्र0 के सरकारी विभागों (सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग) में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंद्रहवा वित्त/राज्य वित्त आयोग/जिलानिधि योजनार्न्तगत व निरस्त कार्यों की धनराशि से निर्माण कार्यों को सम्पादित कराने हेतु मुहरबन्द निविदायें दिनांक 06.01.2021 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक कर्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर में आमंत्रित की जाती हैं तथा दिनांक 06.01.2021 को अपरान्ह 2:30 बजे ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.01.2021 अपरान्ह 5:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर, जिला पंचायत कार्यालय, कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन फतेहपुर से क्रय किये जा सकते है, प्रस्तावित कार्यों का विवरण, कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म में भरी जाने वाली दरें, निविदा दाता द्वारा अंको एवं शब्दों में सुस्पष्ट रुप से लिखी जायेंगी तथा निविदा को रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा कार्यालय में निर्धारित तिथि व समय तक सीधे जमा किया जा सकता है। निविदा फार्म को बेवसाइट fatehpur.nic.in से सीधे डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा फार्म का मूल्य/बयाने की धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की डी0डी0/एफ0डी0आर0, राष्ट्रीय बचत पत्र के रुप में अथवा जिला पंचायत, फतेहपुर के बैंक ऑफ बड़ौदा, पटेलनगर, फतेहपुर में खुले खाता संख्या 50310100006837 आई0एफ0एस0 कोड़ BARB0PATFAT मे ऑनलाइन जमा की जा सकती है, जिसका विवरण/ट्रांजेक्शन नम्बर व अन्य विभाग के ठेकेदार होने की दशा में उस विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र आदि निविदा के साथ संलग्न करते हुये टेण्डर बॉक्स में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा के समय मूल अभिलेख (निविदा शुल्क, बयाने की धनराशि की डी0डी0/एफ0डी0आर0 आदि) टेण्डर बॉक्स में न डाले जाने की दशा में वित्तीय निविदा खोले जाने के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की दशा में सम्बंधित निविदादाता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुये उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही की जायेगी। सशर्त निविदा मान्य न होगी। विभाग के सक्षम अधिकारी को पूर्ण अधिकार होगा, कि वह बिना कारण बताये किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार कर दें। निविदा स्वीकार होने के पश्चात यदि ठेकेदार द्वारा निर्धारित अवधि में 10प्रतिशत जमानत राशि जमा कर अनुबंध नहीं कराया जाता है तो कार्य की निविदा मे 2प्रतिशत जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। अनुबन्ध के समय कुल 10प्रतिशत धनराशि जमानत के रुप में मात्र राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 व राष्ट्रीय बचत पत्र द्वारा जमा करनी होगी। निविदा की विस्तृत जानकारी (अन्य शर्तें आदि) कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। इस सम्बंध में सूचित किया जाता है कि यदि किसी ठेकेदार को तीनों स्थानों (कार्यालय, जिला पंचायत, फतेहपुर/कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर व कार्यालय जिलाधिकारी, फतेहपुर) में निविदा प्राप्त करने में कोई असुविधा का सामना करना पड़ता है तो तत्काल अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, फतेहपुर से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है। निर्माण कार्यो की स्वीकृति/अनुबंध की कार्यवाही धनराशि की उपलब्धता के आधार पर की जायेगी। निविदा मूल्य में 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मिलित है तथा कार्य की लागत में जी.एस.टी. की 12 प्रतिशत धनराशि सम्मिलित नहीं है। अन्य विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा डाली गयी निविदा न्यूनतम होने की दशा में एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर में समस्त अभिलेख उपलब्ध कराते हुये पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। परियोजनाओं का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम व प्रकृति | धनराशि (लाख रु0 में) | बयाने की धनराशि (रु0 में) | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित रु0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम सभा बावन सी० सी० मार्ग से ग्राम सभा गढ़ी के मध्य अवशेष भाग में सी० सी० रोड निर्माण कार्य | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 2 | शादीपुर पिच रोड से रहसूपुर गाँव तक सी० सी० रोड निर्माण कार्य | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 3 | बाँदा सागर रोड से दतौली तक सी० सी० रोड निर्माण | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 4 | बावन-मवइया पिच रोड से ग्राम सभा मवइया तक सी० सी० रोड निर्माण कार्य | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 5 | ग्राम बहरौली में पिच रोड से विद्यालय तक सी० सी० रोड निर्माण कार्य | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 6 | ग्राम सभा छीछा में सी० सी० रोड निर्माण कार्य | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 7 | जी० टी० रोड से बडौरी प्राथमिक पाठशाला संपर्क मार्ग में सी० सी० कार्य | 7.83 | 15660.00 | 280.00 | तीन माह |
| 8 | मवई पिच रोड से ग्राम रेहरा संपर्क मार्ग के आबादी भाग में सी०सी०रोड निर्माण कार्य | 8.78 | 17560.00 | 280.00 | तीन माह |
| 9 | रारा सी० सी० रोड से जूनियर हाई स्कूल संपर्क मार्ग में सी० सी० कार्य | 8.82 | 17640.00 | 280.00 | तीन माह |
| 10 | रारा मोड़ से अहेवा संपर्क मार्ग के आबादी भाग में सी० सी० कार्य | 8.88 | 17760.00 | 280.00 | तीन माह |
| 11 | ग्राम शिवदासपुर से शिवदासपुर बेलावां संपर्क मार्ग खडंजे तक सी० सी० रोड निर्माण | 8.83 | 17660.00 | 280.00 | तीन माह |
| 12 | गाजीपुर पिच रोड से बरार संपर्क मार्ग में सी० सी० रोड निर्माण | 8.91 | 17820.00 | 280.00 | तीन माह |
| 13 | नगरुवा जाम मार्ग से भूला संपर्क मार्ग में सी० सी० रोड निर्माण | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 14 | पिच रोड से ग्राम नसीरपुर संपर्क मार्ग में सी० सी० रोड निर्माण | 8.89 | 17780.00 | 280.00 | तीन माह |
| 15 | जी०टी०रोड से आई०टी०आई० कॉलेज, अभयपुर संपर्क मार्ग में सी० सी० निर्माण कार्य | 8.76 | 17520.00 | 280.00 | तीन माह |
| 16 | दिलावलपुर में नाला निर्माण। | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 17 | ग्राम अंजना कबीर में नाला निर्माण | 8.93 | 17860.00 | 280.00 | तीन माह |
| 18 | खखरेरु कोट मार्ग मे दरियापुर में बस स्टाप के सामने यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण। | 1.79 | 3580.00 | 168.00 | तीन माह |
| 19 | खखरेरु कोट मार्ग मे कुल्लीपुर में बस स्टाप के सामने यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण। | 1.79 | 3580.00 | 168.00 | तीन माह |

अभियन्ता जिला पंचायत, फतेहपुर — अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, फतेहपुर — अध्यक्ष जिला पंचायत, फतेहपुर


## आखिरकार अपनों से मिला बब्लू, उम्मीदों को मिले पंख

● मनाई गईं खुशियां, अपनों को सामने पाकर छलक पड़े आंसू

संवाददाता। मोहनलालगंज



**परिवार** से बिछड़कर घर वापसी की उम्मीद लिए भटक रहे मानसिक मंदित अब्दुल कादिर उर्फ बब्लू की जिन्दगी में गुरुवार का दिन एक नई उम्मीद लेकर आया। प्रशासन और पुलिस की मदद से नौ साल बाद अपनों को सामने पाकर उसकी सूख चुकी आंखों में खुशी के आंसू छलछला उठे। कादिर को जिन्दा देखकर परिवार के लोग भी खुद को रोंक नहीं सके और दौड़कर उसे गले लगा लिया। सालों से लोगों की घृणा और तिरस्कार झेल रहे बब्लू को अपनों का प्यार मिला तो वह उनसे लिपटकर आंसुओं के सैलाब में डूब गया।

मोहनलालगंज तहसील और कोतवाली के सामने हाईवे के डिवाइडर पर खुले आसमान के नीचे सर्द रातें गुजार रहा मानसिक मंदित युवक फ्तेहपुर जिले के सरांय सुल्तानपुर घोष निवासी छिद्दू अली उर्फ छेदीलाल का छोटा बेटा अब्दुल कादिर उर्फ बब्लू निकला। पायनियर की मुहिम के बाद जागे प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने उसके परिवार का पता लगाकर उनसे सम्पर्क किया तो गुरुवार की सुबह बब्लू के चाचा और बीडीसी मेम्बर अमीनुद्दीन अपने भाईयों सज्जन अली व निसार के साथ मोहनलालगंज कोतवाली पहुंच गए। अपनों को सामने पाकर बब्लू की खुशी का ठिकाना नहीं रहा आंखें आंसुओं से भर आई। उसकी दुर्दशा देखकर परिवारीजनों की आंखें भी भर आई उन्होंने गले लगाकर उसे सांत्वना दी फिर नहला-धुलाकर कपड़े बदलवाए। परिवार के लोग बब्लू को साथ लेकर वापस घर पहुंचे तो वहां भी खुशियां छा गई। सभी ने उसे मिठाई खिलाकर एक-दूसरे से खुशी का इजहार किया। सालों बाद बब्लू को सामने देखकर गदगद चचेरी दादी हयातुल्निशा तो काफी देर तक उसे टकटकी लगाए देखती ही रहीं। दिल्ली में मौजूद पिता छेदीलाल को सालों से लापता बेटे की घर वापसी की खबर मिली तो वह भी बेटे को सीने से लगाने के लिए वहां से निकल पड़े।

**नौ साल से था लापता ,बेटे के गम में गुजर गई मां:** चाचा अमीनुद्दीन ने बताया तकरीबन नौ साल पहले दिल्ली में पिता छेदीलाल और बड़े भाई कासिम उर्फ राजू के साथ रह रहा बब्लू जरदोजी कारीगरी सीखने के दौरान बुरी संगत में पड़कर नशे का लती हो गया। नशे की लत से छुटकारा दिलाने के लिए पिता ने उसे आगरा भी भेजा लेकिन उसकी आदत नहीं सुधरी। लिहाजा पिता उसे वापस दिल्ली ले आए। लत बढ़ती गई और कुछ दिन बाद ही वह अचानक लापता हो गया। परिवार ने एफआईआर दर्ज कराने से लेकर काफी खोजबीन भी की लेकिन बब्लू का कुछ पता नहीं चल सका। छोटे बेटे के गम में मां शकीला बानों भी कुछ दिन बाद ही गुजर गई। उसे लेने मोहनलालगंज पहुंचे परिवारीजनों ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ पत्रकारों का भी खुले मन से आभार जताया।

**अपनों से मिलाने में प्रशासन और पुलिस बने मददगार:** बब्लू के परिवार का पता लगाकर अपनों से मिलाने में प्रशासन और पुलिस ने अहम भूमिका निभाई। मोहनलालगंज कोतवाली के एसआई राजेन्द्र प्रसाद ने फतेहपुर जिले के सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस से सम्पर्क कर बब्लू के बताए परिवार की तलाश कराकर उसके चाचा अमीनुद्दीन का मोबाइल नंबर लेकर उनसे सम्पर्क किया।

# ठंड से बचाव के लिए मंडलीय एवं जनपदीय अधिकारी समयबद्ध कार्रवाई करें : मंडलायुक्त

## ● कमिश्नर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक



संवाददाता। अयोध्या

**मण्डलायुक्त** एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें मंडलायुक्त ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के 8 माह पूरे हो गए हैं। वर्तमान में भीषण ठंड पड़ रही है इसलिए आम जनमानस एवं गौवंशो के ठंड से बचाव के लिए संबंधित मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारी समयबद्ध कार्यवाही करें। मंडलीय अधिकारी अपने.अपने विभागों की जनपद भ्रमण के समय समीक्षा करें एवं जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी से भी संपर्क करें। मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव का स्पष्ट निर्देश है कि मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारी अपने.अपने कार्यालयों में समय से बैठ तथा फील्ड में जाने के पूर्व पहले कार्यालय में आकर आवश्यक कार्यों को संपादित करके ही जाएं तथा कार्यालय में भ्रमण रजिस्टर भी खोला जाए। विगत दिवस मेरे द्वारा सिंचाईए कृषिए शिक्षा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण अनुपस्थित पाए गएए यह गंभीर स्थिति है। जिलाधिकारी अयोध्या अनुज कुमार झा तथा अन्य जिलाधिकारियों द्वारा भी अपने.अपने जनपदों कें कार्यालयों का निरीक्षण किया गया जिसमें अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर प्रभावी रोक लगाई जाए अन्यथा शासन को भी लिखा जाएगा। इस बैठक में जिलाधिकारी बाराबंकी डा0 आदर्श सिंहए जिलाधिकारी अंबेडकरनगर राकेश कुमार मिश्रा, जिलाधिकारी अमेठी अरुण कुमारए जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी एवं सुल्तानपुर के जिला विकास अधिकारी उपस्थित रहे, के अलावा मंडलीय अधिकारी एवं अभियंता भी उपस्थित थे। मंडलायुक्त ने कहा कि नहरो का संचालन बेहतर ढंग से किया जाएए चेकडेमो के निर्माण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी अयोध्या के साथ.साथ मंडल के अन्य जनपदों में मनरेगा से बनने हेतु संबंधित जनपद के जिलाधिकारी को 25 दिसंबर तक प्रस्ताव उपलब्ध कराएं तथा चेकडेमो के निर्माण हेतु 30 दिसंबर 2020 तक मनरेगा से स्वीकृति प्रदान की जाएए जिससे बेहतर कार्य हो सके। मण्डल में 37 लघु सेतुए 12 दीर्घसेतु का निर्माण हो रहा हैए इसमें मानक के अनुसार कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गएए जिसमें से पांच लघु सेतु के कार्य पूरे हो गए हैं। कृषि के खाद बीजों की उपलब्धता के साथ.साथ किसान सम्मान निधि पर भी अपेक्षित कार्रवाई किया जाए। निराश्रित गोवंश की देख.देख तथा ठंड से बचाव हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाए तथा जनपदीय अधिकारी भी निरीक्षण करेंए इसमें गोवंश की कहीं कोई ठंड एवं चारा के कारण दुर्घटना होती है तो पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगेए इसमें इच्छुक लोगों से सहयोगध्सहभागिता ली जा सकती है। अस्पतालों में चिकित्सकों एवं दवाई की उपलब्धता बनाए रखते हुए जहां पर सिजेरियन ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर हैं वहां पर रोस्टर के हिसाब से डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाए एवं ऑपरेशन कराई जाए। अयोध्या में शिथिलता पर असंतोष व्यक्त किया तथा मण्डलीय एवं जनपदीय चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को 3 दिन में आवश्यक कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को गोल्डन कार्डए आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी से कार्रवाई करने को कहा तथा कोविड वैक्सीन के लिए संबंधित सुरक्षित स्टोर बनाने की कार्यवाही मानक के अनुसार तथा इस संबंध में प्राप्त नवीनतम निर्देशानुसार कारवाही पूरा करने को कहा। पंचायत विभाग के अंतर्गत शौचालय एवं सामुदायिक शौचालयो के निर्माण में तेजी लाने को कहा गया। रोजगार परक योजनाओं में प्रधानमंत्री रोजगार योजनाए मुख्यमंत्री रोजगार योजना में तेजी लाने के निर्देश दिए गएए इसके लिए आवश्यक बैंकरों की बैठक भी किया जाए तथा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने में शासन की प्राथमिकताओं में एक हैए इसलिए विभागीय अधिकारी तेजी से कार्य करें। सामाजिक पेंशन योजना में तेजी लाने एवं अयोध्या में समाज कल्याण विभाग द्वारा सामूहिक विवाह को संपन्न कराने के निर्देश दिए गएए इसके लिए तिथि 22 दिसंबर 2020 निर्धारित की गई है। ग्रामीण पेयजल योजना एवं पाइपलाइन पेयजल योजना की समीक्षा में तेजी लाने तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लान एवं अपशिष्ट निर्माण केंद्रों को पूरा करने के निर्देश दिए गए। खाद्य एवं रसद विभाग में धान की खरीद में तेजी लाने एवं उस कार्य में लगे संबंधित ट्रांसपोर्टरों के भुगतान करने के निर्देश दिए गए। सरकार सस्ते दरों की दुकानों में कोटेदारों को समय से वितरण कराने के साथ.साथ उसमें प्रयोग होने वाली पॉश मशीन में वितरण की कार्यवाही के समय दो सिम लगाने का आदेश है उसकी भी जांच किया जाए जिससे कि वितरण में तेजी लाई जा सके तथा रिक्त दुकानों के चयन हेतु नियमानुसार कार्यवाही किया जाए। किसानों के विगत वर्ष के गन्ना भुगतान की कार्यवाही शत प्रतिशत करने तथा वर्तमान वर्ष, सीजन के गन्ना भुगतान को जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने मंडल के जिलाधिकारीगण, मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि समय.समय पर क्षेत्रों में भ्रमण कर राजस्व विकासए अलाव जलानेऐ कंबल वितरण करने आदि कार्यो को देखें तथा किसी विभाग की किसी विभाग के साथ समन्वय में कोई दिक्कत हो तो अपने.अपने जिलाधिकारी के साथ आवश्यक बैठक करें एवं मुझे भी बताएं तथा मौके पर सेतु निगमए विद्युतए वन विभाग के अधिकारियों को सेतु निर्माण में गतिरोध दूर करने को कहा। मंडलायुक्त ने दुग्ध विकास, कौशल मिशन, सड़क निर्माण, भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, शहरी आदि में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इस बैठक में जनपदों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या श्री प्रथमेश कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त रवि प्रकाश श्रीवास्तव, मंडलीय मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंतागण विद्युत, सिंचाई, नलकूप, आरईएस, पीडब्लूडी के अतिरिक्त मण्डलीय विभागो के संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक आदि मण्डलीय अधिकारी उपस्थित थे।

## ओटीपी के बहाने करोड़ो की ठगी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार

**अयोध्या।** लोगों को मोबाइल फोन पर पेटीएम, बंद खाता चालू करने, आनलाइन लाटरी व ओटीपी के बहाने करोड़ो की ठगी करने वाले चार शातिर बदमाशों को क्राइम ब्रांच सेल ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पकड़े गये सभी आरोपी बिहार प्रान्त के बताये जा रहे है। पूछतांछ में इन चारों आरोपियों ने रहीमान उर्फ सुल्तान उर्फ अजीजुल रहमान निवासी पथरा थाना व पोस्ट मांझागढ़, जिला गोपालगंज, अजय सिंह उर्फ गुड्डू सिंह पुत्र रामनाथ सिंह निवासी जगदीश बनकटा जिला देवरिया यूपी, दिलीप मेहेतो उर्फ दीपू, जाफर टोला गोपालगंज, रामायन निवासी बेलही गोयला जनपद गोपालगंज सभी बिहार के निवासी है। इनके पास से 7 महंगी मोबाइल, 8 सिमकार्ड फर्जी नाम पते पर, दो एटीएम कार्ड, एसबीआई बैंक पासबुक सहित कई सामान बरामद हुये है। इन अपराधियों को पकड़ने के लिए एडीजी साइबर क्राइम रामकुमार के निर्देश पर आईजी अयोध्या संजीव गुप्ता व एसएसपी दीपक कुमार के निर्देशन में फैजाबाद साइबर क्राइम थाना के प्रभारी आकाश सिंह, एसआई अनूप कुमार, एसआई संजय यादव सहित कई पुलिस कर्मी इस टीम में शामिल रहे।

## दीपांजलि कर दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**काकोरी** कांड के महानायक राजेंद्र नाथ लाहिड़ी के बलिदान दिवस 17 दिसम्बर के अवसर पर गोरखपुर सिविल लाइन स्थित बिस्मिल पार्क में एक दिया शहीदों के नाम के माध्यम से दीपांजलि लेकर उनके बलिदान को बड़ी शिद्दत से शहरवासियों ने याद किया। सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश राम त्रिपाठी के संयोजकत्व में गुरुकृपा संस्थान एवं अखिल भारतीय क्रांतिकारी संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में विगत 11 वर्षो से अनवरत आयोजित हो रहे पंडित राम प्रसाद बिस्मिल बलिदानी मेला एवं खेल महोत्सव के दूसरे दिन दीपोत्सव के माध्यम से मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक डॉ. महेंद्र अग्रवाल एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्व जिताशु सिंह आशू, क्षेत्रीय महामंत्री प्रदीप शुक्ला एवं महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अचिन्त्य लाहिड़ी ने दीप जलाकर राजेंद्र नाथ लाहिड़ी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में श्रीमती अर्चना सिंह, रानी मिश्रा, पदमा गुप्ता, चंचला शुक्ला, मीरा दुबे, मंजू सिंह, रेणु पांडेय, चंदा सिन्हा, शिला सिंह, मेनका चौहान, शिला चौहान, उर्मिला त्रिपाठी, उषा चौहान, शिवांगी पांडेय, मीना श्रीवास्तव, दीपा पांडेय, डॉ. प्रेमा, मंजू त्रिपाठी, ममता श्रीवास्तव, गौरी नंदी, रंजना गुप्ता, मीनू गोयल, खुशबू शुक्ला, नेहा चौधरी, ममता जायसवाल, ई. रमन सिंह, पूर्वांचल राज्य बनाओ दल जिलाध्यक्ष, अवनीश त्रिपाठी, अजय पांडेय, कल्याण पांडेय, राधेश्याम रावत, दिब्य प्रताप सिंह, प्रिंस सिंह राजपूत, अभिषेक प्रधान, बृजेश मणि मिश्रा, रमेश चंद्र त्रिपाठी, रणविजय शाही, रितेश सिंह बब्बू, अच्युतानंद शाही, ओम प्रकाश शर्मा, घनश्याम पांडेय आदि शामिल रहें।

# कलेक्ट्रेट में आयोजित हुआ पेंशनर दिवस

## ● पेंशनरों की समस्याओं का किया गया निस्तारण

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**उत्तर प्रदेश** सरकार की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में उप जिलाधिकारी अतिरिक्त राम नारायण वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 6 वे पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन, समन्वयन एवं संचालन वरिष्ठ कोषाधिकारी जगरोपन राम द्वारा किया गया।इस अवसर पर जनपद के अनेक पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधियों तथा पेंशनर द्वारा प्रतिभाग किया गया ।वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा बताया गया कि अंबेडकरनगर के पेंशनर लोगों की समस्याओं का निराकरण गत वर्ष की भांति कराया जाएगा तथा इस कार्यक्रम की कार्य वृत्ति निदेशालय के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय से लेखाकार अमरीश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र देने के लिए नाम, बैंक खाता, पीपीओ (पेंशन भुगतान आदेश), जन्मतिथि तथा जेंडर सही होना चाहिए। पेंशनर का जो नाम जन्मतिथि पी पी ओ पर है वही आधार कार्ड में भी होना चाहिए ।पी पी ओ नंबर सही होना चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी -2 पेंशनर का आधार कार्ड पर जेंडर गलत लिखा रहता है कृपया इसे सही करा लें ।बैंक खाता आईएफएससी कोड भी सही होना चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी जगरोपन राम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वित्त एवं लेखा अधिकारी माध्यमिक एवं बेसिक, पेंशनर तथा संबंधित विभाग के अधिकारी ध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



पेंशनर दिवस में भाग लेते अधिकारी पायनियर

# एक वर्ष के शिशुओं को निशुल्क एंबुलेंस सेवा

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**एक वर्ष** तक की आयु के शिशुओं को जिला अस्पताल अथवा मेडिकल कालेज के सिक्ड न्यू बार्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) तक लाने की सुविधा 102 नंबर एंबुलेंस सेवा के तहत नि:शुल्क उपलब्ध है। इस संबंध में मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेज कर इस सुविधा को सुनिश्चित करवाने को कहा है। शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए एंबुलेंस सेवा पर जोर दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीकांत तिवारी ने पत्र की पुष्टि करते हुए बताया कि 102 नंबर एंबुलेंस सेवा गर्भवती और शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रति ही समर्पित है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जिले में 102 नंबर सेवा की 50 एंबुलेंस हैं। यह एंबुलेंस गर्भवती को



एएनसी जांच, प्रसव के लिए अस्पताल लाने, नसबंदी के बाद घर छोड़ने और प्रसव के बाद घर छोड़ने की सेवा देती हैं। मिशन निदेशक के पत्र के अनुसार नवजात और शिशुओं के बीमार होने की दशा में भी आशा और एएनएम के द्वारा संदर्भित किये जाने पर एसएनसीयू तक नि:शुल्क सेवा उपलब्ध कराना है। यह प्रावधान पहले से ही है। इसके शत प्रतिशत अनुपालन के संबंध में नोडल अधिकारी डॉ. नंद कुमार और एंबुलेंस सेवा के जिला समन्वयक अजय उपाध्याय को पुन: दिशा-निर्देशित कर दिया गया है।

# नये साल में सीएम देंगे शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान का तोहफा

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ अब मकर संक्रांति 14 जनवरी के बजाए 12 जनवरी को ही शहीद अशफाक उल्ला खॉ प्राणी उद्यान का लोकार्पण करेंगे। इसी दिन दो दिवसीय गोरखपुर महोत्सव का उद्घाटन समारोह भी होगा। गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने, त्रेतायुगीन अखण्ड ज्योति एवं अखण्ड धूनी का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करने आने वाले श्रद्धालु गोरखपुर जिले में गोरखपुर महोत्सव के साथ प्राणी उद्यान के भ्रमण का भी आनंद उठा सकेंगे।

### सीजेडए ने 6 दिसंबर को ही दे दी मान्यता

**केंद्रीय** प्राणी उद्यान प्राधिकरण ने गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्लाह खां प्राणी उद्यान को 6 दिसंबर को ही मान्यता प्रदान कर दी है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर यह जानकारी साझा की थी। मान्यता मिलने के बाद पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुनील कुमार पाण्डेय प्राणी उद्यान का निरीक्षण कर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने की हिदायत दे चुके हैं।

### लोकार्पण के साथ पर्यटकों के लिए खुल जाएगा प्राणी उद्यान

**लोकार्पण** के साथ ही इसे पर्यटकों के लिए खोल दिया जाए। हालांकि वन्य जीव को लाने का सिलसिला चलता रहेगा। लखनऊ, कानपुर प्राणि उद्यान एवं इटावा लायन सफारी से यहां वन्यजीव लाए जाने हैं जिसके लिए जरूरी तैयारियां कर ली गई हैं। मुख्य द्वार का काम पूरा होते ही सीजेडए के मानक परिवहन के नियमानुसार वन्यजीव ने लाए जाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। सबसे पहले मिनी जू विनोद वन के वन्यजीव को प्राणी उद्यान में लाए जाने की योजना है।

### अधिकारियों की बैठक 23 को

प्राणी उद्यान के लोकार्पण समारोह की तैयारियों के मद्देनजर मण्डलायुक्त जयंत नार्लिकर के निर्देश पर संयुक्त विकास आयुक्त उग्रसेन पाण्डेय ने जिले के 14 अधिकारियों की बैठक बुलाई है। 23 दिसंबर को एक बजे होने वाली इस बैठक में डीएम के विजयेंद्र पांडियन, सीडीओ इंद्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर, मुख्य वन संरक्षक, निदेशक शहीद अशफाक उल्ला खॉ प्राणी उद्यान, मुख्य अभियंता उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण निगम, मुख्य अभियंता उत्तर प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, मुख्य अभियंता जल निगम, प्रभागीय वन अधिकारी, संयुक्त आयुक्त उद्योग, अपर निदेशक पशुपालन, महाप्रबंधक उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम, महाप्रबंधक उद्योग शामिल होंगे।

### लोकार्पण के साथ ही शुरू होगा सांपघर, मछलीघर और इंडोर तितलीघर

प्राणी उद्यान के निदेशक डॉ. एच राजा मोहन कहते हैं कि सांपघर और मछलीघर क्रमश: विविध प्रजातियों के सर्प और मछलियों के साथ शुरू हो जाएगा। कोशिश इंडोर तितलीघर को भी शुरू करने की है। इसके अलावा 'वॉक थ्रू एवियरी भी शुरू हो जाएगी जिसमें विभिन्न जलीय पक्षी उड़ान भरते कृत्रिम झील में अठखेलियां करते नजर आएंगे। इसके अलावा 48 व्यक्तियों की क्षमता वाला फोरडी थियेटर, इंटरप्रेटेशन सेंटर, सोवेनियर एरिया, पक्षी अवलोकन मार्ग भी शुरू हो जाएगा।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अम्बेडकरनगर।** बुधवार की देर रात थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम सैथुआ के 28 वर्षीय अजय कुमार दूबे पुत्र स्व. राजनरायन दूबे की अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई जबकि हादसे में उसी गांव के एक युवक को गम्भीर चोटें आई है जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मालूम हो बुधवार शाम लगभग 9 बजे अजय कुमार जरूरी सामान खरीदने राजेसुल्तानपुर बाजार गए थे उनके साथ अवनीश कुमार पुत्र स्वर्गीय प्रभात राय भी थे । राजेसुल्तानपुर चौक से पूरब अज्ञात वाहन ने अजय कुमार की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग बुरी तरह घायल हो गए और काफी देर तक सड़क पर तड़पते रहे ।दोनो घायलों में से अजय कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया जहाँ उनका इलाज चल रहा है ।घण्टो की छानबीन के बाद मृतक की पहचान सैंथुआ निवासी के रूप में हुई जबकि घायल भी उसी गाँव के रहने वाले हैं। मृतक के परिवार में पत्नी तथा 1 वर्षीय पुत्र आदित्य दूबे पुत्री अनन्या लगभग 6 वर्ष तान्या उम्र लगभग 5 वर्ष पीहू उम्र लगभग 4 वर्ष के सिर से पिता की छाया खत्म हो गई जिसके आभास नाबालिग बच्चों को भी हो गया वही पत्नी रो रो कर बदहोश हो जारही हैं । हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई मृतक के पिता की मृत्यु लगभग 1 वर्ष पहले हो चुकी थी और मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था मृतक की तीन बहने भी हैं। मौके पर थाना प्रभारी पी एन तिवारी व एसआई शिव कुमार कांस्टेबल मनोज यादव रंजीत यादव शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कृषि बिल के विरोध में सपा ने आयोजित की नुक्कड़ सभा

## ● सपाइयों ने कहा, जारी रहेगा उनका अभियान

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**विधानसभा** आलापुर के ग्राम सभा जोगी धानिकपुर में किसान बिल के विरोध में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष विनोद निषाद ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन समाजवादी युवजन सभा के विधान सभा अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह यादव ने किया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक विधानसभा अध्यक्ष भीम लाल कनौजिया भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रद्युम्न यादव बब्लू युवजन सभा जिला अध्यक्ष अंबेडकर नगर उपस्थित रहे। समाजवादी युवजन सभा जिला अध्यक्ष प्रद्युम्न यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर किसान विरोधी बिल के विरोध में गांव-गांव गली-गली जाकर नुक्कड़ सभा साइकिल यात्रा पदयात्रा के माध्यम से सरकार के किसान विरोधी बिल को बताने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दल अकाली दल ने भी उसका साथ छोड़ दिया। आज प्रदेश में कृषि कानून के विरोध में हम सभी लोग किसानों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। आवश्यक वस्तु अधिनियम भंडारण नियम गलत है ।इससे पूजी पतियों को बढ़ावा मिलेगा ।विधानसभा अध्यक्ष भीम लाल कनौजिया ने किसान विरोधी बिल को गलत ठहराया ।उन्होंने कहा कि मूल्य आवश्यक बंदोबस्ती सुरक्षा समझौता जमींदारी उन्मूलन फिर से लागू किया जाएगा ।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामनगर बलराम गौतम ने कहा कि यह देश में किसानों को कमजोर करने की साजिश है। देश को बर्बाद करने की हर दिशा में प्रयास चल रहा है। जब इस देश का किसान खुशहाल नहीं रहेगा तो हम आप खुशहाल कैसे रहेंगे । राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर हम लोग हर संभव विरोध करेंगे जब तक कि किसानों के बिल में उनके हक के अनुसार संशोधन नहीं कर दिया जाएगा। इस मौके पर अगले कार्यक्रम की रणनीति प्रकाश डाला गया । समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष भीम लाल कनौजिया ने बताया कि यह कार्यक्रम तब तक चलाया जाएगा जब तक किसानों के समर्थन में सरकार झुकेगी नहीं। इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बलिराम गौतम जिला उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा विनीत श्रीवास्तव अनुसूचित प्रकोष्ठ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजन कनौजिया विधानसभा सचिव दिनेश पाल समाजवादी युवजन सभा जिला सचिव हेमंत यादव सेक्टर अध्यक्ष रणविजय यादव सेक्टर अध्यक्ष रामजीयावन यादव आदि लोग उपस्थित रहे।



नुक्कड़ सभा में मौजूद सपा नेता व ग्रामीण पायनियर

# विधानसभा चुनाव में दिल्ली की तर्ज पर उतरेगी आप

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**आगामी** विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी दिल्ली की तर्ज पर संगठन को मजबूत करते हुए चुनाव मैदान में उतरेगी। आमजन को पार्टी से जोडने़ के लिए दिल्ली में चल रही मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा, राशन की होम डिलेवरी समेत सभी योजनाओं के बारे में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता घर-घर जाकर बताएंगे। इसके अलावा दूसरे राजनीतिक दलों के नेताओं को भी पार्टी से जोड़ेगे। पार्टी ने दिसंबर-21 से पहले बूथ स्तर तक संगठन तैयार करने का लक्ष्य रखा है। इस काम को अंजाम तक पहुंचाने के लिए दूसरे प्रदेशों के सक्रिय कार्यकर्ताओं से मदद ली जाएगी।

### सक्रिय सदस्यों की तैयार हो रही सूची

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव लडने़ के ऐलान के बाद पार्टी में सरगर्मियां तेज हो गई है। जिले में सक्रिय सदस्यों की सूची तैयार की जा रही है जिन्हें जनवरी से आनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। घर-घर जाकर लोगों को पार्टी से कैसे जोड़ा जाएगा इस बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए पुराने एवं नए ढर्रे का मिलाजुला रोडमैप तैयार होगा। हर दो माह में जिला स्तर पर वर्कशाप होगा जिसमें दिल्ली सरकार के मंत्री, विधायक एवं दूसरे प्रदेश के पदाधिकारी प्रशिक्षण देने आएंगे।

### इनको बनाया जाएगा सक्रिय सदस्य

**इसके** अलावा असंगठित क्षेत्रों के लोगों तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। डाक्टरों, वकीलों, शिक्षकों एवं कर्मचारी संगठनों तक पार्टी अपनी नीतियों को पहुंचाएगी। साथ ही भाजपा, सपा, बसपा एवं कांग्रेस की नीतियों में यकीन न रखने वालों को सक्रिय करने का लक्ष्य रखा गया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता वैभव जायसवाल ने बताया कि मिशन-2022 की तैयारियां 20 दिसंबर से शुरू हो जाएगी। फिलहाल जिले में छह हजार सदस्य हैं। जिनकी संख्या अगले वर्ष दिसंबर तक पचास हजार करनी है। पार्टी मुख्यालय की ओर से जो रैडपैम तैयार होगा उसी के अनुसार फील्ड में काम किया जाएगा। कौन-कौन से मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना है यह पार्टी मुख्यालय से तय होगा।

## निषाद पार्टी ने किया रोड जाम

**गोरखपुर।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के द्वारा प्रदेश प्रभारी इंजीनियर सरवन निषाद की अध्यक्षता में देवरिया बाईपास रोड को जाम किया गया। बतातें चलें कि भरवलिया बुजुर्ग शिव मंदिर निवासी रामअवतार मंदिर के निकट ही स्थित तालाब में मछली पकड़ने गया था। इस दौरान वह तालाब में डूब गया। हालांकि स्थानीय लोगों ने बचाने की कोशिश की लेकिन वह असफल रहें। घटना के 5 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा शव को ढूढने के लिए कोई प्रयास न किये जाने पर पार्टी के लोगों ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। जाम की सूचना पर पहुंचे अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खत्म किया गया।

## सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

### होम्योपैथी को अनुमति

**सर्वोच्च** न्यायालय ने होम्योपैथों को कोविड-19 चिकित्सा प्रोटोकालों में भूमिका दे कर उनका दवा देने का अधिकार स्वीकार किया है। एलोपैथी व होम्योपैथी के बीच हमेशा बीमारियों के इलाज को लेकर बहस रही है। एलोपैथी को तत्काल लाभकारी माना जाता है, जबकि होम्योपैथी को रोगों के दीर्घकालीन प्रबंधन व रोग निवारण के लिए अच्छा माना जाता है। अब वैकल्पिक चिकित्सा का प्रयोग चिकित्सा के प्रति समग्र दृष्टिकोण में सहायक व संवर्धक के रूप में किया जा रहा है। फ्लू व खासकर कोविड-19 वायरस का जहां तक सवाल है, अभी एलोपैथी में में भी उसकी दवा नहीं है तथा वायरस पर अध्ययन चल रहे हैं। होम्योपैथी लक्षणों के प्रबंधन पर आधारित रोगनिरोधक चिकित्सा हे तथा हल्के से साधारण लक्षणों का इलाज कर सकती है। एलोपैथी भी कोई दवा न होने के कारण लक्षणों की चिकित्सा तक केन्द्रित है। इस प्रकार दोनों पैथियों में फिलहाल समान स्थिति है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि होम्योपैथ कोविड-19 रोगियों को राहत देने के लिए दवायें दे सकते हैं, बशर्ते कि वे संस्थागत रूप से योग्य चिकित्सक हों। उसने यह भी स्पष्ट किया है कि कोई चिकित्सक इलाज का दावा नहीं करेगा तथा आयुष-आयुर्वेद, योग व नेचुरोपैथी, यूनानी, सिद्ध व होम्योपैथी- मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन करेगा। अदालत ने यह निर्णय देश की भारी जनसंख्या को देखते हुए तात्कालिक व्यवस्था के रूप में किया है, जब कोविड-19 की दवा उपलब्ध नहीं है तथा टीकारण में समय लगेगा। हालांकि, होम्योपैथी को लंबे समय से प्रशामक उपचार माना जाता रहा है, पर कुछ विशेषज्ञों के विचार से रोगियों के इलाज में इसके दावों का चिकित्सकीय परीक्षण नहीं हुआ है। अब तक इसकी संभावना प्रामाणिक के बजाय सांयोगिक मानी जाती है। अक्सर ब्रायोनिया एल्बा व आर्सेनिक एल्बम 30 जैसी दवाओं का प्रयोग एलोपैथी औषधियों के साथ मिला कर रोगनिरोधक व राहत देने वाली चिकित्सा के लिए हुआ है।



क्यूबा के अलावा भारत एक ऐसा देश है जिसने आधिकारिक रूप से होम्योपैथी का प्रयोग कोविड-19 रोगनिरोध, चिकित्सा व शोध प्रोटोकाल के रूप में किया है। केन्द्रीय होम्योपैथी शोध संस्थान-सीसीआरएच यह सिद्ध करने के लिए प्रयोग करता रहा है कि होम्योपैथी बीमारी सीमित करने में उपयोगी हे, पर निश्चित प्रमाण के अभाव में फिलहाल इसे प्लेसीबो से अधिक और कुछ नहीं माना जाता है। होम्योपैथी की भारत में व्यापक स्वीकार्यता है और प्रयोगकर्ताओं का विश्वास है कि इसके दीर्घकालीन प्रभाव होते हैं। वास्तव में यह देश में दूसरी सर्वाधिक लोकप्रिय चिकित्सा पद्धति है तथा स्वास्थ्यरक्षा ढांचे पर भारी बोझ होने की स्थिति में यह मूलभूत स्वास्थ्य समस्याओं की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। लेकिन अंधविश्वास के बजाय तार्किक दृष्टिकोण आवश्यक है। बीमारी होने पर चिकित्सकीय रूप से सिद्ध प्रोटोकाल प्रयोग करने के सिवा कोई और विकल्प नहीं होता है। आयुर्वेद व होम्योपैथी जैसी परंपरागत चिकित्सा व्यवस्थायें स्वास्थ्य बेहतरी तथा शरीर की रोग प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाने के लिए अच्छी हैं। देश में प्राकृतिक चिकित्सा की संस्कृति बढ़ने के साथ यह अंतर जरूरी हो गया है और यह परंपरागत विवेक पर विश्वास की तरह है। निसंदेह भारत में परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां न केवल शताब्दियों से जीवित रही हैं, बल्कि हमारी व्यापक हर्बल परंपरा का हिस्सा हैं जो स्वास्थ्य प्रबंधन तथा रोगनिरोध क्षमता विकसित करने के लिए अच्छी हैं। कोविड-19 चिकित्सा प्रोटोकाल में वनस्पतियों का प्रयोग चिकित्सकीय तार्किकता के दायरे से बाहर नहीं जाना चाहिए। ऐसी भ्रामक धारणायें हैं कि अनेक बीमारियों में इनकी प्रभावशीलता एलोपैथिक दवाओं के समान है। होम्योपैथी की तरह कुछ आयुर्वेद दवा कंपनियों ने भी कृत्रिम बुद्धि-एआई का प्रयोग कर सार्स कोव-2 वायरस की संख्या बढ़ने से रोकने में कुछ वनस्पति मोलीक्यूलों का साइम्यूलेशन परीक्षण किया है। लेकिन उनके पक्ष में अभी और स्पष्ट प्रमाणों की आवश्यकता है। अत: हमें अभी सचमुच समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा।

# अमेरिकी संस्थानों की दृढ़ता

अमेरिका के प्रमुख संस्थान राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव के सामने नहीं झुके जिन्होंने अपना दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित करने के लिए उनमें परिवर्तन के प्रयास किए।



**भूपिंदर सिंह**
लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चार साल के कार्यकाल में संयुक्त राज्य अमेरिका में लोकतंत्र के सभी प्रमुख संस्थानों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। इनमें न्यायपालिका से लेकर सेना और न्याय विभाग तक शामिल हैं। इन सबको इस सीमा तक कमजोर करने के प्रयास हुए ताकि ट्रंप का दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लगातार 'हायर एंड फायर' की रणनीति अपनाई तथा महत्वपूर्ण जांचों के मामले में कांग्रेस से सहयोग करने से इनकार किया, स्वतंत्र प्रेस पर हमले बोले तथा प्रमुख पदों पर अपने घोषित समर्थकों की भर्ती की। इससे लोकतंत्र के स्वतंत्र व न्यायोचित कामकाज पर सवाल उठने लगे। आश्चर्य नहीं कि ऐसे में द इकोनोमिस्ट इंटेलीजेंस यूनिट-ईआईयू द्वारा प्रकाशित लोकतंत्र सूचकांक में 2017 में अमेरिका का स्थान 'पूर्ण लोकतंत्र' से गिर का 'विकृत लोकतंत्र' तक पहुंच गया। इस रिपोर्ट में कहा गया है, 'राजनीतिक संस्थानों में विश्वास लोकतंत्रों के पूरे कामकाज के लिए आवश्यक तत्व है। लेकिन प्यू, गैलप व अन्य जनमत एजेंसियों ने पुष्टि की है कि अमेरिका की सरकार में जनता के विश्वास में ऐतिहासिक गिरावट आई है। इससे लोकतंत्र की गुणवत्ता कमजोर हुई है।'

हालांकि, ट्रंप को चुनावी लाभ देने के लिए व्यवस्थित परिवर्तन, हस्तक्षेप व नियुक्तियां काफी समय से जारी थीं, पर लोकप्रियता सर्वेक्षण उनके लिए खतरे की घंटी बजा रहे थे। ट्रंप जानते थे कि संस्थानों को रीढ़हीन बना कर ही वे पूरी तरह उनको अपने पक्ष में ला सकते हैं, भले ही चुनाव परिणाम चाहे जो हों। ट्रंप की घबराहट कई महीने से चारों ओर दिखाई दे रही थी, उन्होंने चुनाव परिणामों को स्वीकार न करने की जिद दिखाई और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण सुनिश्चित करने में बाधा डालने का प्रयास किया। उन्होंने चुनाव परिणाम को 'धोखाधड़ी वाला', 'चोरी किया गया' तथा 'हेराफेरी का नतीजा' बताया जिसकी योजना उन्होंने पहले से ही बना ली थी।

उन्होंने दो खास संस्थानों-न्यायपालिका व सेना को किसी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए चुना था। ट्रंप ने सर्वोच्च न्यायालय में कंजरवेटिव का 5-4 बहुमत सुनिश्चित कर राहत की सांस ली थी और उनको विश्वास था कि इससे वे अनेक मुस्लिम बहुल देशों से यात्रा पर प्रतिबंध जैसे विवादास्पद कदमों को मंजूर करवा सकेंगे तथा अदालतें इसे स्वीकार करेंगी। लेकिन जल्दी ही ट्रंप को आश्चर्यचकित करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने अपना स्वतंत्र दृष्टिकोण स्थापित करना शुरू किया और ट्रंप का दृष्टिकोण स्वीकारने से इनकार किया। यहां तक कि ट्रंप द्वारा व्यक्तिगत पसंद के आधार पर नियुक्त किए जस्टिस ब्रेट केवनाघ व नील गुर्स्च ने कुछ मामलों में उनके हितों के खिलाफ फैसले किए।

अमेरिकी व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव केली मैक्इन्नी ने आश्चर्यजनक रूप से स्वीकार किया था कि विपरीत फैसलों को देखते हुए 'हमें अदालतों में ज्यादा कंजरवेटिव जजों की आवश्यकता है।' ट्रंप ने ठीक यही किया तथा चुनाव के आठ दिन पहले जस्टिस एमी बैरेट की जल्दी से नियुक्ति कर कंजरवेटिवों का बहुमत 6-3 कर दिया। ट्रंप की इच्छा थी कि नव नियुक्त जस्टिस एमी बैरेट आने वाले चुनाव संबंधी मामलों में सहभागिता करें।

सेना के मामले में जब चेयरमैन आफ ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ के पद पर ओबामा द्वारा नियुक्त जनरल जोसेफ एफ डनफोर्ड जूनियर का वारिस चुनने पर विचार चल रहा था तब राष्ट्रपति ट्रंव ने इसमें हस्तक्षेप किया। प्रोटोकाल तथा पेशेवर गरिमा के अनुरूप यह नाम निर्धारित करने में रक्षा सचिव की भूमिका होती है। उस समय रक्षा सचिव विशिष्ट पूर्व सैनिक अधिकारी जेम्स मैटिस थे और उनकी पेशेवर आंकलन क्षमता से समझौता नहीं किया जा सकता था। मैटिस ने वायुसेना प्रमुख जनरल डेविड गोल्डफीन को पसंद किया था, पर ट्रंप ने यह फैसला उलट कर जनरल मार्क मिली को नियुक्त किया। बाद में जनरल मिली को अक्सर ट्रंप के अनिश्चित, सनक भरे व स्पष्ट रूप से राजनीतिक हस्तक्षेप को झेलना पड़ा। सर्वोच्च सैनिक सलाहकार को भी कई बार राष्ट्रपति की इच्छा के अनुसार काम न करने पर मजबूर होना पड़ा। उनके व बाद में आने वाले रक्षा सचिव मार्क एस्पर पर जिम्मेदारी थी कि वे अमेरिका की सड़कों पर सिविल अराजकता के नियंत्रण में सेना के प्रयोग से इनकार करें। जैसी की उम्मीद थी, मार्क एस्पर को भी विदा कर उनके स्थान पर एक और 'स्वामिभक्त' को लाया गया।

लेकिन इन दोनों संस्थानों को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से बहुत पहले से ही किसी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया, न ऐसा कोई काम किया जिससे संस्थागत स्वतंत्रता कमजोर पड़ने का संकेत मिलता जिसका प्रयास डोनाल्ड ट्रंप कर रहे थे। एक चरण पर जनरल मिले ने सार्वजनिक रूप से दु:ख प्रकट किया कि गलती से वे वर्दी में रहते हुए राजनीतिक लहर में फंस गए। उन्होंने स्वीकार किया कि इससे सशस्त्र बलों की अराजनीतिक छवि को जनता में नुकसान पहुंचा। बाद में एक अन्य अवसर पर जब चुनाव परिणामों को लेकर अराजकता की स्थिति खतरनाक मोड़ तक पहुंच रही थी, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, 'हम किसी राजा या रानी या तानाशाह या अत्याचारी के नाम पर शपथ नहीं लेते हैं। हम किसी व्यक्ति के प्रति शपथ नहीं लेते हैं, हम संविधान की शपथ लेते हैं।' इससे स्पष्ट रूप से संकेत मिलता था कि अमेरिकी सेना किसी व्यक्ति से बंधी नहीं है।


इसी तरह कंजरवेटिव व ट्रंप के पक्ष में 6-3 के झुकाव वाले सर्वोच्च न्यायालय ने टेक्सास के अटार्नी जनरल का तर्क अस्वीकार कर दिया जो राष्ट्रपति का समर्थन कर रहे थे। यह स्पष्ट संकेत था कि आधारहीन या निरर्थक तर्कों के आधार पर ट्रंप चुनाव परिणाम उलटने के लिए सुप्रीम कोर्ट पर विश्वास नहीं कर सकते हैं। अदालतों ने न केवल चार बैटलग्राउंड राज्यों में चुनाव परिणामों को चुनौती देने का टेक्सास का तर्क अस्वीकार किया, बल्कि इस आधार पर अन्य राज्यों द्वारा ऐसे ही संभावित दु:साहस को आगे बढ़ने से रोक दिया। अदालतों ने षडयंत्र के तर्क स्वीकार नहीं किए, भले ही उनमें बहुसंख्य जजों की वैचारिक पृष्ठभूमि चाहे जो रही हो। इस प्रक्रिया में हारने वाले एकमात्र ट्रंप ने गुस्से में कहा, 'सर्वोच्च न्यायालय ने हमें वास्तव में नीचा दिखाया। उसमें कोई विवेक, कोई साहस नहीं है।' उनके कथन के विपरीत वास्तव में अमेरिका के सम्मानित संस्थानों ने विवेक और साहस का परिचय दिया तथा यह सुनिश्चित किया कि लोकतंत्र मजबूत बना रहे जिसकी कल्पना राष्ट्रनिर्माताओं ने की थी।

गलत तरीके से व समय से पहले चुनाव में विजय की घोषणा कर मतदान प्रक्रिया रोकने का प्रयास करने तथा परिणाम अस्वीकार कर ट्रंप ने अपनी सत्ता के दुरुपयोग तथा लोकतंत्र को नीचा दिखाने के लिए सभी संभव काम किए। सौभाग्य से संस्थानों ने निष्ठा तथा अटूट मजबूती प्रदर्शित की, जबकि ट्रंप ने बार बार उसमें हस्तक्षेप कर एक ध्रुवीकृत, विभाजित व विखंडित समाज बनाने का प्रयास किया। उन्होंने लगातार ये सारे काम व्हाइट हाउस में बने रहने के लिए किए और पूरी बेशर्मी तथा जिद का परिचय दिया। ट्रंप कार्यकाल का यह प्रकरण अन्य लोकतंत्रों में नेताओं और संस्थानों के लिए एक चेतावनी है जहां संस्थानों के कामकाज में अराजकता पैदा करने के प्रयास हो रहे हैं।

# कश्मीर चुनावों से नए युग का आगाज़

> जम्मू-कश्मीर में चुनाव इस परिप्रेक्ष्य में अद्वितीय हैं कि पश्चिमी पाक शरणार्थी, वाल्मीकि और गोरखा जैसे वंचित तबके मतदान कर रहे हैं।

**अनिल गुप्ता**
(लेखक सुरक्षा एवं रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



बुधवार को जम्मू-कश्मीर में जिला विकास परिषद चुनावों के सातवें चरण में मतदाताओं ने 72 महिलाओं समेत 298 प्रत्याशियों के भाग्य पर निर्णय दे दिया है। कुल 31 जिला विकास परिषद चुनाव क्षेत्रों में मतदान हुआ, जिनमें कश्महर संभाग के 13 और जम्मू संभाग के 18 क्षेत्र शामिल हैं। दोनों क्षेत्रों में लोगों का रुख यथास्थिति बनाए रखने की पक्षधर लॉबी के लिए एक संदेश है।

हाड़ कंपा देने वाली ठंड में मतदान केंद्रों के समक्ष भारी संख्या में लोगों की लंबी कतारें नजर आईं जो समाचार संवाददाताओं को अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे थे। यह स्पष्ट है कि वे विकास तथा रोजगार के लिए मतदान कर रहे हैं। यह उनका एकमात्र एजेंडा है क्योंकि वे लंबे समय से इससे वंचित रहे हैं। उत्तरोत्तर केंद्र सरकारों से भारी मात्रा में धन प्राप्त करने के बावजूद संपर्क रेखा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाएं अभी भी लोगों से दूर हैं। वह सारा पैसा कहां चला गया? परियोजनाओं से संबंधित रिपोर्टों ने दर्शाया है कि वे फाइलों में पूरी कर दी गईं मगर धरातल पर मूर्त रूप नहीं ले पाईं। मतदाता बार-बार धोखा देने को लेकर अपने नेताओं को खुलकर दोष दे रहे हैं क्योंकि वे नेता चुनाव हो जाने के बाद पहुंच से बाहर हो जाते हैं, और जनता को उसकी दुर्दशा के साथ छोड़ देते हैं। यह दशा पिछले 70 वर्षों में बदल नहीं पाई है। लोगों को यह भी एहसास है कि स्वशासन, अधिक स्वायत्तता आदि नारे बुलंद करके भावनात्मक रूप से उनका शोषण किया जाता रहा है। यदि ये नेता गंभीर तथा जनता के भले के प्रति प्रतिबद्ध रहे होते, तो वे आसानी से सड़क, जल एवं बिजली जैसे मूलभूत सुविधाएं मुहैया करा सकते थे लेकिन इसके बजाय उन्होंने जनता को भ्रामक नारों एवं हरे भरे भविष्य के सपने दिखाकर भ्रमित करने का काम किया और उत्तरोत्तर केंद्र सरकारों से प्राप्त धन को अपनी जेबों में भरते रहे।

दुनियाभर में कश्मीर की पहचान एक बहुभाषायी, बहुआस्था वाले, बहुल सांस्कृतिक समाज की रही है जो अपने शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के लिए जाना जाता है। लेकिन कश्मीर की




विख्यात पहचान की हत्या के लिए ये नेतागण ही जिम्मेदार हैं। उन्होंने अलगाववाद, क्षेत्रीय पृथकतावाद तथा उग्रवादीकरण को बढ़ावा दिया, जिसके फलस्वरूप कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार हुए, जो कि घाटी का देशीय समुदाय है और उन्हें बड़े पैमाने पर नृजातीय सफाए के उद्देश्य से उन्हें भागने पर मजबूर किया गया। भ्रष्ट नेताओं ने पंचायती राज संस्थाओं तथा नगरीय स्थानीय निकाय चुनाव न करा कर जमीनी स्तर तक शक्तियों के विकेंद्रीकरण को विलंबित किया। वे सत्ता के केंद्र को कस्बों व गांवों तक ले जाने से घृणा करते थे। हालांकि, 70 वर्ष के कुशासन से फैली बुराइयों एवं कष्टों को दूर करने की प्रक्रिया अब गंभीरतापूर्वक प्रारम्भ हो चुकी है। इसमें शामिल है खंड विकास परिषदों एवं जिला विकास परिषदों के चुनाव करा कर पंचायती राज संस्थाओं के दूसरे व तीसरे स्तर के चुनाव होना। नगरीय निकायों के चुनाव भी कराए गए थे।

वर्तमान में जारी जिला विकास परिषद चुनाव इस परिप्रेक्ष्य में अद्वितीय हैं कि पश्चिमी पाक शरणार्थी, वाल्मीकि और गोरखा जैसे वंचित तबके पहली बार मतदान कर रहे हैं। पूर्व में वे केवल संसदीय चुनावों में ही मतदान कर सकते थे। पहली बार महिलाओं एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटें आरक्षित की गई हैं। जमीनी स्तर पर नेतृत्व की एक नई फसल उभर रही है जो कि भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

जम्मू-कश्मीर के संघ शासित क्षेत्र में अब राजपत्रित एवं अराजपत्रित समेत सभी नौकरियों में स्थानीय लोगों के लिए 100 प्रतिशत आरक्षण है। किसी भी अन्य राज्य/संघ शासित क्षेत्र में यह अद्वितीय सुविधा उपलब्ध नहीं है। संशोधित भूमि कानूनों का इस्तेमाल भी यथास्थितिवादियों द्वारा यह दावा करके लोगों में भय फैलाने के लिए किया गया कि उनकी जमीनें छीन ली जाएंगी और बाहरी लोगों द्वारा जबरन खरीद ली जाएंगी। लोगों को अनुच्छेद 371 के अधीन कुछ राज्यों द्वारा दिए जाने वाले संरक्षण का हवाला देकर भ्रमित किया जा रहा है। प्राय: लोग पड़ोसी राज्स हिमाचल प्रदेश के साथ तुलना के द्वारा यह कहकर भ्रमित किए जाते हैं कि राज्य में उनके भूमि संबंधी अधिकारों के संरक्षण के लिए विशेष प्रावधान है।

तथ्य इसके विपरीत है। हिमाचल में धारा 118 प्रतिबंधात्मक है और हिमाचल में जमीनों की बिक्री व खरीद पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध नहीं लगाती है। इसमें एक प्रावधान है जिसकी मदद से, सरकार की अनुमति से, कोई भी राज्य में जमीन व संपत्ति खरीद सकता है। हालांकि, जम्मू-कश्मीर का नया भूमि कानून वर्तमान खेतिहरों के अलावा किसी को भी कृषि भूमि के विक्रय पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध लगाता है।

हालांकि, लंबे समय से, आम आदमी ने समझ लिया है कि अनैतिक किस्म के नेताओं ने किस तरह आम आदमी को दिग्भ्रमित किया है और अपनी जेबें भर के उन्हें मूलभूत सुविधाओं सं वंचित रखा है। वे उस बहु प्रतीक्षित परिवर्तन से प्रसन्न हैं जिसको वे लंबे समय से चाह रहे थे और इस उम्मीद से भरे हैं कि वे जिन प्रतिनिधियों को उन्होंने जिला विकास परिषदों के लिए चुना है वे उनकी लंबे समय से प्रतीक्षित मूलभूत आवश्यकताएं पूरी करेंगे।

## आप की बात

### सराहनीय फैसला

**सर्वोच्च** न्यायालय ने आदेश दिया है कि हिरासत में होने वाले अत्याचारों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस थानों व एजेंसियों के पूछताछ कक्षों तथा जेलों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तथा उनका रिकार्ड सुरक्षित रखा जाए। इस प्रकार पुलिस को कभी-कभी हिरासत में होने वाले अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराने की प्रक्रिया शुरू हुई है। अदालत ने पूछताछ कक्षों, लाकअप, प्रवेश व निकास, लाबियों, इंस्पेक्टर व सबइंस्पेक्टर कार्यालयों तथा वाशरूमों के बाहर ऐसी व्यवस्था करने को कहा है। वीडियो व आडियो रिकार्डिंग 18 महीने तक सुरक्षित रखी जाएगी तथा एक स्वतंत्र समिति मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में उनका मूल्यांकन करेगी। इस फैसले से निसंदेह पुलिस के लिए जानकारी जुटाने के लिए बर्बर तरीके अपनाना कठिन हो जाएगा। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग-एनएचआरसी आंकड़ों के अनुसार मार्च, 2020 तक एक दशक में न्यायिक व पुलिस हिरासत में 17,146 लोगों की मौत हुई। इस वर्ष काफी समय लाकडाउन के बावजूद हिरासत में 914 मौतें हुई हैं जिनमें से 53 सीधे पुलिस की निगरानी में हुईं। ऐसे में यह निर्णय अत्यंत सराहनीय है।

– **अनंत कुमार**, लखनऊ

### किसानों को संतुष्ट करे सरकार

**आंदोलनरत** किसानों से सरकार की बातचीत शुरू हुई है, लेकिन उन्होंने अपने आंदोलन से राजनेताओं को बाहर रखा है, स्वयं संघर्ष कर रहे हैं तथा अपना एजेंडा मनवाने के लिए सरकार पर दबाव डाल रहे हैं। सरकार द्वारा घोषित नए कृषि कानूनों के बारे में किसानों ने अपनी आपत्ति प्रकट कर सरकार पर वार्ता के लिए दबाव डाला। वे आगे समझौता करने तथा आश्वासनों के बजाय नतीजे चाहते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार नए कानूनों के बारे में विस्तृत विवरण देगी जिन पर वर्तमान समय में व्यापक कयास लगाए जा रहे हैं। किसानों ने इस मामले में स्पष्टता की मांग की है। यह सरकार के लिए भी अवसर है कि वह अपना कृषि उदारीकरण एजेंडे के दीर्घकालीन सुधार प्रभावों को स्पष्ट कर कार्पोरेशनों को खेती बेचने के आरोपों से मुक्त हो। यह अपने किस्म का पहला आंदोलन है जिसने नेताओं से परहेज किया है, हालांकि उन्होंने इससे जुड़ने के प्रयास किए हैं क्योंकि किसान मतदाताओं का 60 प्रतिशत हैं। अनेक एक्टिविस्टों, खिलाड़ियों व सेलेब्रिटीज़ ने भी किसानों का समर्थन किया है। अब किसानों को संतुष्ट करना सरकार का दायित्व बनता है।

– **श्रीराम तिवारी**, प्रयागराज


### आनलाइन शिक्षा और भारत

**जब** महामारी का हमला हुआ, विश्व बैंक ने अध्ययन संकट, दीर्घकालीन मानव पूंजी नुकसान एवं क्षीण होते आर्थिक अवसरों को लेकर आगाह किया था। यूनेस्को ने विश्व के 60 प्रतिशत छात्रों के मानवाधिकारों पर बुरा असर पड़ने को लेकर चिंता जताई थी। शिक्षा प्रणाली की गति को बनाए रखने के लिए, दुनिया डिजिटल पद्धति की ओर अग्रसर हुई लेकिन इस कारण लंबे समय से चले आ रहे पहुंच एवं वहनीयता संबंधी बहुत से ऐसे मुद्दे सामने आ गए। केवल एक तिहाई जनसंख्या के पास आनलाइन शिक्षा हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। भारत में पहले से ही भारी डिजिटल डिवाइड विद्यमान है जहां केवल 23.5 प्रतिशत परिवारों के पास इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। नगरीय क्षेत्रों में यह 42 प्रतिशत और, ग्रामीण इलाकों में यह मात्र 14.9 प्रतिशत है। लंबे समय से स्कूल बंद होने के कारण, 1.5 मिलियन स्कूलों तथा आंकलन के मुताबिक 320 मिलियन विद्यार्थियों के साथ, भारत ई-लर्निंग सुविधा को लेकर संघर्ष कर रहा है।

– **कमल किशोर**, वाराणसी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**मुझे** उम्मीद है कि किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों का जल्द एवं तर्कसंगत समाधान निकलेगा।

– **वेंकैया नायडू**
उपराष्ट्रपति

**कोई** ऐसा पैदा ही नहीं हुआ जो असदुद्दीन ओवैसी को पैसे से खरीद सके। ममता बनर्जी के आरोप बेबुनियाद हैं। वो बहुत व्याकुल हैं।

– **असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम प्रमुख





**उद्घाटन** दिवस पर घर पर ही रहें, अपने टेलीविजन अथवा डिजिटल स्क्रीनों पर हिस्ट्री अनफोल्ड देखें। समारोह बहुत सीमित प्रकृति का होगा।

– **जो बाइडेन**
निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति

# कृषि मंत्री ने एक हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले बीज गोदाम का किया लोकार्पण

● सिरसा मेजा स्थित मंडी परिसर में आयोजित हुआ समारोह

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**प्रदेश के** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरूवार को मण्डी परिसर सिरसा मेजा में एक हजार मीट्रिक टन क्षमता के बीज गोदाम का लोकार्पण किया। यह गोदाम कृषि विभाग के वीजीआरईआई योजना के अन्तर्गत निर्मित कराया गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत डिजिटल पेमेंट के कारण कृषकों का शोषण समाप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रों एवं अन्य समस्त कृषि निवेशों पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अनुदान दिया जा रहा है। जिससे कृषकों को बिना किसी पक्षपात के सीधे लाभ प्राप्त हो रहा है। कृषि मंत्री ने केन्द्र सरकार द्वारा जारी तीनों नये कृषि कानूनों के सम्बंध में कृषकों को जानकारी दी। उन्हें सरकार की मंशा से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कृषकों को मण्डी के 46 जींसो को मण्डी शुल्क से मुक्त किया गया तथा किसानों को मण्डी के अतिरिक्त अन्य बाजारों का विकल्प उपलब्ध कराकर उचित मूल्य दिलाने का प्रयास किया गया। मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत जनपद में कुल 571000 कृषकों को कुल 574 करोड़ रूपये आरटीजीएस के माध्यम से एवं कृषि ऋण मोचन योजना के तहत 58368 कृषकों को 266़74 करोड़ रूपये आनलाइन माध्यम से दिया गया है। लोकार्पण समारोह में विधायक मेजा नीलम करवरिया भाजपा जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल कृषि विभाग के संयुक्त कृषि निदेशक उप कृषि निदेशक विनोद शर्मा उप निदेशक कृषि रक्षा उमाशंकर जिला कृषि अधिकारी अश्विनी सिंह जिला कृषि रक्षा अधिकारी भूमि संरक्षण अधिकारी सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## माघ मेला में संगम क्षेत्र में कैम्प लगाये जाने को लेकर हुई बैठक

**वाराणसी।** देवालय पीठ व रामानुजाचार्य शक्ति पीठाधीश्वर प्रयाग संस्थाओं द्वारा देवालय पीठ के कन्दवा स्थित कार्यालय में एक बैठक की गई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि संस्थाओं की तरफसे और वाराणसी, चन्दौली और मिरजापुर के व्यवसायिक भाइयों की तरफसे प्रयागराज के माघ मेला 2021 संगम क्षेत्र में कैम्प लगाया जायेगा जो मकर संक्रान्ति, मौनी आमावस्या, बंसत पंचमी, माघी पूर्णिमा, और महाशिवरात्रि के अन्तिम स्नान पर्व पर जाकर समाप्त होगा। कैम्प में भागवत कथा सुनने की व्यवस्था और श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था की गई है। देवालय पीठ की तरफ से पूर्व महासचिव व संयोजक आचार्य शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, महन्त परमानन्द महराज व उनके शिष्य तथा डा0 एनके त्रिपाठी, विश्वस्त समिति के अध्यक्ष व डा0 हरि ओम सिंह, डा0 कुमार श्री त्रिपाठी, देपी के महासचिव हरीश तोलानी, संस्था के कवि नरेन्द्र नाथ दूबे 'अडिग',संस्था के योगगुरू योगीराज डा0 राकेश पाण्डेय, प्रवक्ता आनन्द पाल राय, दीपक राय, संस्था के सदस्य श्रीमती पुष्पा मिश्रा, श्रीमती विभा त्रिपाठी, श्रीमती दिव्या त्रिपाठी, छात्र अमन राय , सौरभ मिश्र, आदि लोग उपस्थित थे।

# महंत रामेश्वरपुरी जी महराज ने सीएम से की मुलाकात, किया मां अन्नपूर्णा के मंदिर में आमंत्रित



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● उन्नति व खुशहाली के लिए मुख्यमंत्री करेंगे मां अन्नपूर्णा का विशेष पूजन

**काशी अन्नपूर्णा** मंदिर के महंत स्वामी रामेश्वरपुरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अनौपचारिक मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री से मंदिर सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को माता भगवती के दरबार में विशेष पूजन के साथ आमंत्रण दिया है। सूबे के मुख्यमंत्री जल्द ही देश व प्रदेश की उन्नति और खुशहाली के लिए मॉ अन्नपूर्णा का विशेष पूजन करेगें।

उन्होंने कनाडा से भारत आने वाली मॉ अन्नपूर्णा की मूर्ति को अन्नपूर्णा मंदिर में सौंपने की बात फिर से दोहराई। कहा, काशी की धरोहर काशी में स्थापित होनी चाहिए। इस दौरान काशी विद्वत परिषद के मंत्री प्रो0 रामनारायण द्विवेदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से औपचारिक मुलाकात की।

## क्विक न्यूज

### नैनी में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**प्रयागराज।** नैनी थाना क्षेत्र के अरैल घाट श्री दंडी स्वामी आश्रम के सामने पेड़ पर आज सुबह 18 वर्षीय युवक का शव लटकता हुआ पाया गया है। स्थानीय लोगों ने लाश देखी तो सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि लाश अरैल के रहने वाले 18 वर्षीय अमन निषाद की है। अरैल चौकी प्रभारी अयोध्या प्रसाद मिश्र ने बताया कि घरेलू कलह से तंग आकर बुधवार को अमन और उसके भाईयों में पिता की दवाई को लेकर झगड़ा हो गया था।उसके बाद अमन रात दस बजे घर से निकल गया और गुरुवार सुबह उसका शव अरैल घाट के सामने पेड़ से लटकता मिला। उसने फांसी लगा कर जान दे दी। पुलिस ने घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को दी तो परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए।जिसके बाद घर में कोहराम मच गया।

### प्रबंध शास्त्र संस्थान ने मना स्थापना दिवस समारोह

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्व विद्यालय प्रबंध शास्त्र संस्थान का 5वां स्थापना दिवस वर्चुअल रूपसे मनाया गया। स्थपना दिवस समारोह में प्रबंध संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुजीत कुमार दुबे, डीन प्रोफेसर प्रेम शंकर त्रिपाठी, संस्थान के छात्र-छात्राएँ उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में इग्नू के कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव ने स्थापना दिवस पर कार्यक्रम को सम्बोधित किया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सुजीत कुमार दुबे ने संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी साझा की। संस्थान के राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 39वें सुधार कर 36वें पायदान पर आने की बधाई दी गई।

### डाटपुल सरैया पुलिस मुठभेड़ की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**वाराणसी।** जैतपुरा थाना क्षेत्र 26 नवंबर को सायं काल डाटपुल सरैया के पास हुई पुलिस मुठभेड़ में चौक थाना क्षेत्र के बड़ी पियरी निवासी एक लाख रूपये के पुरस्कार घोषित कुख्यात अपराधी राशन गुप्ता उर्फकिट्टू उर्फबाबू पुत्र रामकुमार के घायल होने और जिसे इलाज के लिए कबीरचौरा अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों द्वारा उसे मृतक घोषित कर दिया गया। उक्त घटना की मजिस्ट्रियल जांच जिला मजिस्ट्रेट कौशल राज शर्मा के निर्देशानुसार अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय सिद्धार्थ यादव कर रहे हैं। जांच अधिकारी अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय सिद्धार्थ यादव ने अवगत कराया है कि यदि उक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति किसी तरह की जानकारी अथवा लिखित एवं मौखिक साक्ष्य देना चाहता हो तो वह कलेक्ट्रेट स्थित उनकी न्यायालय में 22 दिसंबर तक कार्यालय अवधि में किसी भी समय उपस्थित होकर दे सकता है।

# एनसीआर का वन नेशन वन राशन कार्ड प्रणाली जागरूकता में योगदान

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**उपभोक्ता** मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत अखिल भारतीय वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को संपूर्ण राष्ट्र में राशन कार्डों की पोर्टेबिलिटी की सुविधा हेतु लागू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के महात्वाकांक्षी आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रौद्योगिकी संचालित प्रणालीगत सुधार भी है। वन नेशन वन राशन कार्ड का उद्देश्य देश में प्रवासी जनता को अपनी पसंद के किसी भी फेयर प्राइस शॉप से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले लाभ को इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ़ सेल डिवाइस से बायोमेट्रिक आधार से प्रमाणित करते हुए ले सकने की सुविधा प्रदान करना है। भारतीय रेल संपूर्ण राष्ट्र में प्रवासी आबादी के परिवहन का सबसे लोकप्रिय और सुगम साधन है और इसलिए वन नेशन वन राशन कार्ड प्रणाली के संबंध में व्यापक जागरूकता प्रसारित करने के लिए स्टेशनों पर सार्वजनिक उदघोषणा प्रणाली का उपयोग करके ऑडियो स्पॉट जिंगल चलाने का निर्णय लिया गया है। सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्य में उत्तर मध्य रेलवे की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह देश के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्र को सेवित करती है। हाल ही में कोविड 19 महामारी के दौरान भारतीय रेल द्वारा संचालित लगभग 4500 श्रमिक विशेष रेलगाड़ियों में से 53 फीसद से अधिक का संचालन कर उत्तर मध्य रेलवे ने प्रवासी आबादी के परिवहन में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

# बनारस बार एसो. चुनावः विनोद पाण्डेय अध्यक्ष व महामंत्री पर विवेक कुमार सिंह हुए निर्वाचित

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**बनारस बार** एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर विनोद कुमार पांडेय और महामंत्री पद पर विवेक कुमार सिंह निर्वाचित घोषित किए गए हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बाजी मारी। बुधवार को मतगणना के बाद देर शाम वरिष्ठ समिति के अध्यक्ष रामानंद श्रीवास्तव ने चुनाव परिणाम की घोषणा की।

अध्यक्ष पद पर विनोद कुमार पांडेय ने रोचक मुकाबले में निकटतम प्रतिद्वंद्वी पंण् धीरेंद्र नाथ शर्मा को 117 मतों से पराजित किया। विनोद कुमार पांडेय को 1041 मतए जबकि पंण् धीरेंद्र नाथ शर्मा को 924 मत प्राप्त हुए। अन्य प्रत्याशियों में अरुण कुमार दुबे 44ए अवधेश कुमार सिंह 284ए मीरा यादव 162ए नित्यानंद राय 166ए राम प्रवेश ड्क्षसह 566 तथा सजन लाल गुप्ता ने 52 मत हासिल किए। महामंत्री पद पर विजयी विवेक कुमार सिंह ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रत्नेश कुमार पांडेय को 474 मतों से हराया। विवेक को 1141 तथा रत्नेश को 667 मत मिले। अन्य उम्मीदवारों में कमलेश यादव (कन्हैया) 368, कौशिक कुमार पांडेय 242, प्रदीप कुमार राय 572 तथा राजीव कुमार गोस्वामी को 235 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कांटे की टक्कर में निकटतम प्रतिद्वंद्वी ज्योति शंकर उपाध्याय को सात मतों से हराया। सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव को 789 तथा ज्योति शंकर उपाध्याय को 782 मत प्राप्त हुए। अन्य प्रतिद्वंद्वियों में आलोक कुमार श्रीवास्तव को 363, अनूप कुमार सिन्हा 571 तथा ओम प्रकाश को 612 मतों से संतोष करना पड़ा। उपाध्यक्ष के दो पदों (दस वर्ष से अधिक वकालत) पर अशोक कुमार 1311 तथा प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ;ड्क्षपटूद्ध ने 879 मत हासिल कर जीत दर्ज की। दूसरे उम्मीदवारों में दीपक कुमार मिश्रा 745, जितेंद्र प्रसाद 234, मुन्ना लाल यादव 670, राम नारायण सिंह (गुड्डू) 388, ओम त्रिपाठी 680 तथा स्मिता यादव ने 661 मत हासिल किए। उपाध्यक्ष (दस वर्ष से कम वकालत) के एक पद पर आशीष कुमार सिंह 1532 मत पाकर विजयी हुए। इस पद के अन्य प्रत्याशियों में रामा शंकर यादव (लालू) 620 तथा विजय विकास श्रीवास्तव को 861 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर शैलेंद्र कुमार सिंह ने 1131 मत पाकर जीत हासिल की। दूसरे उम्मीदवारों में राजेश प्रजापति 1099 तथा विनय कुमार जायसवाल को 765 मत मिले। संयुक्त मंत्री (पुस्तकालय) पद पर राधेश्याम शर्मा (राधे) 1550 मत पाकर विजयी हुए। दूसरे उम्मीदवारों में अनिल कुमार गुप्ता को 623 व शिव बहादुर सिंह पटेल को 863 मत प्राप्त हुए। संयुक्त मंत्री (प्रकाशन) पद पर सुरेंद्र कुमार सेठ ने 1443 मत पाकर जीत हासिल की। अन्य प्रत्याशियों में राहुल कुमार मिश्रा 1077 तथा विरेंद्र कुमार त्रिपाठी को 583 मत प्राप्त हुए। संयुक्त मंत्री (प्रशासन) पद पर विजयी सुनील कुमार मिश्रा ने दिलचस्प लड़ाई में एकमात्र प्रतिद्वंद्वी को तीन मतों से पराजित किया। सुनील को 1473 और उनके प्रतिद्वंद्वी अशोक कुमार वर्मा को 1470 मत मिले। प्रबंध समिति (15 वर्ष से कम वकालत) पद पर दिलीप कुमार श्रीवास्तव 1885, धनंजय कुमार 1783, धनंजय यादव 1722, अनुराग बरनवाल 1641, शिव कुमार सिन्हा 1566 व अभिषेक कुमार पांडेय 1551 मत पाकर निर्वाचित हुए।

## आधुनिक तकनीक से सुसज्जित योजनाओं का किया शुभारंभ

**प्रयागराज।** अपने उद्देश्य को सार्थक करने के तहत दो पहिया वाहन में अब आधुनिक तकनीक क्विक ल्यूब ऑयल चेंज के जरिए तेल यानी मोबिल परिवर्तित किया जा सकेगा। उक्त सुविधा क्यूएलओसी तकनीक योजना का शुभारंभ गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू रोड स्थित मेसर्स दशरथ प्रसाद फिलिंग सेंटर पर इंडियन ऑयल उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय के कार्यकारी निदेशक एवम राज्य प्रमुख डा उत्तीय भट्टाचार्य ने किया। उन्होंने बताया कि यह योजना 17 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक रहेगी। जबकि कूपन 28 फरवरी तक मान्य होगा। बताया कि आधुनिक और नवीनतम तकनीक के जरिए बाइक और स्कूटर में पुराने इंजन ऑयल को बदल दिया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने सर्वो शॉप और पेट्रोल भी सेहत भी योजना का भी उद्घाटन किया। बताया कि तीन लीटर या इससे अधिक पेट्रोल खरीदने पर दो पहिया वाहन वालों को कूपन जारी किया जाएगा।

# खादी उत्सव प्रदर्शनी का राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**उत्तर प्रदेश** के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने गुरुवार को चौकाघाट स्थित सांस्कृतिक संकुल परिसर के अर्बन हाट में 17 से 26 दिसंबर तक आयोजित खादी उत्सव प्रदर्शनी का फीता काटने के पश्चात दीप प्रज्वलित कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री रविंद्र जायसवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहां की लोकल फॉर वोकल मिशन है और लोग अपने आसपास के उद्यमियों व कुटीर उद्योगों द्वारा उत्पादित सामानों का इस्तेमाल करेंगे तो छोटे-छोटे उद्यमी प्रोत्साहित होंगे व उनका रोजगार बढ़ेगा। उन्होंने खादी उत्सव प्रदर्शनी 2020 के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष इस प्रकार की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य ही है कि लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दिया जाए। रोजगार सृजन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहां कि खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा इस वर्ष 250 लोगों को रोजगार दिए जाने के लक्ष्य के सापेक्ष 1000 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है जो प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि विभिन्न लगभग 27 विभागों द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के रोजगार बढ़ाने के लिए लाभार्थियों को सब्सिडी दी जाती है, इन विभागों का 22 से 26 दिसंबर तक इसी प्रदर्शनी स्थल पर कार्यशाला आयोजित कर लोगों को रोजगार सृजन की जानकारी दी जाएगी। इस कार्यशाला में मंत्री रविंद्र जायसवाल स्वयं उपस्थित रहेंगे। खादी उत्सव प्रदर्शनी में 60 से अधिक स्टाल लगाए गए हैं। प्रदर्शनी में वाराणसी मंडल के अतिरिक्त प्रदेश के बाहर के जम्मू कश्मीर एवं प. बंगाल के भी स्टाल लगाए गए हैं। जिसमें खादी के स्टालों में सिल्क की साड़ियां, सूती खादी के वस्त्र, कंबल, कुर्ता, सदरी, गद्दा, रजाई, चादर, कारपेट एवं सिले-सिलाये खादी के परिधान उपलब्ध है एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों में लगने वाले स्टाल में जैम, जेली, आचार, मुरब्बा, अगरबत्ती, नमकीन, लकड़ी के फर्नीचर, अलमारी, बक्सा, आयुर्वेदिक औषधि एवं दर्द निवारक तेल इत्यादि उपलब्ध है।

# त्रिवेणी का जल देकर किया प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**भाजपा** महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह प्रदेश के सह संगठन मंत्री भवानी सिंह एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव का प्रयागराज पहुंचने पर सर्किट हाउस में त्रिवेणी का जल देकर और माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। स्वागत करने वालों में मुख्य कुंज बिहारी मिश्रा वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी राजन शुक्ला बृजेश मिश्रा श्याम प्रकाश पांडेय अमर सिंह प्रयाग दत्त गुप्ता शोभिता श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव आनंद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

वहीं जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। विभवनाथ भारती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज चित्रकूट जिले की सीमा पर चित्रकूट की तरफसे बाई रोड आ रहे उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वंतत्र देव सिंह का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जगह जगह भव्य आभिनंदन किया। इसके बाद शिवराजपुर लोहगरा जसरा घूरपुर में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। स्वागत हेतु घूरपुर में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी जिला कार्यसमिति सदस्य सुबोध जायसवाल और भाजपा नेता मिश्री लाल केसरवानी ने घूरपुर रामलीला मैदान के पास दर्जनों कार्यकर्त्ताओं संग स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल संतोष त्रिपाठी दिलीप कुमार चतुर्वेदी अनूप केसरवानी मनोज गुप्ता प्रवीण सिंह पटेल शिवराम सिंह परिहार दुर्गा पांडेय हृदयेश मिश्रा हरिदेव धुरिया आलोक पटेल कुलदीप सिंह पटेल सुरेन्द्र सिंह पटेल किशन सिंह अमित द्विवेदी सत्यम सिंह अंकित गुप्ता सचिन तिवारी शामिल रहे। जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने दी।

# नकाबपोश महिला गलत इरादे से शिक्षक नेता के घर में घुसी

● शिक्षक नेता के पौत्र को लिया गन पॉइंट पर



**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर आज एक नकाबपोश महिला शिक्षक नेता के मकान के अंदर घुस आई और शिक्षक नेता के सात वर्षीय पौत्र को गन प्वाइंट पर ले लिया। तब तक घर के आंगन से दौड़ी शिक्षक नेता की पत्नी ने महिला को दबोच लिया। लेकिन नकाबपोश महिला किसी तरह गृहस्वामिनी से अपना हाथ छुड़ाकर भाग खड़ी हुई।

कोतवाली गेट से मात्र 50 मीटर की दूरी पर माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता एवं सुभाष इंटर कॉलेज के सेवानिवृत शिक्षक धीरेंद्र कुमार शुक्ला का मकान स्थित है। आज शिक्षक नेता के दोनों पुत्र वैभव शुक्ला और विकास शुक्ला व्यवसायिक सिलसिले में बाहर गए थे। श्री शुक्ल की पत्नी शशि शुक्ला व उनकी दोनों पुत्र वधू घर के अंदर घरेलू काम करने में जुटी थी। जबकि वैभव शुक्ला का पुत्र अग्रज मकान के फाटक के अंदर लान में खेल रहा था। तभी दोपहर के समय अचानक एक नकाबपोश महिला फाटक खोल कर घर के दाखिल हो गई और ऑनलाइन सामान लेने के बहाने अगर से अपनी मां को बाहर बुलाने के लिए कहा। बच्चे से बातचीत सुनकर जब श्रीमती शुक्ला मकान के लान में पहुंची। तभी नकाबपोश महिला ने अपने बैग से पिस्तौल निकालकर बच्चे की कनपटी पर लगा दिया और घर के अंदर चलने की धमकी दी। लेकिन शिक्षक नेता की पत्नी ने बहादुरी दिखाते हुए महिला का पिस्तौल सहित हाथ मजबूती से दबोच लिया। काफी छीना- झपटी के बाद अंततः श्रीमती शुक्ला की पकड़ ढीली पड़ गई और नकाबपोश महिला भागकर सकरी गलियों में गुम हो गई। भुक्तभोगी शिक्षक नेता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस नकाबपोश महिला की खोज करने में जुटी हुई है।

# कौंधियारा में युवक का गुप्तांग और गर्दन काटी, गंभीर

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी गांव में बुधवार रात को एक युवक का गुप्तांग और गर्दन काट दिया गया। उस पर प्रहार करने के बाद युवक को खेत में मरणासन्न फेंक दिया गया। गांव के लोगों ने उसे तड़पता देखकर शोर मचा दिया। पुलिस को सूचना देकर गंभीर हालत में स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। सूचना पर एसपी यमुनापार सीओ बारा थानाध्यक्ष शंकरगढ़ थानाध्यक्ष कौंधियारा मौके पर पहुंच गए। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी गांव में परिवर्तन मौर्य 22 पुत्र रघुनाथ प्रयागराज में बीबीए की पढ़ाई करता है। बुधवार को बीबीए की परीक्षा देकर शाम सात बजे घर पहुंचा था। कुछ देर बाद परिवर्तन के मोबाइल पर किसी का फोन आया। परिवर्तन मोबाइल लेकर खेत की तरफ चला गया। देरशाम हो जाने पर जब वह नही लौटा तो परिजन तलाश करने लगे कि तभी गांव के लोगों ने शोर मचाया कि गांव के बाहर लाश पड़ी है। ग्रामीण एवं परिजन मौके पर पहुंचे तो परिवर्तन मरणासन्न अवस्था में मिला। उसके गले और गुप्तांग से खून बह रहा था। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर इलाज के लिए स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। सूचना पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित सीओ बारा अजीत कुमार रजक थानाध्यक्ष शंकरगढ़ राजेश उपाध्याय थानाध्यक्ष कौंधियारा कुलदीप तिवारी चौकी इंचार्ज जारी मनीष कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने बताया कि घटनास्थल से कई जोड़ी महिला और पुरुष की चप्पले मिली हैं। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला आशनाई का लग रहा है।

# गायब सेवा पुस्तिकाओं के मामले में पूर्व सहसमन्वयक निलंबित

● महत्वपूर्ण अभिलेख गायब करने सहित विभागीय निर्देशों की अवहेलना के थे आरोप

● मामला तूल पकड़ने के बाद बीएसए ने की कार्रवाई



**पाटन।** शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाएं गायब करने सहित तमाम अन्य मामलों में आरोपित पूर्व सह समन्वयक को आखिरकार निलंबित कर दिया गया। गंभीर आरोपों से घिरे पूर्व सह समन्वयक पर कार्यवाही को लेकर लंबे समय से अटकलें लग रही थी। अनियमितताओं की गूंज महा निदेशक स्कूल शिक्षा व उच्च न्यायालय तक पहुंचने के बाद बीएसए स्तर से उन पर यह कार्यवाही की गई। हालांकि उनके विरुद्ध एफआईआर की कार्यवाही पर अभी तक अमल नहीं हो सका है। बीएसए प्रदीप कुमार पांडेय द्वारा इस बाबत संबंधित बीईओ दाताराम को सख्त निर्देश दिए गए हैं। आदेशों की अवहेलना किए जाने पर उन्होंने बीईओ को अल्टीमेटम दिया है।

ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर से 34 शिक्षक शिक्षिकाओं की सेवा पुस्तिकाएं उस समय गायब हो गई थी जब कार्यालयी कार्यों के संपादन की जिम्मेदारी तत्कालीन सह समन्वयक रहे गंगा कृष्णा पर थी। बीएसए ने बताया कि गंगा कृष्ण को गत वर्ष 5 नवंबर को सह समन्वयक के पद से कार्यमुक्त कर दिया गया था। किंतु विभागीय निर्देशों के बावजूद उनके द्वारा अभिलेखीय वित्तीय चार्ज, वेतन बिल संबंधी अभिलेख व शिक्षकों की मूल सेवा पुस्तिकाएं अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई। उधर, सेवा पुस्तिकाएं उपलब्ध न होने के कारण चयन वेतनमान व वेतन एरियर आदि आदि फंसने से शिक्षकों द्वारा लगातार इसकी शिकायत की जा रही थी। मामले को तूल पकड़ने के बाद बीएसए ने पूर्व सह समन्वयक के विरुद्ध एफआईआर कराने सहित मामले की जांच हेतु बीईओ दाताराम को निर्देश दिए थे। किंतु उनके द्वारा आदेशों पर अमल नही किया गया। मामला ठंडे बस्ते में जाने के बाद शिक्षकों ने इसकी शिकायत महानिदेशक स्कूली शिक्षा से करने के अलावा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिसके बाद एक्शन में आए बीएसए द्वारा पूर्व सह समन्वयक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर सुमेरपुर ब्लॉक से संबद्ध कर दिया गया है।

### बीईओ को अल्टीमेटम, 7 दिनों में दर्ज कराएं एफआईआर

सेवा पुस्तिका गायब करने सहित अन्य गंभीर मामलों में निलंबित किए गए पूर्व सह समन्वयक के खिलाफ भी ऐसे नहीं 7 दिनों के अंदर एफ आई आर दर्ज कराने हेतु बीईओ को सख्त निर्देश दिए हैं। विभागीय सूत्रों का मानना है कि आदेशों की अवहेलना करना इस बार बीईओ को महंगा पड़ सकता है।

### निलंबन के बाद उसी ब्लॉक में कर दिया संबद्ध जहां से था आरोपों का नाता

गंभीर मामलों में आरोपित पूर्व सह समन्वयक को भले ही निलंबित कर दिया गया हो किंतु निलंबन के उपरांत उनको पुनः सुमेरपुर ब्लॉक से संबद्ध कर दिया जाना शिक्षकों के गले नहीं उतर रहा। सह समन्वयक पद पर सुमेरपुर बीआरसी में रहते हुए गंगा कृष्णा द्वारा तमाम अनियमितताएं बरती गई। इसी मामले में उन्हें निलंबित किया गया है। कार्यवाही के बाद बीघापुर गंगानगर उच्च प्राथमिक विद्यालय से हटाकर उन्हें पुनः सुमेरपुर ब्लॉक में सिरियापुर उच्च प्राथमिक विद्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। शिक्षकों का कहना है कि पूर्व सह समन्वयक भले ही निलंबन के बाद संबद्ध किए गए हो किंतु ब्लॉक मे पुनः लौटने के बाद बीईओ के साथ उनकी जुगलबंदी फिर से रंग दिखाएगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं और टोल कर्मियों में मारपीट, विधायक पहुंचे थाने

● एक तरफ से मंडल अध्यक्ष तो दूसरी तरफसे टोल प्लाजा ने दी तहरीर

**नवाबगंज।** पार्टी की बैठक मे लखनऊ शामिल होने जा रहे भाजपा के नवाबगंज मंडल अध्यक्ष और टोल कर्मियों में गुरूवार सुबह विवाद हो गया। टोल पर वाहनों की लगी लंबी कतार में फंसे मंडल अध्यक्ष के जल्दी निकालने की बात कहने पर टोल कर्मियों से विवाद हो गया। विवाद को लेकर थाने में दी गयी तहरीर में भंडल अध्यक्ष ने प्लाजा के कंट्रोलर पर गालियां देने, असलहा तान मारपीट का आरोप लगाया है। मंडल अध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी टोल प्लाजा कंट्रोलर को पूछताछ हेतु कोतवाली बुलाया है। मंडल अध्यक्ष की ओर से तहरीर मिलने के बाद टोल प्लाजा की ओर से भी पुलिस में तहरीर देने की बात टोल प्रबंधन द्वारा कही गयी है। पार्टी कार्यकर्ता के साथ हुई अभद्रता पर मोहान विधायक भी थाने पहुंच गये।

भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी गुरुवार सुबह पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ लखनऊ किसान सम्मेलन मे शामिल होने जा रहे थे। उन्होंने पायनियर संवाददाता से बातचीत में बताया, टोल प्लाजा पहुचे तो पार्टी कार्यक्रम मे देरी होने का हवाला देकर बूथ कंट्रोलर से जल्दी गाड़ी निकालने को कहा। जिन्होंने पहले से ही कई गाड़ियों को रोक रखा था। आरोप है कि इस दौरान प्लाजा के कंट्रोलर रमन सिंह अपने कुछ साथियो के साथ उनके पास पहुचे और अभद्रता करने लगे। पार्टी सहित शीर्ष नेताओं को भी गालियां देने लगे और पार्टी को अक्रामक हो गये साथ ही साथ रहे कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट शुरु कर दी। इस बीच एक कार्यकर्ता जो घटना की वीडियो बना रहा था उसका मोबाइल तोडने के साथ ही उसके साथ भी मारपीट करी। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज जितेंद्र यादव ने विवाद को शांत कराते हुए मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर प्लाजा कंट्रोलर को पूंछताछ हेतु कोतवाली लेकर चले गये।

# ज्यादातर अल्पसंख्यकों के लिए सबसे स्वीकार्य नेता हैं प्रधानमंत्री मोदीः नकवी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अल्पसंख्यक समुदायों के ज्यादातर लोगों के लिए सबसे स्वीकार्य नेता हैं और वे आज मोदी एवं उनकी सरकार की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अल्पसंख्यकों के लिए दुनिया का सबसे सुरक्षित देश है। मंत्री ने साउथ एशिया स्टेट ऑफ माइनरॉटीज रिपोर्ट-2020 को भी खारिज कर दिया जिसमें कथित तौर पर दावा किया गया है कि भारत धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए असहिष्णु हो गया है। नकवी ने कहा, इस तरह की एक्सपेरिमेंटल रिपोर्ट आती रहती हैं। भारत अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित देश है। अल्पसंख्यकों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तीकरण के लिए काम हुए हैं और आगे भी होंगे।

मंत्री ने इस बात पर जोर दिया, मोदी के शासनकाल में अल्पसंख्यकों के बच्चों को हर साल चार करोड़ से अधिक छात्रवृत्ति दी जाती है। केंद्र सरकार की नौकरियों में अल्पसंख्यकों की भागीदारी पहले चार फीसदी होती थी जो आज 10 फीसदी को पार कर गई है। सिविल सेवाओं में पिछले तीन वर्षों का रिकॉर्ड देख लीजिए कि अल्पसंख्यक समुदायों के कितने ज्यादा बच्चों का चयन हुआ है। मोदी सरकार ने भेदभाव के माहौल को खत्म किया है। अल्पसंख्यकों के बीच मोदी सरकार को लेकर धारणा के बारे में पूछे जाने पर मैं मानता हूं कि देश के सबसे ज्यादा स्वीकार्य नेता मोदी हैं। अल्पसंख्यकों के बीच भी वह सबसे ज्यादा स्वीकार्य नेता हैं, कुछ ऐसे लोगों को छोड़कर जिनका काम ही पारंपरिक और पेशवर रूप से मोदी जी को बुरा-भला कहना है। ऐसे कुछ लोग तो हर समुदाय में होते हैं।

नकवी ने आगे कहा, हम वोट की बात नहीं कर रहे हैं। अल्पसंख्यक समुदायों का कोई भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि मोदी जी के शासनकाल में किसी के साथ भेदभाव हुआ है। जितनी भी सरकारी योजनाएं हैं, हर योजना का अल्पसंख्यकों को बराबर का फायदा हुआ है। अवसर का माहौल अपने आप में एक रिकॉर्ड है। अल्पसंख्यक समुदायों के ज्यादातर लोग मोदी जी, मोदी सरकार और समान अवसर के माहौल की सराहना कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में जिला विकास परिषद (डीडीसी) के चुनाव में हाल ही में भाजपा के लिए प्रचार करके लौटे नकवी ने कहा कि इस केंद्रशसित प्रदेश खासकर घाटी के लोगों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने को लेकर काफी उत्साह है और अब वहां खानदानी सियासत और पानदानी विरासत के युग का अंत हो चुका है।

यह पहली बार है कि लोग इतना स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण चीज है। अलगाववादी, आतंकवादी और भारत विरोधी संगठनों पर ब्रेक लगा है और लोगों ने खुद इन्हें अलग-थलग किया है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मंत्रालय की योजनाएं आरंभ हो गई हैं। जम्मू-कश्मीर में सुन्नी वक्फ बोर्ड और शिया वक्फ बोर्ड तथा लद्दाख में वक्फ बोर्ड गठित करने की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। आगे अल्पसंख्यक आयोग भी गठित होगा। हज-2021 के लिए आवेदन की तारीख 10 जनवरी तक बढ़ाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि इस बार 100 फीसदी ऑनलाइन आवेदन आ रहे हैं और हज की पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया को अंजाम देने वाला भारत दुनिया का पहला देश है।



हरिद्वार में कुम्भ 2021 की सफलता के लिए हर की पौड़ी में किन्नर अखाड़ा प्रमुख लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी अपने साथियों संग प्रार्थना करतीं हुईं।

## कमलनाथ सरकार गिराने को लेकर विजयवर्गीय की टिप्पणी पर विवाद

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में नौ महीने पहले कमलनाथ नीत कांग्रेस सरकार के पतन को लेकर भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कही गई इस बात पर विवाद खड़ा हो गया है कि कमलनाथ की सरकार गिराने में यदि महत्वपूर्ण भूमिका किसी की थी, तो नरेन्द्र मोदी की थी, धर्मेंद्र प्रधान की नहीं थी। भाजपा के एक कार्यक्रम में विजयवर्गीय ने जब यह टिप्पणी की तब प्रधान भी मंच पर मौजूद थे। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस बयान को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने गंभीरता से लेते हुए प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उमेश शर्मा ने कहा, भाजपा के किसान सम्मेलन में शामिल हुए केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, विजयवर्गीय के बेहद पुराने मित्र हैं। विजयवर्गीय का यह बयान दो मित्रों के बीच का सहज हास-परिहास था और इसे सिर्फ इसी रूप में देखा जाना चाहिए।

विजयवर्गीय ने यहां दशहरा मैदान पर भाजपा के बुधवार को आयोजित संभागीय किसान सम्मेलन में श्रोताओं से कहा था, मैं परदे के पीछे की बात कर रहा हूं। मैं यह बात पहली बार इस मंच से बता रहा हूं कि कमलनाथ की सरकार गिराने में यदि महत्वपूर्ण भूमिका किसी की थी, तो नरेन्द्र मोदी की थी, धर्मेंद्र प्रधान की नहीं थी। भाजपा महासचिव की इस बात पर जब श्रोताओं ने ताली बजाते हुए ठहाके लगाए, तो उन्होंने हंसते हुए कहा, [8230] पर आप किसी को यह बात बताना मत। मैंने यह बात आज तक किसी को नहीं बताई है। नए कृषि कानूनों के समर्थन में भाजपा के किसान सम्मेलन के मंच पर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। विजयवर्गीय ने मंचासीन नेताओं से श्रोताओं को परिचित कराते हुए कमलनाथ सरकार गिराने को लेकर बयान दिया।

## शुभेंदु अधिकारी की चिंताओं का निराकरण करें मुख्यमंत्री ममता बनर्जीः धनखड़

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूर्व मंत्री शुभेंदु अधिकारी की परेशानी दूर करने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। इससे एक दिन पहले अधिकारी ने राज्यपाल से आशंका व्यक्त की थी कि राज्य पुलिस उन्हें (अधिकारी) झूठे मामलों में फंसाने की साजिश रच रही है। अधिकारी ने मंत्री पद से 27 नवंबर को इस्तीफा दिया था और उन्होंने बुधवार को विधायक पद से भी त्यागपत्र दे दिया। राज्यपाल ने बृहस्पतिवार को ट्विटर के माध्यम से अपने विचार रखे और साथ में मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी भी साझा की। उन्होंने यह भी कहा कि अब मुख्यमंत्री से मुलाकात करने का समय आ गया है। धनखड़ ने ट्वीट किया, पूर्व मंत्री शुभेंदु अधिकारी की शिकायत पर ममता बनर्जी से तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। अधिकारी को आशंका है कि राजनीति और बदले की भावना से प्रेरित होकर उन्हें झूठे आपराधिक मामलों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने पत्र में कहा, पूर्व मंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मुझे लिख कर बताया कि राज्य की पुलिस उन्हें और उनके समर्थकों पर राजनीति और बदले की भावना से प्रेरित होकर झूठे आपराधिक मामलों में फंसाना चाहती है।

## संसद का शीतकालीन सत्र नहीं आयोजित करने के फैसले पर द्रमुक ने केंद्र सरकार की निंदा की

**भाषा।** चेन्नई

**द्रमुक** ने बृहस्पतिवार को कोविड-19 महामारी के मद्देनजर संसद का शीतकालीन सत्र आयोजित नहीं करने के केंद्र के फैसले की निंदा की और ऐसे मामलों पर विपक्षी दलों की अनदेखी कर दादागीरी का रवैया अपनाने का आरोप लगाया। द्रमुक सांसद एवं संसदीय दल के नेता टीआर बालू ने कहा कि संसद में किसानों के विरोध और चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी थी।

उन्होंने कहा, यह बहुत चिंता की बात है कि केंद्र की भाजपा सरकार शीतकालीन सत्र आयोजित नहीं करना चाहती है। बालू ने कहा कि सरकार ने इस मामले पर द्रमुक सहित विपक्षी दलों से सलाह नहीं ली जो स्वीकार्य नहीं है। सरकार ने पहले विपक्ष को बताया था कि कोविड-19 महामारी के कारण इस साल संसद का शीतकालीन सत्र नहीं आयोजित किया जाएगा और जनवरी 2021 में बजट सत्र बुलाया जाएगा।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा था कि उन्होंने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के संसदीय दल के नेताओं से संपर्क किया था और उन्होंने चल रही महामारी के बारे में अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं और शीतकालीन सत्र को रद्द करने की राय दी है। बृहस्पतिवार को यहां एक बयान में बालू ने कहा कि द्रमुक की ओर से कोरोना महामारी का हवाला देते हुए संसद का शीतकालीन सत्र रद्द करने के भाजपा सरकार के कदम की मैं कड़ी निंदा करता हूं।

उच्चतम न्यायालय द्वारा किसानों के मुद्दे को जल्द ही राष्ट्रीय मुद्दा बनने की संभावना जताने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, जब उच्चतम न्यायालय खुद असाधारण स्थिति के बीच समाधान तलाशने के लिए आगे आ रहा है, तो सरकार का संसद सत्र रद्द करना निंदनीय है बालू ने कहा कि लोकतंत्र देश का दिल है और संसद में सार्थक चर्चा के कारण यह धड़क रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका एहसास नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, सत्तारूढ़ दल और विपक्ष भारत के शक्तिशाली लोकतंत्र के दो पहिए हैं। लेकिन जब से भाजपा सत्ता में आई है तब से लोकतांत्रिक लोकाचार को कुचला जा रहा है। बालू ने कहा कि केंद्र को विपक्ष की अनदेखी करने और विचारों और लोकतंत्र के रास्ते पर अपने दादागीरी के रवैए को रोकना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### विजयन के अतिरिक्त निजी सचिव ईडी के समक्ष पेश हुए

**कोच्चि।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के अतिरिक्त निजी सचिव सी एम रवींद्रन बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। ईडी सोना तस्करी के एक मामले में धन के प्रवाह से संबंधित जांच कर रही है। जांच एजेंसी ने रवींद्रन को फिर से समन भेजा था और बृहस्पतिवार को पेश होने के लिए कहा था, जिसके बाद वह सुबह ईडी कार्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी को इससे पहले तीन बार समन भेजा गया था लेकिन वह खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर पेश नही हुए थे। संबंधित मामले में केरल उच्च न्यायालय ने रवींद्रन की उस याचिका को खारिज कर दिया, अदालत से उचित समय से पहले ईडी को उन्हें हिरासत में लेने से रोकने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने ईडी की दलील पर गौर करते हुए याचिका खारिज कर दी। ईडी ने दलील दी थी कि ऐसा कोई साक्ष्य नही है जिससे यह प्रतीत हो कि जांच एजेंसी ने अधिकारी का उत्पीड़न किया और हिरासत से बचने के लिए यह अनुरोध समय से पहले ही किया गया है। मंगलवार को दायर अपनी याचिका मे रवींद्रन ने कहा था कि वह बीमार है और उससे पूरी तरह नही उबरे है।

### कृषि कानूनों पर चर्चा के लिए संसद सत्र नहीं बुलाना सरकार का अहंकार और असंवेदनशीलताः प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सिख संत राम सिंह की कथित खुदकुशी को लेकर बृहस्पतिवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कृषि कानूनों पर चर्चा के लिए संसद सत्र नही बुलाना सरकार के अहंकार और असंवेदनशीलता को दिखाता है। उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र इस बार कोरोना महामारी के कारण नही होगा। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका ने ट्वीट किया, कोरोना काल के बीच मे संसद चलाकर भाजपा सरकार ने अरबपति मित्रो के लिए बनाए गए कृषि कानूनो को पारित कर दिया लेकिन किसानो की मांग पर, 11 किसानो की शहादत व बाबा राम सिंह की आत्महत्या के बावजूद किसान कानूनो पर चर्चा के लिए संसद नही खुल सकती। इतना ज्यादा अहंकार और असंवेदनशीलता।

### दो चोरों ने जैन मंदिर से अष्टधातु की 16 मूर्तियों की चोरी की

**पालघर।** महाराष्ट्र में पालघर जिले के विरार स्थित जैन मंदिर से दो अज्ञात चोरों द्वारा अष्टधातु की 16 मूर्तियो को चोरी करने का मामला सामने आया है जिसकी कीमत करीब 1.58 लाख रुपए है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात सुबह ढाई बजे की है और मंदिर मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे चोरों की तस्वीर कैद हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया, दो चोर मंगलवार-बुधवार की रात श्रीसंभवनाथ जैन मंदिर मे दाखिल हुए और अष्टधातु की 16 मूर्तियो को चुरा कर दीवार फांदकर भाग गए, इन मूर्तियों की कीमत करीब 1.58 लाख रुपए है। मंदिर के पुजारी और न्यास के सदस्यों की शिकायत पर विरार थाने मे प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया, घटना के समय पुजारी मंदिर मे ही सोया था और सुबह करीब पांच बजे जब उठा तो मंदिर का मुख्य दरवाजा खुला मिला और प्रतिमाएं गायब थी।

### टीआरपी घोटालाः रेटिंग एजेंसी बार्क के पूर्व सीओओ गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने कथित टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग प्वांइट) घोटाला मामले के संबंध मे ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) के पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि टीआरपी मामले की जांच कर रही मुंबई अपराध शाखा के दल ने बार्क के पूर्व सीओओ रोमिल रामगढ़िया को दोपहर को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले मे यह 14वीं गिरफ्तारी है। रामगढ़िया 2014 से 2020 के दौरान बार्क के सीओओ थे। पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान, मामले मे रामगढ़िया की कथित संलिप्तता का पता चला, जिसके बाद उन्हें आज गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद रामगढ़िया को यहां एक मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत मे पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को 19 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने अदालत में कहा कि उन्हें मामले के संबंध में आरोपी से पूछताछ करनी है इसलिए आरोपी को पुलिस हिरासत में सौंप दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पुलिस को आरोपी से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी लेने है। पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान यह सामने आया कि रामगढ़िया ने कथित तौर पर कुछ टीवी चैनलो को उनकी टीआरपी बढ़ाने के लिए गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा, अपराध शाखा के अधिकारियो को रामगढ़िया का कथित व्हाट्सएप्प संवाद भी मिला जो एआरजी आउटलायर कंपनी के निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ किया गया था। रिपब्लिक टीवी चैनल इस कंपनी का है। अधिकारी ने कहा, रामगढ़िया, 2014 से 2020 तक बार्क का सीओओ थे और उन्हें चैनलों के संबंध मे महत्वपूर्ण और गोपनीय जानकारी प्राप्त थी। चैनलो के दर्शको की संख्या और रेटिंग द्वारा जुटाई गई जानकारी तक उनकी पहुंच थी। उन्होने कहा कि आरोपी के पास उन घरो की भी जानकारी थी जहां बैरोमीटर लगाए गए थे। अधिकारी ने कहा, अपराध शाखा इसकी जांच कर रही है कि यह जानकारी कुछ चैनलो से साझा करने के बदले मे क्या रामगढ़िया को कुछ आर्थिक लाभ हुआ था।




कोलकाता में टीएमसी कार्यकर्ता बंगा धोनी रैली के दौरान पोस्टर व गुब्बारे पकड़े हुए।

## विस्तारवादी ताकतों के आगे नहीं झुकेंगे : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि तीन आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का उसका आदेश सत्ता का घोर दुरुपयोग है और राज्य सरकार विस्तारवादी तथा अलोकतांत्रिक ताकतों के आगे नहीं झुकेगी। बनर्जी ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि यह केन्द्र द्वारा राज्य के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करने और पश्चिम बंगाल में सेवारत अधिकारियों का मनोबल घटाने के लिए जानबूझ कर किया गया प्रयास है।

यह कदम, खासकर चुनाव से पहले संघीय ढांचे के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। यह पूरी तरह असंवैधानिक और पूरी तरह अस्वीकार्य है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा के काफिले पर हुए हमले के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में सेवारत भारतीय पुलिस सेवा के तीन अधिकारियों को कर्तव्य में कथित कोताही बरतने को लेकर केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए समन जारी किया है।

बनर्जी ने ट्वीट किया, राज्य (पश्चिम बंगाल सरकार) की आपत्ति के बावजूद भारत (केंद्र) सरकार का पश्चिम बंगाल में सेवारत तीन आईपीएस अधिकारियों को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाने संबंधी आदेश आईपीएस कैडर कानून 1954 के आपातकालीन प्रावधानों और ताकत का दुरुपयोग है। गृह मंत्रालय ने कहा कि आईपीएस कैडर कानून के अनुसार विवाद की स्थिति में राज्य की बजाय केन्द्र के आदेश या फैसले को वरीयता दी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम केन्द्र द्वारा राज्य प्रणाली पर अप्रत्यक्ष नियंत्रण की अनुमति नहीं देंगे। विस्तारवादी और अलोकतांत्रिक ताकतों के आगे नहीं झुकेगा। बनर्जी का बयान बंगाल के मुख्य सचिव को गृह मंत्रालय द्वारा भेजे गए एक पत्र को सार्वजनिक किए जाने के कुछ ही मिनट बाद आया है।

## कर्नाटकः भाजपा सांसद के बेटे और होसकोटे के निर्दलीय विधायक शरत का कांग्रेस में शामिल होना तय

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में होसकोटे से निर्दलीय विधायक और चिकबल्लापुर से भाजपा सांसद के बेटे शरत बाचेगौड़ा ने कांग्रेस में शामिल होने का स्पष्ट संकेत देत हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय दल से जुड़ना चाहते हैं जिससे उन्हें व्यापक मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करने का अवसर मिलेगा। कुछ समय से कांग्रेस में उनके शामिल होने के लग रहे कयास के बीच शरत बाचेगौड़ा ने बुधवार रात को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की।

शरत ने कहा, कल हुई मुलाकात का उद्देश्य आगामी ग्राम पंचायत और जिला सहकारी केंद्रीय (डीसीसी) बैंक चुनाव पर चर्चा करना था जो हम मिलकर लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान कांग्रेस में शामिल होने के मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई लेकिन कुछ भी पुख्ता नहीं है और अब तक इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है।

जब पूछा गया कि क्या उन्होंने कांग्रेस में जाने का मन बना लिया है? तब शरत ने कहा, ...मैं किसी राष्ट्रीय दल से जुड़ना चाहता हूं....कई ऐसे व्यापक मुद्दे हैं जो अभी सामने आ रहे हैं और जिसपर मैं अपनी आवाज उठाना चाहता हूं। इसलिए किसी राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होना मेरे लिए अहम है। 37 वर्षीय शरत चिकबल्लापुर से भाजपा सांसद बीएन बाचेगौड़ा के बेटे हैं और पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा के सचिव पद की भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। बाचेगौड़ा को भाजपा ने उस समय पार्टी से निकाल दिया जब उन्होंने दिसंबर 2019 के उपचुनाव में बगावत कर आधिकारिक प्रत्याशी एमटीबी नागराज के खिलाफ मैदान में उतरने का फैसला किया। बाचेगौड़ा को बाद में बतौर निर्दलीय प्रत्याशी उपचुनाव में जीत मिली।

## महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचने के लिए टाला गया संसद का शीतकालीन सत्रः शिवसेना

**मुम्बई।** शिवसेना ने केन्द्र सरकार के संसद का शीतकालीन सत्र टालने के फैसले की निंदा करते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार किसान प्रदर्शन, देश की आर्थिक स्थिति और चीन के साथ सीमा पर गतिरोध जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के एक सम्पादकीय में कहा कि सत्र इसलिए रद्द किया गया ताकि विपक्ष को इन मुद्दों पर सवाल करने का मौका ही ना मिले। उसने कहा, यह कैसा लोकतंत्र है? देश तभी जिंदा रह सकता है, जब लोकतंत्र में विपक्षी दलों की आवाजें बुलंद हों। संसद की यह लोकतांत्रिक परम्परा देश को प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस परम्परा का पालन करना चाहिए। केन्द्र सरकार ने हाल ही में कहा था कि कोविड-19 महामारी के कारण इस साल संसद का शीतकालीन सत्र नहीं होगा और इसके मद्देनजर अगले साल जनवरी में बजट सत्र की बैठक आहूत करना उपयुक्त रहेगा।

सम्पादकीय में कहा गया, विश्व में एक बड़े लोकतांत्रिक देश में कोविड-19 के बावजूद चुनाव नहीं रूके। वहीं हम संसद के केवल चार दिन के सत्र की अनुमति नहीं दे रहें। उसने कहा, अमेरिका में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव हुए और देश का राष्ट्रपति बदला गया। यह शक्तिशाली देश का लोकतंत्र है, जबकि हमने लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर पर ही ताला लगा दिया। महाराष्ट्र में शीतकालीन सत्र को कोविड-19 के मद्देनजर छोटा कर दो दिन का करने के फैसले की भाजपा की राज्य इकाई द्वारा आलोचना पर उसने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र पर रुख अपनी सहूलियत के हिसाब से बदल जाता है। मराठी पत्र ने कहा कि केन्द्रीय संसदीय कार्यवाही मंत्री प्रहलाद जोशी का कहना है कि उन्होंने सभी पार्टियों से शीतकालीन सत्र ना कराने को लेकर बातचीत की है। उसने पूछा कि कब और कहां यह चर्चा हुई?

सम्पादकीय में कहा गया कि कोविड-19 का हवाला देकर संसद का सत्र रद्द करना शर्मनाक है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद हाल ही में सम्पन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव में रैलियों को संबोधित कर रहे थे। उसने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा के पश्चिम बंगाल दौरे का भी जिक्र किया, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। उसने कहा कि सभी लोग अपने काम पर जा रहे हैं लेकिन देश को चलाने वालों ने ही कोविड-19 के डर का हवाला देकर संसद पर ताला लगा दिया है। सम्पादकीय में पूछा गया कि कोविड-19 के दौरान अगर लोकसभा बंद ही रहनी है तो नई संसद बनाने की क्या जरूरत है। उसने पूछा, नए संसद भवन के निर्माण में 900 करोड़ रुपए क्या इसलिए लगाए जा रहे हैं, ताकि उस पर बाहर से ताला लगाया जा सके?



अमृतसर के पास कड़ाके की ठंड के बीच घने कोहरे में स्कूल जाते हुए बच्चे।

# इसरो की अंतरिक्ष में एक और छलांग, संचार उपग्रह सीएमएस-01 कक्षा में स्थापित

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीहरिकोटा



**भारत** ने कोविड-19 महामारी के बीच इस साल दूसरे और अंतिम प्रक्षेपण अभियान के तहत बृहस्पतिवार को अंतरिक्ष केंद्र से अपने ध्रुवीय रॉकेट से नवीनतम संचार उपग्रह सीएमएस-01 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। इसरो के भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी50 ने श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र में प्रक्षेपण स्थल से रवाना होने के 20 मिनट बाद उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया। सीएमएस-01 अंतरिक्ष एजेंसी का 42 वां संचार उपग्रह है और उपग्रह के जरिए अंडमान निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप समेत भारत के विभिन्न हिस्सों में फ्रीक्वेंसी स्पेक्ट्रम के विस्तारित सी बैंड की सेवाएं मिलेंगी। इसरो के अध्यक्ष के सिवन ने कहा कि उपग्रह अच्छे से काम कर रहा है। उन्होंने मिशन नियंत्रण केंद्र से वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि उपग्रह का सोलर पैनल काम करने लगा है। उन्होंने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि पीएसएलवी-सी50 ने पूर्व निर्धारित कक्षा में बेहद सटीकता से संचार उपग्रह सीएमएस-01 को स्थापित कर दिया। अब से अगले चार दिन में उपग्रह जीटीओ (जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट) में निर्धारित स्थान ले लेगा। सिवन ने कहा कि यह उपग्रह 11 साल पहले प्रक्षेपित संचार उपग्रह जीसैट-12 का स्थान लेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुताबिक, उपग्रह का जीवनकाल सात साल से ज्यादा का होगा। अंतरिक्ष एजेंसी के प्रक्षेपण से जुड़ी टीमों को बधाई देते हुए अध्यक्ष ने कहा, मैं आश्वस्त हूं कि उपग्रह पूरी कामयाबी से काम करेगा। इसरो के भविष्य के अभियानों-चंद्रयान-तीन, महत्वाकांक्षी मिशन आदित्य एल-एक और गगनयान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वे जल्द से जल्द मिशन को अंजाम देने की योजनाएं बना रहे हैं। इसमें बहुप्रतीक्षित जीएसएलवी और एसएसएलवी अभियान भी शामिल हैं। सिवन ने कहा, आगे कई सारे अभियान हैं और हमेशा की तरह इसरो की टीम को सफलता मिलती रहेगी। पीएसएलवी-सी50 एक्सएल संरचना (छह स्ट्रेप ऑन मोटर से लैस) में पीएसएलवी की 22 वीं उड़ान है और श्रीहरिकोटा से 77 वीं बार प्रक्षेपण यान को प्रक्षेपित किया गया है। श्रीहरिकोटा चेन्नई से करीब 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कोविड-19 महामारी के बीच इसरो के इस साल के पहले अभियान में पीएसएलवी सी-49 (ईओएस) पृथ्वी प्रेक्षण उपग्रह और नौ अन्य उपग्रहों को सात नवंबर को प्रक्षेपित किया गया था। इसरो के लिए आज का प्रक्षेपण 2020 का अंतिम अभियान है।

# भारत में कोविड-19 से ठीक होने की दर दुनिया में सबसे ज्यादा

**भाषा।** नई दिल्ली

## ● 24,010 नए मामले, 355 की मौत

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में कोविड-19 से ठीक होने की दर दुनिया में सबसे ज्यादा है जबकि अमेरिका, ब्राजील, रूस और इटली जैसे देशों में स्वस्थ होने की दर कम है। मंत्रालय ने कहा कि केन्द्रित रणनीति और केन्द्र सरकार, राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के सटीक उपायों के कारण देश में स्वस्थ होने की दर ऊंची है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और मृत्युदर भी कम हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा भारत में ठीक होने की दर दुनिया में सबसे अधिक है। वैश्विक स्तर पर ठीक होने की दर 70.27 प्रतिशत है, भारत में यह दर 95.31 प्रतिशत है। अमरीका, ब्राजील, रूस और इटली में ठीक होने की दर बहुत कम हैं। मंत्रालय के मुताबिक, भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 3,22,366 है और यह संक्रमण के कुल मामलों का महज 3.24 प्रतिशत है। राष्ट्रीय लक्ष्य का अनुसरण करते हुए 18 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में ठीक होने की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। देश में पिछले 24 घंटे में 33,291 और मरीज ठीक हो गए। मंत्रालय ने कहा कि ठीक होने वालों में 75.63 प्रतिशत मामले 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश के थे। केरल में सबसे ज्यादा 5,728 लोग ठीक हो गए। महाराष्ट्र में 3,887 जबकि पश्चिम बंगाल में 2,767 लोग स्वस्थ हो गए। संक्रमण के कुल 24,010 नए मामले आए। इनमें से 78.27 प्रतिशत मामले 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश से थे। केरल में 6,185 मामले आए, पश्चिम बंगाल में 2,293, जबकि छत्तीसगढ़ में 1,661 मामले आए।



गुवाहाटी में गुरुवार को कामाख्या मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंचते भक्तगण

# राहुल, प्रियंका के अगले महीने से बंगाल में चुनाव प्रचार करने की संभावनाः जितिन

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में भाजपा के जोरदार चुनाव अभियान का मुकाबला करने की कोशिश के तहत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा के अगले महीने से राज्य में चुनाव प्रचार शुरू करने की संभावना है। कांग्रेस नेता जितिन प्रसाद ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। राज्य में अगले साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होना है।

पश्चिम बंगाल के लिए कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी प्रसाद ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी माकपा नीत वाम मोर्चा के साथ संयुक्त रूप से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा का मुकाबला करेगी। प्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी और पार्टी के अन्य नेताओं के साथ सिलसिलेवार बैठकें कीं और राज्य में पार्टी के संगठन का जायजा लिया। प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम राज्य में वाम मोर्चे के साथ संयुक्त कार्यक्रम कर रहे हैं। हम वाम मोर्चा के साथ मिलकर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा का अगले विधानसभा चुनाव में संयुक्त रूप से मुकाबला करेंगे।

भाजपा द्वारा अपने केंद्रीय नेताओं के राज्य का तूफानी दौरों के साथ जोरदार चुनाव प्रचार शुरू करने और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के केंद्रीय नेतृत्व के बमुश्किल राज्य का दौरा करने के बारे में पूछे जाने पर प्रसाद ने कहा कि दोनों पार्टियों का काम करने का तरीका अलग-अलग है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों का काम करने का तरीका अलग-अलग है। राज्य में भाजपा का कोई चेहरा (नेतृत्व) नहीं है, यही कारण है कि उसके केंद्रीय नेता यहां आ रहे हैं। प्रसाद ने कहा, लेकिन कांग्रेस में, हम मजबूत प्रदेश नेताओं में यकीन करते हैं। बंगाल में हमारे पास मजबूत नेतृत्व है, इसलिए हमें यहां केंद्रीय नेताओं को लाने की कभी जरूरत महसूस नहीं हुई। उन्होंने कहा कि लेकिन चुनाव नजदीक आ रहा है, इसलिए जनवरी से राहुल और प्रियंका सहित अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के वरिष्ठ नेताओं के राज्य में नियमित रूप से चुनाव प्रचार करने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश भाजपा प्रमुख दिलीप घोष ने पिछले महीने कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा विधानसभा चुनाव तक हर महीने राज्य का दौरा करेंगे। नड्डा अक्टूबर में एक दिन के दौरे पर और इस हफ्ते दो दिन के दौरे पर बंगाल पहुंचे, जबकि शाह नवंबर में दो दिनों के लिए राज्य में पहुंचे थे। शाह के 19 दिसंबर से दो दिवसीय दौरा करने का कार्यक्रम है। बैठक में मौजूद रहे कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हमने जितिन जी को इस बात से अवगत कराया कि समूचा प्रदेश नेतृत्व वाम मोर्चे के साथ गठजोड़ करना चाहता है। लेकिन हमने यह भी कहा कि सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू होनी बाकी है।

# शिक्षक भर्ती में आरक्षण से आईआईटी को छूट दी जाए विशेषज्ञ समिति का सुझाव

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय से जुड़ी विशेषज्ञ समिति ने सुझाव दिया है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) को शिक्षकों की नियुक्ति में आरक्षण से छूट दी जाए और विशिष्ठ कोटा की बजाए विभिन्न मुद्दों का समाधान सम्पर्क अभियान और शिक्षकों की लक्षित भर्ती के जरिए किया जाए। आईआईटी के निदेशकों सहित आठ सदस्ईय समिति से भर्ती और दाखिले में आरक्षण नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के उपाए सुझाने को कहा गया था। जून में सरकार को सौंपी रिपोर्ट में समिति ने कहा कि आईआईटी को आरक्षण से छूट दी जाए क्योंकि ए राष्ट्रीय महत्व के संस्थान है और इससे अनुसंधान का कार्य जुड़ा है। इसमें कहा गया है कि संसद से कानून के रूप में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में आरक्षण से छूट के लिए आईआईटी को सीईआई (शिक्षक कैडर में आरक्षण) अधिनियम 2019 के तहत उपबंध 4 के तहत सूचीबद्ध किया जाए।

# एक और विधायक ने तृणमूल कांग्रेस छोड़ी

**भाषा।** आसनसोल (पश्चिम बंगाल)

## ● जितेंद्र तिवारी के भाजपा में शामिल होने की अटकलें

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा के सदस्य जितेंद्र तिवारी ने आसनसोल नगर निगम प्रमुख के पद के साथ-साथ तृणमूल कांग्रेस से भी इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं। पश्चिम बर्द्धमान जिले के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष तिवारी ने शुभेंदु अधिकारी की भी प्रशंसा की जो पार्टी में ममता बनर्जी के बाद दूसरे सबसे प्रमख नेता थे।

तिवारी ने बृहस्पतिवार दोपहर को संवाददाताओं से कहा, मैंने आसनसोल नगर निगम प्रशासक मंडल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। मुझे काम नहीं करने दिया जा रहा था, ऐसे में मैं इस पद को रख कर क्या करूंगा? इसलिए मैंने इस्तीफा दे दिया है। इसके कुछ घंटों के बाद तिवारी ने घोषणा की कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और जिला अध्यक्ष पद छोड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, तृणमूल कांग्रेस में बने रहने का कोई तुक नहीं है क्योंकि मुझे लोगों के लिए काम करने नहीं दिया जा रहा है। हालांकि, पांडाबेश्वर सीट से विधायक तिवारी ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है।

पांडाबेश्वर से विधायक तिवारी ने नगर निकाय मामलों के मंत्री फिरहद हकीम को कुछ दिन पहले लिखे पत्र में कहा था कि आसनसोल नगर निगम को केंद्र के 2,000 करोड़ रुपए के कोष से वंचित किया गया क्योंकि राज्य सरकार ने स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर के चुनाव में बाधा उत्पन्न की। मंत्री पर निशाना साधते हुए तिवारी ने कहा, उनके जैसे चाटुकार पार्टी को बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को बचाने का सबसे बेहतर तरीका है कि ममता बनर्जी शुभेंदु अधिकारी को अपना उत्तराधिकारी घोषित करें। उनके बाद शुभेंदु तृणमूल के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। अगर आप इस तथ्य को नजर अंदाज करेंगे तो आपकी हार निश्चत है। भाजपा में शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने कहा कि वह इस बारे में प्रेस में बात नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निकाय से इस्तीफा देने के बाद उनके विधायक कार्यलय पर हमला किया गया जिसके बाद वह तृणमूल कांग्रेस को छोड़ने पर मजबूर हुए।

तिवारी ने कहा कि पहले मैंने कहा था कि जो भी मुझे करना है वह ममता बनर्जी से बात करने के बाद करूंगा लेकिन आसनसोल नगर निगम से इस्तीफा देने के बाद मेरे विधायक कार्यालय पर हमला किया गया। यह कृत्य तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के निर्देश पर किया गया। इसलिए मैंने पार्टी छोड़ने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि पहले माना जा रहा था कि शुक्रवार को तिवारी कोलकाता में मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे लेकिन अब वह शायद ही पार्टी सुप्रीमो से मिलें। इससे पहले अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए तिवारी पार्टी नेतृत्व की बैठक में शामिल नहीं हुए थे बल्कि बुधवार शाम को उन्होंने पार्टी सांसद सुनील मंडल के कांकसा इलाके स्थित आवास पर शुभेंदु अधिकारी से मुलाकात की थी।

# चेन्नई की कंपनी ने तिरुपति मंदिर को 1.11 करोड़ का दान दिया

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति में तिरुमला की पवित्र पहाड़ियों के बीच स्थित भगवान वेंकटेश्वर के विश्व प्रसिद्ध मंदिर को चेन्नई की एक कंपनी ने 1.11 करोड़ रुपए का दान दिया है। मंदिर के अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंदिर के अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि एक्सेस हेल्थकेयर नामक कंपनी ने मंदिर का प्रबंधन देखने वाले तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) से अनुरोध किया है कि इस राशि का इस्तेमाल श्री वेंकटेश्वर गोरक्षा न्यास के विकास पर किया जाए जिसकी स्थापना देश में गायों की रक्षा और देखभाल के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि कंपनी के उपाध्यक्ष वर्धमान जैन ने टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी के एस जवाहर रेड्डी को दान की राशि का डिमांड ड्राफ्ट सौंपा। अधिकारी ने बताया कि कंपनी ने जुलाई महीने में टीटीड द्वारा संचालित वेंकटेश्वर भक्ति टीवी चैनल (एसवीबीसी) के विकास के लिए 2.1 करोड़ रुपए का दान दिया था।

# सोनिया से कल मुलाकात कर सकते हैं नाराज चल रहे कई कांग्रेस नेता

**भाष।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** में सक्रिय नेतृत्व और व्यापक संगठनात्मक बदलाव की मांग को लेकर पत्र लिखने वाले 23 नेताओं के समूह में शामिल कुछ नेता शनिवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर सकते हैं।

सूत्रों ने बताया कि सोनिया गांधी के साथ इन नेताओं की मुलाकात की भूमिका तैयार करने में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यममंत्री कमलनाथ की अहम भूमिका है और 19 अगस्त की इस प्रस्तावित बैठक में वह भी शामिल होंगे। कमलनाथ ने कुछ दिनों पहले ही सोनिया से मुलाकात की थी। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सोनिया से कुछ ऐसे नेता भी मिल सकते हैं जो लंबे समय से पार्टी से नाराज चल रहे हैं, हालांकि वे पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में शामिल नहीं हैं। मुलाकात के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के उपस्थित रहने को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है, हालांकि इस ताजा घटनाक्रम में प्रियंका की भी अहम भूमिका मानी जा रही है।

सूत्रों का कहना है कि इन नेताओं की सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद सुलह की गुंजाइश बढ़ सकती है। उल्लेखनीय है कि गत अगस्त महीने में गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा और कपिल सिब्बल समेत कांग्रेस के 23 नेताओं ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी के लिए सक्रिय अध्यक्ष होने और व्यापक संगठनात्मक बदलाव करने की मांग की थी।

# सहस्रबुद्धे को आईसीसीआर अध्यक्ष के रूप में तीन साल के लिए पुनर्नियुक्ति मिली

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के अध्यक्ष विनय सहस्रबुद्धे को तीन साल के एक और कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राज्यसभा सदस्य सहस्रबुद्धे ने ट्वीट किया, यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राष्ट्रपति भवन ने मुझे आईसीसीआर अध्यक्ष के रूप में तीन साल के एक और कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त किया है। मुझ पर इस विश्वास, समर्थन और मार्गदर्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभारी हूं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर का भी धन्यवाद। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा जी के प्रति भी मैं आभार व्यक्त करता हूं।

**केरल स्थानीय निकाय चुनाव**

# भाजपा के प्रदर्शन में सुधार पर नड्डा ने मतदाताओं का जताया आभार

**नई दिल्ली।** केरल के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन में हुए सुधार के लिए पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को राज्य के मतदाताओं का आभार जताया और कहा कि उनकी पार्टी सत्तारूढ़ माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की भ्रष्ट, साम्प्रदायिक और पाखंड की राजनीति को उजागर करती रहेगी। वाममोर्चा इन चुनावों में विजई हुआ है तो यूडीएफ दूसरे स्थान पर है। भाजपा तीसरे स्थान पर है और उसके प्रदर्शन में पहले की अपेक्षा सुधार हुआ है। नड्डा ने ट्वीट कर कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन में सुधार के लिए मैं केरल की जनता को धन्यवाद देता हूं। केरल भाजपा और उसके अध्यक्ष के सुरेन्द्रन ने कड़ी मेहनत की। इस जनादेश के साथ भाजपा एलडीएफ और यूडीएफ की भ्रष्ट, साम्प्रदायिक और पाखंड की राजनीति को उजागर करती रहेगी। अगले साल अप्रैल-मई महीने में केरल में विधानसभा के चुनाव होने हैं। कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए 1,200 स्थानीय स्वशासी निकायों में छह नगर निगमों सहित कुल 21,893 वार्डों, 941 ग्राम पंचायतों, 14 जिला पंचायतों और 87 नगर पालिकाओं में आठ, 10 और 14 दिसंबर को तीन चरणों में मतदान हुआ था।

# नई शिक्षा नीति का लक्ष्य समानता वाला समाज बनाना है : कस्तूरीरंगन

**पुणे।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का मसौदा तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष डॉक्टर के. कस्तूरीरंगन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की नई शिक्षा नीति का दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करना है कि वह प्रत्येक नागरिक के जीवन को छुए और न्यायपूर्ण तथा समानता भरे समाज की स्थापना करे।

सिमबॉयसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के 17वें दीक्षांत समारोह में कस्तूरीरंगन ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा, भारत की नई शिक्षा प्रणाली इस दृष्टिकोण से तैयार की गई है कि वह सुनिश्चित रूप से प्रत्येक नागरिक के जीवन को छुए, उनकी जरुरतों के हिसाब से हो और एक न्यायपूर्ण तथा समानता भरे समाज की स्थापना करे।

# आईएसआईएस से संपर्क के अपराध में बीटेक कर चुके युवक को जेल

**नई दिल्ली।** एनआईए की विशेष अदालत ने चेन्नई से बीटेक कर चुके एक युवक को सीरिया में लड़ने के लिए आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के साथ जुड़ने और विभिन्न अपराधों के जुर्म में दोषी ठहराया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इस बारे में बताया। पटियाला हाउस, नई दिल्ली में एनआईए की विशेष अदालत ने मोहम्मद नसीर के खिलाफ बुधवार को फैसला सुनाया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने यूए(पी) कानून और भादंसं की धाराओं के तहत दिसंबर 2015 में मामला दर्ज किया था। मामले में सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों के जरिए आईएसआईएस के लिए मुस्लिम युवाओं की भर्ती कर भारत में अपना ठिकाना बनाने के लिए आईएसआईएस की साजिश को उजागर किया गया था। एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया, इसके बाद कुछ ज्ञात और कुछ अज्ञात भारतीय युवकों ने अलग-अलग तरीके से आईएसआईएस के प्रति अपनी एकजुटता, समर्थन प्रदर्शित किया या अपने आका के निर्देश पर आईएसआईएस से जुड़ने विदेश चले गए। जांच पूरी होने के बाद एनआईए ने इस साल तीन जून को नसीर समेत 16 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था।

इस मामले में 15 आरोपियों को पूर्व में 10 साल तक की सजा सुनाई गई थी। बीटेक कर चुका और प्रमाणित एथिकल हैकर नसीर 2014 में दुबई में वेब डेवलपर के तौर पर काम करता था। बाद में वह कट्टरपंथ के रास्ते पर चला गया।

# पेज 1 का शेष

## किसानों से...

दे रही है कि फिलहाल इन पर अमल स्थगित रखा जाये ताकि किसान सरकार के साथ बातचीत कर सकें। पीठ ने कहा कि हम किसानों की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। हम भी भारतीय हैं लेकिन हम ये चीजें जो शक्ल ले रही हैं उसे लेकर चिंतित हैं। पीठ ने कहा कि वे (विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान) भीड़ नहीं हैं। न्यायालय ने कहा कि वह विरोध कर रही किसान यूनियनों पर नोटिस की तामील करने के आदेश पारित करेगा और उन्हें शीतकालीन अवकाश के दौरान अवकाशकालीन पीठ के पास जाने की छूट प्रदान करेगा। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने टिप्पणी की कि वह किसानों के विरोध प्रदर्शन के अधिकार को मानती है लेकिन इस अधिकार को निर्बाध रूप से आने जाने और आवश्यक वस्तुयें तथा अन्य चीजें प्राप्त करने के दूसरों के मौलिक अधिकारों का अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। पीठ ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन करने वालों से दूसरों के मौलिक अधिकारों के संरक्षण का अधिकार पुलिस और प्रशासन को दिया गया है। पीठ ने कहा कि अगर किसानों को इतनी ज्यादा संख्या में शहर में आने की अनुमति दी गयी तो इस बात की गारंटी कौन लेगा कि वे हिंसा का रास्ता नहीं अपनायेंगे? न्यायालय इसकी गारंटी नहीं ले सकता। न्यायालय के पास ऐसी किसी भी हिंसा को रोकने की कोई सुविधा नहीं है। यह पुलिस और दूसरे प्राधिकारियों का काम है कि वे दूसरों के अधिकारों की रक्षा करें।' पीठ ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के अधिकार का मतलब पूरे शहर को अवरूद्ध करना नहीं हो सकता। न्यायालय ने कहा कि पुलिस और प्रशासन को विरोध कर रहे किसानों को किसी भी तरह की हिंसा में शामिल होने के लिये उकसाना नहीं चाहिए। शीर्ष अदालत ने 1988 में बोट क्लब पर किसानों के विरोध प्रदर्शन का भी जिक्र किया और कहा कि उस समय किसान संगठनों के आन्दोलन से पूरा शहर ठहर गया था। न्यायालय ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (भानु), अकेला किसान संगठन जो उसके सामने है, से कहा कि सरकार के साथ बातचीत किये बगैर वे लगातार विरोध जारी नहीं रख सकते हैं। पीठ ने कहा कि आप सरकार से बात किये बगैर सालों साल विरोध में धरना नहीं दे सकते। हम पहले ही कह चुके हैं कि हम विरोध प्रकट करने के आपके अधिकार को मानते हैं लेकिन विरोध का कोई मकसद होना चाहिए।

## तोमर ने...

गए हैं। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के नए रिकॉर्ड बनाए हैं और वह खरीद केंद्रों की संख्या भी बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि लेकिन कुछ लोग किसानों से झूठ बोल रहे हैं कि एमएसपी बंद कर दी जाएगी। किसानों से आग्रह है कि राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित कुछ लोगों द्वारा फैलाए जा रहे इस सफेद झूठ को पहचानें और इसे सिरे से खारिज करें। तोमर ने कहा कि जो सरकार किसानों को लागत का डेढ़ गुना एमएसपी दे रही है और जिसने पिछले छह साल में एमएसपी के जरिए लगभग दोगुनी राशि किसानों के खाते में पहुंचाई, वह सरकार एमएसपी कभी बंद नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि एमएसपी जारी है और जारी रहेगी। मंडिया चालू हैं और चालू रहेंगी। एपीएमसी को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। कृषि उपज मंडियां पहले की तरह काम करती रहेंगी। बीते 5 वर्षों में कृषि मंडियों को आधुनिक बनाने के लिए सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए हैं। उन्हें आने वाले समय में और आधुनिक बनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि जिन लोगों की राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है वह लोग पूरी तरह से यह 'काल्पनिक झूठ' फैला रहे हैं कि किसानों की जमीन छीन ली जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून में साफ उल्लेख है कि जमीन पर किसान का ही मालिकाना हक रहेगा। सरकार नीयत और नीति दोनों से किसानों के लिए प्रतिबद्ध है। तोमर ने कहा कि इस पत्र के माध्यम से आप से हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि ऐसे किसी भी बहकावे में आए बिना तथ्यों के आधार पर चिंतन मनन करें। आपकी हर शंका आशंका को दूर करना, उसका उत्तर देना हमारी सरकार का दायित्व है। हम अपने इस दायित्व से ना कभी पीछे हटे हैं, ना कभी पीछे हटेंगे। उन्होंने कहा कि आप विश्वास रखिए, किसानों के हित में किए गए सुधार भारतीय कृषि में नए अध्याय की नींव बनेंगे, देश के किसानों को और स्वतंत्र करेंगे, सशक्त करेंगे। इन्हीं सुधारों की ऊर्जा से हम मिलकर भारत की कृषि को समृद्ध और संपन्न बनाएंगे।

## बिचौलियों की...

प्रतिस्पर्धा हो और किसानों को ज्यादा कीमत मिले इस लिए कृषि कानून लेकर आए हैं। किसान कहीं भी जा कर अपनी फसल बेच सकता है। मंडी के अलावा बाहर किसी प्रकार का कोई टैक्स नहीं लगेगा। उन्होंने कहा पिछली सरकारों में एक के बाद एक चीनी मिलें बंद हो रही थी। 6 वर्षों तक गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं हुआ था। हमने रिकॉर्ड 1 लाख 12 हजार करोड़ रुपये गन्ना मूल्य भुगतान किया। चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे। उनके क्षेत्र रमाला के लोगों की 30 वर्षों से मांग थी कि चीनी मिल का नवीनीकरण और विस्तारीकरण किया जाए, हमने ये काम किया। नई और आधुनिक चीनी मिलें भी लगाएंगे। हम गन्ने के रस से सीधे एथेनाल बना रहे हैं। बायो फ्यूल की यूनिटें लग रही है ताकि फसलों के साथ ही किसानों को पराली का भी अतिरिक्त दाम मिल सके। उन्होंने कहा कि हमने मंडी समिति को ई-नाम से जोड़ा है। 800 से अधिक मंडियां ई-नाम से जुड़ी हुई हैं। मंडियों को तकनीक और बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ जोड़ रहे हैं। विपक्ष गुमराह कर रहा है कि मंडी बंद हो जाएगी। विपक्ष पहले किसान सम्मान निधि को चुनावी शिगूफा बताता था। 22000 करोड़ रुपये से अधिक निधि किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। 4300 करोड़ की नई किश्त आने वाली है जो किसानों के खातों में सीधे जाएगी।

## केंद्र ने...

संदर्भ में ड्यूटी में कथित लापरवाही को लेकर केंद्र ने तीन आईपीएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आने का निर्देश दिया था। नाराज बनर्जी ने कहा, यह कदम, खासकर चुनाव से पहले संघीय ढांचे के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। यह पूरी तरह असंवैधानिक और पूरी तरह अस्वीकार्य है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि पांडे को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो में पुलिस अधीक्षक बनाया गया है जबकि त्रिपाठी को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में उपमहानिरीक्षक के तौर पर नियुक्ति दी गई है। वहीं, मिश्रा को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में महानिरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। पत्र की प्रति पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को भी भेजी गई है। अखिल भारतीय सेवा के किसी भी अधिकारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बुलाने से पहले राज्य सरकार की सहमति लेनी पड़ती है।

## भारत-बांग्लादेश...

पड़ोस प्रथम नीति का प्रमुख स्तम्भ बताते हुए कहा कि बांग्लादेश के साथ संबंधों में मजबूती और गहराई लाना उनकी विशेष प्राथमिकता रही है तथा कोविड-19 के कठिन समय में दोनों देशों के बीच अच्छा सहयोग रहा है। मोदी ने बांग्लादेश की अपनी समकक्ष शेख हसीना के साथ ऑनलाइन शिखर वार्ता में यह बात कही। वहीं, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत को अपने देश का सच्चा मित्र करार देते हुए पाकिस्तान के खिलाफ 1971 के मुक्ति संग्राम में समर्थन देने के लिए भारत का आभार जताया। डिजिटल माध्यम से शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए हसीना ने कहा कि वह अपने भारतीय समकक्ष के साथ मुलाकात से काफी प्रसन्न हैं, खासतौर पर विजय के इस महीने में। हसीना ने भारत में कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई और आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसा कदम उठाने के लिए बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले साल मार्च में बांग्लादेश का दौरा करेंगे और पड़ोस मुल्क की स्वतंत्रता और भारत-बांग्लादेश राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ पर होने वाले समारोहों में शिरकत करेंगे। मोदी ने हसीना के न्यौते को स्वीकार कर लिया है।

## अमृतसर में...

कर आतंकी भारतीय क्षेत्र में घुसने के फिराक में थे। इस इलाके में कोहरे के कारण सेना ने गहन तलाशी अभियान छेड़ रखा है। जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर आतंक-रोधी ग्रिड के मुस्तैद होने से पाकिस्तान की सेना और उसके दहषतगर्द सहयोगियों ने पिछले कुछ महीनों में पंजाब सीमा से घुसपैठ कराने की कोषिषें तेज कर दी हैं।

## सेना की...

(स्वीकार्यता मंजूरी) दी जाएगी। खरीद प्रस्तावों में डीआरडीओ द्वारा तैयार वायु सेना के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली (हवाई जहाजों की मौजूदगी के बारे में), नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के गश्ती पोत और थल सेना के लिए मॉड्यूलर ब्रिगेड शामिल हैं। वायु सेना की योजना कम से कम छह एईडब्ल्यूसी सिस्टम को शामिल करने की है। इन्हें एयर इंडिया से लिए गए विमानों पर तैनात किया जाएगा। ये आधुनिक विमान वायुसेना को ऐसी ताकत देंगे कि अपने क्षेत्र में उड़ते हुए पाकिस्तान और चीन के अंदर दूर तक देखने में सक्षम होंगे। इन्हें बनाने पर 10,000 करोड़ रुपये की लागत आएगी। अल्ट्रा आधुनिक रडार किसी भी शत्रुतापूर्ण गतिविधि के बारे में नवीनतम और वास्तविक समय की जानकारी देने में सक्षम होंगे। रडार में निगरानी के लिए 360 डिग्री घूमने की क्षमता होगी। वर्तमान में वायुसेना के पास चार इजराइली निर्मित फाल्कन एडब्ल्यूएसीएस मौजूद हैं। इन एडब्ल्यूएसीएस के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम रूस निर्मित आईएल-76 विमानों पर फिट किए गए हैं। ये हवाई राडार दस घंटे से भी अधिक समय तक हवा में रह सकते हैं और पाकिस्तान में 400 किमी से अधिक की दूरी तक किसी भी गतिविधि को पकड़ सकते हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा कि खरीद की कुल राशि में से 25,000 करोड़ रुपये स्वदेशी डिजाइन के लिए स्वीकृत किए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 की नई व्यवस्था के तहत डीएसी की यह पहली बैठक थी।

## आस्ट्रेलियाई ओपन आठ फरवरी से

**लंदन।** कोरोना महामारी के कारण 2021 के संशोधित टेनिस कैलेंडर के मुताबिक आस्ट्रेलियाई ओपन आठ फरवरी से शुरू होगा जबकि आम तौर पर यह जनवरी में खेला जाता है। एटीपी ने कहा कि सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम के लिए पुरूष वर्ग के क्वालीफाइंग मुकाबले 10 से 13 जनवरी तक कतर की राजधानी दोहा में होंगे। टूर्नामेंट से पहले मेलबर्न में खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को 14 दिन पृथकवास में रहना होगा। टूर्नामेंट की तैयारी के लिए 12 टीमों का एटीपी कप, एडीलेड इंटरनेशनल और एक अतिरिक्त टूर्नामेंट भी खेला जाएगा।

## खेल मंत्रालय ने योगासन को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मान्यता दी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने गुरूवार को योगासन को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में औपचारिक तौर पर मान्यता दे दी जिससे इसे सरकारी सहायता मिल सकेगी। खेल मंत्री किरेन रीजीजू और आयुष (आयुर्वेद, योग , नैचुरोपैथी, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी) मंत्री श्रीपाद एस्सो नाईक ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान योगासन को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मान्यता दी। योगासन लंबे समय से प्रतिस्पर्धी खेल है। लेकिन इसे भारत सरकार से मान्यता मिलने की जरूरत थी ताकि यह आधिकारिक और मान्य प्रतिस्पर्धी खेल बन सके। आज बड़ा दिन है और हम इसे प्रतिस्पर्धी खेल के तौर पर औपचारिक रूप से लांच कर रहे है।

## वाडा को वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए 10 लाख डॉलर देने का वादा

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के वैज्ञानिक अनुसंधान बजट में 10 लाख डॉलर देने का वादा किया है जो दुनिया की अन्य सरकारों के बीच सर्वोच्च योगदान है। भारत ने यह अनुदान उस समय दिया है जब राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) के निलंबन के कारण देश के डोपिंग रोधी कार्यक्रम पर प्रतिकूल असर पड़ा है। वाडा अगले साल की शुरूआत एनडीटीएल का निरीक्षण करेगा। इस प्रस्तावित धनराशि से वाडा को आधुनिक स्तर की डोपिंग रोधी परीक्षण और पहचान प्रणाली विकसित करने में मदद मिलेगी।

## ईपीएल : टोटेनहम को हराकर शीर्ष पर लीवरपूल

**लीवरपूल।** राबर्टो फर्मिनो के 90वें मिनट में किए गए गोल की मदद से लीवरपूल ने टोटेनहम को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। पिछले साल 30 साल में पहली बार खिताब जीतने वाली लीवरपूल के लिए ब्राजीली स्ट्राइकर फर्मिनो ने हेडर पर विजई गोल दागा। लीवरपूल ने 90 मिनट तक खेल पर दबदबा बनाए रखा और गेंद पर 76 प्रतिशत नियंत्रण उसके पास था। उसके लिए मोहम्मद सालाह ने 26वें मिनट में गोल दागा हालांकि सोन ह्यूंग मिन ने पहले हाफ में ही बराबरी का गोल कर दिया था।

# कोहली का रन आउट होना पड़ा भारी

**● आस्ट्रेलिया ने भारत पर दबाव बनाया**

**● पहला टेस्ट : कंगारुओं ने छह विकेट 233 रन पर निकाले**



**भाषा। एडीलेड**

एक छोर संभालकर खेलते नजर आ रहे भारतीय कप्तान विराट कोहली के गलत समय पर रन आउट होने का खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा और दिन रात के पहले क्रिकेट टेस्ट के शुरूआती दिन गुरूवार को आस्ट्रेलिया ने उसके छह विकेट 233 रन पर निकाल दिए।

कोहली 74 रन बना चुके थे और शतक की ओर बढते नजर आ रहे थे। उपकप्तान अजिंक्य रहाणे ने उन्हें एक रन लेने के लिए पुकारा लेकिन बाद में पीछे हट गए। दूसरी नई गेंद लिए जाने से कुछ समय पहले ही कोहली रन आउट हो गए। यह टेस्ट क्रिकेट में दूसरा अवसर है जबकि कोहली रन आउट हुए। इससे पहले 2012 में एडीलेड में ही वह रन आउट हो गए थे। एक समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 188 रन था जो छह विकेट पर 206 हो गया। दूधिया रोशनी में गुलाबी गेंद की रफ्तार और स्विंग निचले मध्यक्रम के बल्लेबाज नहीं झेल सके।पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रविचंद्रन अश्विन 15 और रिधिमान साहा नौ रन बनाकर खेल रहे थे। पहले दिन पिच बल्लेबाजों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण थी। पहले चेतेश्वर पुजारा और फिर कोहली ने काफी संभलकर बल्लेबाजी की। कोहली ने अपनी पारी में 180 गेंदों का सामना किया। वहीं पुजारा ने 160 गेंद में 43 रन बनाए। रहाणे ने 91 गेंद में 42 रन की पारी खेली। कोहली और रहाणे ने तीसरे सत्र में 88 रन जोड़े और भारत को अच्छे स्कोर की तरफ ले जाते दिख रहे थे कि कोहली आउट हो गए। इसके बाद रहाणे भी अपना विकेट मिशेल स्टार्क को गंवा बैठे जिन्होंने 49 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले दोनों सत्रों में भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद रक्षात्मक खेल दिखाई और टॉस जीतकर बल्लेबाजी के बाद शुरूआत धीमी रही। पुजारा ने एक चौका लगाने के लिए 148 गेंदों का इंतजार किया। डिनर के बाद स्पिनर नाथन लियोन ने उन्हें काफी परेशान किया। उन्होंने लियोन को दो चौके लगाए लेकिन उनकी आफ ब्रेक गेंद पर गली में मार्नस लाबुशेन को आसान कैच देकर आउट हुए। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए कप्तान विराट कोहली के साथ 68 रन की साझेदारी की लेकिन दबाव नहीं हटा सके।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :** साव बो स्टार्क 0,अग्रवाल बो कमिंस 17,पुजारा का लाबुशेन बो लियोन 43,कोहली रन आउट 74,रहाणे पगबाधा बो स्टार्क 42,विहारी पगबाधा बो हेजलवुड 16, साहा नाबाद 9,अश्विन नाबाद 15, **अतिरिक्त :** 17 रन,**कुल योग :** 89 ओवर मे छह विकेट पर 233 रन, **विकेट पतन :**।- 0, 2-32, 3-100, 4-188, 5-196, 6-206, **गेंदबाजी :** स्टार्क 19-4-49-2, हेजलवुड 20-6-47-1, कमिंस 19-7-42-1, ग्रीन 9-2 -15-0, लियोन 21- 2 - 68-1, लाबुशेन 1-0- 3-0

### कोहली का रन आउट होना बेहद महत्वपूर्ण : लियोन

**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली का पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरूआती दिन गुरूवार को यहां रन आउट होना बेहद महत्वपूर्ण मोड़ रहा जिससे मैच का पासा थोड़ा उनकी तरफ पलट गया। लियोन ने पहले दिन के खेल के बाद वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण था। इस तरह से विकेट हासिल करना और वह भी विराट का तो यह महत्वपूर्ण मोड़ था। वह बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था इसलिए इस तरह से विकेट मिलने से बहुत खुशी हुई।

## नरसिंह यादव, रवि दहिया विश्व कप से बाहर



**बेलग्रेड।** नरसिंह पंचम यादव की डोपिंग के कारण चार साल के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी यहां विश्व कप कुश्ती के क्वालीफिकेशन दौर में हार के साथ समाप्त हो गई जबकि तोक्यो ओलंपिक में जगह बना चुके रवि दहिया को भी शुरू में ही बाहर का रास्ता देखना पड़ा। नरसिंह फ्रीस्टाइल वर्ग के 74 किग्रा में उतरे थे जिसमें भारत ने अभी तक तोक्यो ओलंपिक के लिए कोटा हासिल नहीं किया है। नरसिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दी लेकिन आखिर में उन्हें जर्मनी के ओसमान कुबिले काकिसी से 9–10 से हार झेलनी पड़ी। जितेंदर किन्हा और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार भी इसी भार वर्ग में हैं। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि इन तीनों पहलवानों में से कौन ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता में खेलेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्व चैंपियनशिप के स्थान पर किया जा रहा है। जितेंदर इसमें हिस्सा नहीं ले रहे हैं क्योंकि वह स्टार पहलवान बजरंग पूनिया (65 किग्रा) के साथ अमेरिका में अभ्यास कर रहे हैं। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले रवि दहिया को हंगरी के गामजागादजी हालिदोव ने हराया। यह रवि के लिए चौंकाने वाले परिणाम है क्योंकि वह कभी आसानी से हार नहीं मानते। नरसिंह और रवि का रेपाशेज राउंड का रास्ता भी बंद हो गया क्योंकि उनको हराने वाले प्रतिद्वंद्वी भी क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए। इस बीच नवीन कुमार 70 किग्रा क्वार्टर फाइनल में किर्गीस्तान के इस्लामबेक ओरोजबेकोव से जबकि सुमित कुमार 125 किग्रा क्वालीफिकशेन में मोलदोवा के इगोर ओलार से हार गए। विश्व चैंपियनशिप 2019 के एक अन्य कांस्य पदक विजेता राहुल अवारे 61 किग्रा में हंगरी के रिचर्ड विलहेल्म और गौरव बालियान 79 किग्रा में इटली के आरोन कानेवा से भिड़ेंगे।

### भारत की अंशु मलिक को कुश्ती विश्व कप में रजत

**बेलग्रेड।** युवा अंशु मलिक 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक के साथ यहां व्यक्तिगत कुश्ती विश्व कप में पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला पहलवान रहीं। जूनियर वर्ग में पहचान बनाने के बाद सीनियर वर्ग में खेल रही अंशु ने इस स्तर पर तीन टूर्नामेंटों में अपना तीसरा पदक जीता है। बुधवार रात को हुए खिताबी मुकाबले में अंशु को मालदोवा की अनास्तासिया निचिता के खिलाफ 1-5 से हार झेलनी पड़ी। अंशु ने इसी साल नई दिल्ली में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था जबकि जनवरी मे रोम मे मातियो पेलिकोन टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल किया था। अंशु ने 57 किग्रा वर्ग में विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता पूजा ढांडा और अनुभवी सरिता मोर की मौजूदगी के बावजूद इस वर्ग में अपना दावा मजबूत किया है।

## पहले दो सत्र की रणनीति पर कोई खेद नहीं : पुजारा



**एडीलेड।** चेतेश्वर पुजारा को अपना पहला चौका जड़ने के लिए 148 गेंदों तक इंतजार करना पड़ा लेकिन भारत के इस सीनियर बल्लेबाज को ऐसा नहीं लगता है कि उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले जा रहे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के शुरूआती दिन गुरूवार को बेहद धीमी बल्लेबाजी की। पुजारा से मैच के बाद पूछा गया कि क्या वह अपनी पारी में थोड़ा तेजी दिखा सकते थे, तो सौराष्ट्र के इस बल्लेबाज ने न में जवाब दिया। उन्होंने भारत के पहले सत्र में 41 और दूसरे सत्र में 66 रन बनाने का बचाव किया। उन्होंने कहा, नहीं कतई नहीं। पहले दो सत्र में हम बहुत अच्छी स्थिति में थे। जब गेंद स्विंग कर रही थी तो हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत थी कि हम विकेट न गंवाए। यह टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से शानदार दिन था और रणनीति को लेकर हमें कोई खेद नहीं है। हम शॉट खेलकर अधिक विकेट नहीं गंवा सकते थे और नहीं चाहते थे कि हमारी पूरी टीम दिन में आउट हो जाए। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी शैली का भी बचाव किया क्योंकि विकेट शॉट खेलने के लिए उपयुक्त नहीं था।

### टेस्ट में लाल गेंद की जगह गुलाबी गेंद होनी चाहिए : वॉर्न

**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के महान स्पिनर शेन वॉर्न ने सभी टेस्ट मैचों में लाल गेंद की जगह गुलाबी गेंद को रखने की पैरवी करते हुए कहा कि लाल गेंद से गेंदबाज को कोई मदद नहीं मिलती। गुलाबी गेंद दिन रात के टेस्ट में इस्तेमाल की जाती है। वॉर्न ने फॉक्स क्रिकेट से कहा , मैं पिछले कुछ साल से कहता आ रहा हूं। मेरा मानना है कि सभी टेस्ट मैचों में गुलाबी गेंद इस्तेमाल होनी चाहिए। दिन के मैचों में भी। गुलाबी गेंद को देखने में आसानी होती है। दर्शक भी आसानी से देख सकते हैं। यह टीवी पर भी अच्छी लगती है। इसलिए हमेशा गुलाबी गेंद का इस्तेमाल करना चाहिए।

## आमिर ने क्रिकेट को अलविदा कहा

**भाषा। कराची**

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने गुरूवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला करते हुए आरोप लगाया कि उनका राष्ट्रीय बोर्ड प्रबंधन उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। पाकिस्तान की वेबसाइट खेल–शेल द्वारा जारी वीडियो साक्षात्कार में 28 साल के इस तेज गेंदबाज ने यह हैरानी भरी घोषणा की। अभी श्रीलंका में मौजूद आमिर ने स्पॉट फिक्सिंग में शामिल होने के कारण लगे प्रतिबंध के संदर्भ में कहा, मैं इस बार क्रिकेट को अलविदा कह रहा हूं क्योंकि मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। मैं अब इस प्रताड़ना का सामना नहीं कर सकता। मैंने 2010 से 2015 तक प्रताड़ना का सामना किया, कारण चाहे कुछ भी रहा हो मैं क्रिकेट से दूर रहा। मैंने सजा का सामना किया और सब कुछ किया। उन्होंने कहा, लेकिन लगातार हो रही इस चर्चा से मैं प्रताड़ित महसूस कर रहा हूं कि पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) ने मेरे ऊपर निवेश किया। मैं मौजूदा प्रबंधन के अंतर्गत नहीं खेल सकता।

## मुश्ताक अली ट्रॉफी : अहमदाबाद में नॉकआउट, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई में होंगे मैच

**भाषा। मुंबई**




अहमदाबाद के सरदार पटेल स्टेडियम में सैयद मुश्ताक अली टी20 चैम्पियनशिप के नॉकआउट मैच होंगे। ए मैच 20 से 31 जनवरी के बीच खेले जाएंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा सभी प्रदेश संघों के सचिवों को भेजे गए पत्र के अनुसार टीमें छह समूहों में बांटी जाएंगी। इनमें पांच एलीट समूह और एक प्लेट समूह होगा। लीग चरण के मैच मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, इंदौर, चेन्नई और वडोदरा में खेले जाएंगे। पत्र में कहा गया , बीसीसीआई घरेलू सत्र की शुरूआत सैयद मुश्ताक अली टी20 चैम्पियनशिप से 10 जनवरी को करेगा। शाह ने कहा , टीमों को अपने अपने मेजबान शहरों में दो जनवरी को एकत्र होना होगा। इसके साथ ही कोरोना वायरस टेस्ट भी होंगे जबकि प्रदेश के पृथकवास प्रोटोकॉल का भी पालन किया जाएगा। प्लेट समूह के मैच चेन्नई में होंगे जिसमें आठ टीमें होंगी। बाकी 30 टीमों को पांच एलीट समूहों में बांटा गया है जिसमें हर समूह में छह टीमें होंगी। नॉकआउट चरण 26 जनवरी से शुरू होगा जबकि क्वार्टर फाइनल 26 और 27 जनवरी को खेले जाएंगे।सेमीफाइनल 29 जनवरी को और फाइनल 31 जनवरी को अहमदाबाद में होगा। खिलाड़ियों के कोरोना टेस्ट दो, चार और छह जनवरी को होंगे। इसके नतीजे अगले दिन घोषित होंगे। नॉकआउट से पहले भी 20 और 22 जनवरी को कोरोना टेस्ट होंगे। कोरोना महामारी के कारण विलंब से शुरू हो रहे घरेलू सत्र का यह पहला टूर्नामेंट होगा।

## मुक्केबाजी विश्व कप: पंघाल फाइनल में, भारत के चार पदक पक्के, दल में पॉजिटिव कोविड मामला भी मिला



**नई दिल्ली।** अमित पंघाल (52 किग्रा) ने फाइनल में जगह बनाई जबकि तीन अन्य भारतीय मुक्केबाजों ने रिंग में उतरे बिना गुरुवार को जर्मनी के कोलोन में विश्व कप में पदक पक्के किए। भारतीय दल में हालांकि एक सहयोगी स्टाफ कोविड–19 पॉजिटिव भी पाया गया। एशियाई खेलों के चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता पंघाल ने सेमीफाइनल में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता फ्रांस के बिलाल बेनामा को हराया। बेनामा ने जब विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था तो पंघाल ने रजत पदक हासिल किया था। हरियाणा के मुक्केबाज ने एकतरफा मुकाबले में 5–0 से जीत दर्ज की। इससे पहले महिला वर्ग में तीन भारतीय मुक्कबाजों ने ड्रॉ में सीधे सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के किए। महिला वर्ग में पूजा रानी (75 किग्रा), मनीषा (57 किग्रा) और सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) कम खिलाड़ियों के कारण अपने अपने वर्ग में अंतिम चार से शुरुआत करेंगी। टीम के सहयोगी स्टाफ का एक सदस्य हालांकि कोविड–19 पॉजिटिव पाया गया। इस मामले के सामने आने के बाद दौरे पर गए मुक्केबाजों का एक और दौर का परीक्षण किया गया जिसमें कोई मुक्केबाज पॉजिटिव नहीं आया। फिजियो रोहित कश्यप कोविड–19 पॉजिटिव पाया गया है लेकिन मुक्केबाज ठीक हैं। उनका दोबारा परीक्षण कराया गया और वे नेगेटिव आए हैं। फिजियो को पृथकवास में रखा गया है और उसकी तबीयत ठीक है। चार बार के पदक विजेता शिव थापा (63 किग्रा) और संजीत (91 किग्रा) को मामूली चोटों के कारण टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

## भारत की गैस ढांचागत सुविधाओं में 60 अरब डॉलर निवेश की योजना: प्रधान



**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने देश में गैस ढांचागत सुविधाओं के विकास के लिए 2024 तक 60 अरब डॉलर के निवेश की योजना बनाई है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2030 तक ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों में गैस की हिस्सेदारी बढ़कर 15 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। फिलहाल देश के कुल ऊर्जा स्रोतों में गैस क्षेत्र की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत है। उद्योग मंडल एसोचैम के स्थापना दिवस सप्ताह 2020 समारोह में मंत्री ने कहा, निवेश के मोर्चे पर, हमने 2024 तक गैस संबंधी ढांचागत सुविधाओं के विकास में 60 अरब डॉलर के निवेश की योजना बनाई है। इसमें पाइपलाइन, एलएनजी टर्मिनल और सिटी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क शामिल है। हम कुल ऊर्जा में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाकर गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ा रहे हैं। ऊर्जा स्रोतों में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 2030 तक बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है जो अभी 6.2 प्रतिशत है।

## कृषि उत्पाद, दवाओं का निर्यात कोविड- 19 महामारी के दौरान भी बढ़ा: वाणिज्य सचिव

**नई दिल्ली।** कृषि और औषधि जैसे क्षेत्रों से कोविड– 19 महामारी के दौरान भी निर्यात बढ़ा है और इस स्थिति को आगे भी बनाए रखने की जरूरत है। वाणिज्य सचिव अनुप वाधवान ने बृहस्पतिवार को यह कहा। तमाम संकेत यह बता रहे हैं कि भारत जल्द ही कोविड–19 से पूर्व की स्थिति में लौट आएगा। जहां तक निर्यात की बात है कुछ क्षेत्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। यहां तक कि जब दुनियाभर में मंदी का दौर चल रहा था कृषि और औषधि क्षेत्र के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। वाधवान प्रमुख उद्योग संगठन पीएचडी वाणिज्य एवं उद्योग मंडल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## गडकरी ने इस्पात विनिर्माताओं को मुनाफाखोरी के प्रति सचेत किया, प्रधानमंत्री को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस्पात विनिर्माताओं को मुनाफाखोरी के प्रति सचेत करते हुए गुरुवार को कहा कि उन्होंने प्रमुख कंपनियों द्वारा पिछले छह महीनों में इस्पात की कीमत 55 प्रतिशत तक बढ़ाने की ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान आकर्षित किया है, जिसके चलते परियोजनाओं को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। सड़क परिवहन, राजमार्ग और एमएसएमई मंत्री ने आगे कहा कि अगर कंपनियां इस पर अंकुश लगाने में विफल रहीं तो सरकार को नीतियों में बदलाव करना होगा और परियोजनाओं में वैकल्पिक प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना होगा। उद्योग संगठन एसोचैम के एक कार्यक्रम में कहा कि टोल के लिए जीपीएस प्रणाली पर काम जारी है, जिसमें टोल का भुगतान स्वचालित रूप से तय की गई दूरी पर काटा जाएगा। पिछले छह महीनों में इस्पात की कीमतों में 55 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मैंने प्रधानमंत्री और इस्पात मंत्री (धर्मेंद्र प्रधान) को इस बारे में फैसला करने के लिए लिखा है।

# सेंसेक्स, निफ्टी का रिकॉर्ड उड़ान जारी

**● फेडरल रिजर्व के नरम रुख का असर**







**भाषा। मुंबई**

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नरम रुख से स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में नए रिकॉर्ड पर बंद हुए। वैशिक बाजारों के सकारात्मक रुख से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 223.88 अंक या 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 46,890.34 अंक के अपने नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। इसने कारोबार के दौरान 46,992.57 अंक का अपना सर्वकालिक उच्चस्तर भी छुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 58 अंक या 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,740.70 अंक की नई ऊंचाई पर बंद हुआ। इसने कारोबार के दौरान 13,773.25 अंक का अपना सर्वकालिक उच्चतम स्तर भी छुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी का शेयर सबसे अधिक 2.92 प्रतिशत चढ़ गया। बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एलएंडटी के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर ओएनजीसी, मारुति, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज ऑटो और सन फार्मा के शेयरों में 1.55 प्रतिशत तक की गिरावट आई। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने कहा है कि रोजगार और मुद्रास्फीति के स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति होने तक वह भारी–भरकम मौद्रिक प्रोत्साहन जारी रखेगा। इससे वैश्विक बाजार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने मासिक आधार पर कम से कम 120 अरब डॉलर के बांड की खरीद की भी प्रतिबद्धता जताई है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एफओएमसी के ब्याज दरों में बदलाव नहीं करने के फैसले और प्रोत्साहनों को जारी रखने के आश्वासन के बाद बाजार में तेजी आई। इसके अलावा बाजार और प्रोत्साहन पैकेजों, ब्रेक्जिट पर प्रगति तथा वैक्सीन से जुड़े घटनाक्रमों की वजह से चढ़ रहे हैं।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के गिरावट से बाहर आने के संकेत: क्रेडिट सुइस

**मुंबई।** भारत की अर्थव्यवस्था में गिरावट के बाद उससे बाहर आने और तेजी के संकेत दिखने लगे है। क्रेडिट सुइस की रिपोर्ट के अनुसार कई साल तक मध्यम अवधि में आर्थिक वृद्धि दर के परिदृश्य को लेकर अनुमान को कम रखा गया था, अब इसे बढ़ाए जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 के मुकाबले 2021-22 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर अनुमान के तहत अक्टूबर 2020 के बाद आर्थिक गिरावट रुक गई है (फिलहाल इसमे एक प्रतिशत की गिरावट है)। क्रेडिट सुइस के विश्लेषकों का अनुमान है कि इन अनुमानों को अब बढ़ाए जाने की उम्मीद है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 73.59 प्रति डॉलर पर लगभग अपरिवर्तित

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारो में मजबूती के रुख और विदेशी बाजारो मे डॉलर के कमजोर रहने के बावजूद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया एक पैसे की गिरावट के साथ 73.59 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि डॉलर के अंत:प्रवाह को समेटने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण रुपए में स्थिरता बनी रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सुबह रुपया, प्रति डालर 73.52 पर खुला।

## एबीपी नेटवर्क ने दी नई विज़ुअल पहचान

**नई दिल्ली।** एबीपी न्यूज़ ने अपने सभी चैनलों- एबीपी न्यूज़, एबीपी आनंदा, एबीपी माझा, एबीपी गंगा, एबीपी अस्मिता और एबीपी सांझा के लिए नए लोगो जारी किए हैं, साथ ही अपने नेटवर्क विस्तार के तहत ने डिजिटल प्लेटफॉर्म एबीपी लाईव के लिए भी नए लोगो का अनावरण किया है। उद्योग जगत में एबीपी के चैनलों की निडरता, गतिशीलता और विचार-नेतृत्व का बेहतर प्रतिनिधित्व करने तथा देश एवं इसके लोगों के साथ ब्राण्ड के जुड़ाव को दर्शाने के लिए इस नई पहचान को डिज़ाइन किया गया है। भारत के निरंतर विकास की कहानी की क्षमता को उजागर करना इस बदलाव के पीछे मूल उद्देश्य है। नए लोगो के अनावरण के अवसर पर अविनाश पाण्डेय, सीईओ, ने कहा, ''इस बदलाव की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

## महिंद्रा समूह की पांच लाख और युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना

**मुंबई।** महिंद्रा समूह ने अपने विभिन्न कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत अगले पांच साल मे पांच लाख युवाओ को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई है। एक बयान के अनुसार समूह पिछले 15 साल मे महिंद्रा प्राइड स्कूल्स एंड क्लासरूम्स जैसी पहलों के जरिए पांच लाख युवाओं को कुशल बना चुका है। साथ ही उसने एक लाख रोजगार के अवसरों का सृजन किया है।

## फ्रेंकलिन टेम्पलेटन की छह बंद की गई योजनाओं से अब तक 11,907 करोड़

**नई दिल्ली।** फ्रेंकलिन टेम्पलेटन म्यूचुअल फंड ने बृहस्पतिवार का कहा कि उसकी छह योजनाओं को इस साल अप्रैल में बंद किए जाने के बाद से अब तक इनमें परिपक्वता, समय से पहले भुगतान और कूपन भुगतानों के रूप में 11,907 करोड़ रुपए प्राप्त हुए है। फ्रेंकलिन टेम्पलेटन म्यूचुअल फंड ने इस साल 23 अप्रैल को अपनी छह ऋण उत्पादों के निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड योजनाओं को बंद कर दिया था।

## अग्रिम कंपनी कर संग्रह तीसरी तिमाही में 49 प्रतिशत उछलकर 1.09 लाख करोड़ रुपए पहुंचा: सीबीडीटी सूत्र

**भाषा। मुंबई**

कंपनियों का अग्रिम कर भुगतान चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 49 प्रतिशत उछलकर।,09,506 करोड़ रुपए पहुंच गया। सीबीडीटी सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह देश में अर्थव्यवस्था के पुनरूद्धार का एक और संकेत है। इस बढ़ोतरी का कारण मुख्य रूप से पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में तुलनात्मक आधार का कमजोर होना हो सकता है। सरकार ने पिछले वित्त वर्ष 2019–20 की तीसरी तिमाही में कंपनी कर की दर कम कर 25 प्रतिशत कर रिकार्ड निम्न स्तर पर ला दिया था।

इससे कंपनियों के कर भुगतान में कमी आई थी। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में अग्रिम कंपनी कर संग्रह 73,126 करोड़ रुपए था। सूत्र ने पीटीआई–भाषा से कहा कि आलोच्य तिमाही में सकल कर संग्रह 7,33,715 करोड़ रुपए रहा जबकि शुद्ध संग्रह 5,87,605 करोड़ रुपए रहा। तीसरी तिमाही के दौरान विभाग ने।,46,109 करोड़ रुपए करदाताओं को वापस किए जो पिछले वित्त वर्ष 2019–20 की इसी तिमाही में वापस किए गए।,58,988 करोड़ रुपए के मुकाबले 8.1 प्रतिशत कम है।

## नियामकीय सैंडबॉक्स: आरबीआई ने और आवेदन आमंत्रित किए

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने नियामकीय सैंडबॉक्स (आरएस) के तहत सीमापार भुगतान के नियमो के प्रयोग के विषय पर इकाइयो के दूसरे समूह की घोषणा की है। इसके साथ ही केन्द्रीय बैंक ने इसमें भाग लेने की इच्छुक इकाइयों के लिए शुद्ध माली हालत (नेट-वर्थ) की शर्त हल्की की है। नियामकीय सैंडबॉक्स से तात्पर्य नए उत्पादों और सेवाओं का नियंत्रित दायरे में रहते हुए जीवंत परीक्षण करना है।

### आयातित कोयले के बदले घरेलू आपूर्ति की योजना

**कोलकाता।** देश में हर साल कोयला आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड चालू वित्त वर्ष के दौरान आठ से साढे आठ करोड़ टन आयातित कोयले के बदले घरेलू आपूर्ति का विकल्प उपलब्ध कराएगी।

## भारत में स्मार्टफोन की बिक्री अक्टूबर में 42 प्रतिशत बढ़कर 2.1 करोड़ इकाई पर

**भाषा। नई दिल्ली**

भारत में स्मार्टफोन की बिक्री अक्टूबर में 42 प्रतिशत बढ़कर 2.1 करोड़ इकाई पर पहुंच गई। यह स्मार्टफोन की मासिक बिक्री के लिहाज से दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। शोध कंपनी आईडीसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि अक्टूबर में ऑनलाइन बिक्री के कई कार्यक्रमों की वजह से स्मार्टफोन के बाजार में बढ़ोतरी हुई है। आईडीसी ने हालांकि कहा कि 2020 के पूरे साल में स्मार्टफोन की बिक्री का कुल आंकड़ा पिछले साल से कम रहेगा। हालांकि, यह गिरावट एक अंक में रहेगी।

### गूगल ने भारत में इंटरनेट को बढ़ावा देने के लिए भाषा क्षमताओं को मजबूत किया

**नई दिल्ली।** गूगल ने गुरुवार को कहा कि वह ऐसी क्षमताओं को जोड़ रहा है, जिससे लोगों को अतिरिक्त भारतीय भाषाओं में खोज परिणाम पाने और गूगल मैप पर नेविगेट करने में आसानी होगी। गूगल ने कहा कि इसके अलावा लोग हिंदी में गणित के सवाल हल करना भी सीख सकेंगे। गूगल इंडिया के कंट्री हेड और उपाध्यक्ष संजय गुप्ता ने एक आभासी कार्यक्रम गूगल ए10एन में कहा कि गूगल ने इंटरनेट पर स्थानीय भारतीय भाषाओं के कंटेंट की खपत, संवाद और सृजन से संबंधित चुनौतियों के समाधान के तहत ए विशेषताएं जोड़ी है।




टोकियो के हराजूकू की एक व्यस्त बाजार में कोरोना वायरस से बचने के लिए मास्क पहने जाते लोग

# बाइडन के शपथ ग्रहण समारोह में नहीं जुटेगी भीड़

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन करने वाली समिति ने लोगों से अपील की है कि वे कोरोना वायरस के मद्देनजर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल न हों।

प्रेसिडेंशियल इनऑगरेशन कमेटी (पीईसी) ने लोगों से अपील की है कि वे शपथ ग्रहण समारोह की गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए यात्रा करने से बचें। वहीं शपथ ग्रहण समारोह से संबंधित ज्वाइंट कांग्रेसनल कमेटी (जेसीसीआईसी) ने कहा है कि कोविड-19 से संबंधित एहतियातों की वजह से कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की संख्या में बड़ी कमी की जाएगी।



शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए आम तौर पर कांग्रेस के सदस्य और उनके क्षेत्रों के मतदाताओं के बीच 2,00,000 टिकटों का वितरण होता है, लेकिन इस बार आयोजक सिर्फ करीब 1,000 टिकटों का वितरण करेंगे, यानी कांग्रेस के निर्वाचित 535 सदस्य और उनके साथ एक अतिथि ही शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा ले सकते हैं।

पीआईसी के कार्यकारी अधिकारी टॉनी एलन ने बताया, हमारा लक्ष्य एक ऐसे समारोह के आयोजन का है, जो लोगों को सुरक्षित रखता हो और राष्ट्रपति पद से जुड़ी संस्कृतियों का सम्मान करता हो और बाइडन-हैरिस प्रशासन की समावेशी, बराबरी और एकीकृत अमेरिका की दृष्टि का प्रदर्शन करता हो।

नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस स्वास्थ्य संबंधी कड़े नियमों के बीच महामारी काल में आयोजित ऐतिहासिक समारोह में शपथ लेंगे। जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के अनुसार अमेरिका में अब तक 303,000 लोगों से ज्यादा की मौत कोरोना वायरस की वजह से हो चुकी है और अब तक 16,964,173 लोग संक्रमित हो चुके हैं।

## बाइडन और पेंस को जल्द ही कोविड-19 का टीका लगाया जाएगा

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और उप राष्ट्रपति माइक पेंस को जल्द ही कोविड-19 का टीका लगाया जाएगा।इस संबंध में जानकारी रखनेवाले सत्ता हस्तांतरण से संबंधित दो अधिकारियों ने बताया कि बाइडन को अगले सप्ताह तक सार्वजनिक तौर पर टीका लगाया जा सकता है। इस मामले के बारे में सार्वजनिक तौर पर जानकारी देने के लिए अधिकृत नहीं होने की वजह से अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर यह जानकारी दी।व्हाइट हाउस ने कहा कि पेंस और उनकी पत्नी केरन को सार्वजनिक तौर पर शुक्रवार को टीका लगाया जाएगा। बाइडन ने मंगलवार को कहा कि संक्रामक बीमारियों के देश के शीर्ष विशेषज्ञ डॉक्टर फाउची ने उन्हें सलाह दी है कि वह जल्द टीका लगाएं। बाइडन ने कहा था कि वह चाहते हैं कि स्वास्थ्य के मोर्चे पर अग्रिम पंक्ति में काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों और सबसे ज्यादा खतरे का सामना कर रहे लोगों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए टीका लगे। बहरहाल, उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सार्वजनिक तौर पर उन्हें टीका लगाए जाने से लोगों में टीकाकरण के प्रति विश्वास जगेगा।

# चीन की बढ़ती आक्रामकता के दौरान भारत के साथ खड़ा रहा अमेरिका : व्हाइट हाउस के अधिकारी

भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** के एक अधिकारी ने हांगकांग, ताइवान, दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा समेत दुनिया के अन्य हिस्सों में चीन की बढ़ती आक्रामकता पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि बीजिंग के साथ सैन्य गतिरोध के दौरान अमेरिका नई दिल्ली के साथ खड़ा रहा।

पहचान जाहिर नहीं करने का अनुरोध करते हुए अधिकारी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान अमेरिका-भारत सुरक्षा के सभी पहलुओं और रक्षा सहयोग को मजबूत किया।व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा, हांगकांग, ताइवान, दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा समेत दुनिया के अन्य हिस्सों में चीन की बढ़ती आक्रामकता पर हम बहुत चिंतित हैं।

● अमेरिका ने देश हित को देखते हुए कुछ अपवादों को छोड़कर जनवरी 2018 में पाकिस्तान को सुरक्षा मद में दी जाने वाली आर्थिक मदद रोक दी

अधिकारी ने कहा, पिछले छह-सात महीने से सीमा पर चीन के आक्रामक रवैए के दौरान हम भारत के साथ खड़े रहे। हमने उन्हें (भारत को) साजो सामान मुहैया कराए हैं। हम भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं, चीन के सामने खड़ा होने के लिए हमने भारत को नैतिक समर्थन दिया है और सुनिश्चित किया है कि हालात का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान हो।

मई की शुरुआत से ही भारत और चीन की सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध चल रहा है। दोनों पक्षों के बीच सैन्य और राजनयिक स्तर पर कई चरण की वार्ता हुई है। हालांकि अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

अधिकारी ने कहा कि ट्रंप के कार्यकाल के दौरान अमेरिका, भारत को हथियार की आपूर्ति करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। अधिकारी ने कहा कि चीन के साथ सीमा पर गतिरोध के दौरान भारत के समर्थन में अमेरिका ने दो एमक्यू-9 (मानवरहित ड्रोन) भी पट्टे पर मुहैया कराए और इसकी बिक्री को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका, वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास भारतीय सेना को ठंड के अनुकूल पोशाक एवं आवश्यक सामग्री मुहैया कराएगा।

अधिकारी ने कहा, अमेरिका ने देश हित को देखते हुए कुछ अपवादों को छोड़कर जनवरी 2018 में पाकिस्तान को सुरक्षा मद में दी जाने वाली आर्थिक मदद रोक दी। अफगानिस्तान शांति प्रक्रिया में पाकिस्तान से हमें सहयोग भी मिल रहा है। हम लोग पाकिस्तान के साथ काम करते रहेंगे। हमें आशा है कि तालिबान के साथ वार्ता में पाकिस्तान मदद करता रहेगा।

# कोविड-19 का टीका लगाने को इच्छुक नहीं है एशियाई मूल के लोग: अध्ययन

**लंदन।** ब्लैक, एशियन एंड माइनॉरिटी एथनिक (बीएएमई) समूह सहित ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोग कोविड-19 का टीका लगवाने को इच्छुक नहीं है।नए अध्ययन में यह दावा करते हुए ब्रिटेन सरकार से अधिक लक्षित अभियान चलाने की अपील की गई है। ब्रिटने में फाइजरबायोएनटेक द्वारा विकसित कोविड-19 का टीका पहले एक सप्ताह में ही करीब 1,38,000 लोगों को लगाया जा चुका है।रॉयल सोसाइटी फॉर पब्लिक हेल्थ (आरएसपीएच) द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया कि ब्रिटेन के चार में से तीन लोग (76 प्रतिशत) अपने डॉक्टर की सलाह पर टीका लगवाने को तैयार हैं, जबकि केवल आठ प्रतिशत ने ही ऐसा ना करने की इच्छा जाहिर की।वहीं, बीएएमई पृष्ठभूमि (199 प्रतिभागियों) के केवल 57 प्रतिशत प्रतिभागी टीका लगवाने को राजी हुए , जबकि 79 प्रतिशत श्वेत प्रतिभागियों ने इसके लिए हामी भरी। अध्ययन में कहा गया कि एशियाई मूल के लोगों में टीके के प्रति भरोसा कम दिखा क्योंकि केवल 55 प्रतिशत ने ही इसको लगवाने के लिए हां कहा।आरएसपीएच की मुख्य कार्यकारी क्रिस्टीना मैरियट ने कहा, हमें कई वर्षों से यह पता है कि अलग-अलग समुदायों का राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) पर अलग-अलग स्तर का विश्वास है और हाल ही हमने देखा कि टीकाकरण विरोधी संदेशों के जरिए विशेष रूप से विभिन्न समूहों को निशाना बनाया गया, जिसमें विभिन्न जातीय या धार्मिक समुदाय शामिल हैं। उन्होंने कहा, लेकिन असल में ए समूह सबसे अधिक कोविड से प्रभावित हुए हैं। उनके बीमार होने और मरने का खतरा भी बना रहेगा। इसलिए, सरकार , एनएचएस और स्थानीय जन स्वास्थ्य सेवाओं को तेजी से और लगातार इन समुदायों के साथ काम करना चाहिए।

# अमेरिका कोविड-19 टीके की अतिरिक्त खेप के लिए दवा कंपनियों से कर रहा बातचीत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि अग्रणी दवा कंपनी फाइजर के कोविड-19 टीके की अतिरिक्त खेप के लिए वह लगातार बातचीत कर रहे हैं।स्वास्थ्य और मानव सेवा मंत्री एलेक्स अजर और विशेष सलाहकार डॉ. मोन्सेफ सलाओई ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि फाइजर ने टीका आपूर्ति के लिए समय सीमा नहीं बताई है, यही मूल मुद्दा है।कंपनी की तरफ से इस पर कोई बयान नहीं आया है। कंपनी के सीईओ एल्बर्ट बौरला ने इस सप्ताह सीएनएन को बताया था कि वह संघीय ऑपरेशन वार्प स्पीड के जरिए टीके की अतिरिक्त खेप की आपूर्ति के लिए सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। कोरोना वायरस के टीके के निर्माण में तेजी लाने के लिए इस अभियान की शुरुआत की गई थी।टीके की अतिरिक्त खेप को अग्रिम तौर पर सुरक्षित कराने का मौका गंवाने संबंधी खबरों के बाद डेमोक्रेट सांसदों ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की आलोचना की थी।वाशिंगटन के पेट्टी मूरी और ओरेगन के रॉन वेडेन की अगुवाई में कुछ सांसदों के एक समूह ने पिछले सप्ताह कहा था, देश के लिए कोविड-19 टीके की अतिरिक्त खेप की व्यवस्था करने में ढिलाई बरते जाने से हम चिंतित है। इससे देश में और लोगों की जान जाएगी और तबाही होगी। उन्होंने कहा, ट्रंप प्रशासन की यह एक और नाकामी को दिखाता है कि उसने राष्ट्रीय स्तर पर टीके की अतिरिक्त खेप की व्यवस्था को लेकर ढिलाई बरती। इससे टीकाकरण और महामारी खत्म करने के अभियान को धक्का लग सकता है। हालांकि, सांसदों की चिंताओं पर अजर ने कहा कि कुछ और टीका निर्माताओं के साथ अनुबंध किया गया है जिससे अगले साल के मध्य तक अमेरिका के सभी लोगों के लिए टीके की पर्याप्त खुराक उपलब्ध होगी।



बीजिंग के राज्य सूचना परिषद में प्रदर्शित लूनर आर्बिटर माडल। चीन का यान चंद्रमा से मिट्टी के नमूने लेकर वापस लौट आया है

## क्विक न्यूज

### कार्डिनल पेल ने ट्रंप को ईसाई मूल्यों की रक्षा करने वाला बताया

**रोम।** पोप फ्रांसिस के पूर्व कोषाध्यक्ष कार्डिनल जॉर्ज पेल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रशंसा करते हुए उन्हें ईसाई मूल्यों की रक्षा करने वाला बताया और अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट में उनके द्वारा की गई नियुक्तियों को शानदार करार दिया लेकिन इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव की निष्ठा के प्रति शंका पैदा करने के उनके प्रयासों पर सवाल भी खड़े किए।पेल ने बुधवार को अपनी किताब प्रिजन जर्नल के विमोचन के दौरान बुधवार को संवाददाताओं से कहा, महान लोक संस्थाओं में विश्वास को कमजोर करना कोई छोटी बात नही है। पेल की यह किताब यौन उत्पीड़न के आरोप में जेल में एकांत में बिताए गए 404 दिनों के बारे में है। हालांकि यौन उत्पीड़न के मामले में ऑस्ट्रेलिया के उच्च न्यायालय ने उनकी सजा निरस्त कर दी थी।अपनी किताब में पेल अदालत में चले मामले, कैथोलिक चर्च के मौजूदा घटनाक्रम और दुनिया के अलग-अलग मुद्दों पर बात करते है। इसी दौरान वह एक जगह कहते है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ट्रंप थोड़े से असभ्य किस्म के है। ऑनलाइन संवाददाता सम्मलेन के दौरान पेल ने कहा कि ईसाईयों का कर्तव्य है कि वे अपने मूल्यों को सार्वजनिक स्थानों पर लाएं और ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट की तीन नियुक्तियों के साथ सकारात्मक योगदान दिया, जिनमें से दो कैथोलिक थे।

### पाक प्रधानमंत्री इमरान खान ने अफगान शांति प्रक्रिया के लिए समर्थन दोहराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी से बात की है और युद्ध प्रभावित देश में अफगानिस्तान के नेतृत्व वाली शांति प्रक्रिया के लिए अपनी हिमायत को दोहराया है। कतर की राजधानी दोहा में स्थित तालिबान्स पॉलिटिकल कमीशन (टीपीसी) का प्रतिनिधिमंडल तीन दिन की यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंचा और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी से मिला है। इसके बाद बुधवार को खान और गनी की बातचीत हुई है। टीपीसी का प्रधानमंत्री खान से भी मिलने का कार्यक्रम है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि खान ने दोहा में हाल में अंतर अफगान वार्ता की प्रगति का स्वागत किया और रेखांकित किया कि पाकिस्तान का सभी अफगान पक्षकारों से संपर्क, उसकी इस कोशिश का हिस्सा है कि वार्ता की प्रगति समावेशी और व्यापक राजनीतिक समाधान की दिशा में हो।उन्होंने राष्ट्रपति गनी से कहा कि अफगान नीत शांति वार्ता क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अहम है।खान ने कहा कि टीपीसी के प्रतिनिधिमंडल की पाकिस्तान की यात्रा, वार्ता को आगे बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री ने सभी अफगान पक्षों से देश में हिंसा को कम करने की गुजारिश की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने शांति वार्ता का समर्थन करने और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए बातचीत को जारी रखने पर सहमति जताई। पिछले महीने खान पहली बार अफगानिस्तान की यात्रा पर गए थे जहां उन्होने गनी एवं अन्य नेताओं से वार्ता की थी।

### इथियोपियाई बलों ने हमारे सैनिकों को बनाया निशाना: सूडान

**काहिरा।** सूडान की सेना ने कहा कि सीमा पार से किए गए इथियोपियाई बलो और मिलिशिया के हमले में उसके सैनिक हताहत हुए है। इस हमले के बाद पहले से ही खराब दोनो देशों के रिश्तों में और तनाव उत्पन्न हो सकता है।सेना ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हमला मंगलवार देर रात किया गया, जब बल इथियोपिया की सीमा से लगे अल-क्दरिफ प्रांत के अबू टायौर इलाके से लौट रहे थे।बयान में इसकी स्पष्ट जानकारी नही दी गई कि कितने सैनिक मारे गए और कितने घायल हुए। सेना के अधिकारियों ने अलग से एक बयान में बताया कि एक मेजर सहित हमले में कम से कम चार सैनिक मारे गए और 10 से अधिक सैनिक घायल हुए है।

नाम उजागर ना करने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि इथियोपिया से लगी सीमाओं पर अतिरिक्त बल की तैनाती भी की गई है। इथियोपिया की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई बयान जारी नही किया गया है।

### विज्ञापन बाजार पर कब्जा के लिए अनुचित कार्य करने के संबंध में गूगल के खिलाफ मामला दर्ज

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** टेक्सास के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन ने गूगल के खिलाफ एक याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि ऑनलाइन विज्ञापन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा खत्म करने के लिए कंपनी अवैध तरीका अपना रही है। पैक्सटन ने बुधवार को ट्वीट किया कि डिजिटल विज्ञापनो के लुभावने बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म करने को लेकर अनुचित व्यवहार अपनाए जाने के खिलाफ उन्होंने मामला दर्ज कराया है। गूगल को विज्ञापनों के जरिए सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है। इस मामले पर गूगल ने कोई प्रतिक्रिया नही दी है।गूगल के खिलाफ दायर यह दूसरी याचिका है। इससे पहले अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने भी अक्टूबर में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पिछले दिनों फेसबुक के खिलाफ भी याचिका दायर की गई थी। याचिका में आरोप लगाया है कि गूगल बाजार में अपनी उपस्थिति का फायदा उठाते हुए विज्ञापनों को दिए जाने वाले स्थान के बारे में मनमानी कर रहा है और उनकी कीमतो पर भी वह एकतरफा तरीके से कदम उठा रहा है।पैक्सटन ने एक वीडियो में कहा कि कुछ और राज्यों द्वारा गूगल के खिलाफ याचिका दायर की जाएगी। हालांकि उन्होने मामले में शामिल अन्य राज्यों के नामो का खुलासा नही किया।

# रो खन्ना कांग्रेशनल इंडिया कॉकस के डेमोक्रेटिक उपाध्यक्ष नामित



भाषा। वाशिंगटन,

**भारतीय मूल** के अमेरिकी सांसद रो खन्ना को कांग्रेशनल इंडिया कॉकस का डेमोक्रेटिक उपाध्यक्ष नामित किया गया है। वर्ष 1994 में इस पद का सृजन किया गया था।

डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद रो खन्ना अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें कैलिफोर्निया से सीनेट की सीट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। कमला हैरिस के जनवरी में देश के उपराष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद यह सीट खाली हो जाएगी।

कॉकस के डेमोक्रेटिक सह अध्यक्ष एवं सांसद ब्रैड शर्मन ने बुधवार को अपने सहयोगी सांसदों को भेजे ईमेल में कहा, मेरा मानना है कि रो खन्ना डेमोक्रेटिक उपाध्यक्ष के तौर पर शानदार काम करेंगे।

फिलाडेलफिया में 1976 में जन्मे खन्ना अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में भारतीय मूल के चार सांसदों में सबसे युवा हैं। प्रतिनिधि सभा में भारतीय मूल के अन्य तीन सांसदों में अमी बेरा (55), राजा कृष्णमूर्ति (47) और प्रमिला जयपाल (55) शामिल हैं।खन्ना के पिता एक केमिकल इंजीनियर थे। उन्होंने आईआईटी और मिशिगन विश्वविद्यालय से पढ़ाई की। खन्ना की मां एक स्कूल शिक्षक थीं। खन्ना भारत-अमेरिका संबंधों के प्रबल समर्थक हैं। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में वह वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री का कार्यभार संभाल चुके हैं। इस पद पर वह अगस्त 2009 से अगस्त 2011 तक रहे थे।वर्ष 2016 में वह पहली बार अमेरिकी कांग्रेस के लिए चुने गए। उन्होंने माइक होंडा को शिकस्त दी थी। डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर ही नहीं बल्कि विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण, वाणिज्य एवं निर्माण क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाकर उन्होंने एक नेता के तौर पर विशिष्ट जगह बनाई है।117वीं कांग्रेस (2021-2022) में उपाध्यक्ष पद पर सेवा देने के बाद 118वीं कांग्रेस (2023-24) में कांग्रेशनल कॉकस के डेमोक्रेटिक सह अध्यक्ष बनने की संभावना रहेगी।खन्ना का भारत से जुड़ाव रहा है। वह लगभग हर साल गर्मी की छुट्टियां भारत में अपने परिवार के साथ बिताते हैं।उनकी चाची अरुणा शैव ने बताया, वह स्कूल के दिनों से ही गर्मी की छुट्टियों में भारत आते रहे हैं। वह बेहद ईमानदार, मेहनती हैं। खन्ना की बुआ नलिनी नारायण और मीरा पारखे के अनुसार खन्ना का अपने दादा-दादी से जुड़ाव रहा है।

# दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती भूमिका से क्षेत्र में बढ़ेगा संघर्ष: अमेरिकी थिंकटैंक

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक शीर्ष थिंकटैंक ने कहा है कि दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती भूमिका का क्षेत्र की राजनीति, अर्थशास्त्र और सुरक्षा पर बड़ा प्रभाव पड़ रहा है और आने वाले दशकों में क्षेत्र में संघर्ष एवं उथल पुथल काफी बढ़ सकती है।थिंकटैंक यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ पीस ने बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा कि चीन की भागीदारी से क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना एक सफल नीति बनाने और अमेरिका के हितों एवं मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए अहम होगा।रिपोर्ट एक द्विदलीय समूह द्वारा तैयार की गई है, जिसमें वरिष्ठ विशेषज्ञ, पूर्व नीति निर्माता और सेवानिवृत्त राजनयिक आदि शामिल हैं।रिपोर्ट चायनाज इन्फ्लुएंस ऑन कॉनफ्लिक्ट डायनामिक्स इन साउथ एशिया स्टेट्स में कहा गया है, क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी से दक्षिण एशिया में स्थिति पहले ही बदलनी शुरू हो गई है। यह एक ऐसे क्षेत्र के रूप में उभर रहा है, जहां अमेरिका-चीन और क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता हिमालय की ऊंचाई से लेकर हिंद महासागर की गहराई तक फैली है। यह पाया गया कि अमेरिका और चीन दोनों ही दक्षिण एशिया को महत्वपूर्ण मानते हैं, हालांकि यह क्षेत्र दोनों की ही शीर्ष भू-राजनीतिक प्राथमिकता नहीं है।थिंकटैंक ने रिपोर्ट में कहा कि भारत-पाकिस्तान विवाद में चीन ने तटस्थ रुख अपनाने की बजाय अधिकतर पाकिस्तान का ही साथ दिया है, क्योंकि पाकिस्तान को समर्थन देने से एशिया में भारत की ताकत कम करने में मदद मिलती है।उसने कहा, खासकर पिछले साल, चीन ने कश्मीर के मामले में पाकिस्तान के लिए अपना समर्थन दोगुना कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार चीन-भारत सीमावर्ती इलाके आगे भी चर्चा का विषय बने रहेंगे। चीन और भारत के संबंध और अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे और एशिया की दो सबसे बड़ी शक्तियां, पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के लिए संघर्ष करेंगी।



# 'हमें पता ही नहीं चलता, हमारा जीवन माफिया नियंत्रित करता है'

**पॉडकास्ट आजकल भारत में भी लोकप्रिय होते जा रहे हैं। निर्माता गुनीत मोंगा ने एक विशेष बातचीत में पायनियर संवाददाता साक्षी शर्मा को बताया कि इनकी लोकप्रियता के पीछे लोगों की तरह-तरह की रोचक कहानी सुनने की लालसा एक प्रमुख कारण है। प्रस्तुत है एक उनसे बातचीत के प्रमुख अंश-**

एक पॉडकास्ट का नाम है 'माफियालैंड' अब आप इसके नाम से इस शो के बारे में क्या अनुमान लगा सकते हैं? चलिये हम ही आपको बता देते हैं कि इसके शीर्षक से कोई भी ये अनुमान लगाएगा कि इसमें अंडरवर्ल्ड, डॉन, ड्रग्स तथा हथियारों की तस्करी आदि से जुड़ी कहानियां कही-सुनाई जाएगी। लेकिन थोड़ी गहराई में पता लगते ही कहानी कुछ और ही पता चलती है। इसमें देश की सबसे तेजी से फलती-फूलती इंडस्ट्री अर्थात माफियाओं की इंडस्ट्री के बारे में बताया जाएगा। देश के हर कोने में कोई न कोई माफिया काम कर रहा है जो पहली दृष्टि में कूड़ेवाला, पार्किंग, या किराना की सामग्री बेचने वाला जैसा कोई हो सकता है। हम प्राय: इन्हें पहली दृष्टि में दरकिनार कर देते हैं। इस शो के माध्यम से इस समस्या के बारे में प्रासंगिक बातचीत की व्यवस्था की गई है।

इस स्पोटिफाई ऑरिजिनल को सिख्या एंटरटेन्मेंट के साथ सहयोग करते हुए बनाया गया है। इसके संस्थापक तथा फिल्म निर्माता हमें पॉडकास्ट के बनने सहित दूसरी बातों के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं -

**❑ आपने इसकी परिकल्पना किस प्रकार से की?**

प्रारंभ में हम लघु माफिया के बारे में जानकारी जुटाना चाहते थे जो हमरे दैनिक जीवन को नियंत्रित करते हैं। वास्तव में हमारा पूरा ध्यान इस बात की जानकारी जुटाना था कि हमारे जीवन के हर क्षेत्र को एक न एक माफिया नियंत्रित करता है और हमें इसके बारे में पता ही नहीं चलता। हमने इन्हें अंडरवर्ल्ड के समकक्ष रखकर देखा क्योंकि हम जब भी लोगों से माफियालैंड के बारे में उनसे बात करते थे तो वे यही समझते थे कि हम मुंबई के माफियाओं के बारे में बात कर रहे हैं। लेकिन नहीं, हम अपने शो को केवल इन छोटे छोटे माफियाओं तक सीमित रखना चाहते थे जैसे कि मुंबई के कूड़ा उठाने वाला माफिया। हमनें स्पोटीफाइ पर कुछ ऐसा ही बताने के बारे में सोचा था।




**❑ इसके लिए आपने किस प्रकार के शोध आदि संपन्न किये थे?**

हमारे निर्माता 'कॉन्लुएंस मीडिया' का नेतृत्व स्थापित वरिष्ठ खोजी पत्रकार करते हैं जिनमें आप जोज़ी जोसेफ का नाम गिना सकते हैं। उनके पास देश के विविध नगरों में संपर्क सूत्र होते हैं जो हर जगह घटने वाली घटनाओं के बारे में हमें बताते रहते हैं। इसके बाद हमारे शोधकर्ता विस्तृत प्रपत्र तैयार करते हैं और तब इसकी सहायता से लेखक एक रोचक कथानक तैयार करता है। हम इस संक्षेपण को सभी लेखकों को देते हैं कि वे गूगल का प्रयोग न करें। हम चाहते हैं कि हम अपने श्रोताओं को प्रामाणिक स्रोत से जानकारी उपलब्ध कराएं। यही कारण है कि हम गूगल पर पहले से उपलब्ध जानकारी से बचना चाहते हैं। हम इसके माध्यम से ये दिखाना चाहते थे कि पॉडकास्ट भी जर्नलिज़्म का एक रूप हो सकता है लेकिन ये कुछ अलग अवश्य होगा। इसके लिए हम एक सटीक ऑडियो प्लेटफॉर्म चाहते थे जिसमें आपको रचनात्मक स्वतंत्रता प्राप्त हो और वो पॉडकास्ट की नई नई परिकल्पनाओं में रुचि रखता हो।

**❑ 'माफिया सिर्फअंडरवर्ल्ड में ही नहीं है, माफिया हमारी गलियों में है, हमारे घरों में है' पॉडकास्ट बताता है कि दिल्ली में बच्चे का नर्सरी में प्रवेश से लेकर उसके स्पोर्ट्स में प्रवेश या फिर कार पार्किंग, आदि जैसे हर स्थान पर एक माफिया काम पर लगा होता है... आप वास्तव में कहना क्या चाहते हैं?**

मेरे विचार से हर भारतीय को पता है कि सबकुछ सही नहीं चल रहा है। दिल्ली का हर युवा माता-पिता ये जानता है। भारतीय नगरों में कार पार्क करने वाले हर देशवासी को ये पता है। बंगलुरू में सूखे नलों की व्यवस्था देखने वाले हर व्यक्ति को ये पता है। लोगों को ये सब पता है हम तो बस उन्हें इसका परिमाण बताना चाहते हैं। माफिया की कार्य प्रणाली सामने रखना चाहते हैं और बताना चाहते हैं कि उनसे भिड़ने का क्या अर्थ हो सकता है। हम उनके जीवन में एक अंतर्दृष्टि के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना चाहते हैं।

**❑ आप ऐसे लोगों को कैसे ढूंढ पाए जो ये सब झेल चुके हैं और इसके बारे में बताना चाहते हैं क्योंकि ऐसी बातें तो गुप्त रूप से की जाती हैं?**

हमारे विभिन्न एपिसोड्स में से एपिसोड नंबर 6-अमरीका के जवांई, में हम पंजाब के आव्रजन माफिया की पड़ताल कर रहे हैं। हम एक निर्मल सिंह से मिले जिनका एक किशोर पुत्र को अमेरिका जाते समय अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, इसका कारण माफिया द्वारा पैदा की गई दुरूह परिस्थितियां थीं। निर्मल ने हमें फोन पर ये सब बताया जब वो जर्मनी के एक जहाज पर अपनी ड्यूटी कर रहा था। उसी की कहानी से ये एपिसोड प्रारंभ होता है। इससे पता चलता है कि हमारे शोध दल ने लोगों के साथ कितने आत्मीय संबंध बना रखे थे। इनमें पूर्व तथा वर्तमान माफिया भी हो सकते हैं।

**❑ इस विषय की गहराई में जाना कितना चुनौतीपूर्ण था?**

इस कार्य के लिए हमें सबसे पहले लोगों के बारे में जानकारी एकत्र करनी होती है। हमारे शोधकर्ताओं को सभी के साथ विश्वास का एक संबंध विकसित करना होता है। इसमें पीड़ित और आरोपी दोनों हो सकते हैं। लेकिन ये भी सही है कि हम कई चरित्र अंतिम समय में हटा भी सकते हैं। हम आरोपी के साथ ऐसा प्राय: करते भी हैं। उन्हें डर होता है कि उनके साक्षात्कार को देखकर अधिकारी उन्हें ही निशाना बना सकते हैं। लगभग सभी 12 कहानियों में हमें ये सब करना ही पड़ता था। हमारे शोध का दायरा बहुत ही विस्तृत होता है क्योंकि हम देश के पूरे विस्तार में काम कर रहे हैं। हमारे सभी शोधकर्ता कोविड-19 के प्रतिबंधों का पूरा ध्यान और पालन करते हुए काम कर रहे थे। जबकि ऐसी परिस्थिति में हमारा एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाना कठिन हो गया है। लेकिन हम इन परिस्थितियों के बाद भी अपना काम करते रहे। हम उन शोधकर्ताओं का विशेष धन्यवाद करते हैं जिन्होंने हमारे साथ काम किया और उन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का भी धन्यवाद जिन्होंने विषम परिस्थितियों तथा चुनौतियों के बावजूद धैर्य बनाए रखा।

**❑ आजकल के विकसित विजुअल इफेक्ट के वातावरण में आपको कैसे ये लगा कि लोग इस शो के लिए किसी विजुअल सीरीज़ के स्थान पर आपका पॉडकास्ट पसंद करेंगे?**

देखिये, पॉडकास्ट गैरकहानी वाले वातावरण में प्रयोग करने के लिए अच्छा माध्यम है। विजुअल सीरीज़ के समानांतर देखें तो ये अधिक जमीनी संस्करण प्रतीत होता है। विजुअल सीरीज़ में कई बार बड़े नामों, प्रोडक्शन की भव्य डिजाइन तथा अत्यधिक तकनीकी विजुअल प्रभाव के पीछे कहानी दब कर रह जाती है। पॉडकास्ट का प्रयोग पूरी दुनिया में बढ़ता जा रहा है और अब भारत भी उसी दिशा में चल रहा है। पॉडकास्ट के बारे में एक तथ्य ये बहुत रोचक है कि इसमें यदि कहानी सटीक और रोचक न हुई तो ये सफल नहीं हो सकता। यही कारण है कि हमें त्रुटियों का तुरंत पता चल जाता है और यदि आप उभरते लेखक या निर्माता हैं तो आप अपने कौशल में सरलता से वृद्धि कर सकते हैं।

**❑ आप इससे पहले भी एक दूसरा पॉडकास्ट 'द बिग शॉट्स-दोसा किंग' भी निर्देशित तथा निर्मित कर चुके हैं। पॉडकास्ट के माध्यम से इस जॉनर में काम करने का आपका अनुभव कैसा रहा?**

'दोसा किंग' के की हमारी संकल्पना सिनेमा से प्रेरित थी। हम इसके माध्यम से एक महान व्यक्तित्व पी राजागोपाल, के चरित्र का अध्ययन करना चाहते थे जिन्होंने सर्वाना भवन की स्थापना की थी। ये वो कहानी है जिसके बारे में हर कोई समझता है कि उसे पता है। लेकिन हेडलाइन्स के पीछे हमें कई रोचक जानकारियां प्राप्त हुईं। यही कारण था कि हम पॉडकास्ट के माध्यम से उनकी ये कहानी सामान्य लोगों तक पहुंचाना चाहते थे जिसमें हम कहानी, नाटकीय दृश्य, तथा साक्षात्कार मिश्रित कर प्रस्तुत करना चाहते थे। एक तथ्य ये भी था कि स्पोटीफाइ ने हाल ही में भारत में एक सच्ची अपराध आधारित कहानी की थी, तो हमारे लिए भी ये एक आदर्श विकल्प था।

**❑ भारत में इस जॉनर की स्थिति के बारे में आप क्या कहेंगे? आप ऐसा क्यों समझते हैं कि भातर में पॉडकास्ट मीडिया परिदृश्य में वर्चस्व स्थापित कर चुके हैं?**

हम इस बात से चकित हैं कि भारत मे पॉडकास्ट निरंतर विकासमान हैं और इनकी लोकप्रियता बढ़ती ही जा रही है। इसका सीधा अर्थ ये है कि लोग रोचक कहानियों में गंभीर रुचि रखते हैं। और उनकी इच्छा है कि ये किसी अन्य रूप या उद्देश्य लिए हों। हमें आशा करते हैं कि हमारे दोनों मौलिक पॉडकास्ट रोचक, सूचनात्मक तथा तथ्यात्मक साबित हों और भारत में पॉडकास्ट प्रारूप को और मजबूती मिले।

## हंगामा प्ले ने भोजपुरी में एक ओरिजिनल कॉमेडी शो श्री कामदेव प्रसन्न लॉन्च किया

यह शो हंगामा प्ले और इसके समस्त पार्टनर नेटवर्क पर भोजपुरी के अलावा हिंदीए तमिलए तेलुगुए कन्नड़ और मराठी में भी स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है। हंगामा डिजिटल मीडिया के स्वामित्व वाले अग्रणी वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म हंगामा प्ले ने आज एक नया हंगामा ओरिजनल भोजपुरी कॉमेडी शो ष्श्री कामदेव प्रसन्नष् लॉन्च किया है। यह शो 35 वर्षीय एक अंतर्मुखी व्यक्तिए मिलिंद के साथ अजीब ढंग से होने वाली हास्यपूर्ण घटनाओं के इर्द.गिर्द घूमता है। मिलिंद अपने में ही गुम रहने वाला और कम बोलने वाला इंसान हैए जो लड़कियों से शर्माता है। एक ईश्वरीय हस्तक्षेप में गड़बड़ हो जाने के चलते प्रेम और काम के देवताए भगवान कामदेव को मिलिंद की मदद करने के लिए धरती पर भेजा जाता हैए जिससे मिलिंद की जिंदगी एक हास्यप्रद झमेले में तब्दील हो जाती है।





आज से प्रारंभ हो रहा यह शो स्ट्रीम करने के लिए हंगामा प्ले और पार्टनर नेटवर्क्स पर उपलब्ध है। उपभोक्ता हंगामा प्ले ऐप को गूगल प्लेए एपल ऐप स्टोर तथा हुआवेई ऐप गैलरी से डाउनलोड कर सकते हैं। शो मिलिंद की कहानी बयान करता हैए जो एक अंतर्मुखी व्यक्ति है और लड़कियों से हरगिज बात नहीं कर पाता। उसकी मां इस चिंता में रहती है कि उसके बेटे को कभी कोई लड़की ही नहीं मिलेगी और वह भगवान कृष्ण से मदद की गुहार लगाती है। एक हास्यजनक मोड़ लेने वाली परिस्थिति में यम के सहायकए भगवान चित्रगुप्त उसकी विनती सुन कर मिलिंद की मदद करने के लिए भगवान कामदेव को भेज देते हैं। कामदेव द्वारा सिखाए गए एक मंत्र के दम पर मिलिंद अदृश्य होने तथा अपने आसपास मौजूद लड़कियों के मन की बात पढ़ लेने का अद्भुत उपहार पा जाता है। हालांकि इसमें भी एक झोल है! कामवासना जागृत होने पर वह फिर से दिखाई देने लगेगा! कामदेव की मदद मिलिंद के लिए चाहे जितना बड़ा वरदान होए लेकिन इसके चलते वह अजीबो गरीब हास्यास्पद स्थितियों में उलझ जाता है। जैसे.जैसे कामदेव मिलिंद को उसकी प्रेमिकाए शिवानी का दिल जीतने में मदद करते जाते हैंए वैसे वैसे ये दोनों भी एक.दूसरे के साथ सच्ची दोस्ती पा लेते हैं।

कैफेमराठी द्वारा निर्मित और संदीप नावारे द्वारा निर्देशित इस शो में भाऊ कदमए सागर कारंडेए भाग्यश्री मोटेए विनय येडेकर और आशा शेलार मुख्य भूमिकाओं में हैं। शो के बारे में बात करते हुए हंगामा डिजिटल मीडिया के सीओओ सिद्धार्थ रॉय ने कहाए श्हंगामा प्ले में हम अपना ध्यान मनोरंजक तथा स्थानीय संस्कृति में गहरी जड़ें जमाए बैठी कहानियों को दर्शाने पर केंद्रित करते हैं। ष्श्री कामदेव प्रसन्नष्में एक असाधारण सिचुएशन को मजेदार तरीके से दर्शाया गया है। इसमें शानदार अभिनय देखने को मिलेगा और यह भोजपुरी बोलने वाले दर्शकों को यकीनन अपील करेगा। हमारे प्लेटफॉर्म पर भोजपुरी में काफी कंटेंट देखा जाता है और हम इस भाषा में कई ओरिजिनल शो लॉन्च करने का इरादा रखते हैं। हम अगले साल तक भोजपुरी भाषा में अपना उपयोगकर्ता आधार दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। कैफेमराठी के सह.संस्थापक एवं सीईओ निखिल रायबोले का कहना हैए श्कैफेमराठी में हमारा उद्देश्य मनोरंजक और दिलचस्प कंटेंट बनाने का है। ष्श्री कामदेव प्रसन्नष् एक ऐसी कॉमेडी हैए जो दर्शकों को अपने पहले सीन से ही बांध लेगी। हंगामा प्ले के साथ काम करके हम बेहद खुश हैं और हमें यकीन है कि उनकी मजबूत वितरण रणनीति इस शो को दुनिया भर के भोजपुरी बोलने वाले लाखों दर्शकों तक पहुंचाएगी।

स्ट्रीम करने के लिए यह शो अब हंगामा के वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म हंगामा प्ले पर उपलब्ध है। ष्श्री कामदेव प्रसन्नष् हंगामा प्ले के माध्यम से एमएक्स प्लेयरए एयरटेल एक्सस्ट्रीम ऐपए वी मूवीज एंड टीवीए अमेजन फायर टीवी स्टिकए टाटा स्काई बिंजए डिशस्मार्ट स्टिकए डी2एच स्ट्रीमए डिशस्मार्ट हबए तथा मेघबेला ब्रॉडबैंडए एलायंस ब्रॉडबैंडए एसीटी फाइबरनेट एवं नेटप्लस जैसे आईएसपी और टीसीएलए वनप्लस टीवीए सोनी ब्रावियाए सीवीटीईए तोशिबा और क्लाउडवॉकर जैसे स्मार्ट टीवी पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा शाओमी के साथ हंगामा की सहभागिता के चलते उपभोक्ता इस शो को हंगामा प्ले के माध्यम से मी टीवी पर देखने में सक्षम होंगे।

## सैफ अली खान की वेब सीरीज तांडव जनवरी में अमेजन पर होगी रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान की अमेजन प्राइम वीडियो सीरीज तांडव 15 जनवरी, 2021 को रिलीज होगी। अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित और निर्देशित नौ हिस्सों की इस सीरीज में सैफ अल खान, डिंपल कपाड़िया, तिग्मांशु धूलिया और कुमुद मिश्रा मुख्य किरदारों में हैं। टाइगर जिंदा है , भारत और सुल्तान जैसी फिल्मों के लिए मशहूर जफर की यह पहली डिजिटल सीरीज है।

फिल्म निर्माता ने कहा कि तांडव के माध्यम से फिल्म की टीम दर्शकों को सत्ता की भूखी राजनीति की दुनिया दिखाना चाहती है। उन्होंने कहा, आप जैसे-जैसे शो देखेंगे, आपको एहसास होगा कि कुछ सही या गलत नहीं होता है,यहां कुछ काला-सफेद नहीं बल्कि सत्ता के इस खेल में सब ग्रे है। मुझे लगता है कि अच्छी कहानी को अच्छे अभिनय से ही सार्थक बनाया जा सकता है और मैं खुशकिस्मत हूं कि मेरे शो में मुझे इतने अच्छे अभिनेता मिले। सीरीज में डिनो मोरिया, सुनील ग्रोवर, गौहर खान, अमायरा दस्तूर, जीशान अयूब, कृतिका कामरा, सारा जेन डियास, संध्या मृदुल, अनूप सोनी, हितेन तेजवानी, परेश पाहुजा और कई अन्य कलाकार नजर आएंगे।

## उर्मिला मातोंडकर का इंस्टाग्राम अकांउट हैक, अभिनेत्री ने शिकायत दर्ज कराई



**मुंबई।** अभिनय के क्षेत्र से राजनीति में आई उर्मिला मातोंडकर ने बुधवार के बताया कि उनका इंस्टाग्राम अकांउट हैक कर लिया गया है और उन्होंने इसकी शिकायत महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ को की है।

मातोंडकर ने फोटो साझा करने के ऐप इंस्टाग्राम की जानकारी ट्विटर के माध्यम से दी। उन्होंने ट्वीट किया, मेरा इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया है। पहले उन्होंने प्रत्यक्ष संदेश भेजा और उसमें बताए गए कुछ चरणों का अनुसरण करने पर अकाउंट को प्रमाणित करने की बात की और उसके बाद अकाउंट हैक कर लिया। सच में।

इसके बाद एक अन्य ट्वीट में 46 वर्षीय अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने आकउंट हैक करने की प्राथिमिकी महाराष्ट्र साइबर अपराध प्रकोष्ठ में दर्ज कराई है। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि महिलाएं साइबर अपराधों को हल्के में नहीं लें। उन्होंने कहा, साइबर अपराध ऐसा नहीं जिसे महिलाओं को हल्के में लेना चाहिए... मैं पुलिस में कई और इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने की प्राथमिकी दर्ज कराई और मुंबई पुलिस साइबर अपराध की उपायुक्त श्रीमती रश्मि करणडीकर से मिली जिन्होंने मुझे बहुत सी जानकारी दी, निश्चित ही भविष्य में यह काम करेगी।

## इंस्टाग्राम लाइट के नए वर्जन का भारत में परीक्षण शुरू

### इंस्टाग्राम में प्रोडक्ट वीपी विशाल शाह ने भारत को फेसबुक फ्यूल फॉर इंडिया इवेंट में नवाचार के लिए परीक्षण का मैदान बताया

पहले फेसबुक फ्यूल फार इंडिया वर्चुअल इवेंट मेंए कंपनी ने भारत में इंस्टाग्राम लाइट के एक नए वर्जन के परीक्षण की घोषणा की। इस एप्पय को भारत में लोगों को एक्सेस एवं इंस्टौग्राम का उच्चर गुणवत्ताप का अनुभव मुहैया कराने के लिए बनाया गया हैए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनके पास कौन सी डिवाइस हैए या वे किस प्लेयटफॉर्म या नेटवर्क पर हैं।



इंस्टाग्राम ने पिछले कुछ महीनों में कई नए फीचर्स जारी किए हैंए जिन्होंइने या तो भारत में डेब्यूल किया है या भारत इसे टेस्ट करने वाले पहले देशों में से एक है। इसमें रील्स रील्स टैब और लाइव रूम्सन शामिल हैं। अब इंस्टाग्राम भारत में लोगों के लिए इंस्टाग्राम लाइट के परीक्षण का विस्तार कर रहा है। यह एप्पब आकार में 2एमबी से कम है और इसे ऐसा इंस्टाग्राम अनुभव देने के लिए बनाया गया है जो तेज होने के साथ ही अधिक लोगों के लिए विश्वसनीय हो। फेसबुक पर इंस्टाग्राम में प्रोडक्ट वीपी विशाल शाह ने कहाए श्भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण देश है और नवाचार के लिए एक परीक्षण का आधार रहा हैए इसका श्रेय यहां की प्राकृतिक रचनात्मकता और उद्यमशीलता के जोश को जाता है। इंस्टाग्राम लाइट के परीक्षण के साथए हम देश से ज्याऔदा से ज्याादा लोगों के लिए अभिव्यक्ति को सक्षम करने का लक्ष्य रखते हैंए देश से हमें जो फीडबैक मिलाए उसके आधार पर हमने रिस्पॉन्सित किया। हम वैश्विक रोलआउट से पहले बहुमूल्य जानकारियां प्राप्त करने की उम्मीद कर रहे हैं।

इस साल की शुरुआत में भारत में नए उत्पादों के आकर्षण और समझ का पता लगाने के लिए शोध किया गया थाए और इसमें एक बाधा जो देखने को मिलीए वह थी कम मेमोरी वाले फोन और भारी आकार के एप्स के कारण समझौते भरा इंटरनेट अनुभव। यह इंस्टाग्राम लाइट के परीक्षण के लिए संदर्भ निर्धारित करता हैए और भारत इसके लिए एक प्राथमिक परीक्षण देश है। इंस्टाग्राम लाइट एप्प उन लोगों के लिए मुख्य इंस्टाग्राम अनुभव लाने के लिए बनाया गया हैए जिनके पास आज इंस्टाग्राम का अनुभव नहीं है। एप्पन एंड्रॉइड के लिए बनाया गया है और इस नए वर्जन में गतिए प्रदर्शन और प्रतिक्रियाशीलता में सुधार हुआ है। इसका अनुभव कोर इंस्टाग्राम एप्पग के अनुभव के समान हैए हालांकि यह एप्प कुछ फीचर्स जैसे रील्सेए शॉपिंग और आईजीटीवी को वर्तमान में सपोर्ट नहीं करता है। यह एप्पह बंगलाए गुजरातीए हिंदीए कन्नड़ए मलयालमए मराठीए पंजाबीए तमिल और तेलुगु में उपलब्ध होगा। फेसबुक फ्यूल फॉर इंडिया ष् मेंए इंस्टाग्राम ने उन क्रिएटर्सए कम्युीनिटीज और ब्रांडों की कहानियों को भी साझा कियाए जिन्होंने खुद को व्यक्त करने के लिए इंस्टाग्राम का अनूठे ढंग से उपयोग किया है। ष्बॉर्न ऑन इंस्टाग्रामष् का उल्लेख भी भारत के एक अनूठे कार्यक्रम के रूप में किया गया थाए जो पूरे भारत में युवा लोगों द्वारा देखी गई रचनात्मकता के कारण उभरा और भटिंडा से हुबली तक इसने क्रिएटर्स की खोजए विकास और प्रदर्शन में मदद की है।

किसान बिल के विरोध में

# सपाइयों ने काटा हंगामा, गिरफ्तार



सीतापुर- बिसवां में प्रदर्शन करते सपाई पायनियर



सीतापुर-गिरफ्तारी के बाद अफ्ज़ाल कौसर पायनियर

संवाददाता। बिसवां सीतापुर

**किसान** बिल के विरोध में बिसवां में अलग अलग जगहों पर सपाइयों ने प्रदर्शन कर हंगामा काटा जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली ले आयी। पूर्व विधायक निर्मल वर्मा के नेतृत्व में सपा नेता क्यूम्म कुरैशी मौलाना अनवार कादरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ के साथ कस्बे के लहरपुर रोड स्थित रहमत पैलेस प्रदर्शन करते हुए बड़े चौराहे आ रहे सपाइयों को रहमत पैलेस के पास हिरासत में ले लिया और प्राइवेट बस से कोतवाली ले आये। उधर किसानों के समर्थन में अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ प्रदर्शन करने जा रहे सपा नेता अफ्ज़ाल कौशर और उनके समर्थकों को तहसील गेट के पास से हिरासत में लेकर एक बस से कोतवाली ले आयी उनके साथ शहजादे माज खान के अलावा तमाम लोग उपस्थित रहे। तहसील परिसर में किसान बिल के विरोध में प्रदर्शन करने जा रहे पूर्व सपा जिला अध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी एवं उनके समर्थकों को उनके घर से वापस लौटाया और आवास पर ही पहुचकर उपजिलाधिकारी सुरेश कुमार पुलिस उपाधीक्षक प्रभारी निरीक्षक के साथ लिया ज्ञापन इस मौके पर जाहिद नेता,अतहर नेता पूर्व सभासद,इब्राहीम प्रधान जलालपुर, गजरु प्रधान महमुदपुर,रामपाल भार्गव,जिला पंचायत मेंम्बर फ़िरोज कौसर,कमर खान,पूर्व प्रधान जमालु शाह,रफीकुल्ला खान मुन्ना डॉ0रफी रफी कुरैशी,आशिफ बिस्वानी असलम नेता सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

## एसडीएम ने बांटीं जरूरत मंदों को रजाई

सिक्ख समाज ने की असहायों की मद्द

संवाददाता। सीतापुर

**कड़कड़ाती** ठंड में जब हर कोई जल्दी से मैं घर पहुंच कर रजाई में घुस जाना चाहता है तो वही समाज में कुछ ऐसे भी जरूरतमंद हैं जिनके पास इस मौसम में भी तन ढकने के लिए कपड़े नहीं। ऐसे लोगों के लिए ही आए दिन समाज सेवी संस्थाएं आगे आकर उनकी पीड़ा में साझीदार बनती है। इसी क्रम में बुधवार को गुरु द्वारा गुरु सिंह सभा सीतापुर ने शहर के बसस्टैण्ड पर अलाव व चाय वितरण कार्यक्रम कर आयोजित किया।

इस सेवा की शुरुआत करने एसडीएम सदर अमित भट्ट खुद मौके पर पहुंचे। इस दौरान एसडीएम ने जब जरूरत मन्दों के ठण्ड से ठिठुरते देखा तो उन्होंने ने अपनी गाड़ी से निकलवाकर कुछ कम्बल भी बांटे। गुरूद्वारे के अध्यक्ष चरणजीत सिंह ने बताया कि यह सेवा 26 जनवरी तक अनवरत लागू रहेगी। इसके अलावा कल से जिला महिला अस्पताल सीतापुर में भी अलाव व चाय की सेवा शुर।

## तीन साल से बन रही गौशाला

● अधूरे कार्य को बताया जा रहा पूरा

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर

**मछरेहटा** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनियाम्ऊ मे लगभग तीन साल से बन रही गौशाला अभी भी राम भरोसे ही है । जिस समय गौशाला बनने की खबर आई तो क्षेत्र के लोगो मे इस बात को लेकर खुशी थी कि अब शायद आवारा जानवरो से उनकी फ्सल बर्बाद नही होगी और उन्हे रात रात जगकर अपनी फ्सल बचाने से भी राहत मिलेगी ।गौशाला के पास ही मौके पर मौजूद किसान रामकिशोर निवासी अशोकपुर ने बताया कि गौशाला के न बनने से हम लोग बहुत निराश है । हम लोगो की समस्याओ पर कोई भी अधिकारी ध्यान नही देता। किसान देशराज ने बताया कि गौशाला चालू न होने से हम लोगो को रात रात जगकर फ्सल बचानी पड़ती है । गौशाला के चौकीदार मोहनलाल ने बताया कि लगभग दो साल से बन रही गौशाला अभी चालू नही हो पाई है यदि यह चालू हो जाए तो किसानो को बड़ी राहत मिल जाएगी । मजेदार बात यह है कि चौकीदार को दो साल से अभी तक वेतन के नाम पर एक पैसा भी नही मिला है । जो भी कार्य हुए है वे मानकविहीन है। चारा खिलाने के लिए बनी चरही अंदर से टूट गई है । भूसा शेड मे एक भी तिनका मौके पर मौजूद नही मिला । समरसेबिल बना है लेकिन बिजली कनेक्शन नही हो पाया है । अंदर तालाब भी अभी तक नही बन पाया है। इस सम्बन्ध मे जब खंड विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गौशाला का निर्माण पूरा हो गया है छुटपुट काम होते रहेंगे ।

## छह वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर।** शातिर अपराधियों के विरुद्ध अभियान में अलग–अलग थानों की पुलिस ने गुरुवार को 6 वारण्टी गिरफ्तार किये है। थाना संदना पुलिस ने इलाके के गांव इस्माइल गंज निवासी राकेश, पच्चा, छोटू, ब्रजकिशोर व सिध्दकुमार को व थाना रामपुर कलां पुलिस ने इलाके के गांव सुरजनपुर निवासी रतन सिंह को पकड़ा है। आरोपी मारपीट व अन्य मामलों में काफी दिनों से वांछित हैं।

शहर कोतवाली अन्तर्गत शाहमहोली इलाके के गुरईपुर का मामला

# ...तो फिर युवक को कैसे लगी गोली ?

● मुण्डन के दौरान अज्ञात कारणों से युवक को आईं चोटें

● परिजन बता रहे-हर्ष फायरिंग में लगी गोली



संवाददाता। सीतापुर

**सुप्रीम** कोर्ट के आदेश के बाद भी सीतापुर में हर्ष फायरिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कोतवाली महोली के गांव सिंघोड़ा के बाद अब शहर कोतवाली इलाके में हर्ष फायरिंग से 1 को गोली लगने की बात कही जा रही है। जबकि पुलिस हर्ष फायरिंग की बात से इंकार कर रही है। दरअसल मामला कोतवाली अन्तर्गत शाहमहोली चौकी इलाके के गांव गुरईपुर का है जहां बुधवार शाम अज्ञात कारणों से गांव के ही मनोज को गोली लग गई। परिजन गांवघ् मे मुण्डन संस्कार के दौरान गोली लगने की बात कह रहे हैं।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल सीतापुर में भर्ती कराया है। जहां उसकी गम्भीर बताई जा रही है। पुलिस हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने की बात से इन्कार कर रही है। सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह का कहना है कि मनोज को आई चोटें गनसॉट के कारण आना प्रतीत नहीं हो रही हैं, जांच की जा रही है।
**पीयूष कुमार सिंह,सीओ सिटी।**

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी आम आदमी पार्टी

# प्रदेश सरकार बताए, कहां है शिक्षा व्यवस्था : तुषार श्रीवास्तव

● दिल्ली जैसी जनता को मिलेंगी सुविधाएं : अवधेश कुमार मौर्य'

● कई पूर्व प्रधानों ने अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर ज्वाइन की पार्टी


सीतापुर-प्रेसवार्ता के बाद मौजूद आप पार्टी के पदाधिकारी पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** में 2022 में विधानसभा चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा के साथ ही आम आदमी पार्टी इसकी तैयारियों में जुट गयी है। जिले के समस्त पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओ ने इस घोषणा के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा की दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आदित्यनाथ सरकार के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के सरकारी स्कूल के मुद्दे पर बहस की चुनौती को सहर्ष स्वीकार कर लिया है। वह आगामी 22 दिसंबर को लखनऊ आ रहे हैद्य हम सिद्धार्थ नाथ सिंह जी से अनुरोध करते है की अपनी सुविधानुसार बहस का समय और स्थान निर्धारित कर बता देद्य इस मामले में खुली बहस से अब उनको इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। प्रदेश और देश को पता चलना ही चाहिए की किसका शिक्षा और स्वास्थ का मॉडल बेहतर है और किसके दावे खोखले है। उन्होंने कहा की पार्टी प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाती है कि उत्तर प्रदेश को वही सब सुविधाएं मिलेंगी जो दिल्ली की जनता को मिलती है। मुफ्त बिजली मुफ्त पानी मुफ्त शिक्षा मुफ्त चिकित्सा और 24 घंटे बिजली, मुफ्त पानी, मोहल्ला क्लिनिक, चमचमाते सरकारी स्कूल, महिला सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर कैमरा और रोजगार जैसे तमाम बुनियांदी सुविधाओं पर उत्तर प्रदेश की जनता का भी हक है। कार्यक्रम में अबू सईद पूर्व प्रधान कहारपुर व पूर्व प्रधान चक्रपाल सिंह बरातपुर अपने दर्जनों समर्थकों के साथ प्रदेश सचिव तुषार श्रीवास्तव, यूथ विंग के प्रदेश सचिव डॉ अभिषेक गोश्वामी, बक्शी तालाब के विधानसभा अध्यक्ष पंकज यादव, यूथ विंग लखनऊ के जिला अध्यक्ष ललित वाल्मीकि जी की उपस्थिति में अरविंद केजरीवाल जी की नीतियों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष किशोरीलाल कोरी, महासचिव अवधेश कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष संदीप पाण्डेय, उपाध्यक्ष रियाजुद्दीन, मीडिया प्रभारी पूजन मिश्र, अंकुल वर्मा, अरविंद वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष फुरकान अली, रिजवान हैदर सहित दर्जनों पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लेखपाल से अभिलेख छीनने के मामले में आरोपी को भेजा जेल

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**लेखपाल** से अभिलेख छीनने के मामले में आरोपी को जेल भेज दिया है। सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के चलते एसडीएम मिश्रिख गिरीश झा ने कार्रवाई की है। इससे पहले लेखपाल धीरज सिंह ने थाना पिसावा में युवक के विरुद्ध तहरीर दी थी। तहरीर में इलाके के गांव साहब नगर ललई पुरवा में स्वामित्व योजना के काम के दौरान अभिलेख छीनने व अभद्रता करने का आरोप लगाया था। मुकदमा दर्ज करते हुए थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने युवक के गांव को गिरफ्तार किया है।

## भाजपा सरकार में किसान परेशान

**सीतापुर।** सीतापुर के पीपरी गांव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सुनील अर्कवंशी ने भाजपा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को परेशान किया जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश सचिव राममूर्ति अर्कवंशी, प्रदेश महासचिव योगेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अमरमणि कश्यप, प्रदेश मीडिया प्रभारी एमपी सिंह अर्कवंशी, प्रदेश सचिव युवा मोर्चा राजीव सिंह, जिला अध्यक्ष सीतापुर ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी , शैलेंद्र अर्कवंशी, गया प्रसाद अर्कवंशी आदि मौजूद थे।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का अधिवेशन

# मो. हारून बने निर्विरोध अध्यक्ष


परसेंडी-अधिवेशन में मौजूद शिक्षकगण पायनियर

संवाददाता। परसेंडी सीतापुर

**परसेण्डी** बीआरसी पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का अधिवेशन हुआ। इसमें मोहम्मद हारून निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए। मंत्री अवधेष कुमार बने। इख्तिखार आंसारी, अनिल कुमार व सीमा रानी उपाध्यक्ष बनीं। नेकपाल, सईद अंसारी व अरविंद कुमार कोशाध्यक्ष चुने गए। चंद्र मोहन शुक्ल कोशाध्यक्ष, निषा मिश्रा लेखाकर और शांति वर्मा ऑडिटर बने। सुरेन्द्र श्रीवास्तव व राजेन्द्र सिंह को संरक्षक का जिम्मा दिया गया। राजकरन सिंह और कुलदीप बाजपेई ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई।

## कृषि विभाग ने 68 दुकानों पर मारा छापा, 21 दुकानों से लिए संदिग्ध उर्वरकों के नमूने

संवाददाता। सीतापुर

**कृषि विभाग** के अधिकारियों ने गुरूवार को खाद बीज की दुकानों पर छापा मारा। उपकृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्र ने बताया कि 68 दुकानों पर छापा मारा गया, 21 संदिग्ध उर्वरको के नमूने लिए गए, कागजात न पूरे होने के चलते सिधौली क्षेत्र के गुप्ता खाद भण्डार, श्री बालाजी फर्टिलाइजर्स, नेशनल खाद भण्डार, श्रीवास्तव खाद भण्डार, हर्श इण्टरप्राईजेज, बिसवां की फि़रदौस ट्रेडिंग कम्पनी, खैराबाद की पाण्डेय फर्टिलाइजर्स, शंकर खाद एवं बीज भण्डार, मछरेहटा के आईएफएफडीसी कृषक सेवा केन्द्र और हरियाली कृषि सेवा केन्द्र को नोटिस जारी की गई है।

## क्विक न्यूज

### हत्यारोपी ढाबा मालिक गिरफ्तार

**सीतापुर।** हत्यारोपी तिवारी ढाबा मालिक सुभाष तिवारी आखिर थाना रामकोट पुलिस के हत्थे आखिर चढ़ ही गया। थाना प्रभारी रामकोट संजीत सोनकर की अगुवाई में टीम ने इलाके की काशीराम कॉलोनी से पकड़कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी थाना पिसावां के गांव बरगांवा का रहने वाला है। गैर इरादतन हत्या के मामले में शनिवार से पुलिस को चकमा दे रहा था। आपको बता दें बीते शनिवार को एनएच-24 पर हैप्पी होम सोसायटी के निकट दो ढाबा मालिकों में जमकर लाठी-डंडे चले थे। इस दौरान इलाके के गांव अहाता कप्तान निवासी धीरज सिंह की हो गई मौत थी। जिसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। मामले में शामिल टिल्लू, छोटू, रामबाबू व मनीष को पुलिस 14 दिसम्बर को ही कर चुकी गिरफ्तार है। गिरफ्तारी टीम में नवीन चौक चौकी इंचार्ज उमेश चंद्र चौरसिया, कां. शुभम तिवारी, अनूप कुमार, आशीष कुमार व रामलोटन शामिल रहे।

### दलित मां-बेटे की पिटाई के आरोपी पकड़े गए

**सीतापुर।** दलित मां-बेटे की घर घुसकर पिटाई के मामले में थाना मछरेहटा पुलिस ने मुख्य आरोपी नागेन्द्र सिंह व बेटे रमन को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की है। थाना प्रभारी ओपी तिवारी के अनुसार दोनों आरोपी इलाके के आदिलपुर चौराहे से पकड़ा गया है। पुलिस मामले में आरोपी नागेन्द्र का अन्य बेटे कपिल व पत्नी शीला को अभी भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी के साथ हे.का. मेराज हुसैन, गोविन्द सिंह, का. दिनेश कुमार व संजय यादव शामिल रहे।

### शातिर अपराधी गिरफ्तार

**सीतापुर।** शातिर अपराधियों के विरुद्ध अभियान में अलग-अलग थानों की पुलिस ने गुरुवार को 6 वारण्टी गिरफ्तार किये है। थाना संदना पुलिस ने इलाके के गांव इस्माइल गंज निवासी राकेश, पच्चा, छोटू, ब्रजकिशोर व सिध्दकुमार को व थाना रामपुर कलां पुलिस ने इलाके के गांव सुरजनपुर निवासी रतन सिंह को पकड़ा है। आरोपी मारपीट व अन्य मामलों में काफी दिनों से वांछित हैं।

### जिलाबदर अपराधी पकड़ा गया

**सीतापुर।** थाना कमलापुर पुलिस ने यूपी गुण्डा एक्ट के तहत जिला बदर घोषित अभियुक्त राजेंद्र निवासी मैनी ढकिया को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज अभियुक्त को 6 माह के जिला बदर कर चुके हैं इसके बावजूद वह अपने गांव में रह रहा था। गिरफ्तारी टीम में एसआई महेंद्र प्रताप सिंह, हे.का. जगतराम व कां. विवेक यादव शामिल रहे।

### कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर कार्यवाही करते हुए अलग-अलग थानों की पुलिस ने डेढ़ सौ लीटर कच्ची शराब के साथ 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मछरेहटा पुलिस ने सर्वाधिक 60 लीटर कच्ची शराब के साथ 3 आरोपी पकड़े है। वहीं 20-20 लीटर शराब के खैराबाद व लहरपुर पुलिस ने 2-2 और महोली पुलिस ने 1 आरोपी को पकड़ा है। इसके अलावा 10-10 लीटर कच्ची शराब के साथ बिसवां, रामपुरकला व रामकोट पुलिस के हाथ 1-1 आरोपी लगा है। पकड़े गए आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### डीएम ने की बैठक

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने महिला पीड़ितों का जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की जिला संचालन समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि चिकित्सीय सलाह का स्पष्ट उल्लेख करके मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक कुमार जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर की ग्राम पंचायत ताहपुर के गांव जंगलीनाथ के ग्रामीणों ने बीडीओ को शिकायती पत्र सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मेला मैदान में निर्माणाधीन मॉडल शौचालय में घटिया सामग्री इस्तेमाल होने का आरोप लगाया है। राम कुमार गोस्वामी, नेकराम, रामचंद्र गिरी, दामोदर, लवकुश, बाबा राघव दास, अरविंद गोस्वामी, रामखेलावन अनिल, विपति गिरी, हीरा गिरी आदि का कहना है कि मानकविहीन कार्य कराया जा रहा है।

## वनविभाग कर रहा कॉबिंग नहीं दिखा तेंदुआ, डरे ग्रामीण

**तंबौर सीतापुर।** तंबौर थाना क्षेत्र के मीतमऊ गांव के पास एक सप्ताह पहले नीलगाय को शिकार बनाने वाला तेंदुआ अब तक वनविभाग की पकड़ से दूर है। विभाग द्वारा दो दिन पूर्व रखे गए पिंजरे के इर्द-गिर्द तेंदुआ फटका तक नहीं है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदय प्रताप भार्गव ने बताया कि डरे-सहमें ग्रामीण रात-रात जाग रहे है। रेंजर लहरपुर अभय कुमार मल्ल ने बताया कि फारेस्टर गिरीश सिंह, रमेश मिश्र, राजकुमार, इन्द्रबली द्वारा लगातार काबिंग की जा रही है। लोकेषन मिलने पर पिंजड़े का स्थान बदला जाएगा।

आरएमपी एकादश व पत्रकार एकादश के बीच खेला गया सद्भावना क्रिकेट मैच

# पत्रकार एकादश ने आठ विकेट से दर्ज की शानदार जीत

● पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने शॉट लगाकर किया मैच का उद्घान

● पत्रकार एकादश के गोविंद मिश्रा बने मैन ऑफद मैच

● अयाज अहमद चुने गए बेस्ट बॉलर


सीतापुर-शॉट लगाकर शुभारम्भ करते पूर्व विधायक अनूप गुप्ता पायनियर


सीतापुर-विजयी मुद्रा में मौजूद पत्रकार एकादश की टीम पायनियर

संवाददाता। सीतापुर

**आरएमपी** डिग्री कॉलेज मैदान पर पत्रकारों और गुरूजनों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व महोली के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरएमपी की टीम ने 15 ओवर में 6 विकेट पर 108 रन बनाए। इसमें सर्वाधिक सुमित सिंह ने 28 रनो का योगदान दिया। इसके अतिरिक्त डा. सचिन ने 21 व सुनील ने 19 रन बनाएं। पत्रकार एकादश की ओर से गोविन्द मिश्रा ने 3, रिजवान ने 2 विकेट लिए। वहीं अयाज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवरों में मात्र 4 रन दिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार एकादश ने 11 ओवर में सिर्फ2 विकेट गवांकर निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लिया। समीर ने शानदार बैटिंग करके नाबाद 42 रन व गोविन्द मिश्रा ने 35 रन बनाएं। मैन ऑफद मैच गोविंद मिश्रा रहे। डा.अजीत यादव ने आरएमपी और इरफान गाजी पत्रकार एकादश की कप्तानी की। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विजय बसंल व प्राचार्य जयवीर सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर डा. यामिनी शुक्ला, डा. रजनीकांत श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद मोहन मिश्र, डा. ऊषा मिश्रा, डा. पवन कुमार यादव, डा. शालिनी साहनी, डा. रितु शाही, डा. रमेश गुप्ता, डा. शंशाक सिंह, डा. श्रद्धा गुप्ता, डा. सुमित सिंह, सचिन पाठक, अरविन्द कुमार, विनोद कुमार, शिवाजी, अजीत कुमार, गंगाराम, प्रवीण यादव, डा. विजय प्रकाश, डा. आलोक सिंह, डा. शैलेन्द्र कुमार, डा. जयप्रकाश, डा. विकास सिंह, डा. अरूण कुमार, डा. दिनेश कुमार मौर्य, डा. अमित सोनी, अभिषेक श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# दिमाग स्थिर रख रहें एक्टिवःडीएम

## डीएम ने पेंशनर्स को शाल भेंट कर किया सम्मानित

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी




**गुरुवार को** कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर्स दिवस का आयोजन हुआ। समारोह में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बुजुर्ग वयोवृद्ध 10 पेंशनरों को शाल्यार्पण व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आप सभी में तजुर्बे का जबरदस्त भंडार है। आप सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत एवं सजग रहे। दिमाग को स्थिर रखते हुए शरीर को चलाये मान बनाए रखे। स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए स्वस्थ जिंदगी जीये। समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराते रहें। डीएम बोले कि वह सभी बुजुर्गों एवं वयोवृद्ध पेंशनर्स का सम्मान करते हैं। आपके अनुभवों से जिले के विकास में एक नई गति मिलेगी।

इस दौरान डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह समस्याओं के निदान के प्रति हमेशा सजग रहते हैं। संजीदगी से अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य अधिकारी को भी वरिष्ठ कोषाधिकारी से प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि सेवा भाव से उनकी तरह बेहतर सेवाएं दे सके। उन्होंने कहा कि कुछ नई चीजें करते रहें जिससे मेमोरी लॉस नहीं होगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं के निदान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं का निदान करना ही उनके लिए श्रेष्ठ सेवा है। जीवन प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इसके लिए अब आपको कोषागार आने की कतई आवश्यकता नहीं है बल्कि आप घर बैठे डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से अपना जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई समस्या हो तो निसंकोच कोषागार आए या फिर उनके फोन पर समस्या बताकर अपना निदान पा सकते हैं।आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्त बेसिक शिक्षा कल्याण परिषद के मंत्री नमो नारायण एवं पेंशनर्स कल्याण संस्था के मंत्री नरेश चंद्र वर्मा सहित अनेक पेंशनर्स ने अपने अपने उद्गार व्यक्त किए। बैठक में पेंशनर्स ने बैंकों में पेंशनर्स के लिए प्रथक लाइन की व्यवस्था सहित चिकित्सालयों में पेंशनर्स एवं वृद्धजनों के लिए पर्चा एवं औषधि वितरण काउंटर पर अलग लाइन होने की मांग उठाई। सभी पेंशनर्स ने वरिष्ठ कोषाधिकारी के कार्यों की प्रशंसा की और बताया कि उनके द्वारा समस्याओं को सुनने के साथ-साथ उनके स्तर पर निस्तारण पर अमल भी किया जाता है। कार्यक्रम में वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक दिलीप कुमार सिंह वित्त एवं लेखा अधिकारी माध्यमिक रविकांत, एटीओ अमित श्रीवास्तव, संत कुमार वर्मा, कोषागार के लेखाकार रामचंद्र राना, बृजलाल सहित काफी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।

## बाघ ने किया भैंस पर हमला

**ढखेरवा-खीरी।** थाना निघासन के पढ़ुवा चौकी के अंतर्गत गांव पढ़ुवा में आज रात लगभग 10 बजे के करीब परमेश्वर पुत्र सकटू की भैंस खूंटे से छूट गई थी। पास के खेत में घूम रही थी। अचानक कहीं से बाघ ने भैंस पर हमला बोल दिया। भैंस की चिल्लाहट सुनकर गांव वाले दौड़े तब तक बाघ ने भैंस पर हमला कर दिया और भैंस के आगे घुटने के ऊपर का हिस्सा खा लिया। बाघ के हमले में भैंस घायल हो गई। गांव वालों के शोर मचाने पर बाघ भाग गया। वहां पर बाघ के पैरों के चिन्ह पाए गए। बाघ के इलाके में होने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

**बीआरएस अध्यक्ष ने की जनरथ बस सेवा की मांगः**फ्तेहपुर। बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने खागा विधायक कृष्णा पासवान को ज्ञापन देकर लखनऊ से चित्रकूट धाम बाया खागा जनरथ बस चलवाने की मांग की। क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान ने विश्वास दिलाया जल्द ही कामतानाथ स्वामी के दर्शन हेतु सुविधाजनक यातायात व्यवस्था जनमानस को जल्द उपलब्ध होगी।

# गिरोहबंद अभियुक्तों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## सम्पत्ति हुई कुर्क

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी



**कोतवाली मोहम्मदी** के अंतर्गत चौकी अमीन नगर ने तीन गैंगस्टर अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्यवाही अपराध में संलिप्त होकर अर्जित की गई चल और अचल संपत्ति पुलिस ने कुर्क की।

पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल प्रभारी, निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी, पसगवां प्रभारी निरीक्षक आदर्श कुमार सिंह, अमीर नगर चौकी इंचार्ज लल्ला गोस्वामी, तहसीलदार गोला विपिन कुमार की संयुक्त टीम ने आज गैंगस्टर में वांछित अभियुक्तों की लाखों की जमीन, मकान, मोटरसाइकिल सहित अन्य चीजें की कुर्क, अपराध और अपराध को अंजाम देने वाले लोगों के दिलों की धड़कन बढ़ी।

पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में गिरोह बंद, समाज विरोधी क्रियाकलापों तथा अपराधों को अंजाम देने वाले गिरोह बंद लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद आज तहसील गोला के अमीन नगर चौकी के साजिद ग्राम महमदपुर की एक मोटर साइकिल जिसकी कीमत 55 हजार, गरदहा के मोहम्मद सत्तार का एक कच्चा मकान जिसकी कीमत 2 लाख तथा मंगलू निवासी गर्दहा का खेत कीमत 8लाख तथा टीन सेट कीमत 3 लाख है, की संपत्ति कुर्क की गई है। उन्होंने बताया कि लगातार इस तरह की कार्यवाही जो गैंगस्टर में वांछित हैं उनकी चल और अचल संपत्ति जब्त जा रही है। उसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है जिससे अपराधिक छवि के लोगों पर अंकुश लगाया जा सके।

# आग से गन्ने की फसल राख



संवाददाता । बेहजम-खीरी

## आग बुझाने के लिए चौकी प्रभारी ने ढोया पानी

**थाना नीमगांव** क्षेत्र की पुलिस चौकी सिकंद्राबाद के ग्राम जम्हौरा निवासी पप्पू पुत्र रामसेवक के गन्ने में अचानक आग लग गयी। मौके से क्षेत्र भ्रमण पर निकले चौकी प्रभारी सिकंद्राबाद हनुमंत लाल तिवारी तथा दीवान संतराम सहित मौजूद चौकी पुलिस ने तुरंत गन्ने में लगी आग पर किसी तरह काबू पाने के पश्चात किसाना का नाम पता लोगों से पता करने के बाद सूचित कर दिया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो चौकी प्रभारी की सूझबूझ से किसान का बड़ा नुकसान होने से बच गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि मौके पर देख कर प्रतीत हो रहा है कि ठंड से बचने के लिए खेतों पर बकरी चरा रहे बच्चे के द्वारा आग जलने के कारण धोखे से आग लग गयी थी। किसान का आंशिक नुकसान हुआ है। आग समय पर बुझ गई वरना बड़ा नुक़सान होने से बच गया।

## कलश यात्रा का आयोजन 20 को

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**नगर मोहम्मदी** के मोहल्ला शुक्लापुर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में परमपूज्य जितेंद्री जी महाराज अयोध्या के मुखर बिंदु से होने वाली श्री मानस अमृत कथा सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित श्री मानस अमृत राम कथा रविवार 20 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित होंगी। कथा का आयोजन प्रतिदिन 2 से 5 तक चलेगा। रविवार 20 दिसम्बर को सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ होगा। कथा का सीधा प्रसारण फेसबुक व यूट्यूब पर भी प्रसारित होगा। नगर व क्षेत्र के लोगों में कथा को लेकर एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसको लेकर कार्यकर्ता दिन प्रतिदिन नगर में घर-घर निमंत्रण बांट रहे हैं।

# उप्र विधानसभा चुनाव लड़ेगी आपः अनुज




**लखीमपुर-खीरी।** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनौती स्वीकार कर ली है। दिल्ली में बिजली पानी स्वास्थ्य स्कूल जैसी सहूलियत प्रदेश की जनता को भी मिले इसके लिए पार्टी 2022 में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इसकी औपचारिक घोषणा के साथ ही पार्टी तैयारियों में जुट गई है। जिले के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस घोषणा के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद दिया। जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश में अब तक जितनी भी पार्टियां आई हैं उन्होंने सिर्फ जाति धर्म के नाम पर ही चुनाव लड़ा है। अब यह तस्वीर आम आदमी पार्टी के मैदान में उतरने के बाद बदलेगी। प्रदेश में भी बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार आदि मुद्दों पर बात होगी। पार्टी के दिल्ली विकास मॉडल को दुनिया ने सराहा है। हम वही माडल उत्तर प्रदेश में भी लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि खुशी हो रही है यह देखकर कि सिफ हमारी पार्टी के चुनावी रण में उतरने का ऐलान से ही योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्री स्कूल और हॉस्पिटल जैसे मुद्दों पर बात करने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आदित्यनाथ सरकार के मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह के सरकारी स्कूल के मुद्दे पर बहस की चुनौती को स्वीकार कर लिया है। वह आगामी 22 सितंबर को लखनऊ आ रहे हैं। प्रदेश और देश को पता चलना ही चाहिए कि किसके शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल बेहतर है और किसके दावे खोखले हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाती है कि प्रदेश को वही सब सुविधाएं मिलेंगी जो दिल्ली की जनता को मिलती है। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा व मुफ्त चिकित्सा और 24 घंटे बिजली मुफ्त पानी मोहल्ला क्लीनिक चमचमाते सरकारी स्कूल महिला सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर कैमरा और रोजगार जैसे तमाम बुनियादी सुविधाओं पर उत्तर प्रदेश जनता का भी हक है।

# डायग्नोस्टिक सेंटर का किया गया उद्घाटन



**मोहम्मदी-खीरी।** तालिब अली चौराहे पर सिटी डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन हुआ। सेंटर संचालक मोहम्मद अलीमुद्दीन ने बतायां कि सेंटर पर 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी। इस सेंटर पर अल्ट्रासाउंड, एक्सरे सभी प्रकार की जांच ईसीजी, पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध है। बेहतरीन जांच के माध्यम से सभी सुविधा उपलब्ध रहेगी। आज सेंटर का उद्घाटन पूर्व राज्यमंत्री हाजी आरए उस्मानी, युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी, सपा के पूर्व अध्यक्ष सगीर सिद्दीकी और इस सेंटर के संचालक मोहम्मद अलीमुद्दीन ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष भूपेश गुप्ता, अब्दुल मन्नान सहित डा. तंजीम तथा डा. कार्तिक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### एसपी को ज्ञापन दे जाम से निजात दिलाने की मांग

**फतेहपुर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे, जिलाध्यक्ष फ्रहत अली सिद्दीकी, जिला महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। जिसमें मांग की गई कि शहर का मुख्य मार्ग बाकरगंज चौकी के ठीक सामने का मार्ग सुबह 6 बजे से बंद करके चौक की पूरी बाजार कई मोहल्ले यातायात से प्रभावित रहते हैं जबकि बैरीकेडिंग के अगल-बगल फ्लों के दर्जनों ठेले खड़े रहते हैं। बाकरगंज चौराहा जाम की स्थिति में बराबर बना रहता है। अंदर के कई मोहल्लों की सैकड़ों कार पीलू तले चौराहे से गुजरती हैं जिससे दूसरी तरफभी जाम रहता है। शहर के भीतर दस किलोमीटर दूर गांव से आने वाले ग्राहकों को पार्किंग कार अंदर ना घुसने की वजह से बाजार प्रभावित रहता है। वहीं फ्तेहपुर बिंदकी वाया कुंवरपुर मार्ग पर भारी वाहन लोडेड व खाली चलने के कारण यात्रियों से भरी बसें जो हर तीस मिनट में संचालित होती हैं। उनसे प्रभावित होती हैं इन लोगों ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग किया है। इस अवसर पर कमलेश्वर, प्रकाश सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय मोदनवाल, राजकमल आदि मौजूद रहे।

### छापामार कर पकड़ी शराब

**फतेहपुर।** आबकारी टीम व पुलिस टीम के द्वारा बकेवर थाना के बिजौली गांव में छापेमारी की गई। साथ ही पल्हाहार गांव व सदर कोतवाली क्षेत्र के बिरूईहार में भी छापेमारी की गई। इस दौरान 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं 5 कुंतल लहन भी नष्ट किया गया। इस दौरान 5 व्यक्तियों के खिलाफमुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई शुरू कर दी गई। वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र के बिरूईहार से चालीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 4 कुंतल लहन नष्ट किया गया। इस दौरान आबकारी निरीक्षक सदर संजीव कुमार सिंह व आबकारी निरीक्षक बिंदकी लक्ष्मी शंकर बाजपेई अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

### हादसे में मासूम की मौत

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मकरंदपुर के समीप बुधवार की शाम वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 3 वर्षीय एक मासूम की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मकरंदपुर गांव निवासी सीताराम का पुत्र प्रियांषु शाम घर के बाहर रोड किनारे खेल रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक मौके से भाग जाने में सफ्ल रहा। उधर सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### उपचार के दौरान अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम भैरव कला में दो दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 45 वर्षीय एक अधेड़ ने केरोसीन डालकर आग लगा दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार भैरवकला गांव निवासी विजय का पुत्र राजपाल ने 15 दिसम्बर की दोपहर संदिग्ध अवस्था में अपने ऊपर केरोसीन डालकर आग लगा लिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक के षरीर में लगी आग को बुझाया और उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया।

### पुलिस ने ठगी करने करने वाले गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार किया

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम की संयुक्त टीम ने लोगो को लोन का झांसा देकर ठगी करने बाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफ्श करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से लैपटॉप, रजिस्टर, विस्टिंग कार्ड मोबाइल फ्रोन बरामद किए थाना सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीन बहादुरगंज निवासी मोहम्मद यामीन के मकान में छापेमारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है ये लोग श्रीराम फ्इनेंस कंपनी का खुद को मालिक बताते हुए लोगों से फ्रोन पर वार्ता कर लोगों को एक लाख से दो लाख रुपए के होम लोन पर्सनल लोन कार लोन को मात्र 4ः की दर का झांसा देकर ग्राहकों से 25000 रुपये की रजिस्ट्रेशन फ्रीस रजिस्टर्ड होने के उपरांत ग्राहकों से 7000 रुपये अकाउंट एवडेशन के लेना फ्रिर सौदा तय होने पर अपने मोबाइल को बंद कर लेते थे। पुलिस अधीक्षक एस. आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए ठगों में हरदोई जिले के राहुल, विमल व बरेली जिले के अंकित गंगवार समेत शाहजहांपुर के सौरभ कुमार पुत्र राजेश कुमार एवं सौरभ उर्फकृष्णा सिंह पुत्र मनोज सिंह शामिल है। उक्त गिरोह का सरगना सौरभ है। उक्त गिरोह के दो सदस्य हरदोई के अमित और बागपत निवासी उपेंद्र फ्रार है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। पकड़े गए ठगों के पास से पुलिस टीम ने एक लैपटॉप 10 रजिस्टर 900 विस्टिंग कार्ड 20 मोबाइल फ्रोन एटीएम कार्ड मेमोरी कार्ड आदि सामान बरामद किया है।

# विधायक ने सीसी रोड का किया उद्घाटन

संवाददाता । फतेहपुर

## शिवमोहन के घर से पंचायत भवन मनीपुर तक लगभग नब्बे मीटर लम्बी व 04 मीटर चौडी सीसी रोड तथा दोनो तरफ नाली के निर्माण हो जाने से लोगों में खुशी दिखी

**ग्रामसभा मनीपुर** ब्लाक बहुआ में सदर विधायक विक्रम सिंह ने अपनी विधायक निधि से निर्मित करवायी सडक का लोकार्पण कर जनता को सौपी। शिवमोहन के घर से पंचायत भवन मनीपुर तक लगभग नब्बे मीटर लम्बी व 04 मीटर चौडी सीसी रोड तथा दोनो तरफ नाली के निर्माण हो जाने से लोगों में खुशी दिखी। सदर विधायक ने लोगों की समस्या को देखते हुये यह सडक का निर्माण करवाया जो सड़क लगभग 5.80 लाख रूपये से निर्मित हुयी। इस सडक के निर्माण हो जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों से निजात मिली। ग्रामसभा में सदर विधायक के पहुँचते ही लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया तथा आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा की हर ग्रामपंचायत व मजरों को सडक की चेन से जोडने का प्रयास मेरा है मैं अपनी निधि से ही नहीं बल्कि शासन स्तर से भी हमेशा प्रयासरत रहता हैं। आपको हर सुविधाओं का लाभ ग्रामपंचायत के अन्दर ही प्राप्त हो। कार्यक्रम में राकेश मौर्य मण्डल अध्यक्ष हसवा, अजय पाल बूथ अध्यक्ष, ममता तिवारी, शिवमोहन तिवारी, विनोद तिवारी, श्रवण बाजपेयी, ददू मिश्रा, अजय यादव, अनूप चौरसिया, राजा सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, कल्लू शर्मा, विजय पाल, भोला शर्मा, राधेश्याम, चन्द्राखन, रविशंकर, सुशील, धर्मेन्द्र गुडडू, राजेन्द्र, राम खेलावन, अवधलाल, अजय, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

# बक्से का ताला तोड़ जेवरात, नगदी सहित लाखों की चोरी

संवाददाता । चौडगरा (फ्तेहपुर)

**जनपद के** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों नें एक घर को निशाना बनाते हुए घर में रखे जेवरात नगदी सहित बर्तन चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र पुत्र शिवनारायण यादव ने बताया कि घर में सभी परिवारीजन सो रहे थे तभी अज्ञात चोर टूटी छत के रास्ते घर में दाखिल होते हुए। पीछे के कमरे का ताला तोड़ बड़े बक्से में रखी पांच हजार रूपये की नगदी सहित बक्से में रखी जेवरात एक जोड़ी बिछुआ, एक झुमकी, मंगलसूत्र, चांदी का कमरबंद एक हाफ पेटी, एक फुल पेटी कमरबंद जेवरात जिनकी कीमत एक लाख रूपये से अधिक बताई जा रही है। बक्से में रखे कपड़ों के साथ बर्तन भी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि सुबह पाँच बजे जब जगे तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था।

उधर बीते 2 सप्ताह पूर्व मौहार गांव में अधिवक्ता विमलेश वकील के घर हुई चोरी का पता लगाने में पुलिस नाकाम रही। अधिवक्ता के घर पांच लाख रूपये की नगदी सहित जेवरात चोरी होने में अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। वहीं दूसरी घटना होनें क्षेत्र में हड़कंप मचा है। क्षेत्र में हुई कई छोटी बड़ी चोरी की घटनाओं का खुलासा ना होने से अज्ञात चोरों के साथ अराजक तत्वों के हौसले बुलंद है। तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा लगातार अपराध नियंत्रण और रोकथाम के साथ अपराधियों की धरपकड़ अभियान को लेकर क्षेत्री लोगों को उम्मीद बंधी है। कि कल्यानपुर थानाक्षेत्र में पूर्व हाल की चोरी की घटनाओं का खुलासा हो सके।

## गाजीपुर में बारह दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**गाजीपुर (फ्तेहपुर)।** परंपरागत क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एजाज खान द्वारा पिच में फ्रीता काट कर किया गया। बैंड बाजे के साथ क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों की मौजूदगी में पहली टक्कर फ्तेहपुर इलेवन और जिगनी इलेवन के बीच एआर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मो0 फ्रारुक द्वारा टॉस उछाल कर शुरू हुई। जिसमें फ्तेहपुर इलेवन के कैप्टन परवेज ने टॉस जीत कर जिगनी इलेवन के कैप्टन नूर मोहम्मद की टीम के बालरों के सामने बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। कमेन्ट्रेटर शेख सरवर ने बताया कि कुल बारह दिवसीय टूर्नामेंट में जिले की नामचीन सोलह टीमें प्रतिभाग कर रही हैं.। बताया कि कस्बे के 26वें आयोजन के 27 दिसम्बर को समापन पर प्रधान प्रतिनिधि द्वारा विजेता टीम को इक्कीस हजार नकद और उप विजेता को ग्यारह हजार नकद पुरस्कार, उपहार व शील्ड से पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर भोला मिश्र, अजय प्रताप सिंह (फुन्नू) वरिष्ठ पत्रकार चंद्रभान सिंह त्यागी, नफ्रीस खान, इमरान, हसीन खां, वकील खां, सलमान खान, नईम खान, गौस मोहम्मद, राशिद फ्रौजी, आरिफखान, राजू तिवारी, समोसे महराज, पुत्ती तिवारी, बाला लोधी, ज्ञान सिंह लोधी, रमेश डड़ीवा, वा अम्पायर बबलू खान आदि मौजूद रहे।

### गबन के आरोप में डीएम ने की कार्रवाई

**खजुहा (फ्तेहपुर)।** दो चरणों में हुई जांच के बाद डीएम ने कार्रवाई की। जिसमें प्रधान सुमित्रा देवी पद से हटाई गईं। पंचायत सचिव बच्छराज निलंबित, तकनीकी सहायक रविशंकर सिन्हा के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिय गये। गबन की गई धनराशि को तीनों जिम्मेदारों प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायक से बराबर बराबर वसूलने के आदेश जारी किये गये। दो चरणों में हुई जांच। गांव के ही सूरत निषाद व धुन्ना ने 26 अगस्त 2019 को जिलाधिकारी से शिकायत की थी। प्रथम जांच में एआर कोऑपरेटिव व सहायक अभियंता डीआरडीए ने 1,67,122 का गबन पकड़ा था। पुष्टि के बाद नोटिस जारी की गई थी। सही जवाब न मिलने पर 3 सदस्यी कमेटी गठित हुई थी। अंतिम जांच कर डीडीओ व अधिशासी अभियंता आरईएस ने नाली निर्माण में घोटाला पकडा था। गठित तीन सदस्यीय कमेटी भी भंग की गयी। प्रधान नामित किया गया।

# शाहजहांपुर में प्रथम चरण में 11,578 लोगों को लगेगा टीका

संवाददाता । शाहजहांपुर

**कोविड वैक्सीन** टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों ने गाँधी सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस.पी. गौतम की अध्यक्षता में कोविड टीकाकरण के प्रथम चरण को सफ्ल बनाने के लिए ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण (टी.ओ.टी ) देकर आवश्यक निशा निर्देश दिए

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में सबसे पहले स्वस्थ कर्मियों का टीकाकारण होगा द्य इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों का नाम ,पता मोबाइल नंबर पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है द्य जो लगभग 97 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है द्य जनपद में प्रथम चरण में कुल 11,578 लोगों का टीकाकारण किया जायेगा द्य जिसका डाटा पोर्टल पर फीड होने के बाद टीका लगवाने से सम्बन्धित जानकारी का संदेश मोबाइल पर पोर्टल के माध्यम से भेजा जायेगा द्य डा. लक्ष्मण सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि जनपद में कोविड की निगरानी सीसी,टी.वी कैमरों के माध्यम से की जायेगी । वैक्सीन रखरखाव से सम्बन्धित आई.एल.आर और कुछ कोल्डबॉक्स व वैक्सीन कैरियर आदि सभी की व्यवस्थाएं दुरुस्त हो चुकी हैं। सभी ब्लाकों से जानकारी ली जा रही है ।कोविड टीकाकरण कार्यक्रम का प्रशिक्षण और मानिटरिंग कार्य डब्लू.एच.ओ, कोल्ड चेन और कम्युनिकेशन कार्य यूनिफेस, तथा ऑनलाइन पोर्टल की निगरानी यू.एन.डी.पी के सहयोग से की जायेगी । टीका लगने के बाद लाभार्थी को ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा । ,डा. कुमार गुंजन ने बताया कि प्रथम चरण का टीकाकरण सत्र प्राथमिकध् सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित किया जायेगा द्य एक सत्र स्थल पर लगभग 100 टीकों का लोड होगा द्य टीकाकरण करने के लिए छः सदस्यों की टीम गठित होगी द्य सत्र स्थल पर तीन कमरों का होना अति आवश्यक होगा द्य कोविड टीकाकरण चुनाव की तर्ज पर आयोजित किया जायेगा द्य टीकाकरण के दौरान कोविड 19 की गाइड लाइन को फ्लो किया जायेगा द्य टीका लगने के भी बाद कोविड 19 की गाइड को फ्लो करने के लिए प्रेरित किया जायेगा । प्रशिक्षण के दौरान कोल्ड चेन और कम्युनिकेशन की जानकारी यूनिफेस की डीएमसी हुदा जेहरा, और ऑनलाइन पोर्टल की निगरानी और वैक्सीन के रखरखाव की विस्तृत जानकारी शशिबिंद शुक्ला सीसीपीएम यू.एन.डी.पी के द्वारा दी गयी । प्रशिक्षण में ब्लॉक स्तर से प्रभारी चिकित्सा अधिकारीए बीपीएम, बीसीपीएम, एचईओ, एआरओ कोल्ड चेन हैंडलर तथा जिले से डीपीएम ,डिप्टी सीएमओ डीएचआईईओ ने प्रतिभाग किया ।

## यूथ आईकॉन ने बाँटीं जीवन रक्षक औषधियां

**फतेहपुर।** प्रातः 10 बजे डॉ सत्यनारायण सेवा फ्उंडेशन के तत्वाधान एवं अनुराग होमियो क्लीनिक व श्री साई होमियो हाल के संयुक्त संयोजकत्व में यूथ आइकॉन डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव द्वारा ग्राम धारुपुर के पांच सौ अस्सी व्यक्तियों व भरसवा स्थित ग्रामोद्योगिक इंटर कालेज के दो सौ बच्चों व उनके परिवार के सभी सदस्यों हेतु कोरोना के विरुद्ध रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होमियोपैथिक औषधि का वितरण किया गया। डॉ0 श्रीवास्तव ने सभी को वैक्सीन आने तक साबुन से हाथ धुलने, मुँह को मास्क से ढकने व सोशल डिस्टेनसिंग का पालन करने हेतु जागरूक किया। साथ ही सभी को जल संरक्षण व घरों से निकलने वाली प्लास्टिक को बोतल में भरकर इकोब्रिक बनाने फ्रि इन इकोब्रिकस से क्यारियां इत्यादि बनाने हेतु जागरूक किया। जिससे प्लास्टिक घर के कूड़े के माध्यम से बाहर निकलकर पर्यावरण को प्रदूषित न कर पाएं। इस अवसर पर धारुपुर ग्राम प्रधान मनोज, श्याम शरण श्रीवास्तव, अजय तिवारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बेचनराम सरोज, ओम प्रकाश शुक्ल, आलोक शुक्ल, राजेश श्रीवास्तव, जगमोहन, अभिनव श्रीवास्तव एवं कुमार शेखर आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने पेंशनर दिवस पर पेंशनरों को सम्मानित किया

**शाहजहांपुर ।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पेंषनर दिवस का आयोजन विकस भवन सभागार में किया । जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने पेंशनरों से प्राप्त पत्रों एवं प्रत्यावेदनों को रजिस्टर पर अंकित कर हर सम्भव उनका निराकरण कराने का आष्वासन दिया । जिलाधिकारी ने कोविड-19 की राकथाम के लिए मास्क तथा सोषल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए उपस्थित अधिकारियों एवं पेंशनरों को सुझाव दिया इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, ने पेंशनरों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कुल 11391 पेंषनर कोषागार से अपनी पेंशन पुनरीक्षित कर भुगतान कर दिया गया है। तथा 89 शेष प्रकरणों का भुगतान इसी माह कर दिया जायेगा इस के लिए हर दिन लगभग 5 पुनरीक्षित प्रकरणों के भुगतान किए जा रहे है। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि पेंषनरों के कार्यो के निस्तारण में कोषागार शाहजहांपुर प्रदेष में शीर्ष स्थान रखता हैंकार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार दीक्षित ने किया इस मौके पर सेवानिवृत्त षिक्षक श्रीकृष्ण शर्मा को अंगवस्त्र के साथ-साथ सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया इसके साथ ही 10 वरिष्ठ पेंषनरों को के0के0 शर्मा, रामनिवास, जे0डी0 सक्सेना, प्यारे मोहन, भवगती शरण शुक्ला, षिवषंकर शुक्ला, बृजपाल सिंह, श्रीकृष्ण सक्सेना तथा पी0एल0 वर्मा ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मनित किया गया।पेंशनरों की समस्या एवं निदान पर गोष्ठी की परिचर्या में श्री प्यारे मोहन सक्सेना , श्री के0के शर्मा, श्री अजय सिंह वर्मा एंव वयोबृद्ध पेंषन बृजपाल सिंह ने अपने अपने विचार रखे। श्री राजेष कुमार गिरी, सहायक कोषाधिकारी ने आन लाईन जीवन प्रमाण पत्र के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया।। शैलेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी ने पेंषनर की समस्याओं के निराकरण हेतु पेंषनर से शालीनता बनाते हुए कार्य सम्पादित करने को आष्वस्त किया और पेंषनर दिसव को सफ्ल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ ग्रामीणों का हंगामा

संवाददाता। जसवंतनगर



**क्षेत्र में फर्जी** साक्ष्यों व शपथपत्रों के सहारे व मुर्दे के कहने पर निरस्त कोटा बहाल किये जाने का समाचार है इस कारण आक्रोशित शिकायतकर्ता भड़क गए और एसडीएम से शिकायत की तथा पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ हंगामा काटकर जमकर नारेबाजी भी की।

तहसील क्षेत्र में राशन वितरण में धांधली की शिकायते दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इस धांधली को लेकर अधिकारियों से लगातार उपभोक्ता शिकायत करते रहे लेकिन शातिर दिमाग षड्यंत्रकारी घूंस की दम पर जांच असफ्रो की आंखों पर पट्टियां बांधकर शिकायतकर्ताओं को आँखे तरेरते नजर आते हैं।

नया मामला यह है कि कुछ दिनों पूर्व ग्राम पंचायत चाँदनपुर बीबामऊ के राशन डीलर संतोष कुमार निवासीग्राम नगला मरदान. ककरई के खिलाफदर्जनों राशनकार्ड उपभोक्ताओं व ग्रामीणों ने सक्षम अधिकारियों से शिकायत की थी कि उक्त राशन दुकानदार अंगूठा लगवाने के बाबजूद राशन न देना अनेक आरोपों आदि शिकायते की गई थी। लिहाजा जांच में अधिकारियों द्वारा शिकायत दुरुस्त मिलने पर उक्त कोटेदार का कोटा निरस्त कर दिया गया था। लेकिन अब सम्बंधित अधिकारियों की मिली भगत से शिकायतकर्ताओं के झूठे शपथपत्र लगाकर और फर्जी साक्ष्यों के आधार पर उक्त कोटेदार के नाम कोटा पुनः बहाल कर दिया गया जो सरासर नियमविरुद्ध बताया जा रहा है। राशन डीलर संतोष कुमार ने 21 कार्ड धारकों बिट्टन देवी पत्नी बलराम सिंहए सावन श्री पत्नी पोतीरामए सीमा देवी पत्नी अवनीश कुमारए जेना देवी पत्नी शिवचरणए गीता देवी पत्नी संतोष कुमारए प्रेमा देवी पत्नी रामेश्वर दयालए विमलेश कुमारी पत्नी शिवराज सिंह जयंती देवी पत्नी श्री कृष्णए कबूली देवी पत्नी अहिरन सिंहए मिथिलेश कुमारी पत्नी जगदीशए श्रीनिवास पुत्र तुलसीराम राजेंद्री देवी पत्नी दलवीर सिंहए विजय कुमारी पत्नी राजीव कुमारए सुदामा पत्नी श्यामवीरए मिथिलेश पत्नी रमेश चंदए उर्मिला पत्नी परमाल सिंहए अशोक कुमार पुत्र जिलेदारए राजकुमारी पत्नी राकेश कुमार सालिगराम पुत्र सूबेदार यादराम पुत्र सूबेदारए मन्दोदरी पत्नी इन्दल सिंह के अपने पक्ष में फर्जी तरीके से बनाए गए शपथ पत्र पेश किए हैं। हद तो तब हो गई जब मृतक जल देवी पत्नी प्रताप सिंह का भी शपथ पत्र अपने पक्ष में बनवा कर लगा दिया गया जो गंभीर अपराध के साथ.साथ षड्यंत्र का भी हिस्सा माना जा रहा है।

इससे नाराज उक्त शिकायतकर्ताओं ने मॉडर्न तहसील पहुंचकर जमकर हंगामा काटा व सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि घूंस व भ्रष्टाचार में लिप्त लोंगो के सहयोग से गरीब राशनकार्ड उपभोक्ताओं के साथ अन्याय कर उनके हक पर डाका डालने का काम किया गया है। कोटेदार के खिलाफ धांधली को लेकर उपजिलाधिकारी ज्योत्स्ना बंधु सहित सक्षम अधिकारियों से शिकायत कर संतोष कुमार का बहाल कोटा निरस्त कर पुनः चुनाव करवाये जाने की मांग की है। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## डीएम ने मृतक आश्रित के पुत्र को नियुक्ति आदेश देकर लौटाईं परिवार में खुशियां

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी दिनेश चंद्र ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में मृतक आश्रित को नियुक्त पत्र देते हुए साथ में अधिकारीगण व परिजन देकर परिवार को लौटाई खुशियां। बताते चलें सुरेश चंद्र चतुर्थ श्रेणी के पद पर उच्च प्राथमिक विद्यालय बैरी दरियाव विकासखंड मैथा में कार्यरत होने के चलते 17 नवंबर 2019 को ब्रेन हेमरेज हो जाने के चलते आकस्मिक निधन हो गया था निधन के उपरांत उनके पुत्र अंशु कुमार द्वारा मृतक आश्रित के अंतर्गत सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में चक्कर काट रहे थे इस मामले मे मैथा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाले संपूर्ण समाधान दिवस पर पीड़ित के परिवार सहित मृतक आश्रित पद पर नौकरी पाने हेतु अंशु कुमार ने प्रार्थना पत्र सौंपा था इस मामले में जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कराई और विभागीय लापरवाही का भी खुलासा हुआ गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र द्वारा मृतक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पुत्र अंशु कुमार को मृतक आश्रित नियुक्ति आदेश सौंप काफी समय से भटक रहे परिवार को खुशियां लौटाई जिलाधिकारी ने बताया कि इस मामले में शिक्षा विभाग के जिन अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती गई है उनसे जवाब तलब किया जाएगा।

## एसडीएम ने धान केंद्र स्योढ़ारी का किया निरीक्षण, प्रभारी को लगायी फटकार



संवाददाता। घाटमपुर

**दोपहर** बाद उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव बिकास खण्ड पतारा के गांव स्योढ़ारी पहुचे और वहाँ के धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया तथा वहाँ मौजूद मिले किसानों से पूछतांछ के बाद क्रय केन्द्र प्रभारी को जमकर फ्टकार लगायी तथा किसानों से धान खरीद में लापरवाही पर कड़े दण्ड की चेतावनी दी। कई किसानों ने धान खरीद में कई –कई चक्कर लगवाने व दिये गये धान का भुगतान न मिलने की शिकायत पर सीध्र पैसा खातों में भेजवाने का भी आदेश केंद्र प्रभारी को दिया इसके बाद अप जिलाधिकारी ने वहीं की बाजार में बिना मास्क के घूम रहे ग्रामीणों को भी नशीहत दी तथा बिना मास्क फ्रि बाजार या अन्य सरकारी कार्यालयों में आने पर दण्ड की घुड़की दी। उप जिलाधिकारी ने बीते दिनों ग्राम जुरैंया के घान क्रय केन्द्र का भी अचानक निरीक्षण किया था जहाँ पर भी केंद्र प्रभारी को कड़ी चेतावनी दी थी।

## निर्माणाधीन मिनी सचिवालय से पिलर सांचे और सरिए हुए चोरी

**जसवंतनगर।** पंचायत के मोहब्बतपुर में नये बन रहे मिनी सचिवालय में बाहर रखे लोहे के पिलर सांचे सरिये व प्लाई बोर्ड के चोरी हो जाने की घटना सामने आई है। ग्राम प्रधान व सचिव ने चोरी की घटना के सम्बंध में थाना में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग है। ग्राम मोहब्बतपुर जसोहन ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने बताया है कि मोहब्बतपुर में ग्राम समाज भूमि पर करीब 25 लाख रुपये की लागत से मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य किया जा रहा है। दीवारें खड़ी हो गई लेंटर के लिए शटरिंग लगाने का कार्य होना था। इसी कार्य के लिए सरिया व पिलर के लिए लोहे के सांचे सहित शटरिंग का सामान आदि रखा हुआ था। बुधवार की रात को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिए गए घटना की जानकारी गुरुवार सुबह जब वह निर्माणाधीन स्थल के पास पहुंचे तो वहां रखा सरिया सहित अन्य सामान गायब था। ग्राम प्रधान ने उसके बाद 112 नम्बर पर पुलिस की भी शिकायत की तो पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी।

# प्रथम चरण में छह हजार स्वास्थ्य कर्मियों को लगेगा कोविड टीका

**फर्रुखाबाद।** कोविड टीकाकरण के लिए तैयारियाँ अंतिम चरण में है। राज्य स्तर से लेकर जनपद स्तर तक प्रतिदिन तैयारियों की समीक्षा हो रही है। इसी क्रम में कोविड टीकाकरण में लगने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा, जिसकी तैयारी पूरी है। राज्य स्तर से वर्चुअल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 10 मास्टर ट्रेनर्स ने गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जो ब्लॉकों में जाकर अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वंदना सिंह ने बताया कि कोविड टीकाकरण के लिए पूरी तरह से पारदर्शी व्यवस्था हो रही है। जिले स्तर से प्रशिक्षित होने वाले सभी मास्टर ट्रेनर्स को वैक्सीन मैनेजमेंट, कोविन पोर्टल मैनेजमेंट, कोल्डचेन मैनेजमेंट तथा वेस्टेज मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। यहां से शिक्षण प्राप्त सभी मास्टर ट्रेनर्स अन्य लोगों को प्रशिक्षित करेंगे। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 प्रभात वर्मा ने बताया कि टीकाकरण के लिए लाभार्थियों की तीन पन्ने की ड्यू लिस्ट तैयार होगी, जो तीन लोगों के पास होगी। इसी लिस्ट से मिलान एवं सत्यापन करने के बाद लाभार्थी को टीका लगेगा। जिस प्रकार लाभार्थियों के पास एसएमएस जाएगा कि उन्हें कब और कहाँ टीका लगवाने जाना है, उसी प्रकार वेक्सीनेटर( टीका लगाने वाले ) के भी मोबाइल पर भी मैसेज जाएगा कि उन्हें किस जगह टीका लगाने जाना है। डॉ वर्मा ने कहा कि जिस केन्द्र पर टीका लगेगा उस केन्द्र पर लाभार्थियों की ड्यू लिस्ट भेजी जायेगी। सबसे पहले टीकाकरण सत्र पर उपस्थित सुरक्षा कर्मी–वालंटियर लिस्ट देखकर लाभार्थी की पहचान करेगा। टीका लगवाने आने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए आधार कार्ड या कोई अन्य सरकारी आईडी ही मान्य होगा। वैक्सीनेटर भी सूची से मिलान करने के बाद ही टीका लगाएगा। टीका लगने के बाद लाभार्थी को आधे घंटे तक निगरानी में रखा जाएगा। उसके बाद उसे घर भेज दिया जाएगा। साथ ही कहा कोविड टीकाकरण जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और डॉ राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में किया जायेगा। जिसमें लगभग 6 हजार स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाने का कार्य एएनएम, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स और कमुनिटी हेल्थ वर्कर द्वारा किया जायेगा। मास्टर ट्रेनर डॉ सोमेश अग्निहोत्री ने कहा कि टीकाकरण टीम में पांच सदस्य होंगे। हर दिन सत्र में 100 लोगों का टीकाकरण होना चाहिए। अगर टीकाकरण वाले स्थान पर समुचित व्यवस्था है और वेटिंग रूप का इंतजाम है तो एक और सत्र का इंतजाम हो सकता है। सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों, अग्रिम मोर्चे के कर्मियों और 50 साल से अधिक्र उम्र के लोगों का टीकाकरण होगा।

## नकली पुलिसकर्मी बन जूते की दुकान से उड़ाये 35 हजार रुपए

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** जिले की कानून व्यवस्था को धता बताकर दिनदहाड़े बीच बाजार में नकली पुलिस ने जूते की दुकान से 35700 रुपए उड़ा कर फरार हो गये। दुकान मालिक ने थाना पुलिस को सूचना दी है। कस्बा नवाबगंज में मोहम्मद आसिफपुत्र वली मोहम्मद निवासी गनीपुर जोगपुर के ही रहने वाले हैं। इनकी मेन बाजार में जूते चप्पल की दुकान है मोहम्मद आसिफअपने पुत्र असद को करीब 11: 00 बजे दुकान पर बैठा कर घरआया था इसी बीच दुकानदार की दुकान पर मोटरसाइकिल स्प्लेंडर पर सवार होकर दो अज्ञात लोग आए इन लोगों ने खुद को दरोगा बता कर पुत्र से 500 मांगे इसके बाद उसने बच्चे ने पैसे ना होने के कारण कहां उन युवकों ने बच्चे से चप्पल दिखाने को कहा कि बढ़िया सी चप्पल दिखाओ ।



असद जैसे ही चप्पल निकालने के लिए अंदर आया उसी समय युवकों ने गुल्लक में रखें बैग निकाल कर ले गए उसमें रखे 35700 रुपए पैन कार्ड आधार कार्ड भी रखे थे दुकानदार ने जब दुकान पर आकर गुल्लक दे दी तो उसमें से उसका बैग भी गायब था और उसमें रखी नगदी 35700 भी गायब थे दुकानदार इधर उधर बाइक सवारों की तलाश करता रहा लेकिन कहीं भी दिखाई नहीं दिए। इसके बाद दुकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया है। यह जानकारी दुकानदार ने दी और बताया इसके फोटोस भी हैं। दो अज्ञात लोग बाइक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बस इतना ही फोटो में उनके दो फोटो भी आ रहे हैं लेकिन बाइक का नंबर नहीं दिख रहा है । दुकानदार ने तुरंत ही थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है और जल्द ही पुलिस जांच में जुट गई है। अभी तक कोई पता नहीं लगा है इसकी जांच पड़ताल जारी है।

## सीडीओ ने पेंशनर दिवस पर सुनीं समस्याएं, दिये निस्तारण के निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। पेंशन दिवस प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह की 17 तारीख को मनाया जाता है। पेंशनर दिवस के अवसर पर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। पेंशनर दिवस के अवसर पर कृषि विभाग से सेवा निवृत्त कामदर के पद पर रहे राम वर्मा द्वारा पेंशन के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया गया कि जब से सेवानिवृत्त हुए है पेंशन नही मिल रही है जिस पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेकर पेंशन दिलायी जाये। तथा मौके पर ही निस्तारित किया जाये। पेंशनर दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग बेसिक शिक्षा विभाग के पेंशनरों द्वारा पेंशन में आ रही समस्याओं से को अवगत कराया गया जिसमें प्रमुख कारण पेंशनर के इंक्रीमेंट को लेकर थी जिसे शीघ्र निस्तारित कराए जाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग के लेखाधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए।

# सूर्यदेव भी नहीं तोड़ सके ठंड का गुरूर, ठिठुरन और बढ़ी

**फर्रुखाबाद।** दिनों से पछुआ हवा के झोंकों ने अचानक जिले का पारा कम कर दिया है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड की वजह से आमजन बेहाल है। सबसे बुरा हाल उन गरीबों का है जिनके पास इस ठंड से जूझने के लिए न तो तन पर गर्म कपड़े हैं और न ही सिर पर छत। निरंतर ठंड से पीड़ित मरीजों की तादाद अस्पताल में बढ़ रही है।मौसम के करवट लेने के साथ ही शीतलहर से ठिठुरन बढ़ गई। दिन में सूर्यदेव भी ठंड का गुरूर नहीं तोड़ सके। ठंडी हवाओं के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। न्यूनतम तापमान शाम चार बजे 17 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं ठंड बढ़ने के साथ बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री में इजाफा हुआ।

गुरुवार की सुबह कोहरा न होने के कारण वाहनों के आवागमन में कोई परेशानी नहीं रही। बादल छाए रहने से लोगों को कड़ाके की ठंड का एहसास हुआ। दिन में थोड़ी देर के लिए सूर्यदेव ने दर्शन दिए लेकिन ठंड के आगे धूप की गर्मी बेअसर रही। दोपहर बाद से एकाएक ठंड का प्रकोप फिर बढ़ गया। शाम होते ही ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। ठंड से निजात पाने के लिए राहगीरों नें अलाव का सहारा लिया। मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। मौसम में ठंडक बढ़ने से नजला–जुकाम का प्रकोप भी बढ़ा है। ठंड ने उन दुकानदारों के चेहरों पर रौनक ला दी है, जिन्होंने गर्म कपड़ों का स्टाक लगा दिया था। रूई के भाव भी सर्दी बढ़ने के साथ ही बढ़ गए हैं। ठंड ने गरीब आदमी के सामने परेशानी खड़ी करनी शुरू कर दी है। विशेष रूप से रात में बढ़ी ठंड ने उन्हें ज्यादा परेशान कर दिया है। पिछले दो दिन में ही तापमान काफी घट गया है। पारा थोड़ा और गिरा तो गरीब–असहाय लोगों का जीना मुश्किल हो जाएगा। धूप न निकलने व ठंडी हवाओं के कारण परेशानी बढ़ गई है।

कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड ने आमजन को ही नहीं बल्कि पशुओं को को भी बेहाल कर दिया है। ठंड के असर से उन्हें बचाने के लिए पशुपालक अब पशुओं को बंद कमरों में पराल पाती डालकर रहे हैं, साथ ही अलाव जलाकर उन्हें आग की तपिश दी जा रही है।

## लाखों का माल व नकदी चोरी

**लबेदी।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बसैयाहार में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने एक मकान में घर के पिछबाडे से दीबाल पर चढकर छत से कमरों में प्रवेश करके दो बख्शों व एक अटैची को साडी की रस्सी बनाकर पिछबाडे से उतारकर सरकारी नलकूप की कूल में खोलकर करीब 4 लाख रुपये के स्वर्णाभूषण व 20 हजार रुपये नगदी पार की। घटना की जानकारी परिजनों को उस समय मिली जब सुबह जागकर नाती के जन्मदिन की तैयारियां करने में जुटे थे। तब थाना पुलिस ने आकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया ।

इस लख्खी चोरी की घटना के सम्बंध में पीडित प्रमोद तिवारी पुत्र छक्कीलाल निबासी बसैयाहार ने बताया कि वह अपने पुत्र व पुत्र बहुओं के परिवार के साथ अलग अलग कमरों में लेटे हुए थे। कि तभी रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने मकान के पिछबाडे बाग से होकर मकान की दीबाल पर चढकर छत से आंगन में आकर कमरों में घुस गये जहां कमरों में रखे दो बख्शों व एक सूटकेश को उठाकर महिलाओं की साडी की रस्सी बनाकर पिछबाडे बाग से होकर उतार लिए व सरकारी नलकूप के पास बनी कूल में बख्शों व अटैची को खोलकर उसमें रखे 6 सोने की अंगूठीए1 मंगलसूत्र सोने काएएक जंजीर सोने की व चार चूडी सोने की व 20 हजार रुपये की नगदी को निकालकर बख्शे में रखे सामान को बाहर निकालकर फैंककर बख्शे व सूटकेश को वहीं पडा छोड गये। जब सुबह परिजन नाती के जन्मदिन को लेकर तैयारियां करने में जुटे तो कमरे में बख्शे व सूटकेश गायब मिला तो जब इधर उधर देखा तो घर से दूर बख्शे पडे मिले। वहीं इस चोरी की घटना से एक दिन पूर्व बकेवर थाना क्षेत्र के तीन गांवों में अलग अलग करीब 7 लाख रुपये की चोरियों की घटनाओं को अंजाम दिया। इसमें तो चोरों ने कटर से ताला सांकर को काटकर व बख्सों को दो भागों में बिभाजित करके स्वर्णाभूषण पार किये थे। इस चोरी की घटना की सूचना थाना लवेदी पुलिस को दी जिस पर थानाध्यक्ष सुरेश चन्द्र मय पुलिस फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे व बारीकी से निरीक्षण करते हुए शीघ्र चोरी की घटना का पर्दाफाश करने का आश्वासन दिया।

## सीडीओ ने फसल बीमा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखा किया रवाना

**कानपुर देहात।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए स्वीकृत युनीवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फसल बीमा के प्रचार वाहन को जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों कि आय 2022 तक दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना से ज्यादा से ज्यादा लाभ किसानों को मिल सकेए इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए जिले में प्रचार वाहन बीमा कंपनी की ओर से लगाया जा रहा है। यह गांव.गांव जाकर लोगों को फसल बीमा एवं किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक करेगा। कार्यक्रम में उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव एवं जिला कृषि अधिकारी सुमित पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ऋणी और गैर ऋणी कृषकों को प्राकृतिक आपदाओं के हमलों के कारण किसी अधिसूचित फसल की विफलता की दशा में बीमा संरक्षण और आर्थिक सहायता प्रदान कर रहा है। हरी झंडी दिखाने से पहले मुख्य विकास अधिकारी ने बीमा कंपनी के अधिकारियों से जानकारी ली। बीमा कंपनी के द्वारा बताया गया कि टीम गांव.गांव में घर.घर जाकर किसानों को फसल बीमा के लिए प्रेरित कर रही है। बताया गया कि बीमा कराने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2020 है। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी केके पाण्डेयए डीआईओएस अरविन्द कुमार द्विवेदी आदि अधिकारीगण व बीमा कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना का लक्ष्य निर्धारित, 31 जनवरी तक करे पूराः सीडीओ

**कानपुर देहात।** वर्तमान में असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों घरेलू, कामगार, स्ट्रीट वेडर, मिड.डे मील वर्कर, बोझा ढ़ोने वाल, ईट भट्ठे के श्रमिक, मोची, रिक्शा चालक, कृषि श्रमिक, मछली पालन, बीड़ी श्रमिक, चमड़ा श्रमिक, निर्माण, जरदोजी श्रमिक, रोजगार श्रमिक, मनरेगा श्रमिक, रसोइया, आशाबहू, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, पीआरडी जवान आदि हेतु प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना (पीएमएसवाईएम) के संचालित है जिसमें 18 से 40 वर्ष के मध्य वाले असंगठित कर्मकारो का पंजीयन जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से कराया जाना है जिसके लिए शासन के जनपद हेतु लक्ष्य के अन्तर्गत 22500 निर्धारित किया गया है। जिसमें 10451 का लक्ष्य पूर्ण हो चुका है।

उपरोक्त जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने उक्त लक्ष्य प्राप्ति हेतु विकास खण्ड अधिकारी अकबरपुर, सरवनखेडा, डेरापुर, मैथा, रसूलाबाद, झींझक, मलासा, अमरौधा, सन्दलपुर, राजपुर को लक्ष्य प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के तहत 600.600 निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका पुखरायांए झींझक को 600.600 दिया गया है। नगर पांचयत अकबरपुर, शिवली, डेरापुर, सिकन्दरा, अमरौधा, रूरा को 200.200 का लक्ष्य दिया गया है। अधिशाषी अभियनता विद्युत को 500, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को 250ए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को 400ए जिला कार्यक्रम अधिकारी को 100ए उपायुक्त उद्योग को 300ए लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड को 200ए लोक निर्माण विभाग खण्ड.1 व .2 को 300.300 का दिया गया। इसी प्रकार सिंचाई विभाग को 200ए ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, जल निगम, जिला परिषद को 200–200, नलकूप, डूडा, लघु सिंचाई, मण्डी परिषद, राजकीय निर्माण निगम, सीएनडीएसयू 5, सीएनडीएसयू 11 पैक्स पेड, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0 को 100–100 का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त पंजीयन का लक्ष्य प्रत्येक दशा में 31 जनवरी 2021 तक शत् प्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चत करे एवं प्रगति आख्या श्रम प्रवर्तन अधिकारी के माध्यम से अवगत भी करायें।

## क्विक न्यूज

### आग में गिरी दुधमुंही बच्ची, गम्भीर

**घाटमपुर।** थाना सजेती क्षेत्र के गांव लखपेंड़ा मजरा बीरबल का अकबरपुर में एक दुधमुही बच्ची जलती आग में गिर जाने से बुरी तरह झुलस गयी, परिजन उसे इलाज के लिये घाटमपुर सीएचसी में भर्ती कराया है। गांव निवासी बिनोद पुत्र मेवालाल काम धंन्धे के सिलसिले में बाहर गया हुआ था और घर में पत्नी बच्चे थे आज सबेरे 9 बजे के करीब उसकी पत्नी किसी काम से बाहर थी तथा उसकी दुधमुही बच्ची चारपाई पर लेटी थी इसी बीच किसी तरह बच्ची पास जल रही आग में गिर गयी बच्ची की रोने की आवाज सुन मॉ अंन्दर गयी और बच्ची को उठाया और इलाज के लिये अस्पताल ले गयी। डाक्टरों ने बताया कि बच्ची का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है।

### मिले 13 और कोरोना मरीज, संख्या पहुंची 4516

**फर्रुखाबाद।** जिले में 13 कोरोना मरीजों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जिससे जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 4516 पर पहुंच गई है। कोविड की रोकथाम हेतु डीएम व एसपी अभियान चलाकर आमजनमानस को लगातार जागरुक कर रहे हैं जिससे आम जनमानस को कोरोना जैसी महामारी से बचाया जा सके। जिला मुख्यालय से 24 घंटे में आई रिपोर्ट के मुताबिक जिले में 13 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिससे जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 4516 पर पहुंच गई है। वहीं आज एक्टिव मरीजों में इजाफा हुआ है। जिले में आज 119 मरीज एक्टिव हो गये हैं जिनका इलाज चल रहा है। वहीं जिले में स्वस्थ एंव होमआईसोलेशन मरीजों की संख्या 4318 हो गई है। सभी स्वस्थ मरीजों को प्रशासन की निगरानी में उन्हें घर भेज दिया हैए वहीं सभी होमआईसोलेट मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जबकि जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या 79 पर पहुंच गई है।

### वृद्ध दर्जी का शव घर आते ही मचा कोहराम

**फर्रुखाबाद।** बीते दिनों मार्ग दुर्घटना में घायल हुए वृद्ध दर्जी की मौत हो जाने के बाद उसका शव घर आते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। शव का पांचाल घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम मदनपुर निवासी 70 वर्षीय शोभाराम जाटव की पुत्री ममता भिवानी में रह रही है। उसके पुत्र ऋतिक का एक्सीडेंट हो गया था। जिसे देखने शोभाराम, उनके भाई प्रेमचंद और प्रेमचंद की पत्नी मुन्नी भी रोडबेज से जा रहीं थी। गाजियाबाद में लाल कुआं के निकट ट्रक और रोडबेज में भिंडत हो गयी। जिसमें शोभाराम और उनके परिजन जख्मी हो गये। उन्हें उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान बीती रात शोभाराम की उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजन उनका शव लेकर पंहुचे तो कोहराम मच गया। जिसके बाद शव का पांचाल घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। शोभाराम मदनपुर बाजार में दर्जी का कार्य करते थे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

### वरासत अभियान की शिकायतों का 'नियंत्रण कक्ष' करेगा निस्तारण

**फर्रुखाबाद।** वरासत दर्ज करने के लिए जिले में भी विशेष अभियान 15 दिसंबर से शुरू हो चुका है। इसके लिए तिथिवार लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। अभियान में आने वाली समस्या और शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें गुरुवार को आदेश जारी किया। जिसमे उन्होंने कलेक्ट्रेट के जिला इमरजेंसी सेंटर में नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने के आदेश दिये। इसके साथ ही नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अपर उपजिलाधिकारी सदर नरेंद्र सिंह को बनाया गया है। जिसके लिए उन्होंने 05692 2354-23 के साथ ही 9454419013 दूरभाष नम्बर भी जारी किया है। जिस पर वरासत के लिए आने वाली समस्या का निदान पाया जा सकता है ।

### उपचार के लिए लाई पुलिस, डॉक्टर ने किया मृत घोषित

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** थाना क्षेत्र कंपिल के गांव शाहीपुर निवासी युवक अमित कुमार पुत्र उमेश चंद्र को थाना कंपिल पुलिस संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर अवस्था के चलते उपचार के लिए बीती रात लगभग 9रू00 बजे कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई । जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने देखने के बाद उस युवक को मृत घोषित कर दिया।

### गाय की टक्कर से महिला घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर कायमगंज के मोहल्ला बगिया निवासी गप्पू की 45 वर्षीय पत्नी माधुरी को अचानक गाय ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे घबराए परिजन उपचार के लिए कायमगंज नगर के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां लगीं गंभीर चोटों की जांच करने के बाद ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उपचार किया। समाचार लिखे जाने तक गंभीर हालत में ही महिला का उपचार जारी था।


### खन्दी में पड़ा मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**कायमगंज/फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव शिवरईमठ में इजहार खान के खेत के पास बाली खन्दी में आज सवेरे ग्रामीणों ने एक वृद्ध का शव पड़ा देखा । वृद्ध के चेहरे पर दाढ़ी रखी हुई थी तथा उसके चेहरे सहित अन्य अंगों पर चोटों के निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। लगे घाव की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीक हो रहा था कि किसी वाहन की टक्कर लगने से या फिर पकड़ कर घसीटने से इस तरह के घाव लगे होंगे। जिसके कारण वृद्ध की रक्त स्राव होने से मृत्यु हो गई। वही प्रश्न यह उठता है कि आखिर मृतक वृद्ध का शव सड़क से हटकर इस खन्दी में कैसे आया। क्या दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालक ने या फिर अन्य किसी ने यह दशा बनाकर वृद्ध का शव यहां लाकर डाल दिया। शब पड़े होने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी शीघ्रता दिखाते हुए वृद्ध के शव को टेंपो पर रखा और मौके से लेकर शायद पंचनामा आदि कार्यवाही करने के लिए ले कर चली गई।

### डीएम के निर्देश पर 712 बनाए गए गोल्डन कार्ड

कानपुर देहात। आयुष्मान भारत योजना, भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पाँच लाख रूपये तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पांच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारीध्प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलताध्धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में आज 712 गोल्डेन काडे बनाये गये है। उक्त प्रगति जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी/प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन रणनीति बनाकर समय से टीम को चिन्हित ग्रामों में भेजे तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए गोल्डेन कार्ड बनाये जाने हेतु प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूर्ण कराएं। साथ ही अन्य ग्राम स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों का सहयोग भी प्राप्त करें। ताकि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हर एक पात्र व्यक्ति को मिल सकें।

### सपा से जिला उपाध्यक्ष बने मीनू दुबे



**भर्थना।** समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर इटावा सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने संगठन का विस्तार करते हुए भरथना कुँवरा निवासी प्रवीण दुवे उर्फमीनू दुवे को पार्टी में जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। सपा जिलाध्यक्ष श्री यादव ने मीनू दुवे की लम्बे समय से लगातार पार्टी के प्रति आस्था व लगनशीलता को देखते हुए उन्हें इस जिम्मेदार पद पर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर भरथना के ब्लॉक प्रमुख हरिओम यादव, इटावा नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता, भरथना सभासद शिवराम सिंह यादव, विनय दुवे, राजू दुवे, रमेश चंद्र दीक्षित, सत्य प्रकाश दीक्षित, लालजी दीक्षित, आनंद दीक्षित, सोनू त्रिपाठी, भुरेदुवे आदि सपा नेता पदाधिकारी समर्थकों की मौजूदगी उल्लेखनीय रही। भरथना कुँअरा के युवा सपा नेता प्रवीण दुवे उर्फ मीनू दुवे को सपा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त करने की खबर मिलते ही क्षेत्र के सपा नेता पूर्व राज्यमंत्री अशोक यादवएपूर्व सांसद प्रदीप यादवएभरथना के उद्योगपति सपा नेता अजय यादव गुल्लूएजिलापंचायत सदस्य मनोज यादव बन्टीएसुरेन्द्र यादव बाबूजीएदलवीर सिंह यादवएभरथना सपा नगर अध्यक्ष प्रताप सिंह वर्मा आदि सपा नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता समर्थकों ने बधाई दी है।

### नहर के किनारे झाड़ियों में मिली बाइक

**चौबिया।** थाना क्षेत्र से के गांव राहिन के पास से निकलने वाली लोहिया गंग नहर के किनारे झाड़ियों में शाम से खड़ी अज्ञात बाइक को जब सुबह भी उसी स्थान पर ग्रामीणों ने देखा तो उन्होंने मामले की जानकारी चौबिया थाना प्रभारी राजीव यादव को दी जिस पर मौके पर पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी ने पहुंचकर बाइक को कब्जे में लिया और आसपास क्षेत्र की तलाशी ली उन्होंने बताया कि यूपी 30 । 7449 नंबर की बाइक को बरामद किया गया है नंबर के अनुसार यह बाइक यूपी के हरदोई जिला के रहने वाले दुर्गेश के नाम दर्शा रही है मौके पर आसपास क्षेत्र की तलाशी ली गई लेकिन कुछ नहीं मिला आखिरी यह बाइक यहां आई कैसे गोरे से यहां खड़ा क्यों किया गया इसकी जानकारी की जा रही है लावारिस बाइक को चौबिया थाना कि माल खाने में जमा करा दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# 2022 में फिर यूपी में भाजपा की सरकार बनाएं कार्यकर्ता: बंसल

**● धर्म नगरी में सम्पन्न हुई कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र कार्यसमिति की बैठक**



**चित्रकूट।** भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की प्रथम क्षेत्रीय कार्यसमिति बैठक चित्रकूट के उद्यमिता विद्यापीठ में संपन्न हुई। क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई नई कमेटी की कार्यसमिति बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के सह प्रभारी व राष्ट्रीय मंत्री वाई सत्या कुमार रहे। डीआरआई चित्रकूट के उद्यमिता में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए श्री बंसल ने कहा कि क्षेत्रीय इकाई एक प्रकार से प्रदेश की ही इकाई है। आप सब की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। हम सबको 2022 के चुनाव में भाजपा को पुन:जिता कर उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनानी है। उसके पूर्व में 2021 में पंचायत चुनाव होना है जिसमें भाजपा समर्थित प्रत्याशी उतारेगी। हम सबको पंचायत चुनाव में भी भाजपा को विजय श्री दिलानी है। हम सबको अब प्रवास करना है और संगठन का विस्तार भी करना है। हम सब घर घर जाएंगे और भाजपा के सिद्धांतों और विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। हमारे अपने बूथ पर भाजपा जीते यह भी हम सबकी जिम्मेदारी है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव यानि प्रधान, ब्लॉक और जिले में पंचायत चुनाव में भी हमको जीत हासिल करनी है। यह एक प्रकार से 2022 चुनाव का रिहर्सल होगा। पंचायत चुनाव के माध्यम से ही विधानसभा चुनाव की जीत निकलेगी। प्रदेश सह प्रभारी वाई सत्या कुमार ने कहा कि नानाजी देशमुख, अटल बिहारी वाजपेई और नरेंद्र मोदी जी की कर्मभूमि उत्तर प्रदेश में मुझे सह प्रभारी का दायित्व मिला है और कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की इस पहली बैठक में बाबा कामतानाथ की नगरी चित्रकूट में मेरा आगमन हुआ यह मेरा सौभाग्य है। आज हमारी सरकारें विकास का पर्याय बन चुकी है। विपक्षी हमारी जीतों से बौखला गए हैं। चुनाव के पूर्व विपक्षी दल झूठे नैरेटिव गढ़ते हैं। चाहे वह असहिष्णुता का मुद्दा हो या अवार्ड वापसी गैंग का। किसानों को भड़काने का प्रयास हो रहा है। हम किसान पंचायतों के माध्यम से किसानों के बीच जाकर विपक्ष के द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर कर रहे हैं। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृत संकल्पित है, नया कृषि बिल इसी दिशा में काम करेगा।

# केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने नानाजी देशमुख को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता। चित्रकूट**

**राष्ट्रऋषि** नानाजी देशमुख अक्सर कहा करते थे जिस दिन गांव जाग जाएंगे, उस दिन दुनिया जाग जाएगी। वह ऐसा अपने राजनीतिक अनुभव, सामाजिक दृष्टिकोण से कहा करते थे। उन्होंने कहा ही नहीं करके भी दिखाया। श्रद्धेय नानाजी अब हमारे बीच नहीं हैं लेकिन विचार के रूप में वह आज भी हमारे बीच मौजूद हैं।

यह अवसर था भारत रत्न नानाजी देशमुख के चित्रकूट स्थित आवास सियाराम कुटीर का, जहां भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे और उनके साथ बिताए पलों को याद करके भाव विभोर हो उठे।इस मौके पर दीनदयाल शोध संस्थान के सचिव डा. अशोक पाण्डेय, उप महाप्रबंधक डा. अनिल जायसवाल भी साथ रहे। चित्रकूट आने पर दिव्यांग विश्वविद्यालय से भारत रत्न नानाजी देशमुख को श्रद्धांजलि देने सियाराम कुटीर पहुंचे, वहां नानाजी के कक्ष में पहुंचकर उनको श्रद्धा पुष्प अर्पित किए और कुछ देर नानाजी के कक्ष में ही बैठकर नानाजी के साथ बिताए पलों को याद करते हुए अपनी चिर-स्मृतियां साझा किए। स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बताया कि नानाजी के जीवन से उन्हें लगातार राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिलती रही है।

लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सन 1974 में पटना में छात्र आंदोलन के दौरान जेपी पर लाठी का प्रहार हुआ था तो नानाजी ने अपना हाथ आगे बढ़ा कर उनका उनका सिर टूटने से बचाया था और स्वयं चोटिल होने से उनके हाथ की हड्डियां टूट गई थी जिसका प्रत्यक्षदर्शी में स्वयं आंदोलनकारी के रूप में संघर्षशील था, ऐसे नव दधीचि राष्ट्र ऋषि नानाजी के प्रति श्रद्धा सुमन समर्पित है।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**हमीरपुर।** आज सुमेरपुर क्षेत्र में मजदूरी करके मौदहा से अपने गांव इगोहटा आ रहे दो बाइक सवार युवकों की ट्रक की सीधी टक्कर लग जाने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के इगोहटा गांव निवासी जीतू धूरिया(26) तथा सुरेश प्रजापति (30) दोनों युवक मौदहा में किसी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में सरिया सीमेंट उतारने का काम करते हैं ष्ट्र निमंत्रण से निपट कर दोनों युवक बाइक द्वारा मौदहा से अपने गांव इगोहटा आ रहे थे तभी गांधी रोड के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनो युवको की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयया था। जीतू धूरिया अपने माता पिता की इकलौती संतान थी। जीतू की मां बांदा में व्याही थी किंतु पति से खटपट हो जाने से 25 वर्ष पूर्व अपने इकलौते बेटे जीतू को लेकर अपने मायके इगोहटा चली आयी थी तभी से अपने माता पिता व भाईयों के सहारे पुत्र का पालन पोषण करते हुए जीवन काट रही थी लेकिन सड़क दुर्घटना में पुत्र की मौत हो जाने से जीतू की माँ मुलिया अब कहीं की नहीं रही ष्ट्रघटना से इगोहटा में भारी गम का माहौल है। सुरेश की पत्नी रीना तथा जीतू की पत्नी रश्मि सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। दोनों शवो को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### बाइक से गिरकर घायल दूसरे ने आत्महत्या का किया प्रयास

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां थाना क्षेत्र के गिरवर गांव निवासी कुंवर प्रजापति बाइक से राठ आ रहा था। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं महोबा निवासी जरीना खातून 50 पत्नी जलील मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर घरेलू कहल के चलते एक युवती और एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जनपद झांसी के मोती कटरा गांव निवासी सीमा 30 पत्नी नरेश ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। बताया जाता है कि पति से विवाद होने पर महिला ने जहर खा लिया। वहीं सरीला तहसील के ममना गांव निवासी नेहा 18 पुत्री राधाचरण ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों की हालत बिगडने पर परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरवा में कल एक नाबालिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चंद्र पुरवा बुजुर्ग निवासी बाबू राम प्रजापत की पुत्री आशा 17 वर्ष नेबुधवार की देर शाम अपने घर के अंदर फांसी के फंदे पर झूल कर मौत को गले लगा लिया लोगों ने बताया कि परिजनों ने पुलिस को सूचना भी नहीं दी और आनन-फानन मैं उसका अंतिम संस्कार कर दिया फांसी लगाने का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

### बन्दूक के साथ जेल भेजा

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के भैंसा पाली गांव निवासी एक ग्रामीण को पुलिस ने जंगल में शिकार करते हुए गजही बंदूक के साथ पकड़ कर जेल भेज दिया है। गांव के निवासी अवधेश पाल बीती शाम बेरी के जंगल में गजही बंदूक के साथ शिकार करने गया था। चौकी इंचार्ज बेरी विवेक त्रिपाठी ने मौके पर जाकर पकड़ कर उसके खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वही चालान कर जेल भेज दिया है।

### सभासद ने ईओ से की अलाव जलवाने की मांग

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर पंचायत समधन के क्षेत्रीय नागरिकों को भीषण सर्द लहर से बचाव के लिए सभासद ने अधिशाषी अधिकारी को पत्र भेजकर अलाव जलाने की मांग की है। क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला सिकंदर नगर के सभासद अतीक हुसैन ने अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि भीषण सर्दी का प्रकोप जारी है। नागरिकों को भीषण सर्दी से बचाव के लिए नगर के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाए जाने की व्यवस्था नगर पंचायत प्रशासन द्वारा की जाए। कहा कि नगर पंचायत के कुल आबादी लगभग 40,000 है शीतलहर के चलतेप्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाए जाने की अति आवश्यकता है।

### खड़ंजा बिछाने में बाधक बने दो युवकों को भेजा जेल

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर में बनाये जा रहे खड़ंजा में व्यवधान पैदा करने वालों के पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा तीनों आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ग्राम छिरिया सलेमपुर में में प्रधान द्वारा खड़ंजा डलवाया जा रहा है। इसके लिए रामेन्द्र सिंह का ट्रैक्टर ईटा लेकर जा रहा था। इसी दौरान गांव के रविन्द्र, राजेन्द्र व मोहन वहां पहुंच गये तथा खडंजा निर्माण रुकवाने लगे। जब काम नहीं रूका तो इन लोगों ने रामेन्द्र सिंह के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी थी तथा बचाव में प्रधान कामतानाथ के साथ गाली गलौज कर दी थी। सरकारी कार्य में बाधा डालने व प्रधान के बदसलूकी करने के मामले में पुलिस आरोपित के खिलाफमामला दर्ज कर लिया तथा तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को पुलिस गिरफ्तार किये रविन्द्र, राजेन्द्र व मोहन को जेल भेज दिया है।

### नाबालिग को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तथा जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम से नाबालिग को हरीपुरा निवासी युवक राजा बहला फुसला कर भगा ले गया था। नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने नाबालिग के पिता की शिकायत पर युवक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया था। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर उसको परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में बांछित युवक राजा को पकड़ लिया तथा न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

**जालौन (उरई)।** घर के बाहर जा रहे बृद्ध ने मोटर साइकिल सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। घायल के पुत्र ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के हिरदेशाह निवासी दिलीप कुमार ने बताया कि उनके 60 वर्षीय पिता कलकई सड़क पर जा रहे थे तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने उनके टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने आरोपित के वाहन के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

### मबई में सर्दी लगने से किसान की मौत

**कोंच (जालौन)।** कोंच सर्किल के थानां एट क्षेत्र में गेंहू के खेत में पानी लगा रहे किसान की सर्दी लगने से मौत हो गयी। कोंच तहसील के ग्राम मबई निवासी 65 वर्षीय किसान लहरी पुत्र भरोसे पाल अपनी आठ बीघा भूमि पर गेहूं की फसल लगाई हुई है मंगलवार की रात वह फसल में पानी लगाने के लिए खेत पर गया था वह जब पानी लगा रहा था तो अचानक रात्रि तीन बजे उसे जोर की सर्दी लगी और वह खेत के पास रखी चारपाई पर लेट गया और कुछ ही देर में उसकी मौके पर ही मौत ही गयी। तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा पुलिस के साथ वहां पहुचे और किसान के शव को पोस्टमॉर्टम लिए भिजवाया तहसीलदार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण पता चल पायेगा ओर जो भी मदद होगी उसे हर प्रकार से मदद की जायेगी।

# सात वर्ष से विभाग में मनरेगा का एक करोड़ भुगतान फंसा

**बांदा।** मनरेगा योजना जिले में रोजगार की गारंटी नहीं दे पा रही है। एक तो लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा उस पर जिन्हें रोजगार मिला उनका भी भुगतान अधर में है। बीते सात वर्षो में मनरेगा का करीब एक करोड़ रुपये मजदूरों तक नहीं पहुंच सका। तकनीकी सहायकों की मामूली त्रुटियों के चलते यह भुगतान अटका तो आज तक इसे दुरुस्त नहीं कराया गया। सबसे ज्यादा कमासिन व नरैनी ब्लाक में 22.22 लाख रुपये बकाया हैं। अधिकारी भी शिकायतें मिलने पर सिर्फ निर्देशों तक ही अपना दायित्व समझते हैं।

जिले में करीब सवा दो लाख जॉबकार्ड धारक हैं। सड़क पुलिया खड़ंजा निर्माण से लेकर तालाब खुदाई तक में यह श्रमिक गर्मी सर्दी व बारिश में पेट भरने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं। नियमतरू इन मजदूरों का भुगतान हर माह सात से 15 तारीख के बीच हो जाना चाहिए। जिले में ऐसा नहीं हो रहा है। तकनीकी सहायकों की फीडिग व एफ्टीओ बनाते समय हुई त्रुटियां भुगतान में बाधक बन जाती हैं। मजदूर दौड़ भागकर हार जाते हैं उनका भुगतान नहीं हो पाता। ऐसे ही जिले में पिछले सात वर्षों में अलग.अलग 5877 कार्यों का एक करोड़ एक लाख 88 हजार रुपये बकाया फंसा है। बबेरू ब्लाक में 511 एफ्टीओ का 9 लाख 32 हजार 339 रुपये बड़ोखर में 1107 एफ्टीओ का 15 लाख 50 हजार 536 रुपये बिसंडा में 324 एफ्टीओ का छह लाख 29 हजार 618 रुपये जसपुरा में 512 एफ्टीओ का 9 लाख 45 हजार 791 रुपये कमासिन में 1101 एफ्टीओ के 22 लाख 5 हजार 815 रुपये महुआ में 221 एफ्टीओ के दो लाख 98 हजार 665 रुपये नरैनी में 1214 एफ्टीओ के 22 लाख 72 हजार 837 रुपये व तिदवारी ब्लाक में 887 एफ्टीओ के 13 लाख 53 हजार 273 रुपये की मजदूरी बकाया है।

# तमंचे की नोंक पर पिता पुत्र को पीटा, पुलिस कर रही टालमटोल

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के काशीनाथ में 3 लोगों ने तमंचा दिखाकर पिता-पुत्र के साथ मारपीट कर दी थी। घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की हैं। जिससे पीड़ित परेशान हैं। पुलिस अधीक्षक से आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। काशीनाथ निवासी निवासी रमाशंकर सोनी व उनके छोटे पुत्र कुलदीप के साथ उनके पड़ोसी शनि, बऊआ ने अपनी मां किरन के साथ मिलकर रंगबाजी को लेकर 5 व 6 दिसंबर को सड़क पर गिरा गिरा कर मारपीट कर दी थी। तमंचा दिखाकर की युवकों द्वारा की गई मारपीट व जान से मारने की धमकी दी थी। घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। तमंचा दिखाकर हुई गुडंई के मामले में पुलिस ने साधारण धाराओं में मामला तो दर्ज कर लिया किन्तु 10 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने आरोपित से पूछताछ तक की जहमत नहीं उठाई।

# शिक्षा ही उन्नति का एकमात्र विकल्प: विधायक

**बांदा।** प्राथमिक विद्यालय अतरहट प्रथम में नि:षुल्क स्वेटर एवं जूता-मोजा का वितरण ग्राम पंचायत अतरहट क्षेत्र तिन्दवारी के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय अतरहट प्रथम में आज तिन्दवारी विधायक बृजेष कुमार प्रजापति द्वारा नि:षुल्क स्वेटर एवं जूता-मोजा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी हरिष्चन्द्र नाथ एवं खण्ड षिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार कुषवाहा ने उपस्थित ग्राम वासियों एवं मुख्य अतिथि तिन्दवारी विधायक का आभार व्यक्त किया। तिन्दवारी विधायक बृजेष कुमार प्रजापति ने बताया उत्तर प्रदेष सरकार विद्यालयों में मूलभूत अवस्थापना संतृप्तीकरण एवं कायाकल्प कर गुणवत्ता पूर्ण षिक्षा के लिए बहुत प्रयास कर रही है और सरकार के प्रयासों का फल अब विद्यालयों में दिखने भी लगा है। विद्यालयों में अब षिक्षक नवाचार भी करने लगे है और साथ ही अध्यापक उपस्थिति में भी सुधार हुआ है। उन्होंने ग्रामवासियों एवं अभिभावकों



से कहा कि वे निरन्तर विद्यालय के अध्यापकों से सम्पर्क करते रहे। षिक्षा के क्षेत्र में क्या बेहतर हो सकता है इस विषय पर अध्यापकों के साथ बैठक कर चर्चा करें।

विधायक ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे उनसे षिक्षा की बात करें, विकास की बात करें लेकिन बड़ा दुर्भाग्य है कि कोई भी उनसे इस विषय पर न तो चर्चा करता है और न ही षिकायत करता है। विधायक ने कहा कि षिक्षा ही उन्नति का एकमात्र विकल्प है। षिक्षा के बिना कोई उन्नति नहीं कर सकता और न ही समाज उन्नत हो सकता है इसलिए षिक्षा को सबसे अधिक महत्व देना चाहिए। ग्रामवासियों से कहा कि वे बच्चों को घरेलू झगड़ों से दूर रखें क्योंकि इसका प्रतिकूल प्रभाव उनके मन मस्तिष्क पर पड़ता है। विधायक द्वारा बच्चों को स्वेटर और जूता-मोजा का वितरण किया गया। स्वेटर और जूता-मोजा पाकर पाकर बच्चे खुषी से झूम उठे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अमिता यादव, साधना, धनंजय प्रजापति, रामदेव प्रजापति, उदय वीर सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन हरवंष श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# चित्रकूट को पर्यटन के साथ चिकित्सा का बड़ा हब बनायेगी सरकार: अश्वनी

**● केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री का दावा 2022 तक देश में खत्म हो जाएगी डॉक्टरों की कमी**

**रतन पटेल। चित्रकूट**



केंद्रीय मंत्री को स्मृति चिन्ह देते सांसद।

**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के दौरे पर आये केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अश्वनी चौबे ने गुरूवार को भगवान कामतानाथ के द्वार पर मत्था टेका। पत्रकार वार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच बसा चित्रकूट पर्यटन का हब है। यहां चिकित्सा का बडा प्रकल्प स्थापित कर इसे स्वास्थ्य का भी बडा केंद्र बनाया जायेगा। उन्होने मोदी सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मेडिकल कालेज और एमबीबीएस की सीटे बढा दी गई है। दावा किया कि 2022 तक देश में चिकित्सकों की कमी खत्म हो जायेगी।

धर्म नगरी के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री चौबे ने मनोकामनाओं के पूरक देवता भगवान श्रीकामता नाथ एवं प्रमुख तीर्थ हनुमान धारा के दर्शन किये। राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित आरोग्यधाम प्रक्ल्प, गोलोकवासी संत रणछोडदास महाराज द्वारा स्थापित सदगुरू नेत्र चिकित्सालय एवं जगदगुरू रामभद्राचार्य महाराज द्वारा स्थापित दिव्यांग विवि चित्रकूट में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया।साथ ही सभी प्रकल्पों के क्रिया-कलापों की जमकर सराहना की। इसके बाद मुख्यालय स्थित डाक बंगले में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य कर रहीं है। वैश्विक महामारी कोरोना की रोकथाम की दिश में भारत सरकार द्वारा किये गये प्रयासों की पूरे विश्व में सराहना हो रहीं है। उन्होने कहा कि डॉक्टरों की कमी के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार एमबीबीएस की सीटें काफी बढ़ा दी गई हैं। 2022 तक देश में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर उपलब्ध हो जाएंगे। इसके अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने बताया कि देश में तीन वैक्सीन का ट्रायल आखिरी चरण में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैक्सीन यात्रा कर तैयारियों का जायजा ले लिया है। पहले चरण में एक करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन दी जाएगी। उसके बार दो करोड़ कोरोना वारियर्स को इसका लाभ मिलेगा लेकिन सभी को कोविड-19 प्रोटोकाल का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि यूपी-एमपी के बीच बसा चित्रकूट अत्यंत रमणीक धाम है। भगवान श्रीराम की तपोभूमि होने की वजह से लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। पर्यटन के हब चित्रकूट में चिकित्सा का बडा प्रकल्प स्थापित कर केंद्र सरकार स्वास्थ्य का हब बनायेगी। चिकित्सकों की तैनाती एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कर चित्रकूट में बने दो सौ बेडों के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय को जल्द ही शुरू कराया जायेगा।

# एक सप्ताह का बचा कार्यकाल देख प्रधान 25 करोड़ रुपए फटाफट लगा रहे ठिकाने

**● दो दिन पहले शासन ने ग्राम पंचायतो के खातों में भेजी दो करोड़ की धनराशि, बल्ले-बल्ले**

**हमीरपुर।** आगामी पच्चीस दिसम्बर से ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने से ग्राम पंचायतों में पड़ा 25 करोड़ रुपये को ठिकाने लगाया जा रहा है इधर शासन ने दो दिन पहले दो करोड रुपये का बजट आवंटित कर दिया जिसे ग्राम पंचायतों के खातो में डाल दिया गया है। ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल पच्चीस दिसम्बर से हटाकर एडीओ पंचायत को सौप दिया जायेगा इधर राज्यवित्त आयोग व 12वे वित्त आयोग में करीब दो करोड़ रुपये शासन ने सीधे ग्राम सभाओ के खाते मे भेज दिये है जिससे ग्राम प्रधान मनमानी ढंग से खर्च कर रहे में दो दिन पहले दो करोड रुपये की धनराशि प्राप्तहोने से ग्राम प्रधानों की बल्ले बल्ले हो गयी है। जिले में परिसीमन के बाद शेष बची 349 ग्राम पंचायतों में अभी भी पच्चीस करोड रुपये शेष पड़ा हुआ है। जिससे ग्राम प्रधान सचिवों की शह पर कच्चा काम कराने पर जुटे है। ताकि ज्यादा से ज्यादा धनराशि खर्च करने के बहाने हड़पा जा सके वही डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश का कहना है कि जो ग्राम प्रधानों के खिलाफ जांचे थे उसमे ज्यादा से ज्यादा जांचे समाप्त हो गयी है इधर जांच अधिकारियों द्वारा प्रधानो से मिलकर जांच को लीपापोती कर दी है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। यही नही प्रिया साफ्ट वेयर में कामों का कोई वर्णन नही किया जा रहा है जिससे साबित हो गया है कि धन का दुरुपयोग किया जा रहा है वही ग्राम पंचायतो का परिसीमन का काम तेजी से किया जा रहा है।

# कम्पोजिट विद्यालय में बीएसए ने की प्रोजेक्टर क्लास का शुरुआत

**● परिषदीय विद्यालय छिरिया सलेमपुर में 371 बच्चे हैं पंजीकृत**

**संवाददाता। जालौन (उरई)**

**शिक्षक** अगर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से काम करें तो हम निश्चित ही प्राइवेट स्कूलों से प्रतियोगिता कर सकते हैं। ऐसा ही काम कम्पोजिट विद्यालय छिरिया सलेमपुर ने कर दिखाया है। यह बात बीएसए ने स्कूल में लगे बायोमेट्रिक अटेंडेंस मशीन तथा प्रोजेक्टर क्लास का गुरुवार को शुभारंभ के दौरान कहा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय छिरिया सलेमपुर के साथ संचालित प्राथमिक विद्यालय बालक व बालिकाओं संयुक्त स्कूल में लगायी गयी बायोमेट्रिक अटेंडेंस मशीन व प्रोजेक्टर क्लास का फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने स्कूल में पुस्तकालय, आर्टस एंड क्राफ्टस, कम्प्यूटर लैब का निरीक्षण किया तथा बच्चों की पंजीकरण की स्थिति देखी तो पता लगा 371 बच्चे पंजीकृत हैं।

बेहतर छात्र संख्या व स्कूल की अच्छी व्यवस्था उन्होंने पर उन्होंने प्रधानाध्यापिका व्यंजना सिंह की प्रशंसा की तथा बी एस ए ने स्कूल को बच्चों की सुरक्षा के स्कूल में सीसीटीवी कैमरे अपनी ओर से लगवाने की घोषणा की।

प्रधानाध्यापिका व्यंजना सिंह ने उनके सहयोगियों द्वारा चलाये गये कोरोना काल के दौरान टोला पाठशाला, शिक्षा आपके द्वार, वाटसएप ग्रुप द्वारा शिक्षण कार्य की विस्तार से बीएसए को जानकारी दी। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी कमलेश गुप्ता, शिक्षक शिवकुमार राठौर, धीरेंद्र सिंह, सोनम, प्रियंका, सुषमा, दिव्या, वंदना तथा ग्रामीण योगेश नगायच, उपेन्द्र सिंह सेंगर आदि लोग उपस्थिति रहे।

# पालिकाध्यक्ष व ईओ ने पालिकाकर्मियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत पालिका सभागार में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ईमानदारी से उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी सहित सभासदों ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर सफाई कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को प्रत्येक महा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। नपाप स्थित सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र आर्य व अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह सहित सभासदों ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत अच्छा कार्य करने वाले रामबाबू, बेबी, गणेश, कमल, सचिन, रामू को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित करने के उपरांत पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिक पालिका कर्मियों का सहयोग करें। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि नगर के जागरूक नागरिक स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर नगर को स्वच्छ बनाने में सहभागिता करें।

# जमीनी विवाद में चले लाठी डंडे, फायरिंग में दो घायल

**उरई ( जालौन )।** बीस वर्ष पुराने जमीनी विवाद में उस समय दोनों पक्ष आमने सामने आ गए जब एक पक्ष खेत पर जुताई करने पंहुचा तो दूसरे पक्ष ने उन्हें लाठिया कर भगा दिया और थोड़ी देर बाद देखते ही देखते एक पक्ष की तरफ से लाठी डंडा तो दूसरे पक्ष की तरफसे फायरिंग शुरू हो गयी। जिसमे एक पक्ष का एक व्यक्ति तो दूसरे पक्ष के दो लोग गोली लगने से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुची पुलिस ने जाँच पड़ताल शुरू कर दी और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुचवाया जहाँ घायलों की नाजुक हालत देखते हुए उन्हें रिफर कर दिया गया है।

कुठौंद थाना के खेड़ा जमलापुर में बीस वर्ष पुराने जमीनी विवाद उस समय खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। जब एक पक्ष के कृष्ण कुमार शुक्ला तथा कृष्ण स्वरूप शुक्ला खेत पर जुताई एवं बुवाई करने पहुचे। बताया जाता है उसी समय दूसरे पक्ष के राधवेन्द्र दुवे और शिवेन्द्र दुवे भी पहुच गए और दोनों लोगों ने खेत में जुताई कर रहे कृष्ण कुमार शुक्ला तथा कृष्ण स्वरूप को लाठिया कर भगा दिया। जिस पर कृष्ण कुमार तथा कृष्ण स्वरुप अपने घर गए और हाथो में लाठी डंडा और तमंचा लेकर अपने अन्य साथियों के साथ फिर से खेत पर पहुच गए और दोनों तरफसे लाठी डंडा के प्रहार शुरू हो गए। बताया जाता है कि उसी समय कृष्ण स्वरूप शुक्ला की तरफसे किसी ने फायरिंग कर दी। जिसमे राघवेन्द्र दुवे और शिवेन्द्र दुवे घायल होकर गिर पड़े। जालौन क्षेत्राधिकारी विजय आनंद और कुठौंद थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक घायलों को छोड़कर घटना को अंजाम देने बाले भाग निकले। कुठौंद थानाध्यक्ष अरुण तिवारी ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुचवाया। जहां नाजुक हालत देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें वाहर के लिए रिफर कर दिया। कुठौंद थानाध्यक्ष अरुण तिवारी ने बताया कि जमीनी विवाद में लगभग 20 वर्ष से विवाद चल रहा था।

# पशुओं को सर्दी से बचाने में लापरवाही पर होगा एक्शन

**● बीडीओ ने गौशालाओं का निरीक्षण कर दिए निर्देश**

**जालौन ( उरई )।** गौशालाओं में पशुओं को सर्दी से बचने के लिए पर्याप्त इंतजाम करें। अलाव भी जलवायें। चारे व पानी को लेकर किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश बीडीओ ने गोशालाओं के निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान व सचिवों को दिए। बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने गुरुवार की सुबह तहसील क्षेत्र में लौना और धनौरा कलां की गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम वह लौना गांव स्तिथ प्राथमिक विद्यालय पहुंची। जहां प्रधानाचार्य समेत स्टाफ उपस्थित मिला। उन्होंने बच्चों को ऑनलाइन क्लास के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वह गांव में स्थित गौशाला पहुंची। जहां चरही में पानी के अलावा चारा भी पर्याप्त मात्रा में मिला। इसके अलावा गौशाला में ठंड से पशुओं को बचाने के लिए तिरपाल



निरीक्षण करती बीडीओ महिमा विद्यार्थी।

की भी व्यवस्था मिली जिस पर उन्होंने संतुष्टि व्यक्त की। वह धनौरा कलां स्तिथ गौशाला पहुंची। गोशाला में गंदगी देखकर उन्होंने सफाई कर्मी को फटकार लगाकर नियमित सफाई के निर्देश दिए। गोशाला में चारे व पानी की व्यवस्थाओं को भी देखा। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने ग्राम प्रधान व सचिवों को निर्देश देकर कहा कि ठंड के चलते किसी पशु की मौत नहीं होनी चाहिए। यदि ऐसा होता है तो प्रधान व सचिव की जिम्मेदारी होगी। ठंड के मौसम से पशुओं को बचाने के लिए गोशाला में अलाव का इंतजाम करें। इस मौके पर प्रधान लौना शिवेंद्र सिंह सेंगर, धनौराकलां जितेन्द्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार, जगदीश आदि मौजूद रहे।

### लौना विद्यालय का भी किया निरीक्षण

गुरुवार की सुबह बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने ग्राम लौना में संचालित पूर्व माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किय। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति देखी तो शिक्षक अरविंद श्रीवास्तव, ओम नरायण दीक्षित व संतोषी कुमारी उपस्थित मिली तथा स्कूल में व्यवस्थाएं दुरूस्त मिली।

# बेकाबू ट्रक ने दो सगी बहनों को रौंदा, मौत

संवाददाता। सुल्तानपुर

- पिता गंभीर रूप से घायल
- बलिया राजमार्ग पर दियरा चौराहा के पास हुआ दर्दनाक हादसा

**मोटरसाइकिल** से अपने दो पुत्रियों के साथ रिश्तेदारी जा रहे बाइक सवार को पीछे से आ रही ट्रक ने रौंद दिया। जिसमें दोनों पुत्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया सड़क दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने राजमार्ग को जाम कर दिया जिससे घंटों यातायात बाधित रहा। सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को समझा बुझा रास्ता खाली कराया वही दोनों मृतक किशोरियों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के पड़ेला गांव निवासी रामकृष्ण मिश्र उर्फ भोला पुत्र समलू प्रसाद मिश्र अपनी बाइक (यूपी 32 सी डब्लू 7193) से जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में स्थित अपनी रिश्तेदारी पाण्डेयपुर गांव में अपनी दो पुत्रियों अंशु (9) व नंदिनी (7) को लेकर जा रहे थे। जैसे ही वह लखनऊ बलिया राजमार्ग के दियरा चौराहा पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार व अनियंत्रित ट्रक (यूपी 15 बी टी 2287) कुचलते हुए आगे निकल गई। जिससे घटनास्थल पर ही अंशु और नंदिनी की मौत हो गई जबकि रामकृष्ण मिश्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल रामकृष्ण मिश्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया वही मृत बच्चियों को पोस्टमार्टम के लिए सुलतानपुर भेजा।

### घंटों ठप रहा आवागमन

अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से हुई बच्चियों की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने लखनऊ बलिया राजमार्ग जाम कर दिया। जाम की सूचना पर जयसिंहपुर उपजिलाधिकारी विधेश अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज क्षेत्राधिकारी कादीपुर सुरेंद्र कुमार ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर राजमार्ग से जाम हटवाया। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए कई थानों की फोर्स मौके पर मौजूद रही।

# सांसद की अध्यक्षता में हुई 'दिशा' की बैठक



**सुलतानपुर।** सांसद मेनका संजय गाँधी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वयन एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक वृहस्पतिवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में सांसद द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि केन्द्रध्राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओंध्कार्यक्रमों को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रत्येक दशा में पहुँचाया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

जिला विकास समन्वयन एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक में मा0 सांसद द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरीध्ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्वशिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम आदि योजनाओं की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। समीक्षा बैठक के दौरान सांसद द्वारा मनरेगा की प्रगति बढ़ाने, एनआरएलएम में समूहों में प्रगति लाने, पेयजल परियोजनाओं को पूर्ण करने, अमृत योजनान्तर्गत पार्क बनवाने, के0सी0सी0 स्वीकृत करने हेतु कैम्प लगाये जाने, जिला अस्पताल की लिफ्ट ठीक कराने, एक्स-रे मशीन क्रय करने, बॉस की नर्सरी बनाने, मेहन्दी, महुआ, नींबू के पेड़ लगाने, नमों वन तैयार करने, खराब नलकूपों को समय से मरम्मत कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। बैठक का संचालन जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारीध्जिला सूचना अधिकारी पन्ना लाल ने विभागवार योजनाओं तथा प्रगति की जानकारी मा0 सांसद, सुलतानपुर को दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, पुलिस अधीक्षक शिव हरी मीना, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग आनन्देश्वर प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 त्रिपाठी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त श्रम रोजगार, उप निदेशक कृषि व अन्य सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी तथा विधायकगण, सदस्य विधान परिषद, प्रमुखगण एवं अन्य सदस्यगण आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### मासूम को पीट-पीटकर किया अधमरा

**बछरावां रायबरेली।** आज के युग में मानवीय संवेदनाएं कितना मर चुकी है इसका ज्वलंत उदारण थाना क्षेत्र के सेहगो पश्चिम गांव मेंदेखने को मिला जहां जानवर चरा रहे एक मासूम की गांव के ही दबंग द्वारा इतना पीटा गया की उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया इतना ही नहीं उस मासूम को तालाब में डुबोकर मारने का भी प्रयास किया गया घटनाक्रम के अनुसार सचिन कुमार पुत्रआसाराम निवासी विनायकपुर मजरे सेहगो पश्चिम अपने जानवर चरा रहा था इसी बीच उसका एक जानवर रामजी पुत्र सुखलाल निवासी लाल खेड़ा के ढेर लगे धान के पुआल मे खाने लगा इससे क्रोधित राम जी द्वारा पहले तो सचिन को गालियां दी गई और बाद में पिटाई शुरू कर दी गई उसे इतना मारा गया कि उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया यही नहीं राम जी द्वारा सचिन को तालाब में भी डुबोने का प्रयास किया गया। जब वह मासूम बेहोश हो गया तो मरणासन्न हालत में छोड़कर राम जी फरार हो गया साथ के अन्य चरवाहों द्वारा उस मासूम के घरवालों को खबर दी गई घायल सचिन के माता-पिता द्वारा उसे स्थानीय थाने लाया गया और प्रथम सूचना दर्ज कराई गई थाना अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया की एफआईआर दर्ज हो चुकी है अपराधी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### एटीएम जेब में फिर भी खाते से गायब हो गए आठ हजार

**बछरावां रायबरेली।** अब तक एटीएम गायब हो जाने अथवा एटीएम बदलकर खाते से पैसा गायब करने की घटनाएं तो होती रहती थी परंतु बछरावां कस्बे के अंदर स्थित बैंक ऑफबड़ौदा में एक वाकिया ऐसा हुआ जिसमें एटीएम खाता धारक के पास मौजूद था और खाते से ?8000 उड़ा दिए गए भुक्तभोगी रमेश कुमार जो बछरावां विकासखंड की ग्राम सभा बिशुनपुर में सफाई कर्मी के पद पर तैनात हैं और उसका खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है जिसकी खाता संख्या 19860100021260है इस खाते में उसका वेतन आता है रमेश को आज अचानक 12.56 पर मोबाइल पर मैसेज आया उसके खाते से ?8000 निकाले गए बेचारा रमेश घबरा उठा और तत्काल बैंक पहुंच गया बैंक के अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराने के साथ उनसे मदद की गुहार लगाई गई परंतु बैंक के कर्मचारियों द्वारा कोई भी मदद ना करते हुए उसे टरका दिया गया पीड़ित रमेश द्वारा स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई गई है।

### कमला नेहरू केंद्रीय पुस्तकालय में होगा पुस्तक मेले का आयोजन

**सुल्तानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान सुलतानपुर के केन्द्रीय पुस्तकालय में ग्रुप ऑफश्रृंखला पब्लिशिंग हाउस, फैजाबाद द्वारा दो दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन 22 एवं 23 दिसम्बर 2020 को प्रातः 10:30 बजे से शाम 04:30 तक किया जायेगा। इस मेले में शिक्षकों एवं छात्रों के सभी विषयों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ पुस्तकों का प्रदर्शन होगा। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डा.राधेश्याम सिंह करेंगे तथा उद्घाटन डा. एस.डी. शर्मा पूर्व प्राचार्य जय नारायण डिग्री कालेज लखनऊ, जो अब कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक संस्थान, फरीदीपुर के कैम्पस डायरेक्टर हैं द्वारा होगा। जिसमें संस्थान के सभी शिक्षकों एवं विभागवार छात्रों की उपस्थिति होगी। शिक्षकों एवं छात्रों के हितार्थ सजग माननीय प्रबंधक श्री विनोद सिंह के अनुमति पर इस पुस्तक मेले का आयोजन हो रहा है। पुस्तक मेले की व्यवस्था सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश पुस्तकालय समन्वयक डॉ किरन सिंह ने पुस्तकालय प्रभारी राजेश पाण्डेय एवं पुस्तकालय के समस्त कर्मचारियों को दिया है।

### मण्डी समिति धान क्रय केन्द्र का डीएम ने किया निरीक्षण



**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा मण्डी समिति के धान क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मण्डी के क्रय केन्द्र का निर्धारित लक्ष्य 10000 कुंतल के सापेक्ष 7292 कुंतल धान की खरीद हुई है। जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि रिजेक्शन रजिस्टर में रिजेक्शन अंकित किया जाय और मौके पर धान की तौल निरीक्षण के दौरान पाया गया। डीएम ने जिम्मेदार कर्मचारियों को व्यवस्था चाक चौबंद रखने का भी निर्देश दिया।

### एक किलो चरस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरबिन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसिला प्रसाद के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक राम समुझ प्रभाकर ने पुलिस टीम द्वारा ब्रहस्पतिवार को मुखबिर की सूचना पर विभूतिनाथ मन्दिर गेट तिराहे के पास से अभियुक्त राकेश पुत्र सुखराम कहार निवासी कस्बा सिरसिया थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को 1 किलो 100 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिरसिया पर मु0अ0सं0 296.2020 धारा 8.20 छक्रै एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना किया गया।

### जिलाधिकारी ने जागरुकता वैन को दिखायी हरी झण्डी

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट कैम्पस से जिले में प्रचार.प्रसार के लिए आयी सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग लखनऊ से एलईडी वैन को जिलाधिकारी टीके शिबु ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार प्रदेश की हर बेटी.हर महिला का सम्मान सुनिश्चित करने के साथ.साथ उनके स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं है लेकिन जरुरत इस बात की है कि बिना भेद.भांव के उनको भी पढ़ावे लिखावें इससे निश्चित ही बेटियां पढ़.लिखकर आगे बढेगी और अपने परिवार के साथ.साथ समाज देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आरपी चैधरी प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहन त्रिपाठी।जिला सूचना अधिकारी शिव नाथ विधि सह परिवीक्षा अधिकारी राम चन्द्र मौर्य महिला कल्याण अधिकारी सरिता मिश्रा जिला समन्वयक कुसुम श्रीवास्तव संरक्षण अधिकारी मिथलेश सिंह उपस्थित रहे।

### राजकीय महिला शरणालय अयोध्या का सचिव ने किया निरीक्षण

**सुलतानपुर।** गुरूवार को जनपद न्यायाधीश सन्तोष राय के आदेश पर सतीश कुमार मगन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर द्वारा राजकीय महिला शरणालय अयोध्या का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षिका महिला शरणालय अयोध्या को निर्देशित किया गया कि वे संवासनियों को कोविड 19 का ध्यान रखते हुए उनके खानपान की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सेनेटाइजर व हैंडवास का प्रयोग बराबर कराते रहे। इसके उपरांत राजकीय महिला शरणालय मे उपस्थित समस्त संवासनियो को विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर सतीश कुमार मगन द्वारा विधिक जानकारी प्रदान की गई। सचिव ने बताया गया कि जिन संवासनियो के पास उनके मुकदमे की पैरवी करने के लिए अधिवक्ता नहीं वे प्रभारी अधीक्षिका राजकीय महिला शरणालय के माध्यम से अपने आवेदन पत्र को अपने संबंधित जिला के सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत कर अपने वादों की पैरवी हेतु नामिका अधिवक्ता की सेवाएं ले सकती हैं।

# हत्या कर लूट को अंजाम देने वाले बदमाश गिरफ्तार

- पुलिस अधीक्षक ने किया घटना का राजफाश



**सुलतानुपर।** कूरेभार थाना क्षेत्र के कटका में हुई पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने बदमाशों के पास से एक मोटरसाइकिल, दो तमंचा दो कारतूस, एक डीसीएम ट्रक व 146 बोरा मूंगफली भी बरामद किया है। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना की।

पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा ने घटना का राजफाश करते हुए बताया कि कोतवाली देहात के हनुमानगंज कस्बा में एक लावारिस शव मिला था। जब पुलिस द्वारा उसकी तलाश शुरु की तो शिनाख्त के बाद उसके परिजनों द्वारा बताया गया कि वह ट्रक ड्राइवर है, मूंगफली लेकर चला था उसकी हत्या कर ट्रक लूट लिया गया । जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी। घटना के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी लम्भुआ लालचन्द्र चौधरी, विजयमल सिंह यादव के नेतृत्व मे कई टीमें गठित की गई थी। जिसमें स्वाट/सर्विलांस टीम, प्र0नि0 कोतवाली देहात, प्र0नि0 कूरेभार, थानाध्यक्ष हलियापुर और प्र0नि0 आलोक सिंह के नेतृत्व में साइबर सेल पुलिस टीमों के द्वारा अज्ञात बदमाशों की तलाश जारी रही। मुखबिर खास द्वारा कुछ बदमाशो के ट्रक लूटने की योजना बनाकर ट्रक लूटने का प्रयास करने की सूचना मिली। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने अफसरों के साथ बदमाशो की घेरेबन्दी की। बदमाशो ने खुद को घिरता देख फायरिंग शुरु की, उसके बदले में पुलिस द्वारा फायरिंग की गई। उसमें दो बदमाशों को गोली लगी और अपराधी मौके से पकडे गए। मुठभेड में एक सिपाही को भी गोली लगी है। सभी को इलाज हेतु अपस्ताल में भर्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मुठभेड में पकड़े गए दो शातिर अपराधी सहित चार अभियुक्तों की पहचान अमित सिंह, सुमित सिंह पुत्रगण समरबहादुर निवासी पीरो सरैया, थाना कूरेभार, साबिर पुत्र हनीफ थाना बल्दीराय व प्रीती पुत्री समर बहादुर निवासी पीरो सरैया थाना कूरेभार रामजी साहू उर्फ जेठू पुत्र श्याम साहू निवासी हलियापुर के रूप में हुई।

### गैंग बनाकर जघन्य अपराधों को देते थे अंजाम

पकड़े गए बदमाशों से की गई पूछताछ में कबूल किया कि अमित, सुमित व साबिर दूसरे प्रदेशों में नौकरी करते थे जो लॉकडाउन के बाद घर आ गए यहां वे छोटा-मोटा रोजगार कर रहे थे। फिल्म और टीवी सीरियलों से प्रभावित होकर उन्होंने गैंग बनाकर लूट जैसी जघन्य वारदातों को अंजाम देने का मन बनाया। अपराध करने के लिए इन्होंने अमित, सुमित की बहन व साबिर की प्रेमिका प्रीती का उपयोग किया। लूट का माल बल्दीराय के रामजी साहू के यहां से ट्रक समेत बरामद हुआ है। हाईवे के किनारे प्रीती को खड़ा कर ट्रक रुकवाने का काम इन बदमाशों द्वारा लिया जाता रहा। ट्रक रुकने के बाद बदमाश ट्रक पर सवार होकर ड्राइवर व क्लीनर को बंधक बनाते थे गला रस्सी से कसकर मार देते थे।

# अनियमितता में लिप्त विद्यालय अब नहीं बन पाएंगे परीक्षा केन्द्र

- सचिव ने तलब किया ब्यौरा

**सुलतानपुर।** 2019-20 यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल, पेपर लीक व अन्य अनियमितताओं में लिप्त रहे विद्यालयों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। इस संबंध में यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल की तरफ से पत्र भेजकर जिला विद्यालय निरीक्षक पिछले साल की परीक्षा के दौरान हुई अनियमितताओं आदि की जानकारी मांगी गई है।

राजकीय, शासकीय व वित्त विहीन 331 इंटर कॉलेजों में अध्ययनरत 150948 छात्रा-छात्राओं में से इस बार दसवीं कक्षा के 42986 व इंटरमीडिएट के 34875 परीक्षार्थी बोर्ड इम्तिहान में शामिल हो रहे हैं। पिछली बार कुल 78 हजार छात्र-छात्राओं के लिए कुल 106 केंद्र बनाए गए थे। कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस बार छात्र-छात्राओं के लिए 36 वर्ग फीट की दूरी पर सिटिंग प्लान किया जा रहा है। ऐसे में परीक्षा केंद्रों की संख्या पिछले साल की अपेक्षा ज्यादा रखी जाएगी। परीक्षा केंद्र बनाए जाने को लेकर पांच दिसंबर तक कुल 217 विद्यालयों द्वारा सूचनाएं अपलोड की गईं थी, जिनका सत्यापन एसडीएम की अगुवाई में तहसीलवार शुरू कर दिया गया है। 20 दिसंबर तक इसकी रिपोर्ट भी शासन को सौंप दी जानी है। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए 10 फीट चौड़े रास्ते का होना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे परीक्षार्थियों व उड़नदस्ते की टीम को कोई कठिनाई न हो। पिछली बार किसी भी प्रकार का रास्ता होने पर भी कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बना दिया गया था। हाईटेंशन तार से घिरे कॉलेज को भी केंद्र बनाने से परहेज किया जा रहा है। बोर्ड परीक्षा के दौरान बिजली पर आश्रित नहीं रहने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा जनरेटर की व्यवस्था की जाएगी। जिस शिक्षण कक्ष की खिड़कियां, मुख्य सड़क या गलियों में खुली हों, उसे केंद्र बनाने के लिए उपयुक्त नहीं माना जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि केंद्र बनाने के लिए शासन की तरफ से निर्धारित 11 बिदुओं को ध्यान में रखकर सत्यापन का कार्य पूरा कराया जा रहा है। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए विभाग की तरफ से समुचित प्रयास किए जा रहे हैं।

# डीएम ने केंद्रीय विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक ली



**श्रावस्ती।** केंद्रीय विद्यालय परिसर भिनगा केन्द्रीय विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी टीके शिबु की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यालय की समस्याओं और आवश्यकताओं से समिति को अवगत कराया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

इससे पूर्व विद्यालय के प्राचार्य गुरु प्रसाद यादव ने माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यों का विद्यालय परिसर में स्वागत किया तथा विद्यालय के शिक्षक रमेश कुमार मिश्र ने सभी सदस्यों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एसएसबी के कमांडेण्ट जय सिंह चैहान मुख्य चिकित्साधिकारी एपी भार्गव प्राचार्य अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज ज्योति प्रकाश पाण्डेय कमेटी के सदस्य क्रमश नन्दनी मिश्रा राकेश कुमार गुप्ता जेपी पाण्डेय एवं अभिनव चतुर्वेदी उपस्थित रहें।

## काकोरी के शहीदों की याद में गरीबों में बांटे गए कंबल

**सुलतानपुर।** शहीद स्मारक सेवा समिति सुलतानपुर के तत्वावधान में काकोरी के शहीदों की याद में हो रहे 36वें वार्षिक समारोह के तहत आठवाँ कम्बल वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शहीद स्मारक सेवा समिति के अध्यक्ष करतार केशव यादव के नेतृत्व में शहीद राजेन्द्र लाहिड़ी के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर महादेवपुर जयसिंहपुर में जाकर वहां एकत्रित किये गए सुपात्र जरूरतमंदो और गरीबों को कम्बल प्रदान किया गया। कोरोना वायरस महामारी के चलते इस बार बृहद कार्यक्रम से परहेज करते हुए संस्था के अध्यक्ष करतार केशव यादव द्वारा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जा जा कर सुपात्र जरूरतमंदो को पड़ रही भीषण ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लगातार कम्बल वितरण किया जा रहा है। कम्बल वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी लालजी वर्मा, संतोष यादव, धर्मराज वर्मा आदि द्वारा महत्वपूर्ण योगदान किया जा रहा है।

# घर-घर जाकर डीईसी व एलवेन्डाजोल की खिलाई जायेगी खुराक: सीएमओ



**रायबरेली।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम हेतु एम0डीएम कार्यक्रम के संचालन की जानकारी देते हुए बताया कि 21 दिसम्बर से 8 जनवरी 2021 तक फाइलेरिया उन्मूलन हेतु एम0डी0एम0 कार्यक्रम का संचालन किया जाना है। जिसकी सभी तैयारियां पूरी की जानी है। अधिक से अधिक लोग औषधि का सेवन कर स्वयं तथा समाज को फाइलेरिया रोग से मुक्त कराये।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला रोग है इसके मच्छर ठहरे हुए गन्दे पानी में पनपते है। हाथ पैरों की नसों का फूलना और गिल्टियों का उभर आना, लटके हुए अंग, हाथ पैर, अण्डकोश तथा स्तन में सूजन आ जाती है। इस रोग के लक्षण संक्रमित होने के 5 से 15 साल में परिलक्षित होते है। साल में एक बार दवा का सेवन (डीईसी एवं एलवेन्डाजोल) करना होता है। वष मे एक बार दवा खाने से इस रोग के होने की सम्भावना शून्य हो जाती है। जब तक जनपद फाइलेरिया से ग्रसित है तब तक हर वर्ष तक दवा खानी होती है।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने यह भी बताया कि वेक्टर जनित रोगों का संचरण काल व ठंड आदि को देखते हुए इन रोगों के संक्षरण के साथ ही फाईलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण रखना जरूरी है। टास्क फोर्स के सदस्यों को सक्रिय रूप से क्षेत्रों में कार्य करें तथा लोगों को फाइलेरिया तथा वाटर जनित व वेक्टर जानित रोगों की रोकथाम एवं बचाव की कार्यवाही व रोगों के रोकथाम व बचाव के प्रति जागरूक करें। लोगों को बताये कि फाइलेरिया की रोकथाम में सबकी जिम्मेदारी सबकी भागेदारी महत्वपूर्ण होती है। फाइलेरिया के बचाव के लिए क्या करें क्या न करे इसकी विस्तृत जानकारी सभी को हो।इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी डा0 एम0 नारायन, डीसी अस्थाना, डीडी सूचना प्रमोद कुमार, मलेरिया अधिकारी रितु श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रीस से पोते गए वाहनों से ढोया गया मलबा

- चर्चा-एक माननीय के वाहन होने की वजह से की गई थी पुताई



**रायबरेली।** कमला नेहरू एजुकेशनल सोसाइटी की जमीन पर अवैध कब्जा हटा दिया गया लेकिन इसी बीच ऐसी भी तस्वीर निकल कर सामने आई जो प्रशासन पर सवाल उठाती है। जिसमे सबसे बड़ा सवाल यही है आखिर प्रशासन ने ऐसे ट्रकों का इस्तेमाल क्यों किया जिनमें ग्रीस पोत कर लाया गया था? आम जनता को यातायात का पाठ पढ़ाने वाली पुलिस की नजर क्या इस काले कारनामे पर नहीं गई? गालीबाज सर्किल अफसर जो अपनी करतूतों से पुलिसिया व्यवहार को शर्मिंदा कर रहे हैं क्या उनकी नजर उन ट्रकों पर नहीं गई? प्रशासन ने अवैध कब्जा किए दुकानदारों की गाड़ियों को नदी के किनारे 10 फीट गड्ढे में फेंकवा दिया क्या इसपर सवाल नही उठेंगे? आखिर प्रशासन ने रिपेयर के लिए खड़ी गाड़ियों को किसी सुरक्षित मैदान में क्यों पार्क करना उचित क्यों नही समझा? ट्रक किसके थे जिनपर कालिख पुती हुई थी? क्या प्रशासन इस घटनाक्रम पर कार्यवाही करेगा?

### उजड़ती दुकानों को देख रोते रहे व्यापारी

वर्षों से कमला नेहरू एजुकेशनल सोसाइटी की जमीन पर बसे दुकानदारों की दुकानों पर जब बुलडोजर चल रहा था तो वह टूट से गए थे आत्मनिर्भर तो छोड़िए बर्बादी की तस्वीरें देखकर उनको अपने भविष्य की चिंता सता रही थी आखिरकार वह जाएंगे कहां? घटना की जानकारी होने पर सदर विधायक अदिति सिंह ने ट्वीट कर जानकारी दी कि वह और उनका परिवार व्यापारियों के साथ खड़ा है।

### अदिति ने लिखा सीएम को पत्र व्यवसायियों को किसी और जगह पुनः बसाया जाए

**रायबरेली।** सदर से विधायक अदिति सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है उन्होंने कहा कल रायबरेली प्रशासन द्वारा जिसको तरीके से पटरी दुकानदारों को हटाया गया रायबरेली के इतिहास में यह एक दुखद घटना है। जिसकी वह कड़े शब्दों में निंदा करती हैं उन्होंने लिखा कि वह माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का सम्मान करती हैं। उन्होंने लिखा है कि वह दुकानदारों को आश्वस्त करना चाहती हैं कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर वह प्रयास करेंगी कि सभी को पुनः स्थापित किया जाए। पत्र में सदर विधायक ने यह भी लिखा है कि सभी पीड़ित व्यवसाई 40 से 50 वर्षों से सिविल लाइंस रायबरेली में दुकानें लगा कर स्वयं एवं आश्रित लगभग 650 परिजनों का भरण पोषण कर रहे थे। पटरी व्यवसायियों के परिवारों की रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है।

## यूपी में आगामी विधान सभा चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टीः श्यामलाल

**श्रावस्ती।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष द्वारा गुरुवार को इकौना स्थित अपने पार्टी कार्यालय पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष श्यामलाल ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने 2022 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रदेश के सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। आम आदमी पार्टी के इस ऐलान के बाद से उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में हड़कंप मचा हुआ है। क्योंकि दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं देश के किसी भी प्रदेश की जनता से छुपा हुआ नहीं है। खासकर उत्तर प्रदेश में जिस तरह से जनता का समर्थन आम आदमी पार्टी को मिल रहा हैए उससे यह साफहै कि हम बेहतर प्रदर्शन कर उत्तर प्रदेश में भी सरकार बनाने में कामयाब रहेंगे। वहीं जिला सचिव रामकृष्ण सोनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में 2022 के चुनाव में उत्तर प्रदेश से योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार को उखाड़ फेकेगी और दिल्ली की जनता को दी जा रही सुविधाएं उत्तर प्रदेश की जनता को भी दी जायेगी। स्वास्थ्य शिक्षा बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को तरस रही उत्तर प्रदेश की गरीब जनता को ठीक दिल्ली की तर्ज पर उपलब्ध कराया जायेगा। साथ हीं उत्तर प्रदेश में भी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाकर प्रदेश की विकास को गति प्रदान की जायेगी।

# पूर्व सभासद की पिटाई करने वालों को पकड़ने को लेकर सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**लालगंज, रायबरेली।** पूर्व सभासद की पिटाई के मामले से नाराज सफाई कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों के आश्वासन पर चार घंटे चला प्रदर्शन समाप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि संविदा सफाई कर्मी की मौत के बाद से नगर में तनाव का माहौल है। बुधवार को प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों को आश्वासन देने गए नगर पंचायत अध्यक्ष को एक युवक ने थप्पड़ मार दिया था। उसके बाद से अध्यक्ष के समर्थकों में आक्रोश था। पकड़े गए युवक अरविंद ने पुलिस की पूंछतांछ में सफाई कर्मचारियों की अगुवाई कर रहे पूर्व सभासद राजेश गब्बर के कहने पर अध्यक्ष पर हमला करने की बात स्वीकार की थी। यह बात जानते ही अध्यक्ष समर्थकों में पूर्व सभासद के प्रति भी नाराजगी भर गई। अधिशाषी अधिकारी अनुराग शुक्ला ने मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को देते हुए अध्यक्ष पर हमला करने वाले युवक अरविंद समेत पूर्व सभासद राजेश गब्बर, मिश्रीलाल व मृतक के परिजनों पर घटना में शामिल होने का आरोप लगाया था। जिस पर पुलिस ने तत्काल मामले का मुकदमा दर्ज कर लिया था। इस बात की जानकारी होने पर राजेश गब्बर अध्यक्ष से मिलने उनके आवास स्थित आफिस गया था। जहां पर अध्यक्ष के समर्थकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी थी।मारपीट से चुटहिल राजेश को पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए लालगंज अस्पताल भिजवाया था। जहां एंबुलेस के आने में देर होने पर उसके साथियों ने जमकर हंगामा काटा और चिकित्सक डा.कुमार विमल के साथ अभद्रता भी की। दूसरी ओर सफाई कर्मचारियों ने अध्यक्ष के आवास का घेराव किया। पुलिस ने किसी प्रकार सफाई कर्मचारियों को वहां से हटाया तो वह सब कोतवाली पहुंच गए। जहां पर अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता, उनके भाई मिन्नी गुप्ता समेत रजनीश कुशवाहा, जीतू ठेकेदार, धीरेंद्र सिंह,शम्भू सिंह, शैलेश गुप्ता समेत एक दर्जन अज्ञात लोगों पर राजेश की पिटाई करने का आरोप लगाया। राजेश की मां कृष्णावती की शिकायत पर पुलिस ने मामले का मुकदमा दर्ज कर लिया। तभी किसी ने राजेश के मरने की अफवाह फैला दी। जिस पर आक्रोशित लोग रात में ही सड़क पर उतर आए।

# 'मोहनाखोर' की थाली में सिर्फ बदहाली

## पड़तालः सदर विधायक के तंगहाल गांव की चाल

पायनियर टीम। बस्ती

**विकास** के जमीनी हकीकत को अगर जानना हो तो सदर विधायक दयाराम चौधरी के गांव मोहनाखोर चले जाइए, यहां आने के बाद सब कुछ आइने की तरह साफहो जाएगा। इस गांव में कागजों में मनरेगा और राज्य वित्त आयोग से लगभग 40 लाख खर्च कर दिया, मगर गांव विकास से कोसों दूर है। गांव वालों का कहना है कि जब सत्ता पक्ष के विधायक के गांव के विकास का यह हाल है तो अन्य ग्रामों का क्या होगा। हालत यह है कि दलित बस्ती में एक दर्जन से अधिक झोपड़ी में रहने वाले आवास को तरस रहे हैं, और वहीं पर 60 बीघा जमीन और ट्रैक्टर सहित अन्य संपत्ति के मालिक और उसके बेटे को एक नहीं दो आवास मिल जाता है। दलितों का दर्द यह है कि परिवार के लिए बना भोजन अक्सर कुत्ते बिना दरवाजे के घर में घुसकर खा लेते हैं, भोजन बनाते समय मसाले के स्थान छप्पर का टुकड़ा खाने में गिरता है। कहने को तो दलित महिला प्रधान है, मगर प्रधानी के सारे कामकाज पति एवं देवर के स्थान पर नकली प्रधान कर रहे है। प्रधान को हर माह पांच हजार देकर नकली प्रधान लाखों कमा रहे है। इसका खुलासा गुरुवार को 'पायनियर' के पड़ताल में हुआ। प्रधान जानकी कहती है रमाकांत चौधरी जिस चेक और कागज पर हस्ताक्षर करने को कहते हैं, वह उस पर चुपचाप कर देती है। जब उनसे गांव के विकास और अन्य योजनाओं के बारे जानना चाहा तो कहने लगी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। पांच साल बीत गए, मगर एक बार भी असली प्रधान स्कूल की व्यवस्था देखने नहीं गई, 15 अगस्त और 26 जनवरी को झंडारोहण तक करने नहीं गई। असली प्रधान को यह तक नहीं मालूम कि पिछले पांच सालों में कितना धन किन-किन मद में खर्च हुआ। कई लोगों का कहना है कि जिन लोगों चुनाव में वोट और आवास और षौचालय के बदले नोट दिया,उसे सभी सरकारी योजनाओं का लाभी मिल जारहा है, भले ही चाहें वह अपात्र ही क्यों न हो। तालाब और पोखरे की खुदाई और सफाई के नाम पर लाखों खर्च कर दिया, मगर तालाब को देखकर नहीं लगता पिछले पांच साल में एक भी फावड़ा मिटटी निकाली गई हो। गांव में एक भी पशुचरनी नहीं बनाया गया, और न किसी परियोजना पर बोर्ड ही लगाया गया। पुराने षौचालय के नाम पर धन निकाला गया।







**शौचालय और आवास को तरस रहे एक दर्जन से अधिक झोपड़ी-पटटी में रहने वाले दलित 60 बीघा जमीन के मालिक और उनके बेटे को मिला दो आवास- दलितों की झोपड़ियों से कुत्ते उठा ले जाते हैं गरीबों का भोजन, दलितों के नाम नहीं बना राशन कार्ड, बस जुगाड़ वालों को मिल रही हैं ढेर सारी सुविधाएं**

**विधायक के निजी तालाब से निकली मिटटी को कई चकरोड बना दिया:** गांव वालों ने बताया कि विधायक के निजी तालाब की सफाई से निकली मिटटी को नकली प्रधान ने कई चकरोड पाट दिया, और मिटटी के नाम पर लाखों भुगतान ले लिया। जबकि गांव में अन्य तालाब और पोखरा है, उसकी साफ सफाई नहीं कराई अलबत्ता उसके नाम पर धन का बंदरबांट कर लिया।

**झोपड़ी में रहने वाले इन दलितों को नहीं मिला आवास:**असली और नकली प्रधानों के बीच सबसे अधिक दलित बस्ती में रहने वाले बनवारी, रामफेर, मोती, बुद्धि, बघेलू, रामकिषुन,बरसाती सहित पिस रहे हैं, इन लोगों का कहना है कि वह लोग पिछले 16 साल से आवास और राषन कार्ड के लिए सरकार की योजना का इंतजार कर रहें, मगर आज तक सरकारी तंत्र की नजर उन लोगों पर नहीं पड़ी। कहते हैं कि जिसने वोट और नोट दिया, उसे सबकुछ मिल गया। वहीं पर गोरखनाथ जिनके पास पचास से अधिक बीघा खेत टैक्टर और अन्य संपत्ति हैं, उन्हें एक नहीं दो आवास मिल गया।

# 5.27 करोड़ के स्वेटर, जूते और मोजे की गुणवत्ता पर उठे सवाल

संवाददाता। बस्ती

**मानक और माप विहीन स्वेटर और जूते की हो रही आपूर्ति- स्कूलों के हेड मास्टर की बड़ी समस्या, शिकायत करने अभिभावक आरहे स्कूल, एक भी बच्चे को नहीं मिल रहा माप के अनुसार जूता और स्वेटर**

सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए आपूर्ति हो रहे स्वेटर, जूता और मोजे की गुणवत्ता और माप विहीन पर सवाल उठने लगे है। इस तरह पांच करोड़ 27 करोड़ से अधिक के धन के औचित्य पर प्रष्नचिन्ह लग गया। स्कूलों के पड़ताल में गुणवत्ता और साइज को लेकर अभिभावकों की लाइल लगी हुई है। इसे लेकर हेड मास्टर परेषान हो गए हैं, लगभग 90 फीसद स्वेटर और जूता माप और मानक विहीन आपूर्ति की गई। चूंकि यह आपूर्ति सीधे राजधानी से हो रही है, इस लिए स्थानीय लोग बेफिक्र है। इस तरह की आपूर्ति पिछले चार से हो रही है, औ ार मजबूरी में बच्चों को छोटा जूता और स्वेटर पहनना पड़ रहा है। कई हेड मास्टरों का कहना है कि यही आपूर्ति जब स्थानीय स्तर से होती थी, तो रिप्लेस करने में कोई दिक्कत नहीं होती थी, मगर जब से मुख्यालय से आपूर्ति होने लगी तब से बच्चे वहीं स्वेटर और जूता इस्तेमाल कर रहे हैं, जो उन्हें दियाजाता है, भले ही चाहे स्वेटर आधी बाहीं तक आता हो। पायनियर की टीम ने जब बनकबे ब्लॉक के ग्राम मोहनाखोर स्थित प्राइमरी और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अभिभावक और हेड मास्टरों के बीच गुणवत्ता और माप को लेकर कहा सुनी हो रही थी, कई अभिभावकों ने यह कहकर वापस कर दिया, ि कवह किसी तरह बच्चें को बाजार से खरीद या फिर किसी से मांगकर काम चला लेंगे, मगर इतना घटिया स्वेटर और जूता नहीं ले जाएगें। एक स्वेटर की सरकारी लागत 255 रुपया, जूता 88 रुपया और दो जोड़ा मोजे की लागत 26 रुपया है।

**स्थानीय प्रशासन के हाथ बंधें:** स्थानीय स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में गुणवत्ता और माप की जांच के लिए एक कमेटी बनी है। कमेटी का काम आपूर्ति की गई स्वेटर, जूता और मोजे की परख करना। अगर दिए गए सेम्पुल और आपूर्ति की गई सामान में कोई अंतर मिलता है,उसकी जांच के लिए लखनउ स्थित लैब में भेजा जाता है। इससे पहले भी कई बार गुणवत्ता को लेकर लैब में जांच के लिए भेजा गया, मगर वहां से ओके की रिपोर्ट आ जाती है, जिस पर आपूर्तिकर्त्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। बताया जाता है कि लैब और आपूर्तिकर्त्ता के बीच में सेटिगं होने के कारण ओके की रिपोर्ट आ जाती है।

# निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनी में दर्ज कराने के लिए चलेगा अभियान

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल ने सूचना विभाग के माध्यम से बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के समस्त ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज कराये जाने हेतु कार्यक्रम गत 15 दिसम्बर 2020 से 15 फरवरी 2021 तक अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान को सफल बनाने हुत उप जिलाधिकारी तहसीलदार एवं सम्बंधित राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यथा आवश्यक दिशा निर्देश दे दिये गये है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गत 15 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक राजस्व व तहसील अधिकारियों द्वारा राजस्व ग्रामों का भ्रमण कर प्रचार-प्रसार तथा खतौनियों को पढा जाना एवं लेखपाल द्वारा वरासत हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन भरा जाएगा। आगामी 31 दिसम्बर 2020 से 15 जनवरी 2021 तक क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा ऑनलानइ की प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही किया जाएगा। आगामी 16



जनवरी 2021 से 31 जनवरी 2021 तक राजस्व निरीक्षकों द्वारा जॉच एवं आदेश पारिक करने की प्रक्रिया की जाएगी। आगामी 16 जनवरी से 31 जनवरी तक राजस्व निरीक्षक (कार्यालय) द्वारा राजस्व निरीक्षक के नामान्तरण आदेश को आर-6 में दर्ज करने के बाद खतौनी की प्रविष्टियों को भूलेख साफ्टवेयर में अपडेट करने का कार्य किया जाएगा। आगामी एक से सात फरवरी तक जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार तथा उप जिलाधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाएगा कि उनके क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित किसी भी राजस्व ग्रामों में निर्विवादित उत्तराधिकार का कोई प्रकरण अवशेष नही है। अभियान के अंतिम चरण में आगामी आठ से 15 फरवरी तक जिलाधिकारी द्वारा जनपद की तीनों तहसीलों के 10 प्रतिशत राजस्व ग्रामों को रैण्डमली चिन्हित करते हुए उनमें अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा इस तथ्य की जांच कराई जाएगी कि निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण दर्ज होने से बचा नही है।

**पेंशनर्स दिवस पर पेंशनरों की समस्याओं से कराया गया अवगत**

**सोनभद्र**। पेंशनर्स दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष सोनभद्र में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित पेंशनर्स दिवस के मौके पर जिले के पेंशनर संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा पेंशनरों की समस्याओं से अवगत कराया गया जिसका शंका समाधान वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा मौके पर किया गया।

# मण्डालायुक्त ने धान खरीद व अमृत योजना की प्रगति जानी

## अमृत योजना में अपेक्षित कार्य न होने पर अधीक्षण अभियन्ता से मांगी सफाई

**मीरजापुर।** आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल श्रीमती प्रीति शुक्ला ने आज अपने कार्यालय के सभागार में मण्डल के तीनों जिलों में हो रही धान खरीद एवं मीरजापुर में अमृत योजना के प्रगति की अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सुशील कुमार पटेल भी उपस्थित रहे। आर0एम0ओ0 विन्ध्याचल मण्डल ने जानकाी देत हुये बताया कि मण्डल में धान की धरीद अब तक लक्ष्य के सापेक्ष 25 प्रतिशत खरीद की गयी है। जिलाधिकारी ने मीरजापुर ने बताया कि जनपद मीरजापुर में आज तक की खरीद की प्रगति 16.28 प्रतिशत है, छोटे किसानों के धान खरीद के लिये क्षेत्रीय लेखपालों को लगाया गया है जो लघु किसानों को प्रोत्साहित करते हुये उन्हें ऋय केन्द्र लायेगें तथा उनके खान की तौल करायेगें। बैठक में बताया कि यू0पी0एग्रो, नेफेड व एनसीसीएफ के भुगतान की प्रगति कम है जिसे मण्डलायुक्त द्वारा तेजी लाने का निर्देश दिया गया उन्होंने कहा कि यदि धनराशि उपलब्ध न हो तो तत्कल अपने-अपने मुख्यालय से धनराशि की मांग करें। आयुक्त ने कहा कि कहीं भी किसानों के धान की खरीद में कोई दिक्कत नहीं आये, यदि कहीं किसी प्रकार की गडबडी पायी जाती है सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी क्रय एजेंसियां अपने-अपने लक्ष्य को पूरा करें ताकि शासन द्वारा दिये गये लक्ष्य को समय रहते पूरा किया जा सके। मण्डलायुक्त द्वारा अमृत योजना के प्रगति की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियन्ता जल निगम के द्वारा सही जानकारी न पाने तथा अपेक्षित प्रगति न आने पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की।

# एनटीपीसी विंध्याचल नैगम को प्रदान किया गया स्वच्छता अवार्ड

**सोनभद्र**। एनटीपीसी विंध्याचल नैगम सामाजिक दायित्व को स्वच्छता के प्रति सजगता एवं स्वच्छता चैंपियन के रूप मे सहभागिता के लिए नगर पालिक सिंगरौली ने स्वच्छ सिंगरौली के उद्देश्य मे जनभागीदारी के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। इस सम्मान समारोह मे विधायक सिंगरौली आयुक्त नगर निगम एवं एनटीपीसी विंध्याचल के अधिकारी उपस्थित थे। एनटीपीसी विंध्याचल नैगम सामाजिक दायित्यों के अंतर्गत स्वच्छता के विभिन्न कार्य किये गये जैसे नवजीवन विहार विस्थापित पुनर्वास कॉलोनी आसपास के क्षेत्रों मे सार्वजनिक सुलभ शौचालयों का निर्माण ग्रामीण शासकीय विद्यालयों एवं आगनवाड़ी केन्द्रों मे सुलभ शौचालयों निर्माण कूड़ा कचरा का उचित प्रबंध राज्य परिवहन निगम भवन एवं शौचालयों का जीर्णोद्धार विस्थापित पुनर्वास कॉलोनी नवजीवन विहार मे नाली का निर्माण कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए श्रमिकों, कर्मचारियों को निशुल्क मास्क एवं सेनीटाइजर बांटे।

# कोरोना वैक्सीन का प्रशिक्षण शुरू

**कोविड वैक्सीन को लेकर जिले में तैयारी आखिरी चरण में**

संवाददाता। मीरजापुर

**कोविड** वैक्सीन को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेशानुसार गुरूवार को कोरोना वैक्सीन का प्रशिक्षण कार्यक्रम टेऊनर द्वारा शुरू किया गया। विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया है। प्रथम दिन के प्रशिक्षण में जिले में 18 मास्टर ट्रेनर बनाये गये है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर मौजूद अधीक्षकों को ट्रेनिंग देने का कार्य करेगे। इसके अलावा एक कोविड ऐप की भी शुरूआत किया गया। इस ऐप के माध्यम से कोविड वैक्सीन सम्बन्धी सारी व्यवस्था की जायेगी। इस ऐप में वैक्सीन सेन्टरों को पहले फीड किया जायेगा जहां पर कोरोना वैक्सीन लगना होगा। जिनको कोरोना वैक्सीन लगना होगा उसकी भी सूची केन्द्रवार इसमें 22 दिसम्बर तक अपलोड कर दिया जायेगा। कोरोना वैक्सीन को लेकर जिले भर 16 केन्द्रों को प्रथम चरण के वैक्सीन लगाने के लिए चयनित कर लिया गया है। वैक्सीन उन्ही केन्द्रों पर लगाये जायेगे। जहां पर बड़े कमरे हो और दो दरवाजे मौजूद होगे। वैक्सीन लगाने के बाद उनको आधे घण्टे के लिए रोकने की व्यवस्था होगी। **एक केन्द्र पर 100 लोगों का होगा वैक्सीनेशन:** मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर पीडी गुप्ता ने बताया कि एक केन्द्र पर एक दिन में 100 लोगों से ज्यादा लोगों का वैक्सीनेशन नहीं किया जायेगा। विभाग द्वारा गठित टीम जिले में बनाए गए सभी सेन्टरों पर एक.एक टीम की तैनाती करेगे। **स्पेशल सीरिज का होगा प्रयोग:** डाक्टर नीलेश के अनुसार कोरोना वैक्सीन के लिए स्पेशल सीरिंज का प्रयोग किया जायेगा। यह सीरिंज आटो डिसेबल्ड होगीए जो एक बाद के प्रयोग के बाद दोबारा प्रयोग नहीं हो सकेगी। जिले में पांच एमएल की स्पेशल सीरिंज माह के अन्त तक आ जाएगी।

# धान क्रय केंद्रों पर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं किसान

**सोनभद्र**। भारतीय युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे आशु ने राबर्ट्सगंज स्थित धान ऋय केंद्र पर जाकर वहां पर स्थानीय वरिष्ठ विपणन निरीक्षक विजय प्रताप सिंह से मुलाकात किया और उनसे किसानों की मौजूदा स्थिति को लेकर भी वार्तालाप किया। उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता किसान है मौजूदा सरकार के रवैय से पूरे देश का किसान परेशान है क्रय केंद्र पर किसान ट्रैक्टर ट्राली के साथ एक सप्ताह से भी ज्यादा समय से जाड़े की ठंडी रात में वहां रुकने को मजबूर है कष्ट का विषय हैं कि उसके रुकने या रात बिताने की कोई व्यवस्था नहीं किया गया है।

# आईआईटी खड़गपुर ने एनसीएल सीएमडी पीके सिन्हा को किया सम्मानित

**सोनभद्र**। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सीएमडी प्रभात कुमार सिन्हा को बुधवार को विश्वविख्यात प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान आई.आई.टी. खड़गपुर ने सम्मानित किया है। उन्हें आईआईटी खड़गपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में उनके माइनिंग क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। वेबिनार में श्री सिन्हा ने बतौर विशिष्ट अतिथि प्रतिभागियों के साथ अपने खनन क्षेत्र के अनुभव साझा किए। सेफ माइनिंग एंड एडवांसड रिसोर्सेस टेक्नालजी 2020 स्मार्ट-2020 विषय पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार में विश्व भर के खनन दिग्गज शामिल हुए हैं। वर्तमान में पी के सिन्हा एनसीएल के साथ-साथ कोल इंडिया की उड़ीसा स्थित अनुषंगी कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड एमसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की ज़िम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। मजबूत प्रबंधकीय कौशल रखने वाले श्री सिन्हा को ओपनकास्ट एवं अंडरग्राउंड कोल माइनिंग के क्षेत्र में बतौर माइनिंग इंजीनियर 37 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उनके नेतृत्व में एनसीएल ने 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन जैसे मुकाम हासिल किए हैं।

# जिलाधिकारी ने महिडान तहसील के कई धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल ने आज अपर जिलाधिकारी यूपी सिंह व उपजिलाधिकारी मडिहान रोशनी यादव के साथ मडिहान तहसील में खाद् विभाग द्वारा सिापित धान ऋय केन्द्र मडिहान प्रथम, द्वितीय तथा जमुर्द धान क्रय केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

मडिहान प्रथम पर केन्द्र प्रभारी अनुपस्थित पाये, जब कि मडिहान द्वितीय पर के केन्द्र प्रभारी के कौशल किशोर के द्वारा दोनो केन्द्रों का निरीक्षण कराया गया। मडिहान केन्द्र प्रथम पर किसानों द्वारा धान का तौल कराया जा रहा था परन्तु दनाई मशीन बन्द होने पर बताया गया कि मशीलन का बेल्ट टूट गया था नया मंगवाया लगाया जा रहा है, जिलाधिकारी के पहुँचने पर मशीन चालू कर दिया गया।

मडिहान द्वितीय पर केन्द्र प्रभारी कौशल किशोर ने बताया कि इस समय केन्द्र पर 15 किसानों से 648 कुन्तल धान की खरीद की गयी है, किसान व धान का आवक कम देखते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को प्रौत्साहित कर केन्द्र लाये तथा लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित कराएं।

## क्विक न्यूज

### माध्यमिक शिक्षकों ने डीएम को सौपा मांग पत्र



**सेमरियावा** (संतकबीरनगर)। गुरुवार को शिक्षक समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मण्डल मण्डलीय मंत्री संजय द्विवेदी के नेतृत्व में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से मिलकर 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा व वार्ता की, तथा समस्याओं के समाधान ना होने पर 30 दिसम्बर 2020 को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरने की चेतावनी। प्रकरण को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया, और कहा कि अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व शिक्षक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वार्ता कर समस्या का समाधान कराएं। श्री द्विवेदी ने बताया आरोप लगाया कि जिला विद्यालय निरीक्षक राजनीतिक दबाव काम कर सही फैसले नही ले रहे है। उमरिया बाजार इंटर कालेज, राष्ट्रीय इंटर कालेज बेलहर, हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद में प्रधानाचार्य का पदभार योग्य व वरिष्ठ व्यक्ति को नही दे रहे है। प्रह्लाद राय बालिका इंटर कालेज के शिक्षकों को कई माह से वेतन नही मिल पाया है। उमरिया इंटर कालेज के लिपिक का वेतन भी मनमानी तरीके से काट लिया गया है। चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतन व एरियर का प्रकरण भी निस्तारित नही किया जा रहा।

### वंचित लाभार्थियों ने किया प्रदर्शन



**सेमरियावां** (संतकबीरनगर)। बृहस्पतिवार को ग्लोबल आर्थिक सामाजिक सहयोग समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में सेमरियावां गांव के आवास से वंचित लोगों ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय पर ग्लोबल आर्थिक सामाजिक सहयोग समिति जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद तथा कोषाध्यक्ष राजन के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सेमरियावां के आवास से वंचित मायादेवी पत्नी जयराम, खदीजा खातून पत्नी तबारक हुसेन, हीरालाल पुत्र रामशंकर, गीता देवी पत्नी जगलाल, दुलारी देवी पत्नी राम किशोर, कैलाशपति पत्नी ओमप्रकाश, रफीकुन्निशां पत्नी वाजिद अली, महरुन्निशां पत्नी तुफेल अहमद आदि बीस लोगों ने खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाया



**संतकबीरनगर**। डीएम दिव्या मित्तल के निर्देशन में जनपद में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन खलीलाबाद नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण हटाये जाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में नगर पालिका के कर्मचारियों ने जेसीबी के साथ खलीलाबाद-मेंहदावल बाईपास पर सड़कों पर किये गये कब्जा को हटाने के साथ उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई कि दुबारा अतिक्रमण किया गया तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान कर निरीक्षक नगर पालिका, लिपिक गोरख यादव, उमेश चौधरी सहित नगर पालिका कर्मी मौजूद रहे।

### नेशनल पुरस्कार के लिए डीएम का चयन

**बस्ती**। डीएम आशुतोष निरंजन का चयन 'स्काच आर्डर आफ मेरिट' पुरस्कार के लिए चयन हुआ। यह नेषनल पुरस्कार डीएम को सरकारी स्कूलों के बच्चों के डेस की सिलाई महिला स्वयं सहायता समूहों से कराने के कारण मिल रहा है। इसके लिएपूरे देष में आनलाइन वोटिगं कराई गई, जिसमें डीएम आशुतोष निरंजन का चयन हुआ। वोटिगं के हिसाब से जिला पूरे देष में सेमीफाइनल में पहुंच चुका है। इसके लिए जिलेवासियों को डीएम और सीडीओ की ओर से बधाई दी गई, और फाइनल में पहुंचाने के लिए आनलाइन वोटिगं करने की अपील की है। डीएम को यह पुरस्कार आनलाइन के जरिए 22 दिसंबर 20 को मिलेगा। हांलाकि इसमें सीडीओ सरनीम कौर ब्रोका का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, और उनके प्रयास का नतीजा रहा कि महिला समूह यह काम कर सकी, जिससे उन्हें रोजगार भी मिला।

### निस्तारण से अवगत न कराने पर होगी कार्रवाई

**बस्ती**। शिकायतकर्ता को शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण से अवगत ना कराना अधिकारी को भारी पड़ सकता है। ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। डीएम आशुतोष निरंजन ने एसपी, सीडीओ, एसडीएम एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा है कि शासन द्वारा तथा पूर्व में उनके द्वारा दिए गए निर्देश के बावजूद जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा इस निर्देश का अनुपालन नही किया जा रहा है। निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता को उसके द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण/जॉच परिणाम से समय से अवगत कराएं। मुख्यमंत्री, कम्प्यूटर संदर्भ, शासन के अन्य अनुभाग से प्राप्त संदर्भ, राजस्व परिषद, समस्त आयोग के संदर्भ, आयुक्त संदर्भ, जनता दर्शन एवं जनप्रतिनिधि संदर्भ के 15 दिन से अधिक पुराने संदर्भो में तत्काल आवेदक को प्रतिलिपि के माध्यम से सूचित करते हुए इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

### अनुपस्थित मिले कर्मी तो होगी कार्रवाई

**बस्ती**। मण्डल व जनपद स्तरीय कार्यालयों में अधिकारी, कर्मचारी औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिले तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अनुपस्थिति मिले अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही की सूचना निर्धारित प्रारूप में शासन को भेजी जाएगी। जिन कार्यालयों में अधिक संख्या में अधिकारी,कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाएंगे वहां पर्यवेक्षणीय अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।कमिष्नर एवं डीएम द्वारा सप्ताह में कम से कम एक बार किसी भी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया जाएगा। शासन स्तर से इस सम्बन्ध में निर्देश जारी किए गए हैं।

### प्रो. डा.नवीन बने राष्ट्रीय महासचिव



**बस्ती**। विश्व संवाद परिषद ने योग,प्राकृतिक चिकित्सा,एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में विगत ढाई दशक से सक्रिय प्रोफेसर डॉ. नवीन सिंह को प्राकृतिक चिकित्सा प्रकोष्ठ में भारत का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। विश्व संवाद परिषद के अंतरराष्ट्रीय शांतिदूत श्याम पचौरी ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा है कि वे योग, प्राकृतिक एवं अन्य चिकित्सीय सेवाएं ,परामर्श ,प्रशिक्षण के साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्य में अपना श्रेष्ठतम योगदान देते रहेंगे। नियुक्ति पर प्रो. डॉ. सिया प्रताप सिंह ,एक्यूप्रेशर संस्थान के अध्यक्ष प्रो. डॉ. जेपी अग्रवाल, एबीपीसीपी के अध्यक्ष प्रो. डॉ. शंकर कुमार सान्याल, प्रो. डॉ एनपी सिंह, प्रो. एके द्विवेदी आदि ने बधाई दी है।

## आमने–सामने बाइक की टक्कर में कोटेदार की मौत

**देवरिया ।** बरहज में बाइक से आ रहे कोटेदार को सामने वाले बाइक की जोरदार टक्कर लगी जिसमें कोटेदार गंभीर रूप से घायल हो गया जहां लोगों ने अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने उनको जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां उन को मृत घोषित कर दिया । मदनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहरा के कोटेदार नंद लाल यादव पुत्र स्वर्गीय लाल बिहारी यादव उम्र 60 साल जो अपने गांव से बरहज गए थे वहीं सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गए जिनमें गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं दूसरी बइक सवार को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## पत्रकार को मातृ शोक एसोसिएशन ने की शोकसभा

**गाजीपुर।** गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन के सदस्य देवब्रत विश्वकर्मा की माता उमरावती देवी 62 वर्ष निवासी उर्दू बाजारए गाजीपुर व विवेक कुमार सिंह विक्की के बड़े पिता सुरेश प्रसाद सिंह 70 वर्ष निवासी ग्राम गहमर तथा वरिष्ठ पत्रकार श्याम जी पाण्डेय 65 वर्ष पत्रकारपुरमए कमच्छा वाराणसी मूल हरिशंकरी गाजीपुर के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। शोकाकुल परिजनों के इस दुख की घड़ी में ढांढस बधाया गया। गुरूवार को एसोसिएशन भवन में सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शान्ति की कामना ईश्वर से की।

## साथी पर जानलेवा हमले को लेकर एसपी से मिला शिक्षकों का दल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डाण् अतुल प्रकाश यादव के संयुक्त नेतृत्व में शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक राजकरन अय्यर से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि राय साहब यादव पर जानलेवा हमला हुए एक सप्ताह से अधिक समय बीत गया परन्तु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई जिससे शिक्षकों में असंतोष है। इस पर पुलिस कप्तान ने दो दिन के अंदर ठोस कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश थानाध्यक्ष जलालपुर को दिया। प्रतिनिधिमंडल में रवि चंद्र यादव, यशवंत सिंह, आनंद यादव, लाल साहब यादव, अनिलदीप चौधरी, रविंद्र बहादुर सिंह, रामदुलार यादव, लक्ष्मीकांत सिंहए साजेश सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, सुनील यादव, शेर बहादुर मौर्य, राकेश उपाध्याय, विनय यादव, मोहम्मद कैश, धीरज यादव, नंद कुमार यादव, जय प्रकाश, राम नारायण गुप्ता सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## बीआरसी पर हुई शिक्षक संकुल की बैठक

**सिरकोनी, जौनपुर।** स्थानीय विकास खण्ड में शिक्षक संकुल की बैठक बीआरसी सिरकोनी पर खंड शिक्षा अधिकारी जय कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई।

इस मौके पर एआरपी पंकज यादवए दरोगा सिंहए अशोक राजभरए संजय सिंहए सुनील सिंहए पूर्व एबीआरसी दिनेश सिंह सहित अन्य शिक्षक संकुल ने उपस्थित होकर मिशन प्रेरणा की सफलता और विकास खण्ड सिरकोनी को प्रेरक ब्लाक बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

साथ ही पंचायतवार सूचना के लिए नोडल शिक्षक संकुल को जिम्मेदारी दी गयी तथा आनलाइन कक्षाए मोहल्ला कक्षाए शारदा के अन्तर्गत शत.प्रतिशत नामांकन पर विस्तार से चर्चा की गयी।

# आंदोलन में दम भर रहे सपाई

## सपा नेता राजेन्द्र बहादुर हुये हाउस अरेस्ट

**संवाददाता।** मुंगराबादशाहपुर

**जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सराय केवट निवासी सपा नेता राजेन्द्र बहादुर यादव को किसान आन्दोलन की अगुवाई की आशंका में बीती रात सुजानगंज थाना पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया। बताते हैं कि श्री यादव समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश के उपाध्यक्ष होने के साथ मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में पार्टी के सिपाही के रूप में कार्य कर रहे हैं। देश में चल रहे किसान आन्दोलन को समाजवादी पार्टी के किसानों के समर्थन में आज किसान पदयात्रा के कार्यक्रम में जाने से रोकने के लिए बीती रात से पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किए जाने पर सपा नेता श्री यादव ने कहा कि आज मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में किसान यात्रा के अगले सुबह ही प्रदेश की तानाशाही सरकार का तानाशाही फरमान आ गया कि आप आज अपने घर से बाहर नहीं निकल सकते। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता इस झूठे वादे करने वाली एवं दमनकारी सरकार से त्रस्त हो चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में ऐसे लोगों को सबक जनता जरूर सिखाएगी।

## सपाइयों ने देवरिया में निकाली किसान पदयात्रा



**देवरिया ।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी के सपा नेता विजय रावत व छात्र सभा ज़िलाध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व मे किसान पद यात्रा मुरेडा से प्रारम्भ होकर फुलवरीया चौराह होते हुए रानिघाट एमडीया एहाटी एबगहाएहोते हुए रोहुआर उजरी मे समाप्त हुई इस दौरान सैकड़ों किसान व दर्जनों ट्रैक्टर उपस्थित थे किसानो को सम्बोधित करते हुए सपा नेता विजय रावत ने कहा की सपा किसानो की लड़ाई आर पार की लड़ेगी इस लड़ाई मे समाजवादी पार्टी का पूर्ण समर्थन है औरइस लड़ाई मे किसानों के लिए जेल भी जाना पड़ा तो जाने के लिए तैयार है । छात्र सभा के जिला अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा की भाजपा सरकार में सभी सामानों की मूल्यवृद्धि बहुत तेजी से हो रही है रोटी कपड़ा दवा पडाई सब महँगी हो गई है जिसे गरीब जनता के सामने कठिनाई हो रही है लॉकडाउन करुणा वायरस के बाद जनता की कमर टूटी है इस पर सरकार समान महंगा करती जा रही है जिससे हालात गरीब लोगों के नाजुक होते जा रहे हैं सपा उन लोगों की लड़ाई हमेशा आर पार की लड़ेगी। इस दौरान मुख्य रूप से राम ईकबाल यादव,विकाश यादव ,सुरेश राजभर एसंजय प्रजातीय एनगरी यादव,सुनिल यादव, कुलदीप एमंटी जयसवाल इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## किसान बिल के विरोध में सपाइयं ने किया प्रदर्शन

**मुंगराबाद, शाहपुर, जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में किसान यात्रा व किसान विरोधी अधिनियम के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सरकारें किसानों का शोषण करने पर आमादा हैं। किसानों की आवाज उठाने वाले संगठनों एवं राजनीतिक दलों के लोगों को अकारण ही सत्ता के दम पर दबाने का कुचक्र रचा जा रहा है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष राजमूर्ति सरोजए प्रभारी रामलाल पालए वरिष्ठ नेता राहुल यादवए भोला रामए सर्वज्ञए तनवीर अहमदए बीडी यादवए धीरज श्रीवास्तवए सिद्धार्थ चौधरीए ब्लाक अध्यक्ष लाल बहादुर पटेलए ब्लाक अध्यक्ष पंचम पटेलए जिला पंचायत के सदस्य राजेश यादवए प्रवीण सरोजए दिनेश यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रभावशीलता क्रियान्वयन पर निर्भरः प्रो. आरपी

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति मुद्दे व क्रियान्वयन की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी आयोजित

**जौनपुर।** शिक्षक शिक्षा विभाग टीडी कालेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मुद्दे एवं क्रियान्वयन की चुनौतियां विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बलरामपुर हाल में हुआ। संगोष्ठी के प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि प्रोण् आरपी पाठक संकायाध्यक्ष शिक्षा संकाय श्री लाल बहादुर राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ नई दिल्ली ने किया। जौनपुर के मूल निवासी प्रोण् पाठक की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा एवं अन्य समकालीन विषयों पर लगभग 100 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जो शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों में अत्यधिक लोकप्रिय हैं। मुख्य अतिथि प्रो. पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रभावशीलता उसके क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। संबंधित सभी निकायों को व्यवस्थित तरीके से पहल करनी होगी और कई कदम उठाने की जरूरत होगी। आयोजन सचिव डाण् सुधांशु सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति सभी चरण अधिक महत्वपूर्ण है। सभी चरणों में समन्वय के भाव से कार्य करना होगा। संगोष्ठी के संयोजक डाण् अजय दुबे ने बताया कि संतोषजनक निष्पादन के लिए मानव संरचना और वित्तीय संसाधनों को समय से जुटाना अहम बिंदु है कि शिक्षक शिक्षा से जुड़े हुए सभी वर्गों तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना और तकनीकी परिवर्तन सभी तक पहुंचने चाहिए। सह संयोजक डाण् विनय सिंह ने राट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख लक्ष्यों तथा चुनौतियों से अवगत कराया। प्राचार्य डा. सरोज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सभी पक्षों को विश्वास में लेकर ही लागू करना होगा। अध्यक्षीय सम्बोधन में महाविद्यालय के प्रबंधक अशोक सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को वर्तमान परिवेश में अत्यधिक प्रासंगिक बताया।

# मिशन साहसी के तहत छात्राओं को दी गई आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

**संवाददाता।** देवरिया



**गुरुवार** को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरहज नगर इकाई द्वारा कराए जा रहे मिशन साहसी कार्यक्रम का समापन कल ही हो चुका था लेकिन आज छात्राओं के विशेष आग्रह पर आज पुन: जेनिथ पब्लिक स्कूल बरहज में छात्राओं को उनके आत्मरक्षा हेतु 1 दिवसीय और प्रशिक्षण दिया जिसमे छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया व आगे फिर ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम कराने हेतु विशेष आग्रह किया जिसमें मुख्य रूप से जिला संयोजक शिवम निषाद ने बताया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष किया जाता है जो कि निशुल्क ही होता है और जैसे जैसे छात्राओं की बीच यह कार्यक्रम हो रहा छात्राएं उतनी ही ज्यादे भागीदारी भी कर रही इस कार्यक्रम का समापन कल रघुराज सिंह बहियारी बघेल फुलवरिया, देवरिया में होना है जहां सभी छात्रायें 11 बजे से 2 बजे तक फ़ाइनल प्रशिक्षण लेंगी एवही नम्रता मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ही एक ऐसा संगठन है जो वर्ष भर कार्य छात्र छात्राओं के बीच करती है प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम निषाद ने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा जो मिशन साहसी कार्यक्रम का शुभारंभ दिल्ली में हुए निर्भया कांड से ही विद्यार्थी परिषद ने इस कार्यक्रम को वृहद रुप से हर कॉलेज कैम्पस में छात्राओं को उनके आत्म रक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है वही जिला संगठन मंत्री शिवम मिश्रा, विशाल गुप्ता, प्रशिक्षक आदित्य सिंह एसोनाली सोनकर ,प्रधानाचार्य सुरेश यादव व विद्यार्थी परिषद के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## फार्मेसी एण्ड फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

### आरोप:बिना मानक के चल रहे मेडिकल स्टोरों को प्राप्त है ड्रग इंसपेक्टर का संरक्षण

**संवाददाता, जौनपुर।** फार्मेसी एण्ड फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह नगर के एक होटल में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव सहित सचिव प्रवीन वर्माए उपाध्यक्ष हिमांशु सिंहए वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील यादवए संगठन मंत्री मदन कन्नौजियाए संयोजक राजकुमार मौर्य को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। साथ ही अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज जनपद मेंआ अवैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोरों पर फार्मासिस्ट उपस्थित नहीं रहते हैं जहां अयोग्य व्यक्तियों द्वारा दवा दिया जा रहा है। ऐसे में मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने जैसा कार्य हो रहा है जो गलत है। वक्ताओं ने कहा कि बिना मानक के चल रहे मेडिकल स्टोरों को ड्रग इंसपेक्टर का संरक्षण प्राप्त है जबकि शासन.प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। शीघ्र ही फार्मासिस्ट यूनियन इसके खिलाफआंदोलन करेगा। इस अवसर पर तमाम लोगों की उपस्थिति रही।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से कोरोना बचाव की दी गयी जानकारी

**सिरकोनी, जौनपुर।** कोरोना वायरस जैसे संक्रमण का संकट अभी टला नहीं। सावधानी और बचाव से इस बीमारी से बचा जा सकता है। मास्क लगाना एवं दो गज की दूरी का पालन करना ही संक्रमण से बचाव का



कारगर उपाय है। उक्त बातें क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार वाराणसी की ओर से क्षेत्र के सरस्वती निकेतन इंटर कालेज सरकोनी में कोरोना वायरस जैसे संक्रमण से बचाव के उपायों पर आयोजित गोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कही गयी। वक्ताओं ने कहा कि योग से शारिरिक प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मानसिक तनाव कम होता है।

इस वैश्विक महामारी से मानसिक तनाव की भी समस्याएं आ रही हैं। क्षेत्रीय प्रचार आधिकारी डाण् लालजी ने प्रतियोगिता के माध्यम से इस बीमारी के लक्षणए जाँच की प्रक्रियाए सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं और बचाव के उपाय पर पर जानकारी दिया। साथ ही प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले 20 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं आरओबी लखनऊ के पंजीकृत कलाकार सोनम सरोज एण्ड पार्टी जौनपुर ने गीत के जरिए जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं का संदेश दिया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि डा. अवधनाथ पालए विद्यालय के प्रबंधक नन्द लाल यादव, प्रधानाचार्य दिनेश यादव, डा लालजी, अमित यादव, राकेश यादव सहित तमाम वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति के छात्रवास में प्रवेश के लिए 31 दिसम्बर तक कर सकेंगे आवेदन

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासए नाथनगर एवं रघवापुर में शिक्षा सत्र 2020.21 में अनुसूचित जातिध्जनजाति तथा पिछडा वर्ग एवं सामान्य वर्ग छात्रों का प्रवेश किया जाना है। इस छात्रावास केवल वही छात्र रहने हेतु पात्र होगें जो नियमित रुप से स्कूलध्कालेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। किसी भी प्रकार के नौकरी या अन्य व्यवसाय में लगे छात्रों को प्रवेश नही मिलेगा। छात्रावास में प्रवेश एक वर्ष के लिये मिलेगा। जो प्रवेश की तिथि से 30 मई तक मान्य होगा। छात्रावास के लिये इच्छुक छात्र अपना आवेदन 31 दिसम्बर तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा सकते है तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय से सम्पर्क कर सकतें है।

## छात्रों का आह्वान, लीडर बनें फालोअर नहीं: प्रो. राजाराम

**संवाददाता।** सिद्दीकपुर, जौनपुर



**वीर** बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विश्वेशरैया हाल में व्याख्यान का आयोजन किया गया जहां पूर्व कुलपति प्रो राजाराम यादव ने छात्रों को प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने को आगे और कामयाब बनाने के लिए जानकारी दिया। विश्वेश्वरैया हाल में बीटेक छात्रों को उच्च शिक्षा एवं छात्रों की भूमिका विषयक व्याख्यान देते हुए मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति श्री यादव ने कहा कि वर्तमान व भविष्य प्रतियोगी दौर में है। इसमें अपने को किस तरह फोकस में रखना है। इस बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ तकनीकी ज्ञान की बड़ी आवश्यकता पड़ेगी। इसके लिए वह तैयारी के साथ और इंटरनेशनल ज्ञान पर आनलाइन जोर दें। उन्होंने कहा कि छात्र.छात्राएं किसी का फलोअर्स न बनेंए बल्कि वह लीडर बनें तभी वह इस युग में एक सफल विद्यार्थी साबित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टेकिप के निदेशकध्समन्वयक व संकायाध्यक्ष इंजीनियर संकाय के प्रोण् बीबी तिवारी ने बच्चों को पढ़ने के लिए लक्ष्य पाने के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें प्रतिस्पर्धा के दौर में आगे बढ़ने का जोश भरा। इसके पहले पूर्व कुलपति ने दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत किया जिसके बाद शिक्षकों एवं छात्रों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।

## दिल्ली विकास मॉडल पर उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी लड़ेगी चुनाव: राजेन्द

**संवाददाता।** गाजीपुर



जनपद के आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ एडवोकेट ने प्रेस वार्ता कर कहा कि उत्तर प्रदेश में 2022 में विधानसभा चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा के साथ ही आम आदमी पार्टी इसकी तैयारियों में जुट गयी है। ज़िले के समस्त पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओ ने इस घोषणा के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ साथ उत्तर प्रदेश प्रभारी राज्य सभा सांसद संजय सिंह व प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह को प्रदेश सरकार के क्रिया कलापों के विरुद्ध ताबड़ तोड़ खुला मोर्चा खोले जाने के लिए भी धन्यवाद देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक जितनी भी पार्टियां आई उन्होंने सिर्फ जातिधर्म के नाम पर ही चुनाव लड़ा है पर अब ये तस्वीर आम आदमी पार्टी के मैदान में उतरने के बाद बदलेगी। अब उत्तर प्रदेश में भी बिजल,पानीए शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार आदि मुद्दों पर बात होगी। आम आदमी पार्टी जिसके दिल्ली विकास मॉडल को दुनिया ने सराहा है हम वही मॉडल उत्तर प्रदेश में भी लागू करेंगे। उन्होंने कहा की ख़ुशी हो रही है ये देख कर की सिर्फ हमारी चुनावी रण में उतरने के एलान से ही आदित्यनाथ सरकार के मंत्री स्कूल और हॉस्पिटल जैसे मुद्दों पर बात करने लगे है।

उन्होंने कहा की दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आदित्यनाथ सरकार के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के सरकारी स्कूल के मुद्दे पर बहस की चुनौती को सहर्ष स्वीकार कर लिया है। वह आगामी 22दिसंबर को लखनऊ आ रहे है। हम सिद्धार्थ नाथ सिंह से अनुरोध करते है की अपनी सुविधानुसार बहस का समय और स्थान निर्धारित कर बता दे। इस मामले में खुली बहस से अब उनको इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। प्रदेश और देश को पता चलना ही चाहिए की किसका शिक्षा और स्वास्थ का मॉडल बेहतर है और किसके दावे खोखले है।

# अधीक्षण अभियंता के लिखित आश्वासन पर विद्युत मजदूर पंचायत वार्ता सफल



**संवाददाता।** गाजीपुर

जनपद में गुरुवार को विद्युत मजदूर पंचायत की सफल वार्ता अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल कार्यालय पर जनपद के पांचो खंडों के अधिशासी अभियंताओं की उपस्थिति में हुई। वार्ता में अट्ठारह बिंदुओं पर सहमति बनी अधीक्षण अभियंता ने संगठन को लिखित में आश्वस्त किया कि भारत कंपनी द्वारा जितने भी पुराने संविदा कर्मियों को नहीं रखा गया है। क्रास चेकिंग करा कर जो भी संविदा कर्मी विद्युत उप केंद्रों पर कार्य कर रहे हैं। उन सभी को फर्म में रखकर जनवरी 2019 से भुगतान कराया जाएगा। इसके अलावा जिन संविदा कर्मियों का पैसा बकाया है। जनवरी से पहले सब का भुगतान करा दिया जाएगा। संगठन के संरक्षक शिव दर्शन सिंह मामा ने बताया कि अधीक्षण अभियंता के द्वारा आश्वस्त किया गया है की जो कंप्यूटर ऑपरेटर खंडों में तैनात हैं ऑपरेटरों का बकाया का भुगतान भी जनवरी से पहले कर दिया जाएगा और अतिरिक्त महामंत्री निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि जनपद में जितने भी सुरक्षाकर्मी पहले से तैनात थे सब को नई कंपनी में समायोजित किया जाएगा वार्ता में अधीक्षण अभियंता द्वारा संगठन को अवगत कराया गया है। जनपद में भारत इंटरप्राइजेज द्वारा किए जा रहे घोर भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराने के लिए जांच कमेटी गठित करा दी गई है उन्होंने कहा कि अब तक भारत इंटरप्राइजेज द्वारा निविदा कर्मियों को मानक विहीन भुगतान किया जा रहा था। जिसको अब संगठन उच्च अधिकारियों के समक्ष लिखित में अवगत करा चुका है और इस पर भी वार्ता में शांति बनी है कि सभी कर्मचारियों को मानक के अनुसार नियमित भुगतान सुनिश्चित कराया जाएगा। जिला अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा ने बताया जनपद के प्रत्येक उप केंद्रों पर चार एसएसओ और 4 सहायक की तैनाती की मांग की गई थी जिस पर वार्ता में सहमति बनी और अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया की एक माह के अंदर प्रत्येक उप केंद्रों पर तैनाती करा दी जाएगी जिला मंत्री विजयशंकर राय ने कहा कि वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है और हम उम्मीद करते हैं कि सभी बिंदुओं पर जिन पर सहमति बनी है शीघ्र ही उनका समाधान हो ।

## विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता: रविन्द्र नाथ

### आम आदमी के नव नियुक्त जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक, कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर अभी से तैयारी करने का किया गया आह्वान

**संवाददाता।** मऊ

**आम** आदमी पार्टी के नव नियुक्त जिला प्रभारी रविन्द्र नाथ त्रिपाठी ने नगर क्षेत्र के गाजीपुर तिराहा स्थित पर पार्टी कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2022 में यूपी में विधान सभा चुनाव लड़ने की घोषणा करके पार्टी कार्यकर्ताओं ने नई ऊर्जा का संचार कर दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जनजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष शाह आलम ने कहा कि पार्टी द्वारा यूपी में विधानसभा चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा करने से कार्यकर्ता अब नए जोश के साथ तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में अब तक जितनी भी पार्टियां आई उन्होंने सिर्फजाति.धर्म के नाम पर ही चुनाव लड़ा है। लेकिन अब ये तस्वीर आम आदमी पार्टी के मैदान में उतरने के बाद बदलेगी। कहा कि अब उत्तर प्रदेश में भी बिजली,पानी, शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार आदि मुद्दों पर बात होगी। आम आदमी पार्टी जिसके दिल्ली विकास माडल को दुनिया ने सराहा हैए हम वही मॉडल उत्तर प्रदेश में भी लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आदित्यनाथ सरकार के मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के सरकारी स्कूल के मुद्दे पर बहस की चुनौती को सहर्ष स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा की पार्टी प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाती है कि उत्तर प्रदेश को वही सब सुविधाएं मिलेंगी जो दिल्ली की जनता को मिलती है। मुफ्त बिजली मुफ्त पानी मुफ्त शिक्षा मुफ्त चिकित्सा और 24 घंटे बिजलीए मुफ्त पानीए मोहल्ला क्लिनिकए चमचमाते सरकारी स्कूलए महिला सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर कैमरा और रोजगार जैसे तमाम बुनियांदी सुविधाओं पर उत्तर प्रदेश की जनता का भी हक़ है।

# पांचवे पेंशनर्स दिवस का आयोजन

**सवांददाता।** देवरिया



**टाउनहाल** आडिटोरियम में 5वां पेंशनर्स दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिन्द की अध्यक्षता में आहूत की गयी। इस दौरान पेंशनरों द्वारा उठाये गये समस्याओं पर काफी विचार.विमर्श हुआए जिसके निस्तारण के निर्देश दिये गये।

साथ ही आये सुझावों पर भी समयक कार्यवाही कराये जाने हेतु उन्हे आशवस्त किया गया। 80 वर्ष से उपर के वरिष्ठ पेशनरों को माल्यार्पित कर उन्हे सम्मानित भी किया गया।

मुख्य राजस्व अधिकारी श्री बिन्द ने कहा कि अधिवर्षता आयु पूर्ण कर वेदाग सेवाओं के उपरान्त सरकारी कर्मचारी सेवा निवृत्त होता है। उनकी समस्याओं का समय रहते व समुचित समाधान होए यह सभी को सुनिश्चित करना होगा। उन्होने कहा कि स्वस्थ्य ही सबसे अच्छा साथी है। आप सभी स्वस्थ रहें। उन्होने सभी पेंशनरों को इस दिवस की हार्दिक शुभकामना व बधाई भी दी। कहा कि आज जो भी समस्यायें लायी गयी हैए उसे वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा समेकित कर लिया गया है। और एक.एक सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही करायी जायेगी। पेंशनरों व बन्दूक नवीनीकरण व वरासत के मामलो तथा अमीन संघ द्वारा उठाये गये एसीपी समस्याओं को भी समाधान कराये जाने हेतु आशवस्त किया। वरिष्ठ कोषाधिकारी कुलदीप सरोज ने कहा कि एक सम्मानजनक सेवा अवधि उपरान्त आप सभी सेवानिवृत्त हुए है और इसके उपरान्त समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे है। इस दिवस के आयोजन का मुख्य रुप से उद्देश्य है कि स्थानीय स्तर पर पेशनरों की समस्याओं पर विचार विमर्श कर उसका समाधान कराया जाये। जो मुद्दे स्थानीय स्तर के हैए उनका समाधान जहां सुनिश्चित कराया जायेगा वही शासन स्तर के समस्याओं को जिलाधिकारी के माध्यम से उसे अग्रसारित कराया जायेगा।उन्होने कार्यालयध्यक्षोंध्विभागाध्यक्षों को संवेदनशीलता व प्राथमिकता के आधार पर पेंशनरों से जुडी समस्याओं पर कार्य किये जाने की विशेष रुप से अपेक्षा की। इनके मेडिकल क्लेम्सए सेवाकाल एवं सेवानिवृत्ति से जुडी समस्याओं पर प्राथमिकता के आधार कर कार्य किये जाने की अपेक्षा की। उन्होने कहा कि जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिये अब आनलाईन भी व्यवस्था की गयी है तथा डाकघर में भी जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की व्यवस्था आनलाईन की गयी है। पेंशनर्स अपनी सुविधा अनुसार साल में किसी भी महिने में अपना जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकेगें।

ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट सुमित यादव ने पेंशनरों के साथ सम्मानजनक व सेवाभाव रखा जाये।

# समय सीमा के अन्दर करें सेवानिवृत्त कर्मियों का भुगतानः जिलाधिकारी

## अफीम कोठी के सभागार में पेंशनर दिवस का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** प्रतापगढ़

**राज्य** सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हेतु पेंशनर्स दिवस का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम की कोठी के सभागार में जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार की अध्यक्षता में हुआ। पेंशनर दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों/पेंशनरों व अन्य के द्वारा भिन्न भिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 14 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए। जिसमें से चार ग्राम्य विकास विभाग, दो समाज कल्याण, एक पुलिस विभाग, दो बेसिक शिक्षा, दो




कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़ और तीन प्रकरण जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय से सम्बन्धित थे। पेंशनर दिवस में जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों/प्रत्यावेदन के निस्तारण के सम्बन्ध में प्रभावी कार्रवाई करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। पेंशनर दिवस में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उप्र शाखा प्रतापगढ़ के अध्यक्ष मनोकानिका उपाध्याय के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कार्मिकों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के निस्तारण में अत्यधिक विलम्ब किया जाता है जिसके सम्बन्ध में उनके द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बन्धित दावे का त्वरित निस्तारण कराये जाने की मांग की गई। इस बिन्दु को गम्भीरता से लेते हुये जिलाधिकारी ने उपस्थित पेंशनरों को आश्वस्त किया कि इस मामले के सन्दर्भ में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित विभाग को निर्देशित किये जायेगें। जिलाधिकारी ने कहा सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के देयकों का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अन्दर कर दिया जाये, अनावश्यक रूप से देयकों के भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। उन्होने कहा कि कार्यालयों में सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाये क्योंकि नौकरी में आने वाले हर अधिकारी एवं कर्मचारी को एक दिन सेवानिवृत्त होना पड़ता है। पेंशनर दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बैंक में भुगतान के समय लम्बी लाइनों की समस्या के बारे में अवगत कराया।

## एसपी के आदेश पर दर्जन भर के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। एसपी के आदेश पर दर्जन भर आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ है। लालगंज कोतवाली के खानापटटी पूरे नेवाज खां निवासी रामेश्वर प्रसाद यादव का आरोप है कि बीती बारह नवंबर को गांव के माता प्रसाद, शिवकरन, सुनील, रामदीन, सुनीता देवी, कलावती व रामकरन की पत्नी समेत चार अज्ञात लोगों ने जमीनी विवाद मे उसे मारापीटा। आरोपियो ने घर मे घुसकर पिटाई करने के साथ ही अंदर रहे सामानो को क्षतिग्रस्त कर दिया। पिटाई से पीड़ित मरणासन होकर अचेत हो गया। कोतवाली पुलिस के कार्रवाई नहीं करने पर पीडित ने एसपी अनुराग आर्य से मामले की शिकायत की। इस पर एसपी ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का फरमान सुनाया। एसपी के आदेश पर माता प्रसाद समेत सभी आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास, घर मे घुसकर मारपीट व जानलेवा धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# संदिग्ध मरीजों की सूचना तत्काल उपलब्ध कराएं चिकित्सकः डीएम

**संवाददाता।** ललितपुर

**जिलाधिकारी** ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड-19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुई। जिसमें बताया गया कि आज 1435 टेस्ट किये गए हैं। विगत 24 घण्टे में जनपद में कुल नौ पाजिटिव केस पाया गया है, साथ ही चार मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जनपद में वर्तमान में कुल डिस्चार्ज मरीजों की संख्या 3092 तथा कुल 86 एक्टिव केस हैं। जनपद में अब तक कुल 226412 सैम्पल लिए गए हैं, जिनमे से 1236 रिजेक्ट हुए हैं।

अब तक कुल 223456 रिपोर्ट प्राप्त हुईं, जिनमे 220329 ऋणात्मक, 3127 धनात्मक, 97 जनपद के बाहर की लैब से प्राप्त कुल धनात्मक मरीज 3224ए 46 मृतक तथा 1720 परिणाम लंबित हैं। जनपद में मरीजों का रिकवरी रेट 95,90, सीएफआर 1.42 तथा धनात्मकता रेट 1.42 प्रतिशत है। मरीजों का कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग अनुपात 1:37.78 है। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिये कि शासन द्वारा कोविड के संबंध में राहत स्वरुप जो भी धनराशि उपलब्ध करायी जा रही हैए उसका किसी भी दशा में दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।

कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि अस्पताल में मरीजों को भोजन, पानी, दवायें व अन्य व्यवस्थाओं पर सघन निगरानी रखी जा रही है, साथ ही होम आइसोलेशन के मरीजों से नियमित रुप से सम्पर्क किया जा रहा कांटेक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के चिकित्सालयों में आने वाले संदिग्ध मरीजों की सूचना तत्काल उपलब्ध कराएं। साथ ही जांच करते समय मरीज का स्पष्ट विवरण एवं सक्रिय मोबाइल नम्बर अवश्य लें डोर टू डोर सर्विलांस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी निर्देश दिये कि प्रतिदिन नोडल अधिकारी रोस्टर के अनुसार ग्रामवासर सर्वे करायें।

बैठक में बताया गया कि जनपद में मास्क न पहनने पर 42115 व्यक्तियों के चालान किये गए, जिनसे 4485800 रुपए की धनराशि वसूल की गई। इसके अलावा दोपहिया वाहनों पर एक सवारी से अधिक सवारी बैठाए जाने पर 4828 व्यक्तियों का चालान किया गया, जिनसे 1252950 रुपए की धनराशि वसूल की गई।

साफ-सफाई एवं सैनिटाइजेशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में कोविड से बचाव हेतु शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का जनसंख्या बाहुल्य क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं।

# सावधान! जगह-जगह प्राइवेट बीज भंडारों पर बिक रही है नकली व एक्सपायरी दवा

**संवाददाता।** बाराबंकी

**यदि** आप खरपतवार नाशक दवा लेने जा रहे हैं तो सावधान ! कहीं आपके साथ भी धोखा ना हो जाए जिससे खरीदी गई दवा फायदे के बजाय नुकसान कर दे। जी हां जगह जगह खुले प्राइवेट बीज भंडारों पर कुछ ऐसा ही खेल हो रहा है ब्रांडेड दवाओं के नाम पर नकली एवं एक्सपायरी दवाओं की खुलेआम बिक्री की जा रही है लेकिन जिम्मेदार विभाग मौन है। इस बात का खुलासा तब हुआ है जब शिकायत के बावजूद कार्यवाही ना होने से पीड़ित एक किसान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है तब संबंधित विभाग में हड़कंप मचा है और मामले में लीपापोती जारी है तभी तो शिकायत हुए एक पखवारा व्यतीत होने के बावजूद संबंधित विक्रेता पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। यह पूरा मामला विकासखंड बंकी के अंतर्गत धौकलपुर गांव का है शिकायतकर्ता



नागेश्वर प्रसाद पुत्र रघुराज के अनुसार उसने अपने चार बीघा खेत में आलू की फसल बो रखी थी।आवश्यकतानुसार खरपतवार नाशक दवा डालने के लिए वह कुरौली स्थित हर्षित बीज भंडार पर गया था जहां उसने अपनी परेशानी बताकर दवा खरीदी इसके बाद उसने उस दवा को फसल में डाल दी और वापस घर चला आया।

अगले दिन उसके पैरों से तब जमीन निकल गई जब वह खेत गया तो देखा कि आलू की फसल पूरी तरह से चौपट हो गई, आलू का पूरा पौधा सूख गया है इस पर उसने विभाग में जाकर शिकायत भी की लेकिन विभाग ने जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर वापस कर दिया। कुछ दिन इंतजार करने के बावजूद जब उक्त बीज भंडार के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई तब पीड़ित किसान ने जन सुनवाई पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा कर कार्रवाई करने की मांग की है। इसी के साथ जिम्मेदार विभाग की भी पोल खुल कर सामने आ गई है। सूत्रों का कहना है कि उक्त प्रकरण तो उदाहरण भर है ऐसे ना जाने कितने मामले विभाग में दबे पड़े हैं जिनमें कार्रवाई करना तो दूर उसकी जांच तक नहीं कराई गई है जिससे विभाग पर भी उंगलियां उठ रही हैं उच्चस्तरीयजांच कराई जाए तो दूध का दूध पानी का पानी अलग किया जा सकता है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, एक घायल

**बाराबंकी**। अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई और दूसरे युवक की हालत गम्भीर बनी हुई है। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। कोठी थाना क्षेत्र के भानमऊ कस्बे के पास लखनऊ जिले के चिनहट थाना क्षेत्र के ग्राम दमरिया निवासी गौतम की ससुराल कोठी थाना क्षेत्र के मल्हान पूरवा में यहां पर गौतम अपनी पत्नी के साथ कई वर्षो से अपने घर की तरह रहते हैं इनका नौजवान बेटा योगेश(26 वर्ष) अपने एक दोस्त के साथ बुधवार को आया था और शाम को वापस लखनऊ जा रहा था उसी समय सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली ने योगेश को बाइक सहित रौंद दिया जिससे योगेश व उसका साथी सोनू गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने योगेश व सोनू को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुचाया, जहां पर योगेश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# खतौनियों में नाम दर्ज कराने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान

**संवाददाता।** बाराबंकी

**समस्त** ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकारियों के नाम खतौनियों में दर्ज करने के लिए गत 15 दिसम्बर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत भू-अभिलेखों को दुरूस्त रखने के लिए राजस्व विभाग को दिशा निर्देश दिये गये है। शासन ने कहा है कि 15 दिसम्बर से यह अभियान 15 फरवरी तक चलाया जाएगा। इसके तहत लेखपाल द्वारा आवेदन को आनलाइन सबमिट करते ही आवेदन का क्रमांक सृजित हो जाएगा और वह स्वत: राजस्व निरीक्षक की लागिन आईडी पर चला जाएगा। अपर मुख्य सचिव रेणुका कुमार द्वारा जारी किए गए आदेश को लेकर जिलाधिकारी ने भी समस्त एसडीएम को आदेश भेजा है जिसमें शासन ने दो माह के इस अभियान को लेकर तिथिवार कार्यक्रम बनाया है। इसके तहत 15 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक सभी राजस्व ग्रामों में प्रचार.प्रसार करने के साथ ही समस्त खतौनियों को पढ़ा जाएगा। इस दौरान लेखपाल द्वारा वरासत के लिए आवेदन लेकर उन्हें आनलाइन भरा जाएगा। इसके अलावा 31 दिसम्बर से 15 जनवरी तक लेखपाल द्वारा आनलाइनजांच की प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 16 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक राजस्व निरीक्षक नियमों के अनुसार जांच कर आदेश पारित करेंगे। इसी दौरान राजस्व निरीक्षक के नामांतरण के आदेश को आर.6 में दर्ज करने के बाद खतौनी की प्रविष्टियों को भूलेख साफ्टवेयर में आनलाइन फीड किया जाएगा।

# निगम की बसों के स्टॉप पर न आने से यात्री हुए परेशान

### जिम्मेदार अधिकारी बेखबर

### डग्गामार वाहनों को पुलिस की कोई खौफ नहीं

**संवाददाता।** जगदीशपुर (अमेठी)

**विभागीय** अधिकारियों की लापरवाही के चलते परिवहन निगम की इक्का-दुक्का बसों को छोड़ कर बाकी बसों के बस स्टॉप पर न आने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानकर भी अनजान बने बैठे हैं। जगदीशपुर कस्बे से काफी दूर बने नव निर्मित लखनऊ वाराणासी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 731 बन जाने के कारण परिवहन निगम की अधिकतर बसें कस्बा स्थित मॉर्डन बस स्टॉप पर न आकर फेरलेन से ही चली जाती हैं जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है । जिसके सबन्ध में कई बार क्षेत्र वासियों ने विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की फिर भी समस्या जस की तस बनीं हुई है और वहीं बसों का समुचित ढंग से संचालन न होने के कारण डग्गामार वाहनों की भरमार है सभी नियमों को ताक पर रखकर सवारियो के जीवन से खिलवाड़ करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं वहीं कस्बे के अंदर से होकर चलने वाले तिपहिया वाहन भी अपनी क्षमता व परमिट की अपेक्षा अधिक सवारिया लेकर चल रहे हैं। क्षेत्र के राम मिलन, कौशल किशोर और तस्लीम आदि बताया कि कम किराए का लालच देकर डग्गामार वाहन सवारियों बस स्टॉप के सामने लगाकर ठूंस कर भरते रहते है इन वाहन चालकों में पुलिस व प्रशासन का कोई खौफ नहीं है यहां तक कि क्षेत्र की विभिन्न सड़कों पर फर्राटा भर रहे ऐसे वाहनों पर पुलिस का कोई नियंत्रण न होने के चलते वाहन चालक मौत को दावत दे रहे हैं ।

# नायब तहसीलदार के न होने से राजस्व मुकदमों में हो रही देरी

**संवाददाता।** मुसाफिरखाना (**अमेठी**)

**स्थानीय** तहसील के अंतर्गत आने वाली आठ राजस्व सर्किल जहां दो राजस्व निरीक्षकों के सहारे चल रही हैं। वही दो नायब तहसीलदार के कोर्ट में ताला लटक रहा है। नायब के कोर्ट का भार भी तहसीलदार के ऊपर होने से मुकदमों के निस्तारण में देरी हो रही है। मुसाफिरखाना तहसील के तीन ब्लॉक मुसाफिरखानाए शुकुल बाजार तथा जगदीशपुर आते हैं। तीनों ब्लॉकों में मुसाफिरखाना, दादरा, थौरी, रानीगंज, जगदीशपुर, महोना, सत्थिन, शुकुल बाजार आदि आठ राजस्व सर्किल हैं। इस आठों सर्किलों में महज दो राजस्व निरीक्षक हैं। चार सर्किल का भार अमरनाथ पांडेय तो चार की व्यवस्था दुर्गा प्रसाद के जिम्मे है। इसमें से अमरनाथ पांडेय को अतिरिक्त भार एक्सप्रेसवे का सौंप दिया गया है। राजस्व निरीक्षकों की कमी से काम न होने के कारण फरियादियों की परेशानी उठानी पड़ती है। इसी क्रम में तहसील में जगदीशपुर व मुसाफिरखाना दो नायब तहसीलदार की कोर्ट है। एक भी नायब न होने से दोनों कोर्टों में ताला लटकता रहता है। नायब तहसीलदार का न्यायालय न खुलने से यहां निपटने वाले मुकदमों का अतिरिक्त भार तहसीलदार के कोर्ट पर पड़ जाता है। स्थानीय अधिवक्ता संजय मिश्राए सुनील कुमार सिंहए केके सिंहए संजय शुक्ल आदि अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार में नियुक्ति की मांग की है।

**पॉक्सो एक्ट में दोषी को 10 वर्ष हुई कैद :**पुलिस की मॉनिटरिंग सेल की पैरवी के बाद पॉक्सो एक्ट में दोषी को 10 वर्ष की क़ैद व 30 हजार रुपये अर्थदंड भुगतने की सजा विशेष पॉक्सो जज ने दिया है।मामलावर्ष 2011 का है रामसनेहीघाट थाने में एक गांव की निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग 11 वर्षीय पुत्री को लवकेश उर्फ लल्लन पुत्र रामसरन निवासी धनौरा थाना असन्द्रा बहला फुसलाकर भगा ले गया जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरू की और आरोपी लवकेश को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## पछुवा हवा ने बढ़ायी ठंड, लोगों का हाल बेहाल

**बाराबंकी**। सुबह से चल रही पछुवा हवा ने सभी को कांपने पर मजबूर कर दिया। जहां जरुरत मंद ही घर से बाहर निकले, वहीं बुजुर्ग व बच्चे धूप सेकते नजर आये। यह नजारा गुरुवार को पूरे दिन देखा गया। जहां लोग ठण्ड से बचाव को लेकर सक्रिय दिखे। इधर कई दिनों से सुबह-शाम कोहरे व हल्की ठण्ड के कारण कुछ खास संजीदा नही थे, किन्तु बीती रात से चल रही पछुवा हवा में सबको हिलाकर रख दिया। आमजन मानस के साथ पशु पक्षी तक ठंड से बेहाल देखे गये। आमजन मानस के साथ पशु पक्षी तक ठंड से बेहाल देखे गये।

जरुरतमंद ही घरों से बाहर निकले बाकीं लोग धूप मे बैठकर ठंड का बचाव करते दिखे फिर भी हवा के आगे सूर्य की तपिश भी फीकी पड़ गयी, जिससे खासकर बुजुर्ग लोगो को कम्बल का भी सहारा लेना पड़ा बावजूद इनके नगर पालिका प्रशासन ने लोगो की सुध नही ली। जिसके चलते मजदूरी पेशा व्यक्ति टिटुरते हुए काम करते देखे गये।

# स्वयं सहायता समूह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु



**संवाददाता।** बाराबंकी

**गुरुवार** को ग्राम चयन पुरवा में गठित पांच स्वयं सहायता समूहों में से दो समूहों को जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के माध्यम से प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। इस अवसर पर डूडा के परियोजना अधिकारी सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि यद्यपि डूडा शहरी आजीविका मिशन शहरी क्षेत्र की महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए समर्पित है किंतु पहली बार जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में डूडा इन ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने अवगत कराया कि चैनपुरवा के विकास के लिए कई स्तरों पर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में यह प्रशिक्षण डूडा के सहयोग से आयोजित किया गया है। जिसमें महिलाओं को मिठाई के डिब्बे और डेकोरेटिव बिंदी बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# एसपी ने वरिष्ठ नागरिकों को साइबर क्राइम के बारे में दी विस्तृत जानकारी

**संवाददाता।** बाराबंकी

**पेंशनर** दिवस कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए गांधी सभागार में पुलिस अधीक्षक डा. अरविन्द कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। पेंशनर्स दिवस पर 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर्स में रामचन्द्र निगम,श्रीराम जायसवाल, श्रीराम श्रीवास्तव, वीरेश वर्मा, घिराऊ लाल, हीरा लाल, सैयद शेख अली अख्तर, छोटे लाल रावत को माला पहनाकर व शाल भेंट कर पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया।

उपस्थित सभी पेंशनर्स ने कहा कि पेंशनर्स कोषागार के कार्यो से संतुष्ट है। कोषागार के अधिकारी व कर्मचारी पेंशनर्स की समस्याओं को समझते हुए सहयोग करते है। पुलिस अधीक्षक ने वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराधों के सम्बन्ध में जागरूक किया। बाबू लाल वर्मा अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उप्र ने बताया कि पेंशनरों की सभी शिकायतों का निस्तारण नियमित बैंठकें आयोजित करके कर लिया जायेगा, ताकि पेंशनर्स दिवस के दिन किसी भी पेंशनर्स की कोई भी शिकायत लम्बित न रहें।

पेंशनर्स दिवस को हम सब मिलकर उत्सव दिवस के रूप में मना सके। इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, बाबू लाल वर्मा अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उप्र,रूपनरायन बैशवार अध्यक्ष उप्र प्रदेशीय सेवा निवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद, अपर जिला सूचनाधिकारी आरती वर्मा, प्रमोद कुमार सिंह, हेमन्त कुमार श्रीवास्तव, हिमांशु कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार सागर, सुनील कुमार सिंह, शिवकुमार, लक्ष्मी प्रसाद नीलम प्रभा, सुरभि गुप्ता, अरून्धती वर्मा सहित पेंशनर्स मौजूद रहे।

## एसडीएम ने निराश्रितों को कम्बल बांटे

सिरौलीगौसपुर (**बाराबंकी**)। कड़ाके की ठन्ड से क्षेत्र के निराश्रित व गरीबों को बचाने के लिये उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान तहसीलदार अखिलेश कुमार सिंह ने क्षेत्र के पीठापुर सिरौलीगौसपुर किन्तूर खुर्दमऊ इत्यादि गांवों के 150 निराश्रितों को कम्बल वितरित किया। तत्पश्चात तहसीलदार ने वीरकिठाई मे शासन द्वारा भेजी गयी विद्युत दुर्घटना मे मरे विपिन के पिता विनोदकुमार बहरापुर को पांच लाख की सहायता चेक दिया। ग्राम गोपालपुर मजरे अगानपुर के रमापति की जून माह मे विद्युत दुर्घटना मे भैंस मरी थी को 30 हजार की सहायता चेक विधायक दरियाबाद सतीश शर्मा ने वितरित किया। ग्राम कस्बा इचौली के रामफेर पुत्र गरीबे को भी विजली के तार से दुर्घटना मे मरी भैस की 30 हजार रूपया सहायता चेक दी गयी तथा निराश्रितों को कम्बल वितरित किये गये इस मौके पर दीनानाथ यादव राकेश तिवारी शुभेन्द्र अवस्थी रामाषीश आदि थे।

# मदरसा प्रबंधक व शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### बालिका को बंधक बनाकर छेड़छाड़ व दुष्कर्म किये जाने का मामला

### पीड़िता को कई दिनों से टरका रही थी पुलिस

**संवाददता।** तिलोई (**अमेठी**)

**थाना** शिवरतनगंज क्षेत्र के कस्बा इन्हौना की एक नाबालिग बालिका को बंधक बनाकर छेड़छाड़ व दुष्कर्म किये जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इन्हौना चौकी प्रभारी द्वारा पीड़िता को लगातार टरकाया जा रहा था, लेकिन पीड़िता ने अपनी मां के साथ जब पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी तो पुलिस हरकत में आयी। पुलिस अधीक्षक की फटकार के बाद स्थानीय पुलिस ने घटना के बीस दिन बाद मदरसा के शिक्षक व प्रबंधक समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। क्षेत्र के कस्बा इन्हौना के मोहल्ला चौधराना स्थित एक मदरसा के शिक्षक व प्रबंधक समेत दो अज्ञात लोगों पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एक महिला द्वारा स्थानीय पुलिस से न्याय की गुहार लगायी गयी थी, लेकिन अपराध को छिपाने में माहिर चौकी प्रभारी इस मामले को हजम करने की फिराक में लग गये और मुकदमा दर्ज करने के बजाय मामले को रफादफा करने में जुट गये। पीड़िता अपनी मां के साथ पुलिस अधीक्षक को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए घटना को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया और आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किये जाने का निर्देश दिया है। पुलिस ने मदरसा के प्रबंधक महफूज आलम पुत्र बुल्ले कुरैशी निवासी मोहल्ला झलिया मजरे इन्हौना व शिक्षक कलीम पुत्र रसीद कारी निवासी ग्राम पिचूरी मजरे चौबिसी थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीमें गठित की गई है पुलिस द्वारा जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

जगदीशपुर (**अमेठी**) । शौच के लिए निकली महिला ने गांव के ही व्यक्ति के खिलाफ छेडछाड की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र एक निवासिनी महिला ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि सुबह लगभग छह बजे शौच जाते समय रास्ते में घात लगाए गाँव के ही एक युवक ने गलत नियत से दबोच लिया जहाँ महिला ने अपने बचाव के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया ।शोर सुनकर थोड़ी दूर पर गाँव की ही दूसरी महिला ने भी गुहार लगाई । जहाँ लोगों की आहट पा कर उक्त व्यक्ति मौके से फरार हो गया । वहीं महिला ने बताया कि उक्त व्यक्ति द्वारा मेरे साथ पूर्व में भी अभद्रता की गई थी जब कि मेरा इनसे कोई लेना-देना नहीं है तथा वहीं जमीनी रंजिश भी चल रही है फिर भी मेरे साथ ऐसा किया जा रहा है वहीं इस मामले को लेकर मेरे पुत्र के साथ उक्त युवक द्वारा मारपीट भी की गई है ।

# रामपुरखास में अनवरत चलता रहेगा विकास का रथः तिवारी

### सवा करोड़ की लागत से बनने वाली मधुकरपुर मटियारा पिच मार्ग का किया भूमिपूजन

**संवाददाता।** लालगंज (प्रतापगढ़)

**स्थानीय** विकासखण्ड के मधुकरपुर मे गुरूवार को पूर्व राज्यसभा सदस्य व कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने सवा करोड़ की लागत से बनने वाली पिच रोड का भूमिपूजन किया। मधुकरपुर गांव मे भूमिपूजन के बाद जनसभा मे श्री तिवारी ने भारी भीड़ को संबोधित किया। लाव लश्कर के साथ यहां पहुंचे सीडब्लूसी मेंबर व आउटरीच कमेटी के प्रदेश प्रभारी प्रमोद तिवारी ने मधुकरपुर-मटियारा वाया डुहिया पिच मार्ग का भूमिपूजन करने के बाद जनसभा मे लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से एक करोड तैतींस लाख रूपये की लागत से बनने वाली दो किलोमीटर लंबे मार्ग से जनता के लिए फायदा होगा। इसके बन जाने से क्षेत्र के रामघाट, कौशिल्यापुर, पचारा, पूरे नीमी, गड़हा, अगई, तेलियार का पुरवा समेत दर्जन भर गांव के लोगों का आवागमन सरल व सुलभ हो सकेगा। पूर्वांचल विकास निधि योजना के तहत पीडब्ल्यूडी से बनने वाली सड़क शीघ्र ही जनता के लिए समर्पित करने की भी श्री तिवारी ने घोषणा की। जनसभा मे जुटी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि विधायक मोना के सहयोग से रामपुरखास मे विकास का रथ अनवरत जारी रहेगा। लोगों को बिजली पानी, सड़क व स्वास्थ्य तथा शिक्षा समेत विकास की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए वह दिन-रात प्रयास करेगें।

# कोविड टीकारण के लिए आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**संवाददता।** अमेठी

**जनपद** में कोविड-19 के वातावरण से निजात दिलाने के उद्देश्य से कोरोना के टीकाकरण अभियान को अमली जामा पहनाने के उददेश्य से सरकारी एव गैरसरकारी हेल्थ केयर वर्करों का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के बीपीएम, बीसीपीएमएएचएस, चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को जनपद के डीआईओ डा. सीएस अग्रवाल विश्व स्वास्थ्य संगठन के यसएमओ डा. जकारिया चैहान, यूएनडीपी के वीसीसीएम दीपक शुक्ला, प्रदीप तिवारी, डा. संजय जायसवाल ने लोगो को व्यापक जानकारी प्रदान की। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा सीएस अग्रवाल ने बताया कि कोविन ऐप के द्वारा कोविड के विभिन्न पहलुओं के बारे में जाना जा सकता है। पहले फेस में जनपद 7858 लोगो को टीके लगाये जायेगे। सरकार प्रतिष्ठान के 5531 और निजी क्षेत्र में 2327 लोगो को टीके लगाये जायेगे। उन्होने बताया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को पहले टीका लगाया जाएगा। जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड के टीके लगेंगेएकेन्द्रो पर दो से तीन बूत बनाए जाएंगेए प्रत्येक बूथ पर स्टाफनर्स टीका लगाने का कार्य करेगीएप्रत्येक बूथ पर चिकित्सक एव फार्मासिस्ट दवा से होने वाले विपरीत प्रभाव के लिए तैनात रहेगे।